20वीं और 21वीं सदी में भिक्षुणी पुनः संस्था (रिवाइवल ऑफ भिक्षुणी संघ) का आंदोलन थाईलैंड, श्रीलंका, कोरिया और प चमी दे ाों में गति पकड़ने लगा। 1998 में श्रीलंका में भिक्षुणी संघ की औपचारिक पुनर्स्थापना हुई, जिसमें भारतीय और कोरियाई बौद्ध भिक्षुणियों का भी योगदान रहा। यह पुनर्स्थापना ऐतिहासिक दृश्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण थी, क्योंकि इसने महिलाओं को पुनः बौद्ध संघ में पूर्ण अधिकारों के साथ स्थान दिलाया।

थाईलैंड और म्यांमार में भिक्षुणी संघ की मान्यता के लिए आज भी संघर्श जारी है। कई महिला साध्वियाँ अनौपचारिक रूप से ि ाक्षा, ध्यान, साधना और सामाजिक सेवा कार्यों में सक्रिय हैं, किंतु उन्हें पूर्ण संघीय मान्यता नहीं मिल पाई है। इसके बावजदू महिलाएं ि ाक्षा, ध्यान, दा र्ानिक विम र्ा और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रो में बौद्ध मूल्यों को आगे बढ़ा रही हैं।

प चमी दे ाो में, वि ोशतः अमेरिका और यूरोप में, बौद्ध महिला भिक्षुणियाँ न केवल सक्रिय हैं, बल्कि बौद्धिक नेतृत्व में भी आगे बढ़ रही हैं। थिचन्हातहान्ह द्वारा स्थापित प्लमविलेज परंपरा और तिब्बती बौद्ध परंपरा में कई महिला ि ाक्षक और ध्यान आचार्य आज वै वक स्तर पर बौद्ध ि ाक्षाओं का प्रसार कर रही हैं। आज का बौद्ध महिला आंदोलन केवल दीक्षा और संघीय अधिकारों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह ि ाक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय और पर्यावरण चेतना जैसे व्यापक क्षेत्रो में भी सक्रिय है। बौद्ध महिलाएं करूणा, समता और भाांति के सिद्धांतों के आधार पर वै वक मानवता की सेवा में अपने योगदान को निरंतर बढ़ा रही हैं।

इस प्रकार, समकालीन बौद्ध महिला आंदोलन ने बुद्ध के उस मूल आद र्ा को पुनः जीवित किया है, जिसमें स्त्रियों को भी पुरूशों के समान आध्यात्मिक स्वतंत्रता और गरिमा प्रदान करने की वकालत की गई थी। आज यह आंदोलन वै वक स्तर पर लिंग न्याय के विम र्ा में बौद्ध धर्म के योगदान को एक नई पहचान दे रहा

है।

निश्कर्श :-

बौद्ध धर्म का चिंतन लिंग समानता के इतिहास में एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। छठी भाताब्दी ईसा पूर्व के सामाजिक परिवे ा में, जहां स्त्रियों की धार्मिक और सामाजिक भूमिका सीमित थी, वहां बुद्ध द्वारा भिक्षुणी संघ की स्थापना करना नारी साध्वी समुदाय को स्वतंत्र अस्तित्व प्रदान करना एक क्रांतिकारी घटना थी। महाप्रजापति गौतमी और अन्य साध्वियों के संघ में प्रवे ा ने यह सिद्ध कर दिया कि आध्यात्मिक मुक्ति का अधिकार जन्म या लिंग से नहीं, साधना और करूणा से प्राप्त होता है।

यद्यपि अट्ठगुरू धम्मा के माध्यम से भिक्षुणियों पर कुछ वि ोश अनु ाासन लगाए गए, फिर भी बौद्ध संघ ने महिलाओं को धार्मिक ि ाक्षा, ध्यान, उपदे ा और निर्वाण प्राप्ति के समान अवसर प्रदान किए। थेरीगाथा जैसे ग्रंथों से यह प्रमाणित होता है कि महिलाओं ने न केवल साधना में श्रेश्ठता प्राप्त की, बल्कि बौद्ध धर्म के प्रसार और बौद्धिक विकास में भी सक्रिय योगदान दिया। दा ार्निक स्तर पर बौद्ध चिंतन अनात्म और प्रतीत्यसमुत्पाद जैसे सिद्धांतों के माध्यम से लिंग भेद को अस्वीकार करता है। यह विचार कि कोई भी प्राणी स्थायी, स्वतंत्र अस्तित्व का धारक नहीं है, समाज में गहरी समानता और करूणा की नींव रखता है।

समकालीन समय में, बौद्ध महिला आंदोलन भिक्षुणी संघ के पुनरूद्धार, ि ाक्षा, पर्यावरणीय जागरूकता और सामाजिक सेवा के माध्यम से बुद्ध के मूल आद ार्ों को पुनर्जीवित कर रहा है। आज भी, जब वैि वक स्तर पर लिंग समानता और स्त्री अधिकारों की चर्चा हो रही है, बौद्ध धर्म का यह ऐतिहासिक और दा ार्निक योगदान अत्यंत प्रासंगिक बनकर उभरता है। इस प्रकार, बौद्ध चिंतन में नारी का स्थान केवल ऐतिहासिक घटनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वह आज के मानवतावादी और समतावादी विम र्ा के लिए भी एक स्थायी प्रेरणा स्रोत बना हुआ है। बुद्ध का संदे ा आज भी हमें यह सिखाता है कि करूणा, समता और आत्ममुक्ति का अधिकार प्रत्येक प्राणी का है– चाहे वह पुरूश हो या स्त्री।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कोसंबी, भिक्षु धर्मानंद, ''महावग्ग पालि (देवनागरी)'', भारती विद्यापीठ, पुणे, पृश्ठ सं. 17
2. भार्मा, क्षितिज मोहन, ''थेरीगाथा'', भारतीय बौद्ध महासभा, लखनऊ, भारत, पृश्ठ सं. 34
3. अंबेडकर, भीमराव, ''बौद्ध धर्म और समाज सुधार'', समता प्रका ान, नागपुर, पृश्ठ सं. 50
4. सिंह, धर्मवीर, ''बौद्ध धर्म और आधुनिक समाज'' प्रभात प्रका ान, नई दिल्ली, पृश्ठ सं. 53
5. भाि ाबाला, ''भिक्षुणी संघ : उद्भव और विकास'', प्रभात प्रका ान, नई दिल्ली, पृश्ठ सं. 85
6. त्रिपाठी, किरण, ''बौद्ध भिक्षुणी साहित्य : इतिहास और विकास'', विद्या प्रका ान मंडल, वाराणसी, पृश्ठ सं. 70
7. चौबे, रमा, ''बुद्धकालीन महिलाएँ'', प्रभात प्रका ान, नई दिल्ली, पृश्ठ संख्या 47
8. श्रीवास्तव, सु ाीला, ''बुद्ध और स्त्री विम र्ा'', राजकमल प्रका ान, नई दिल्ली, पृश्ठ संख्या 68
9. श्रीवास्तव, मंजुला, ''बौद्ध धर्म में लैंगिक समानता'', प्रभात प्रका ान, नई दिल्ली, पृश्ठ संख्या 43
10. सिंह, किरण, ''बौद्ध द ार्न और लैंगिकता'', भारतीय विद्या संस्थान, नई दिल्ली, पृश्ठ संख्या 51

Mobile 8375927246, Email id : pritibharti231991@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 65-69

'आवाजें' कहानी में चित्रित दलित प्रतिरोध

अमृता सी. एस.
शोधार्थी, हिन्दी विभाग, कोच्चिन विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय– 682022

सारांश :-

मोहनदास नैमिशराय की 'आवाजें' कहानी दलित समाज की उस छटपटाहट, पीड़ा और आंतरिक आक्रोश को स्वर देती है, जो वर्षों से जातिगत शोषण, सामाजिक अपमान को सहता आया है। यह कहानी एक प्रतीकात्मक और यथार्थपूर्ण घटना से शुरू होती है जब दलित समुदाय गंदगी साफ करने से मना कर देता है। यह मना करना कोई साधारण बात नहीं है, बल्कि सदियों से थोपे गए अपमानजनक कार्यों और जातिगत व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह की शुरुआत है। इस छोटे से इनकार में एक बड़ी सामाजिक चेतना छुपी है। कहानी में यह दिखाया गया है कि कैसे दलित समाज अब चुप नहीं रहना चाहता। वह अपने ऊपर थोपे गए सामाजिक दायित्वों और भेदभावपूर्ण व्यवहार को अस्वीकार कर रहा है। गंदगी साफ करने से इनकार करना दरअसल उस अन्यायपूर्ण व्यवस्था को नकारना है, जो दलितों को हमेशा नीचा दिखाकर उनके आत्मसम्मान को कुचलती आई है। इस इनकार के बाद समाज में तनाव और हलचल मचती है। उच्च जातियाँ असहज हो जाती हैं, क्योंकि वे मानती हैं कि सफाई जैसे काम तो दलितों के ही हैं। कहानी में स्त्रियों की आवाज भी महत्वपूर्ण है। दलित स्त्री, जो जाति और लिंग दोनों आधारों पर शोषित रही है, अब वह भी चुप नहीं है। वह अपने आत्मसम्मान और अधिकारों के लिए आवाज उठाती है। यह आवाज अब पीड़ा की नहीं, प्रतिरोध की आवाज है।

मुख्य शब्द :- दलित समाज, जाति–व्यवस्था, जातीगत–भेदभाव, शोषण, प्रतिरोध, चुप्पी का टूटना।

'आवाजें' कहानी के जरिए मोहनदास नैमिशराय सामंती और अमानवीय परंपराओं के विरुद्ध उपजे दलित आक्रोश और प्रतिरोध को सामने लाते हैं। "'दलित' शब्द का अर्थ जाति–बोधक नहीं, बल्कि समूह की अभिव्यंजना देता है। सामान्य अर्थों में देखा जाए तो दलित वह है जो भारतीय समाज व्यवस्था में अस्पृश्य माना गया, दुर्गम पहाड़ियों, जंगलों में जीवन–यापन करने को बाध्य जनजातियों, बेगार करते, कम मूल्य पर श्रम करते श्रमिक, जरायम पोशा कही जाने वाली जातियाँ, बंधुआ" उन्होंने अपनी कहानियों के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में जातिगत और ऊंची जाति के लोगों के सामंती दबदबे को उघाड़ने का काम करते है। इसी का फलस्वरूप 'आवाजें' कहानी की गूँज अभी तक दलित साहित्य में हैं और यह कहानी दलित समाज को भी हिलाया था। आवाजें कहानी के बारे में मोहनदास नैमिशराय कहते है कि "गाँव में दलित जीवन की त्रासदी के साथ संघर्ष भी इस कहानी में है। सामन्तवाद की जकड़न सम्भवतः नई शताब्दी में कम हुई होगी, लेकिन पिछली शताब्दी में अस्सी के दशक में जब यह कहानी लिखी गई थी तब विशेषकर उत्तर प्रदेश के गाँवों में सामन्तवाद अपने चरम पर था। उनके

लिए दलितों का खून सस्ता था। हालाँकि उत्तर प्रदेश की उसी जमीन पर दलित आन्दोलन के अंकुर भी फिर से फूटने लगे थे।"[1] भारतीय समाज में व्याप्त वर्ण–व्यवस्था, जाति, अस्पृश्यता, शोषण, दमन और उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष काफी अरर्से से चलते आ रही है। ईसा के समय से लेकर गोतम बुद्ध के समय से लेकर आज तक जो अन्याय दलित समाज के साथ हो रहे है उसके विरुद्ध सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक आंदोलन चलते रहे हैं। इन संघर्ष और प्रतिरोध समाज में दलितों के जिदगी में थोड़ा बहुत परिवर्तन तो किया है लेकिन पूर्ण रूप से दलित आजाद हुआ है यह कहना मुश्किल है। जयप्रकाश कर्दम लिखते हैं कि जब तक सभी मनुष्यों में समानता की भावना नहीं आ जाती है तब तक हम सामाजिक ही नहीं हैं...''बिना समता के कोई भी समाज नहीं हो सकता है। मुझे यह स्वीकार करने में संकोच होता है कि हम एक भारतीय समाज हैं, क्योंकि हम विभिन्न वर्णों एवं जातियों में विभक्त हैं। हम अलग–अलग मानव–समूह हो सकते हैं, समाज नहीं।''[2]

दलित शब्द सामाजिक श्रेणी के सबसे नीचे के तबके के लोगों के लिए प्रयुक्त है। जिसका दलन हुआ है, जिसे दबाया गया है, जिसे मनुष्य के दर्जे से नीचे धकेला है वही दलित है। चौतरफा समस्याओं से घिरा दलित समाज अन्य समाजों के साथ अपने सह–अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। "भारतीय समाज–व्यवस्था का सबसे घृणित रूप है एक जाति दूसरी जाति को अपने से निम्नतर मानती है। इसके कारण समाज में लगातार घृणा और द्वेष का वातावराण बना रहा।"[3] स्वातन्त्रोत्तर परिस्थितियों में भी दलित जीवन में कोई आधारभूत अंतर नहीं आया है। स्वातन्त्रोत्तर भारत में मनुष्य को मौलिक अधिकार प्राप्त हुआ है लेकिन दलित समाज को नहीं। अशिक्षा के कारण इन्हें अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी नहीं है, यदि जानकारी भी है तो साधनहीनता के कारण लोग इनका भरपूर शोषण करते है। जो जागरूक हो रहे हैं उन्हें दूसरे तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भारत में भारतीय संविधान में दलित को अनुसूचित जाति कहा गया है। उनकी जनसंख्या पूरे भारत की जनसंख्या का 20 प्रतिशत है। यानी 20 करोड़ आबादी जिन्हें जन्म के आधार पर आज भी प्रताड़ित किया जा रहा है। दलितों की यह प्रताड़ना अमानवीय है जो उन्हें मानवीय अधिकारों से वंचित करती है। समाज में दलितों का निम्न स्थिति होने का कारण है आर्थिक विपन्नता। वर्ण–व्यवस्था के नियमों के अनुसार दलितों को धन–संपत्ति रखने का कोई अधिकार नहीं था, उन्हें केवल उच्च वर्णों की सेवाओं के फलस्वरूप जो तुच्छ–सा पारिश्रमिक मिलता उसी से गुजारा करना होता। कालांतर में दलितों की आर्थिक स्थिति में कोई खास फर्क नहीं पड़ा। दलितों की सामाजिक समस्याओं का अंत करने के लिए उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ करना होगा।

रोजी–रोटी के लिए पराश्रित व्यक्ति जिसकी खाता है उसका गाता भी है। सामाजिक लोकतंत्र का स्वप्न पूरा करने की दृष्टी से दलितों को अपनी दीनता–हीनता वाली भावना को बाहर कर आत्मसम्मानित नागरिक बनने हेतु पहले खुद समानता को आत्मसात करना होगा। यह तब होगा जब उनके रोजगार की कंडीशन सकारात्मक दिशा में बदले, शिक्षा और संस्कार बदले, सोच और सरोकार युगीन होंगे। ऐसी परिस्थितियां पैदा करनी पड़ेंगी जिनके दबाव में द्विज को भी अपनी मानसिकता बदलनी पड़े। पूर्वाग्रह छोड़ उन्हें यह बात स्वीकार कर लेनी चाहिए कि दलित भी शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्ण सक्षम हैं। दलितों को भी अपनी हीन भावना को दूर कर प्रगती के मार्ग पर चलना चाहिए। और उस प्रगती का झलक आवाजें कहानी में देख सकते हैं।

भारतीय समाज में दमन की परंपरा जितनी पुरानी है उतनी पुरानी परंपरा प्रतिरोध की भी है। प्रतिरोध की इस परंपरा में एक निर्णायक मोड़ तब आया जब डॉ भीमराव अंबेडकर की आवाज बुलंद हुई। उन्होंने सवर्ण

समाज से दया या रियायत की माँग नहीं की। बल्कि उन्होंने भेदभाव या गैर बराबरी पर टिकी सामाजिक व्यवस्था के आमूल परिवर्तन का मुद्दा उठाया। डॉ. अंबेडकर का कहना था कि परिवर्तन की प्रक्रिया तब तक मुक्कम्मल नहीं होगी जब तक दलित समाज जागरूक नहीं हो जाता और वह स्वयं अपने ऊपर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं बुलंद करता। उनका सूत्र था कि गुलाम को उसकी गुलामी का एहसास करा दो, वह विद्रोह कर देगा। समाज में तथाकथित सवर्ण वर्चस्व तब तक कायम है जब तक दलित समुदाय में असंतोष का जन्म नहीं होता। जिस दिन स्थितियों पर दलित समुदाय विचार करेंगा, अपनी दुर्दशा के कारण खोजेगा उसी दिन दमनकारी समाजतंत्र संकटग्रस्त हो जाएगा। दलित कहानीकारों ने भी अपनी कहानियों के माध्यम से दलित समाज की पूर्ण मुक्ति के लिए आवाज उठाया। मुक्ति से तात्पर्य है वर्णवादी व्यवस्था से मुक्ति अर्थात् जिस व्यवस्था ने उन्हें मनुष्य नहीं बल्कि पशु से भी बदत्तर समझा है। वह इस अमानवीय व्यवस्था से मुक्ति चाहते हैं। उनका सारा आक्रोश,आग,लावा इस मनुवादी व्यवस्था के प्रति है। बाबा साहब अम्बेडकर से प्रभावित हो वह ज्ञान की दुनिया की ओर बढ़ते हैं। सदियों से चली आ रही गुलामी की व्यवस्था को नेस्तनाबद्ध करने के लिए शिक्षा को आधार बनाते है। उनका संघर्ष मात्र व्यक्तिगत न होकर सामूहिक होता है। इसलिए वह वैचारिक न होकर सामूहिक होता है। इसलिए वह वैचारिक क्रांति के बीज शहरी शिक्षितों के साथ–साथ ग्रामीणों में डालते है, क्योंकि गुलामी की जंजीरें भूमि संबंधों की जटिलताओं के कारण गाँव में अधिक मजबूत है। ग्रामीण समाज में दलित समुदाय को मुख्य गाँव से अलग बसाकर उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से आश्रित वर्ग बनाया हुआ है। इस गुलामी की जंजीरों को तोड़ पाना कठिन है, लेकिन असंभव नहीं।

मोहनदास नैमिशराय की कहानी इसी वैचारिकता से प्रेरित है। और अपनी जंजीरों से पूर्ण रूप से मुक्ति पाने की पुरजोर कोशिश मोहनदास नैमिशराय की कहानी का पात्र द्वारा देख सकते हैं। आवाजें कहानी एक पारंपरिक गाँव पर आधारित है। इस गाँव में मेहतरों का एक टोला है। गाँव के वर्ण व्यवस्था के मुताबिक मरे जानवरों की खाल उतरना और मैला उठाने का काम दलितों के हिस्से में जाता था। टोले के बड़े–बुजुर्ग लोग आपस में सलाह–मशविरा करके तय करते हैं कि अब वे गंदगी की सफाई का काम नहीं करेंगे और न गाँव के ठाकूरों के जूठन पर अपना गुजारा करेंगे। मेहतर टोले के इस निर्णय से ठाकूरों के मुहल्ले में हलचल मच जाती है। लेकिन ठाकूरों को यकीन था कि मेहतरों की भूख जोर पकड़ते समय वह खुद काम पर आ जाएगी। लेकिन हफ्ते बीत जाने के बाद भी मेहतरों के फैसला नहीं बदला। क्योंकि उनका फैसला आधारहीन और हल्का नहीं था। और इस प्रकार ठाकूर मुहल्ले की हालत ससुरों की मुहल्ले की तरह गंदा बन जाता है। जगह–जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। गंदगी सर्वत्र पसारी है। नालियाँ बदबू भरी पड़ी हैं और आवारा कुत्तों के झुंड घूम रहे हैं। इस गंदगी से ऊबकर ठाकूर औतार सिंह पूछताछ के लिए कारिन्दे को मेहतारों के पास भेजता है। कारिन्दे जब इतवारी को ठाकूर से मिलने के लिए बोलता है तो वह जवाब देता है "अब कोई किसी की ठकुराहट नइ चलती है, सब अपने–अपने घर में आजाद हैं।"[4] दलित नेताओं ने बहुत अर्से से दलितों को यह समझाने का प्रयास करता था कि समाज में कोई सवर्ण और अवर्ण नहीं है, सब बराबर के हैं। इतवारी के इस कथन से वह कोशिश सफल नजर आती है। दलित समाज की प्रगति के लिए सरकार ने बहुत सारी योजनाओं और आरक्षण को बनाकर रखा है। इससे दलित जिदगी में थोड़ा–बहुत परिवर्तन तो आए हैं लेकिन समाज में बराबरी का हक पूर्ण रूप से उन्हें अभी तक हासिल नहीं हुआ है।

कहानी में दलितों की वर्तमान स्थिति पर ठाकूर ने इस प्रकार बताया है कि "बड़े ठाकूर सुना है, सहरों में तो होटलों में लोग एक ही कप में चाय–दूध पीवै हैं। सुना है वहाँ के मन्दिर में भी घुस जाते हैं ससुरे.... ।"[5] ठाकूर का कथन है– "ससुरों ने देखो कितना सर उठा रखा है...? दस–बीस साल पहले तो मूँह में जबान ही जैसा न थी और अब कहते हैं गाँव में कोई ठाकूर–वाकूर नहीं....." ।[6] "अब तो इनका ही राज है। सरकार ने भी तो सर चढ़ा रखा है ससुरों को, शहर की बात दूसरी है पर हमारे गाँव में यह सब ना चलेगा।"[7] ससुरों को वापस काम में लाने के लिए पुलिस को रिश्वत देकर मेहतरों की बस्ती से बीस–तीस लोगों को डकैती के केस में जैल डालती है। और बस्ती में जाकर ठाकूर लोग मेहतारिनियाँ को डराती हैं और काम पर आने की धमकी देती है। पर यहाँ भी ससुरों ने अपने गंदगी साफ न करने के निर्णय से पीछे नहीं हटता है। बस्ती के औरतों ने मिल कर झाड़ू से सब ठाकूरों को मार–मार कर भगाता है। और अगले दिन शहर के किसी बड़े वकील ने गिरफ्तार हुए मेहतारों की जमानत करती है। इस घटना की खबर अखबारों में इस प्रकार छपती है कि "ग्राम मकदूमपुर के दलितों पर अत्याचार। ठाकूरों ने पुलिस से मिली–भगत करके डकैती के केस में फँसवाया।"[8]

इस प्रकार दलित एक साथ मिलकर अपने हक के लिए लड़ते है। और शहर से दलित नेता, एस.एच. ओ आदि सबका साथ ससुरों को अपनी लडाई में और ताकत देती है। यह प्रतिरोध सफल हो जाने की खुशी वे शराब पीकर और गालियाँ बक कर, ढोलक बचाकर ,उछल–कूद कर के प्रकट करते है। लेकिन ठाकूरों को अपना पतन मंजूर नहीं था, इसलिए वह रातों रात मेहतरों की बस्ती को आग लगाती है। और इस प्रकार ठाकूर अपने अंदर के जाति रूपी विष का प्रयोग आग के जरिए कर देता है।

दलित चेतना की कहानी आवाजें भारतीय समाज में दलितों की स्थिति का चित्रण और उनकी दुर्दशा के कारणों को रेखांकित करती है। यह कहानी आधुनिक बोध के शुभ प्रभावों को अपने ढंग से उल्लेख करती है और साथ ही भारतीय समाज में लोकतंत्र के बुनियादी मूल्यों के अभाव को महसूस कराती है। जातीय दंभ में डूबे मकदूमपुर गाँव के ठाकूर पुरजोर कोशिश करते हैं कि गाँव के मेहतर अपने पुश्तैनी पेशे से विलग न हों। उन्हें यह असह्य लगता है कि दलित स्वाभिमान से, अपनी इच्छानुसार जीने की बात करने लगे हैं। उसकी सामंती मानसिकता को यह स्वीकार ही नहीं है कि भंगी समाज के लोग जूठन और गंदगी के पेशे को त्याग कर कोई सम्मानजनक पेशा चुन लें। कहानी में दलित अपनी आत्म–सम्मान और अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। आवाजें कहानी के माध्यम से मोहनदास नैमिशराय ने सामंती और अमानवीय परंपराओं के खिलाफ दलितों के गुस्से और प्रतिरोध को सामने लाया है। कहानी में इतवारी और सफाइकर्मीयों ने गंदगी और कूड़ा उठाने से इनकार करते है तो उनके इस फैसले को सामंत औतार सिंह अपने गौरव पर आघात के रूप में देखते हैं। अपने अधिकारों की माँग करना और अपने ऊपर हो रहे हर नाइनसाफी पर सवाल करना आज दलित जानता है और यहाँ एक आशा की झलक दिखाई पड़ती है कि धीरे–धीरे दलित समाज अपना हक पा कर ही रहेगा। इसी आशा से मोहनदास नैमिशराय अपनी कहानी समाप्त करती है। इसलिए कहानी की अंतिम पंक्ति इस प्रकार है "कल तक जो बच्चे जूठन पर लड़ते–झगड़ते थे उनके मन में कुछ कर गुजरने की चेतना जन्म ले चुकी थी।"[9]

दलित वर्ग एक ऐसी समाज में जी रहे थे जहाँ उन्हें रोटी,कपटा और मकान जैसी जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष करना पड़ता है। भूमिहीन कृषि मजदूर के रूप में वह मेहनत करके दूसरों के लिए अन्न पैदा करता है लेकिन स्वयं भूखा रहता है। दिन–रात मजदूरी कर दूसरों के लिए भव्य भवन बनाता है, बदले

में स्वयं मलिन बस्तियों में रहता है। ग्रामीण समाज में दलितों को गाँव का दक्षिण भाग रहने के लिए दे दिया जाता है, लेकिन अब शहरों में वह सड़क के किनारे स्लम्स में रहने के लिए मजबूर हैं या फिर तमाम सुविधाओं से रहित बस्तियों में रहते हैं। मोहनदास नैमिशराय दलितों की अवासीय समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए यह कहना चाहते है कि दलित और सवर्ण की आवासीय परिस्थितियों में कितना अंतर है और यह समस्या दलितों के विकास के मार्ग में व्यावहारिक रुकावट है। "जाति एक ऐसी राक्षस है, जो आप कहीं भी और किसी भी दिशा में जाएं वह आपका रास्ता जरूर काटेगा। अतः जब तक इस राक्षस को नहीं मार दिया जाता है, तब तक न तो कोई राजनैतिक सुधार किया जा सकता है और न ही आर्थिक सुधार किया जा सकता है।"[10] जाति रूपी राक्षस की मृत्यू के बिना दलितों की जिदगी में रोशनी नहीं आएगा और सवर्ण समाज हिन्दु संस्कृति के नाम पर दलितों के साथ यह अत्याचार बरकरार रखेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मोहनदास नैमिशराय, मोहनदास नैमिशराय चुनी हुई कहानियाँ, अनन्य प्रकाशन, 2017, पृ–3
2. डॉ. एन. सिंह, अरूण कुमार (सं.), मानवीय समाज का आकांक्षी है दलित साहित्य, जयप्रकाश कर्दम से वीरेन्द्र 'आजम' की बातचीत, गाँव के लोग,(दलित विशेषांक), जनवरी–फरवरी, 2021, पृ– 49
3. ओमप्रकाश वाल्मीकि, दलित साहित्य अनुभव, संघर्ष एवं यथार्थ, राधाकृष्ण प्रकाशन, 2020, पृ–94
4. मोहनदास नैमिशराय, मोहनदास नैमिशराय चुनी हुई कहानियाँ, अनन्य प्रकाशन, 2017, पृ–10
5. मोहनदास नैमिशराय, मोहनदास नैमिशराय चुनी हुई कहानियाँ, अनन्य प्रकाशन, 2017, पृ–11
6. मोहनदास नैमिशराय, मोहनदास नैमिशराय चुनी हुई कहानियाँ, अनन्य प्रकाशन, 2017, पृ–11
7. मोहनदास नैमिशराय, मोहनदास नैमिशराय चुनी हुई कहानियाँ, अनन्य प्रकाशन, 2017, पृ–11
8. मोहनदास नैमिशराय, मोहनदास नैमिशराय चुनी हुई कहानियाँ, अनन्य प्रकाशन, 2017, पृ– 12
9. मोहनदास नैमिशराय, मोहनदास नैमिशराय चुनी हुई कहानियाँ, अनन्य प्रकाशन, 2017, पृ–14
10. कँवल भारती, दलित विमर्श की भूमिका, साहित्य उपक्रम, 2002, पृ– 24

Amrutha C S
Research Scholar
E-mail id : amrutha.c.s1999@gmail.com
amruthalaja@gmail.com
Mobile 8157041954

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 70–75

पंचपरगनिया भाषा शिक्षण में भाषा विज्ञान की भूमिका

अरूण कुमार प्रमाणिक
शोधार्थी, पंचपरगनिया भाषा विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची।

सारांश :–

पंचपरगनिया भाषा शिक्षण में भाषा विज्ञान की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। भाषा विज्ञान एक व्यापक अध्ययन है जो भाषा के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित करता है, जैसे कि – ध्वनि, संरचना, अर्थ और उपयोग। यह पंचपरगनिया भाषा के शिक्षण को अधिक प्रभावी और वैज्ञानिक बनाने में सहायता करता है। भाषा विज्ञान को भाषा शिक्षण में एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में वर्णित किया गया है जो कि मुख्यतः शिक्षण के रूप में। जहाँ यह बच्चों की भाषिक विकास को समझने और उनके भाषा के प्रयोग को बेहतर बनाने में सहायता करता है।

प्रमुख शब्द :– शिक्षण, संविधान, वैज्ञानिक, साहित्यिक, भाषा विज्ञान, संरक्षण।

प्रस्तावना :–

इस संसार में लगभग 7000 भाषाएँ बोली जाती है। ऐसे तो भारत में अनेकों भाषाएँ बोली जाती है, परन्तु हमारे संविधान में 22 भाषाओं को ही मान्यता प्राप्त है। इस प्रकार से हम देख सकते हैं कि झारखण्ड भारत का एक अभिन्न राज्य है जो कि खनिज–सम्पदा के लिए प्रसिद्ध है। साथ ही साथ आदिवासी बहुल राज्य होने के नाते यहाँ विभिन्न प्रकार की भाषाएँ बोली जाती है। प्रत्येक समुदाय के अलग–अलग भाषा है, जैसे कि – मुण्डाओं का मुण्डारी, उराँवों का कुँड़ुख, हो का हो भा आदि। इनमें से कुल पांच (5) जनजातीय भाषाएँ और चार (4) क्षेत्रीय भाषाओं को ही झारखण्ड में मान्यता प्राप्त है। इन्हीं में से एक पंचपरगनिया भाषा है, जो राँची जिला के पूर्वी भागों में बहुतायत लोगों द्वारा बोली जाती है। साथ ही साथ खूँटी, सरायकेला– खरसांवा एवं पड़ोसी राज्यों में भी इस भाषा को बोलने वालों की संख्या अत्यधिक है।

पंचपरगनिया भाषा के बारे में हमारे पंचपरगनिया भाषा के भाषा विद्वानों का कहना है कि मध्य प्रदेश में एक अहीरबाड़ा गांव है और उसी गांव में अहीर जाति के लोग निवास करते थे। कहा जाता है कि वहाँ के राजा के साथ अहीर जाति के लोगों का लड़ाई हुई और हार जाने के पश्चात् वहाँ से पलायन कर विभिन्न क्षेत्रों में अपना आशियाना बनाया।

विभिन्न क्षेत्रों में से झारखण्ड के राँची जिला के बुण्डू क्षेत्र में सबसे पहले रहने लगे। इस प्रकार से अहीर जाति के लोगों द्वारा ही इसे पहले बोली गई है। इस प्रकार से पंचपरगनिया भाषा धीरे–धीरे प्रचलित होता गया और कालान्तर में यह एक विस्तृत क्षेत्रों में बोली जाने लगी। चाहे वह जनजाति अथवा सदान लोगों के द्वारा बोली

जाती हो।

भाषा शिक्षण का संबंध एक ओर भाषा से रहता है तो दूसरी ओर मानवीय व्यवहार और मानव मन से। मानव भाषा की अपनी प्रकृति, अपनी विशिष्टताएँ, अपनी संरचना, अपने प्रकार्य, अपने विकल्पन, अपनी शैलियाँ और अपने रूप होते हैं जो भाषा शिक्षण की प्रक्रिया तथा कार्यान्वयन में अपनी भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही साथ मानव के भाषा प्रयोक्ता होने के कारण उसके सामाजिक–सांस्कृतिक संदर्भ और जगत के प्रति उसकी दृष्टि भी भाषा शिक्षण में अपना प्रभाव डालते हैं। अतः भाषा शिक्षण में इस बात पर ध्यान देना आवश्यक हो जाता है कि भाषा को सामाजिक वस्तु के रूप में माना जाए ताकि भाषा संप्रेषण व्यवस्था का सशक्त माध्यम बनने के साथ–साथ मानसिक जीवन की संकल्पनात्मक शक्ति भी बन जाए।

इस प्रकार यदि शिक्षक विषय–वस्तु को उचित भाषा प्रयोग में संयोजित कर शिक्षार्थी तक पहुँचा नहीं पाता तो यह माना जाएगा कि वह अपने लक्ष्य में खरा नहीं उतरा और यदि शिक्षार्थी संप्रेष्य कथ्य को भाषा के सहारे अपनी संकल्पनात्मक भूमि में उतार कर उसे आत्मसात नहीं कर लेता, तो उसे भाषा का योग्य प्रयोक्ता नहीं माना जा सकता।

पंचपरगनिया भाषा शिक्षण में भाषा विज्ञान का महत्व :–

भाषा विज्ञान वस्तुतः भाषा का विज्ञान है। इसमें भी भाषा का सर्वांगीण अध्ययन होता है, इसलिए भाषा विज्ञान का महत्व तथा उसकी उपयोगिता सर्वविदित है।

भाषा विज्ञान के महत्व के कुछ तत्व इस प्रकार हैं –

- भाषा विज्ञान में भाषा सर्वांगीण और सम्यक् अध्ययन तथा विवेचन होता है। यह भाषा चाहे विशिष्ट हो या सामान्य साहित्यिक हो या असाहित्यिक लिखित हो या अलिखित सभी का अध्ययन भाषा विज्ञान के अंतर्गत होता है। पंचपरगनिया भाषा शिक्षण में भाषा की उत्पत्ति ध्वनि, शब्द, अर्थ जैसे प्रमुख अंगों का विवेचन, भाषा का विकास आदि का अध्ययन भाषा–विज्ञान के अध्ययन के विषय है। इस प्रकार भाषा से संबंधित प्रत्येक समस्या और जिज्ञासा का उत्तर भाषा विज्ञान ही देता है। भाषा का इतना व्यापक और वैज्ञानिक अध्ययन होने के कारण भाषा विज्ञान का विशिष्ट महत्व है।
- पंचपरगनिया भाषा शिक्षण में भाषा विज्ञान मानव की प्राचीन और प्रागैतिहासिक संस्कृति व सभ्यता का अध्ययन करता है। जिस प्रकार मानव की सभ्यता और संस्कृति का इतिहास है, 'भाषा विज्ञान' इन दोनों का खोज करता है। जहाँ एक भाषा विद्वान भाषा की उत्पत्ति की खोज करता हुआ, उसके प्रारंभिक रूप का पता लगाता है, वहीं उस भाषा के प्रयोगकर्ताओं के सांस्कृतिक इतिहास पर ही प्रकाश नहीं डालता है कि अपितु उस संस्कृति के विकास आदि की भी खोज करता है।
- इस बात का भी पता लगाता है कि उस प्राचीन संस्कृति के अंतर्गत मानवीय समाज के रीति–रिवाज, रहन–सहन आदि का क्या रूप था। पंचपरगनिया भाषा आर्य भाषा परिवार के अंतर्गत है और यही कारण है कि आर्य भाषा की खोज करते–करते भाषा वैज्ञानिकों ने आर्यों के मूल स्थान, उनकी सभ्यता और संस्कृति आदि के स्वरुप का भी पता लगाता है। इस प्रकार भाषा विज्ञान न केवल भाषा के प्राचीनतम रूप की खोज और उसके विकास का अध्ययन करता है। अपितु उस भाषा के प्रयोगकर्ताओं की प्रागैतिहासिक संस्कृति के रूप पर भी प्रकाश डालता है।

• भाषा विज्ञान भाषा के एक महत्वपूर्ण अंग शब्द समूह का सम्राट सम्यक् विवेचन करता है। भाषा में शब्दों का महत्वपूर्ण स्थान है। यही कारण है कि भाषा विज्ञान की प्रमुख शाखाओं में एक शब्द विज्ञान भी है। भाषा विज्ञान के अंतर्गत शब्दों का वैज्ञानिक विवेचन होता है। इसके अंतर्गत ही शब्दों के निर्माण प्रक्रिया, उसके विकास और उसके रूप परिवर्तन आदि का अध्ययन होता है। प्रयोग प्रवाह में आकर शब्दों का रूप किस प्रकार परिवर्तित हो जाता है, यह भाषा विज्ञान ही स्पष्ट करता है।

• शब्द के पश्चात् भाषा का दूसरा महत्वपूर्ण अंग ध्वनि है। भाषा विज्ञान ही इस भाषा ध्वनि का विषद और सम्यक् विवेचन करता है। भाषा विज्ञान भाषा की प्राचीन ध्वनियों का पता लगाता है और स्पष्ट करता है कि उन ध्वनियों का विकास किस प्रकार हुआ और किस प्रकार नयी ध्वनियों का समावेश हो गया। उदाहरण – पंचपरगनिया भाषा में 'ण' के स्थान पर 'न', क्ष के स्थान में 'छ' या 'ख', 'ज्ञ' के स्थान पर 'ग' ही क्यों होता है? आदि प्रश्नों का उत्तर भाषा विज्ञान ही देता है।

• भाषा विज्ञान केवन शब्द ध्वनि शब्दार्थ मात्र का अध्ययन नहीं है, अपितु वह शब्दों के उचित और शुद्ध प्रयोग पर ध्यान रखता है। इस प्रकार भाषा का शुद्ध रूप और समुचित प्रयोग का ज्ञान भाषा विज्ञान ही कराता है।

• स्वर और व्यंजन का समुचित परिचय शब्दों में उसके आगम लोप और विपर्यय का परिचय भाषा विज्ञान के अध्ययन से ही होता है। 'बेफजूल', हिमालय पर्वत, जलमुर्गावी जैसे अशुद्ध प्रयोग जो जन–सामान्य के प्रयोग के आकर बहुप्रचलित हो गये हैं, के कारणों पर भाषा विज्ञान ही प्रकाश डालता है।

• भाषा विज्ञान से सटीक अनुवाद, दूरसंचार की व्यवस्था, टंकण यंत्र (टाईप राईटर) के विकास में भी सहायता मिलती है। सांकेतिक शब्दावली व पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण में भाषा विज्ञान से ही सहायता ली जाती है। भाषा विज्ञान की सहायता से ऐसे ध्वनि संकेतों का भी निर्माण होता है, जिनसे आधुनिक दूरसंचार व्यवस्था में सहायता मिलती है।

• मनुष्य की वाग्यंत्र की चिकित्सा के लिए भी भाषा विज्ञान का प्रयोग होने लगा है। वाग्यंत्र में दोष होने से मनुष्य शब्दों के उच्चारण में अटकने, तुतलाने व हकलाने लगता है। फलस्वरुप शब्दों का उच्चारण दोषपूर्ण हो जाता है। इस देश को भाषा विज्ञान की सहायता लेकर दूर किया जाता है, क्योंकि भाषा विज्ञान के अंतर्गत वाग्यंत्र का सूक्ष्म परिचय कराया जाता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि भाषा विज्ञान का अध्ययन कितना महत्वपूर्ण व मानव जीवन के लिए उपयोगी है, इसकी व्यापकता इस बात की स्वयं साक्षी है।

भाषा विज्ञान की विशेषताएँ :–

• भाषा विज्ञान में भाषा संबंधी अनुभव सिद्ध विवरण एवं सिद्धांत प्रस्तुत किया जाता है, जिनका परीक्षण अन्यत्र भी किया जा सकता है। भाषा विज्ञानी जो 'है' उसी का वर्णन करता है, वह क्या होना 'चाहिए' इसकी बात नहीं करता।

• भाषा विज्ञान में भाषा की संरचना अध्ययन का मुख्य विषय होता है। कुछ भाषा विज्ञानी अर्थ–सम्प्रेषण के संदर्भ में एवं मनोवैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्यों में भी भाषा का अध्ययन करते हैं।

• किसी भी भाषा के संरचनात्मक वैशिष्ट्य के पीछे छिपे कारणों को उजागर करना भाषा वैज्ञानिक सिद्धान्त का लक्ष्य होता है। लेकिन इस क्षेत्र में भाषा विज्ञानियों में मतैक्य नहीं है। कुछ सार्वभौम सिद्धांतों की खोज को

अधिक महत्वपूर्ण मानते हैं और कुछ भाषा विशेष के विवरण को।

- भाषा विज्ञान में भाषा के अध्ययन का लक्ष्य उसके स्वरुप का ज्ञान है, अर्थात् भाषा का अध्ययन भाषा के स्वरुप को समझने के लिए। पर इस अध्ययन का व्यावहारिक उपयोग कई संदर्भों में सफलता से किया जा सकता है। जैसे – भाषा शिक्षण में अथवा सांस्कृतिक अध्ययन के संदर्भ में अथवा आज जो सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र हो गया है, मशीन भाषा के विकास में।
- प्रत्येक विज्ञान की भांति भाषा विज्ञान की भी पारिभाषिक शब्दावली है, जो वर्ण्य विषय के यथावत् वर्णन में सहायक होती है। आज के भाषा विज्ञान में प्रयुक्त शब्दावली में कुछ परम्परागत शब्द हैं, पर अध्ययन के विकास के साथ बहुत सारे नये शब्दों की रचना भी हुई है।

उद्देश्य :-

भाषाओं में भाषा विज्ञान की भूमिका –

- **भाषा की संरचना को समझना** – भाषा विज्ञान पंचपरगनिया भाषा की संरचना को समझने में मदद करता है, जैसे कि उसके शब्द, वाक्य और व्याकरण। यह भाषा को बेहतर ढंग से सिखाने और सीखने में मदद करता है।
- **भाषा शिक्षण के तरीकों का विकास** – भाषा विज्ञान के सिद्धांतों का उपयोग करके पंचपरगनिया भाषा शिक्षण के लिए और प्रभावी तरीके विकसित किए जा सकते हैं।
- **भाषा की जटिलताओं को समझना** – भाषा विज्ञान, पंचपरगनिया भाषा की विभिन्न जटिलताओं, जैसे कि मुहावरे, कहावतें और लोक कथाओं का अध्ययन करके, भाषा की सांस्कृतिक और सामाजिक संदर्भ को समझने में मदद करता है।
- **भाषा की ऐतिहासिक और सामाजिक पृष्ठभूमि का अध्ययन** – भाषा विज्ञान, पंचपरगनिया भाषा की ऐतिहासिक और सामाजिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करके, भाषा की विकास प्रक्रिया को समझने में मदद करता है, जो भाषा के शिक्षण और ज्ञान को समृद्ध करता है।
- **भाषा के संरक्षण और विकास में योगदान** – भाषा विज्ञान पंचपरगनिया भाषा के संरक्षण और विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि यह भाषा के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करके, भाषा के लुप्त होने से बचाव में मदद करता है।
- **साहित्य और भाषा के बीच संबंध** – भाषा विज्ञान भाषा और साहित्य के बीच के संबंध को समझने में मदद करता है, जिससे शिक्षक–छात्रों को पंचपरगनिया साहित्य को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं।
- **भाषा के अर्थ को समझना** – भाषा विज्ञान पंचपरगनिया भाषा के अर्थ को समझने में सहायता करता है, जैसे कि शब्दों, वाक्यों और वाक्यांशो का अर्थ। यह भाषा के अर्थ को बेहतर ढंग से समझने और व्याख्या करने में सहायता करता है।
- **भाषा की ध्वनि को समझना** – भाषा विज्ञान पंचपरगनिया भाषा की ध्वनि को समझने में सहायता करता है, जैसे कि उसके व्यंजन, स्वर और ध्वनियों का उपयोग। यह भाषा के उच्चारण और स्पष्टता को बेहतर बनाने में मदद करता है।
- **भाषा के शिक्षण और विकास में मदद करना** – भाषा विज्ञान पंचपरगनिया भाषा के शिक्षण और विकास

में मदद करता है, क्योंकि यह भाषा के विभिन्न पहलुओं को समझने और सुधारने में मदद करता है।

- **भाषा शिक्षण सामग्री का विकास** – भाषा विज्ञान की जानकारी के आधार पर, शिक्षक प्रभावी शिक्षण सामग्री विकसित कर सकते हैं, जैसे कि – पाठ्यपुस्तकें, अभ्यास प्रश्न और वीडियो आदि।
- **व्याकरण का ज्ञान** – भाषा विज्ञान पंचपरगनिया के व्याकरण को समझने में मदद करता है, जिससे शिक्षक छात्रों को सही व्याकरण का उपयोग करने में मदद कर सकते हैं।
- **भाषा के इतिहास का अध्ययन** – भाषा विज्ञान पंचपरगनिया के इतिहास, विकास और अन्य भाषाओं से संबंध का अध्ययन करता है, जिससे शिक्षक भाषा के विकास को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं।

उपरोक्त लिखित भाषा विज्ञान की भूमिका के कुछ महत्वपूर्ण उदाहरण निम्नलिखित है :-

1. भाषा विज्ञान, पंचपरगनिया भाषा की ध्वनि संरचना का अध्ययन करके, छात्रों को सही उच्चारण और ध्वनि पहचान सिखाने में मदद कर सकते हैं।
2. भाषा विज्ञान, पंचपरगनिया भाषा की शब्द संरचना का अध्ययन करके, छात्रों को शब्दार्थ और वाक्य संरचना को समझने में मदद कर सकता है।
3. भाषा विज्ञान, पंचपरगनिया भाषा की व्याकरणिक संरचना का अध्ययन करके, छात्रों को सही वाक्य संरचना और व्याकरणिक नियमों को समझने में मदद कर सकता है।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि भाषा विज्ञान, पंचपरगनिया भाषा के शिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि यह भाषा की संरचना, अर्थ और उपयोग को समझने में सहायता करता है, जो भाषा सीखने की प्रक्रिया को आसान बनाता है।

भाषा विज्ञान, पंचपरगनिया भाषा के शिक्षण को सहायता किस प्रकार करता है, उसक कुछ प्रमुख बिंदु निम्नलिखित है –

- **भाषा के वैज्ञानिक अध्ययन को बढ़ावा देता है** – भाषा विज्ञान, पंचपरगनिया भाषा के संरचना, व्याकरण और शब्दार्थ को समझने में सहायता करता है।
- **भाषा की शुद्धता और उपयोगिता को बढ़ाता है** – भाषा विज्ञान पंचपरगनिया भाषा के उचित प्रयोग और शुद्धता को सुनिश्चित करने में सहायता प्रदान करता है।
- **भाषा के विकास को समझने में सहायता करता है** – भाषा विज्ञान पंचपरगनिया भाषा के इतिहास और विकास को समझने में सहायता प्रदान करता है।
- **दूसरी भाषा सीखने वालों को सहायता करता है** – भाषा विज्ञान पंचपरगनिया भाषा के उन पहलुओं को उजागर करता है जो दूसरी भाषा के सीखने वालों के लिए मुश्किल हो सकते हैं।

भाषा विज्ञान के कुछ महत्वपूर्ण पहलू जो पंचपरगनिया भाषा शिक्षण में उपयोगी होती है :-

- **ध्वनि विज्ञान** – पंचपरगनिया भाषा की ध्वनियों और उनके उच्चारण का अध्ययन।
- **संरचना विज्ञान** – पंचपरगनिया भाषा के शब्दों और वाक्यों के अर्थ का अध्ययन।
- **अर्थ विज्ञान** – पंचपरगनिया भाषा के अर्थ का अध्ययन।
- **सामाजिक भाषा विज्ञान** – पंचपरगनिया भाषा के सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ में उपयोग का अध्ययन।

- **भाषा अधिग्रहण** – दूसरी भाषा सीखने के लिए पंचपरगनिया भाषा का कैसे अधिग्रहण किया जाता है, इसका अध्ययन।

भाषा विज्ञान के अध्ययन से पंचपरगनिया भाषा शिक्षण में निम्नलिखित लाभ होते हैं :–

- शिक्षक और छात्र दोनों को भाषा के बारे में बेहतर समझ होती है।
- शिक्षक अधिक प्रभावी ढंग से भाषा सिखा सकते हैं।
- छात्रों को भाषा को अधिक आसानी से और प्रभावी ढंग से सीखने में मदद मिलती है।
- शिक्षण सामग्री को बेहतर ढंग से डिजाईन और विकसित किया जा सकता है।
- भाषा के मूल्यांकन में अधिक सटीकता और निष्पक्षता होती है।
- भाषा के अर्थ को बेहतर ढंग से समझने और व्याख्या करने में मदद करता है।

निष्कर्ष :–

भाषा विज्ञान पंचपरगनिया भाषा शिक्षण को अधिक प्रभावी और वैज्ञानिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह भाषा के विभिन्न पहलुओं को समझने में सहायता करता है, जिससे शिक्षक अधिक प्रभावी शिक्षण सामग्री विकसित कर सकते हैं और छात्रों को भाषा सीखने में सहायता मिल सकती है। साथ ही साथ भाषा विज्ञान के माध्यम से, पंचपरगनिया भाषा की संरचना, व्याकरण और शब्दावली को बेहतर तरीके से समझा जा सकता है। इससे भाषा को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से सिखाने में मदद मिलती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भाषा विज्ञान – डॉ० भोलानाथ तिवारी।
2. भाषा विज्ञान की भूमिका – आचार्य देवेन्द्रनाथ शर्मा, दीप्ति शर्मा।
3. पंचपरगनिया भाषा – श्री परमानन्द महतो।
4. आदर्श पंचपरगनिया व्याकरण – डॉ० करमचन्द्र अहीर।
5. पंचपरगनिया लोक साहित्य – डॉ० दिनेश प्रसाद सिंह।
6. भाषा विज्ञान एवं भाषा शास्त्र – डॉ० कपिलदेव द्विवेदी।
7. पंचपरगनिया भाषा का व्याकरणिक अध्ययन – डॉ० करचमन्द्र अहीर।
8. भाषा विज्ञान तथा हिन्दी भाषा का विकास – डॉ० लक्ष्मीकान्त पाण्डेय।
9. भाषा विज्ञान तथा हिन्दी भाषा का वैज्ञानिक विष्लेषण – डॉ० सीताराम झा 'श्याम'।

प्रिंट कॉपी भेजने का पता

ARUN KUMAR PRAMANIK, VILLAGE+POST & URMAL

PS.- CHOWKA, DISTRICT - SERAIKELA KHARSWAN, STATE JHARKHAND, PIN CODE-832404

मो०नं०–8084196495

EMail ID : arunkumardec90@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 76-82

लोकसाहित्य में लोकगाथा का वैशिष्ट्य

डॉ. डूरी शांति
प्राध्यापिका, हिन्दी विभाग, डी.एन.जी.सी, ईटानगर।

प्रस्तावना :-

लोकसाहित्य एक व्यापक एवं समष्टि–भाव की व्यंजना करता है, भले ही यह रचा किसी खास समय में किसी खास व्यक्ति के द्वारा किया गया हो। यह जनता के स्वाभाविक, स्वच्छन्द तथा सरल एवं विस्तृत भावों की अभिव्यंजना करता है। इसलिए एक बार जनता में उतर जाने के बाद रचनाकार पीछे छूट जाता है और रह जाती है उसकी जन–मन में उतर गयी रचना, जो सार्वजनिक संपत्ति हो जाती है। लोकसाहित्य उन साधारण लोगों की सामूहिक मौखिक अभिव्यक्ति है जो आधुनिक परिवेश में पले होने पर भी पुरातन परिवेश में लिप्त रहते हैं। यह ऐसी मौखिक अभिव्यक्ति है, जो व्यक्तित्व से रहित होते हुए भी समान रूप से समाज की आत्मा को व्यक्त करने वाली है।

लोकसाहित्य का विषय मनुष्य स्वयं है। मानव–मन से स्वतः उसका जन्म हुआ है और मानव–मन को प्रभावित करने वाली अनुभूतियाँ उसमें प्रतिबिम्बित होती हैं। मानव–मात्र ही नहीं, समूचे जीव–जगत के प्रति सहानुभूति, सृष्टि के प्रति जिज्ञासा और मानव के कल्याण की भावना ही लोकसाहित्य का आधार विषय हैं।

लोक साहित्य में लोकगाथाओं की भी महत्वपूर्ण अवस्थिति है। इनकी परम्परा प्राचीन काल से ही चली आ रही है। प्रधानतः प्रेम, वीर, शांत एवं करुण भावों पर अवलंबित लोकप्रचलित कोई लंबी कथा ही गेयरूप में ढलकर प्रस्तुत होती है,तो वह लोकगाथा कहलाती है। कथात्मकता और गेयता– ये दो लोकगाथा की स्वरूपगत बड़ी विशेषताएँ हैं। देश के लगभग प्रत्येक क्षेत्र की भाषा–बोली में लोकगाथाएं उपलब्ध हैं, जो न केवल उस भाषा–भाषी समाज को रससिंचित करती हैं, अपितु उसे शिक्षित और संस्कारित करने में भी अपनी भूमिका का निर्वाह करती हैं। इनमें न तो किसी प्रकार की दार्शनिकता का भारी–भरकम आग्रह रहता हैं और न ये किसी प्रकार की विचारधारा से आक्रांत करती हैं। सामान्य मानव के लिए सामान्य भाषा में और मनोरम शैली में यह ऐसी कहानी प्रस्तुत करती हैं जो उसे गंभीर भावों से ओत–प्रोत कर जाती है। मानवीय जीवन के उल्लास–विषाद, सुख–दुख, प्रेम, करुणा, संयोग–वियोग, विरह–वेदना तथा जीवन की अन्य यथार्थमय घटनाएँ–अनुभव आदि की ही अभिव्यक्ति लोकगाथाओं में सहज प्रतीकों के माध्यम से हुआ करती है।

लोकगाथा की परम्परा वैदिक युग चली आ रही हैं। "ऋग्वेद में 'गाने वाले' के अर्थ में गाथिन शब्द का प्रयोग किया गया हैं। वैदिक साहित्य में 'गाथिन' का प्रयोग उस व्यक्ति के लिए किया गया हैं, जो किसी प्राचीन आख्यान या कथा को कहने वाला हो।"[1] अतः 'लोक' के साथ 'गाथा' शब्द एक विशेष अभिप्राय को लेकर प्रयुक्त

होता है।

लोक–साहित्य की अन्य विधाओं की ही भांति 'लोकगाथा' में भी दो शब्दों का मेल है– 'लोक' और 'गाथा'। इसका अर्थ हुआ लोक की गाथा या लोक में प्रचलित गाथा। गाथा उस कथा को कहते हैं जिसकी प्रस्तुति गेय रूप में की गयी हो। इसमें लोकगीत और लोककथा दोनों के तत्त्व मिले रहते हैं, परंतु यह दोनों से अलग होती है। कथा में गीतों के संयोग से प्रचलित लंबी लोककथाओं को कहीं–कहीं 'गीतकथा' भी कहा जाता है। दोनों में प्रमुख अंतर यह है कि गीतकथा में जो गीत कथा के साथ प्रस्तुत किए जाते हैं, वे एक तो प्रायः संगीतरहित होते हैं और दूसरे यह कि गीतकथा में गद्य और पद्य दोनों की समान भूमिका रहती है। अर्थात, गद्य–शैली में कथा सुनाने के क्रम में ही कथाकार बीच–बीच में गीतों का प्रयोग भाव–प्रवण अंशों को प्रस्तुत करने, कथा को रोचक बनाने तथा उसे लंबा खींचने के लिए करता है। जब कि लोकगाथा पूरी–की–पूरी पद्यबद्ध और संगीतमयी होती है, साथ ही इसमें कभी–कभी नृत्य का समावेश भी रहता है।

डॉ. श्यामचरण दुबे ने दोनों के बीच में अंतर करते हुए लिखा है कि "गीतकथा और लोकगाथा, दोनों में लोकगीत और लोककथा के तत्त्व सम्मिलित रूप से मिलते हैं। गीतकथा मुख्यतः एक लोककथा ही रहती है, किन्तु रूप में वह गद्यात्मक न होकर पद्यबद्ध होती है। उसे हम लोकसाहित्य के अंतर्गत खंडकाव्य मान सकते हैं। इसके विपरीत लोकगाथा आकार–प्रकार में गीतकथा से बड़ी रहती है और यद्यपि मुख्य कथासूत्र उसमें एक ही रहता है, कथा विकास–क्रम में स्थल–स्थल पर अनेक पात्र और घटनाएँ उससे सम्बद्ध हो जाती हैं। इस कारण अनेक गाथाएँ एक स्वतंत्र 'कथा' की अपेक्षा 'कथा–समूह' प्रतीत होती हैं। गीतकथा और लोकगाथा का क्षेत्र विशाल होता है। एक ही लोकगाथा भिन्न–भिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में थोड़े–बहुत परिवर्तनों के साथ पायी जाती है"।[२]

अँग्रेजी में लोकगाथा के लिए 'बैलेड' शब्द का प्रयोग होता है। इस तरह से देखें तो लोकगाथा लैटिन के 'बैलारे' (Ballare) शब्द से व्युत्पन्न् अंग्रेजी के 'बैलेड' (Ballad) का समानार्थी है। बैलारे का अर्थ 'नाचना' और बैलेड का 'नृत्ययुक्त गीत' होता है, जिसमें कोई दीर्घाकार कथा कही जाती हैं। श्री विलियम गेड्डी के अनुसार – "बैलेड नृत्य युक्त गीत होता है। वह एक साधारण, सीधी, संक्षिप्त पदों की वर्णनात्मक कविता होती है।" यही विशेषताएँ लोकगाथा को लोकगीतों से अलग करती हैं। कथानक का अभाव, आकार में लघुता तथा गेयता लोकगीतों की पहचान है जबकि आकार में दीर्घता, कथानक की प्रधानता के साथ नृत्य मिश्रित गेयता लोकगाथाओं की पहचान है। रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा संपादित 'लोकगीत संकलन' में लिखा गया है– "लोकगीत और लोकगाथा में प्रायः दो प्रकार का भेद होता है– (1) स्वरूपगत, (2) विषयगत। स्वरूप की दृष्टि से लोकगीत आकार में छोटा होता है, किन्तु लोकगाथा विस्तृत होती है। विषय की दृष्टि से लोकगीतों में संस्कारों, ऋतुओं आदि की प्रधानता होती है, जब कि गाथाओं में साहस, शौर्य, रोमांच आदि का प्राधान्य रहता है"।[३]

इनसाइकलोपीडिया ब्रिटानिका के अनुसार, "बैलेड, वह कथा है जो गीतों में कहीं गयी हो।"[४] (A ballad is story told in songs)

हैजलिट इसे गीतात्मक आख्यान (Lyrical Narratire) कहते हैं।

फादर कामिल बुल्के ने 'बैलेड' को गाथा या गाथागीत कहा है।[५]

भोलानाथ तिवारी के व्यवहारिक हिन्दी शब्दकोश के अनुसार "बैलेड शब्द गेयात्मक गेय काव्य है जो या तो लोककंण्ठ में विकसित होता है या लोकगाथा के सामान्य रूप–विधान को लेकर किसी विशेष कवि द्वारा रचा जाता है, जिसमें गीतात्मकता और कथात्मकता दोनों होती हैं, जिनका प्रचार जनसाधारण में एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में मौखिक रूप से होता रहता है।"[६]

डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय के अनुसार "संस्कृत साहित्य में 'गाथा' शब्द का प्रयोग गेय पद (लिरिक) के अर्थ में प्राचीन काल से होता चला आया है। गाथा का अर्थ है पद्य या गति और इस अर्थ में इसका व्यवहार ऋग्वेद के अनेक मंत्रों में पाया जाता है। गाथा शब्द में गेयता और कथात्मकता इन दोनों के तत्व विद्यमान हैं। इसलिए ऐसे प्रबंधात्मक गीतों के लिए, जिनमें कथानक की प्रधानता के साथ ही गेयता भी उपलब्ध हो, लोकगाथा शब्द का ही प्रयोग नितांत समीचीन है।"[७]

ऐसा प्रबन्धात्मक लोकगीत जिसमें कथा की प्रधानता हो, लोकगाथा कही जाती है। लोकगाथाओं में लोककथाओं का पद्यात्मक रूप रहता है। जब कोई कथा पद्य रूप में लिख दी जाती है तो वह गाथा बन जाती है। ये लोकगाथाएँ किसी एक व्यक्ति की रचना न होकर कई व्यक्तियों की अथवा समूह की कृतियाँ हैं इसलिए इनमें गायक के व्यक्तित्व का अभाव होता है। यही कारण है कि गाथाओं के रचनाकाल और रचनाकार दोनों को पता लगाना अत्यन्त कठिन है। लोकगाथा का गायक अपनी सुविधानुसार समय–समय पर इसमें परिवर्तन, परिवर्द्धन एवं संशोधन करता रहता है। फलतः गवैये और भाषा–क्षेत्र के आधार पर लोकगाथा के मूल पाठ से अनेक पाठ तैयार हो जाते हैं। इस तरह इनका कोई प्रमाणिक मूल पाठ नहीं होता, गायक की कुशलता और क्षमता पर ही इनकी प्रस्तुति प्रधानतः अवलम्बित रहती है।

कुछ विद्वानों ने लोकगाथाओं को अपौरुषेय वाङ्मय कहा है, क्योंकि ये गाथाएँ चिरकाल से वेदों की भाँति मौखिक परम्परा में जीवित हैं। जी.एच.जीरोल्ड के अनुसार– "The ballad is folk song that tells a story and always learned by lips" इस तरह किसी भी लोकगाथा की प्रधान उपलब्ध कसौटी उसकी मौखिक परम्परा है। कृष्णदेव उपाध्याय के अनुसार "लोक साहित्य के अन्तर्गत ऐसे भी गीत पाए जाते हैं जो बहुत लम्बे होते हैं तथा जिनमें कथावस्तु की प्रधानता होती है। इन गीतों को लोकगाथा के नाम से अभिहित किया गया है।"[८] ये गीत लोकगीतों से कई दृष्टियों से अलग होते हैं। लोकगीतों में कथानक प्रायः छोटे होते हैं। लोकगाथा में प्रबंध–काव्य की भाँति चरित्र–चित्रण की प्रधानता भी होती है। इसमें किसी भी लोक–प्रसिद्ध व्यक्ति के सम्पूर्ण जीवन की कथा का वर्णन रहता है तथा कथावस्तु इन्हीं के द्वारा आगे बढ़ती है।

हरिराम जस्टा के शब्दों में "लोकगाथा लोक–साहित्य की वह विधा है जिसमें लोक–मानसीय प्रवृत्तियाँ हों और जनरुचि का विशेष ध्यान रखा गया हो और साथ ही उसमें गेयता हो।"[९]

श्रीराम शर्मा के अनुसार "लोकगाथा वस्तु–व्यंजक होती है, आत्मव्यंजक नहीं। यह लोक–कंठ पर अवस्थित और उत्पन्न होती है। इसमें यथार्थ–चित्रण का प्राधान्य, नैसर्गिकता, भावात्मकता और गेयता होती है।"[30]

बैरिस्टर यादव ने लोकगाथा को परिभाषित करते हुए कहा है कि "लम्बे कथानक वाली पद्यबद्ध रचना लोकगाथा कहलाती है। प्रत्येक लोकगाथा अपने में एक इतिहास समेटे रहती है। लोकगाथा के पात्र प्रायः जनसामान्य के ही बीच के वीर पुरुष, सती–नारी व आदर्श प्रेमी–युगल आदि हुआ करते हैं। अपने सद्गुणों के

उत्कर्ष से आदर्श स्थिति तक पहुँच जाने से इन पात्रों की स्मृति लोक–मस्तिष्क पर सदा–सदा के लिए अंकित हो जाती है।"[31]

डॉ. सत्या गुप्त के अनुसार– "लोकगाथा लम्बा कथात्मक गीत होता है। यह अंग्रेजी के बैलेड शब्द का समानार्थी है। इसमें किसी एक व्यक्ति के जीवन का सांगोपांग चित्रण होता है तथा कथानक प्रधान होता है। यह आकार में साधारण मुक्तक गीतों से बड़ा होता है। कथात्मक होने के कारण यह अधिक रोचक और सजीव होता है। इसको गाने की विशेष परम्परा होती है तथा इसका गायन सावन, होली, विवाह तथा अन्य उत्सवों के अवसरों पर ही होता है। इसके कथा–तत्वों में साधारण कृत्यों तथा व्यक्तियों का वर्णन होता है। ये लोकगाथाएँ इतनी विशुद्ध तथा विविधता लिए हुए हैं कि इनमें लोकज्ञान का अनन्त कोश भर गया है। इनमें प्राचीन रीतियों के अनुष्ठानों का भी वर्णन मिलता है।"[१०]

विद्वानों ने लोकगाथा की परिभाषा अपने–अपने ढंग से करने का प्रयास किया है। इन परिभाषाओं के विवेचन और विश्लेषण के पश्चात् हम कह सकते हैं कि 'लोकगाथा' लोक साहित्य की वह विधा है जो कथात्मक तथा गेयात्मक रचना होने के कारण मौखिक परम्परा से जनमानस में मुख्य रूप से एक विशेष अवसर पर भी गायी तथा सुनाई जाती है। जन–जीवन की घटनाओं का यथार्थ चित्रण तथा किसी महापुरुष या नायक के जीवन–आदर्शों की व्याख्या पाढ़ी–दर–पीढ़ी लोकगाथाओं के रूप में एक परम्परा बन कर समाज में हमेशा के लिए जीवित रहती है। लोकगाथा के कथानक में जिन–जिन विषयों की अभिव्यक्ति होती है, उनमें समाज, इतिहास और पौराणिक घटनाओं का उल्लेख प्रमुख रूप से रहता है तथा इनमें जीवन की पूर्ण अभिव्यक्ति देखने को मिलती है।

लोकगाथाओं का उद्‌भव कैसे और कब हुआ यह बहुत ही कठिन विषय हैं, क्योंकि लोकसाहित्य की परम्परा बहुत प्राचीन होने के कारण तथा उस समय लेखन का अभाव होने के कारण इसके इतिहास को जानना सरल नहीं है। मौखिक परम्परा द्वारा ही इसके अतीत को जाना जा सकता है। यह अनुमान लगाया जा सकता हैं कि मानव सभ्यता के विकास के साथ ही नृत्यों, गीतों एवं गाथाओं का विकास हुआ होगा। लोकगाथाएँ प्रारम्भ से ही समूचे समाज की सम्पति रही हैं, इस कारण इन्हें गाते हुए गायक अपनी ओर से इनमें कुछ–न–कुछ जोड़ते–घटाते गए। इस तरह एक स्थान से दूसरे स्थान तथा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी और कण्ठानुकण्ठ यात्रा करते रहने के कारण उनका रूप नित्य परिवर्तनशील रहा है। लिखने–पढ़ने की प्रथा न होने से लोकगाथाएँ अलिखित रूप में ही बनी रहीं। इस कारण इनकी प्राचीन हस्तलिखित प्रतियाँ नहीं मिलती हैं। लोकगाथाओं की उत्पत्ति के सम्बन्ध में विशेषज्ञों ने कहा है कि लोकगाथाएँ मौखिक परम्परा हैं। उसमें सम्पूर्ण समाज की अमूल्य निधि होती है और लोकगाथाओं में व्यक्ति विशेष के व्यक्तित्व का अभाव रहता है।

भारतीय विद्वानों इस संदर्भ में अपने कुछ विचार इस प्रकार से व्यक्त किये हैं, जैसे भारतीय विद्वान कृष्णदेव उपाध्याय के मतानुसार – "लोकगाथाओं की उत्पत्ति के सम्बन्ध में इन विविध सिद्धांतो में कुछ–न–कुछ सत्य का अंश विद्यमान है। सभी कारण भूत हैं। इन सभी का सहयोग गाथाओं के निर्माण में रहा है। कुछ गीत या कथाएँ ऐसी हैं जो व्यक्ति विशेष की रचनाएँ हैं। इनमें लेखक का नाम कई प्रसंगों में बार–बार आता हैं।"[१२] सत्या गुप्त लिखती हैं– "लोकगाथा लोक का काव्य है और लोक के द्वारा ही उसका निर्माण और विकास होता रहा है। इसका प्रचार व प्रसार एक कंठ के द्वारा दूसरे कंठ तक होता गया। लिखित पाठ कम उपलब्ध होने

के कारण यह परिवर्तनशील भी रहा। जैसे–जैसे इसमें लोक तत्वों का समय–समय पर समावेश होता गया उसी प्रकार लोकरुचि और अवसरों के अनुसार रचनाएँ भी होती गईं। लेकिन उनमें आज भी सहजता तथा स्वाभाविकता उसी प्रकार से वर्तमान है..."।[१३]

लोकगाथाओं का वर्गीकरण :–

मनोरंजक, प्रेरक, उपदेशपरक लोकविधा 'लोकगाथा' का वर्गीकरण विद्वानों ने अलग–अलग दृष्टियों से किया हैं। डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय जी आकार तथा विषय की दृष्टि से इसे वर्गीकृत करते हैं। वे आकार की दृष्टि से लोकगाथाओं को लघु और वृहत तथा विषय की दृष्टि से प्रेम–कथात्मक, वीर–कथात्मक और रोमांच–कथात्मक प्रभेदों में बाँटते हैं।[१४] लघुगाथाएँ अपने नामानुसार आकार में छोटी होती हैं और वृहत गाथाएँ प्रबन्धात्मक काव्य के समान आकार में दीर्घ होती हैं। प्रेम मानव जीवन का आधार हैं। विषयानुसार वर्गीकृत प्रेम–कथात्मक गाथाओं का वर्ण्यदृविषय पति–पत्नी एवं प्रेमी–प्रेमिका विषयक प्रणय–आख्यान हैं। ढोला–मारू, हीर–राँझा जैसी गाथाएँ प्रणयात्मक गाथाओं के अंतर्गत आती हैं। डॉ. सत्या गुप्त[१५] ने भी लोकगाथाओं को मात्र तीन वर्गों में ही समाहित कर दिया है। उनके अनुसार ये तीन भेद निम्नलिखित हैं :–

1. पौराणिक गाथाएँ
2. वीरगाथाएं
3. प्रेमगाथाएं

डॉ. पाण्डेय के अनुसार पौराणिक गाथाओं की कथाएँ रामायण, महाभारत, पुराणों आदि प्राचीन ग्रंथों में निहित हैं। 'रोमांच गाथाओं' के अन्तर्गत जादू–टोना, मन्त्र–तंत्र तथा परियों से सम्बन्धित गाथाएँ आती हैं। इन गाथाओं की सम्पूर्ण कथा यद्यपि लौकिक होती है तथापि उनमें घटित समस्त घटनाएँ अलौकिक जान पड़ती हैं, जैसे– 'सोरठी' की गाथा। 'प्रेम–प्रधान गाथाओं' में अधिकांशतः प्रेम की महत्ता है तथा प्रेम के सात्विक रूप का प्रस्तुतिकरण है। जैसे– राजा भरथरी की गाथा, पंजाब के हीर–राँझा की गाथा।[२५] डॉ. जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय ने डॉ. श्याममनोहर पाण्डेय के 'मध्ययुगीन प्रेमाख्यान' के आधार पर प्रेम–गाथाओं को निम्न चार कोटियों में बाँटा है– 1. दाम्पत्यपरक 2. कामपरक, 3. सत्यपरक, 4. अध्यात्मकपरक।

लोकगाथा की विशेषताएँ :–

लोकगाथाएँ लोकचेतना का गेय शैली में सजीव प्रतिबिम्बित करती हैं। किसी भी देश की सांस्कृतिक अस्मिता को बनाए रखने तथा सामाजिक आदर्शों–परम्पराओं को बहाये रखने के लिए लोकगाथाएँ अमूल्य धरोहर हैं। इनमें मानवीय मूल्यों को उत्तरोत्तर परिष्कृत करने वाली अनेक सरल सारगर्भित कथाएँ समायी हैं। ये गाथाएँ जीवनादर्शों एवं मूल्यों को परिष्कृत करती हैं, ईश्वर के प्रति आस्था और विश्वास उत्पन्न करती हैं तथा पुरातन परम्पराओं से हमारा परिचय करती हैं। ये गाथाएँ वीरता, उदारता जैसे गुणों तथा जीवन के प्रति आस्था जगाकर हमारे संस्कार को प्रबल करती हैं, सत्–असत् को जानने–समझने तथा तदनुकूल विवेक निर्मित करने की दृष्टि देती हैं। भारतीय संस्कृति का निर्माण करने वाले वेद, पुराण जैसे ग्रन्थों से सन्दर्भित हमारी लोकगाथाएँ मात्र कथात्मक गीत नहीं हैं जो सिर्फ मनोरंजन करने या मन बहलाने का साधन भर हों, ये हमारे जीवन को छूती हैं, मर्म–भेद करती हैं, हमारे जीवन को प्रभावित करती हैं, हमें जीवन–दर्शन का ज्ञान कराती हैं और हमारे भीतर मानवीय मूल्यों और श्रेष्ठ संस्कारों को उत्पन्न करती हैं। ये कोरी सीख या नीरस उपदेश भर नहीं देतीं, अपितु

हमारे मस्तिष्क में सुविचार उत्पन्न कर हमें सत्कार्य करने तथा सुमार्ग पर चलने को प्रेरित करती हैं। इनकी रचना ही बहुजन हिताय तथा सर्वजन सुखाय के उद्देश्य को लेकर हुई है। लोकगाथाओं की मूलभूत विशेषताओं के सम्बंध में प्रायः भारतीय और पाश्चात्य विद्वानों का एक मत है। कृष्णदेव उपाध्याय ने लिखा हैं, "लोकगाथाओं की अनेक विशेषताएँ हैं जो उन्हें अलंकृत कविता से स्पष्ट पृथक करती हैं। इन विशेषताओं पर ध्यान देने से यह स्पष्ट ही पता चल जायेगा कि अमुक कविता गाथा है अथवा अलंकृत–काव्य"। उन्होंने गाथाओं की विशेषताओं को प्रधानतः दस भागों में विभक्त किया हैं, जो निम्नांकित हैं–

1. रचयिता का अज्ञात होना।
2. प्रामाणिक मूल पाठ का अभाव।
3. संगीत और नृत्य का अभिन्न साहचर्य।
4. स्थानीयता का प्रचुर पुट।
5. मौखिक हैं, लिपिबद्ध नहीं।
6. उपदेशात्मक प्रवृति का अभाव।
7. अलंकृत शैली का अभाव, अतः स्वाभाविक प्रवाह।
8. रचयिता के व्यक्तित्व का अभाव।
9. टेक पदों की पुनरावृत्ति।
10. लम्बा कथानक।"[38]

इन्साइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका के अनुसार 'बैलेड' की मुख्य विशेषताएँ हैं– उसका संक्षिप्त होना, कथानक का गेयात्मक होना, व्यक्तित्वहीन और उसको गेयात्मक बनाना।''[१६]

यद्यपि लोकगाथाओं की अनेक विशेषताएँ हैं, परन्तु मैन एडवर्ड ने लोकगाथा की विशेषताओं को तीन शीर्षकों में विभक्त करके विषय को संक्षिप्त करने का प्रयास किया हैं :–

1. लोकगाथा एक कथा होती है।
2. यह कथा गीत के रूप में सामान्य संगीत से युक्त होती है।
3. इसकी कथावस्तु लोक–संस्कृति से संबंधित होती है।[१७]

निष्कर्ष के तौर पर यह समझ सकते हैं कि लोकगाथाओं में अनेक विशेषताएँ मिलती हैं। इसमें प्रमुख हैं रचनाकार का अज्ञात होना, प्रमाणित मूल पाठ का अभाव, लंबा कथानक, नृत्य–संगीत सम्मिश्रित मौखिक प्रस्तुति, लोकभाषा का प्रयोग, अनलंकृत शैली तथा संस्कृति–सापेक्षता। लोकगाथाओं में स्थानीयता का रंग अत्यन्त गहरा होता है, अतः इनमें स्थानीय प्रथाओं एवं रीति–रिवाजों की झाँकी सहज ही प्राप्त की जा सकती है। इन लोकगाथाओं की कथावस्तु दीर्घ होती है। कई लोकगाथाओं का आख्यान तो इतना लम्बा होता है कि वे इस दृष्टि से वे महाकाव्य से स्पर्धा करती हैं, जैसे आल्हा, ढोला–मारू आदि की गाथाएँ। साथ ही लोकगाथाओं का कथानक लोकप्रिय होता है और लोकगाथाओं के चरितनायक लोकादर्श का प्रतिबिम्बन करते हैं।

सन्दर्भ :–

१. ऋग्वेद, 832 : 1 (गोरखपुर : गीता प्रेस).

२. खड़ी बोली का लोकसाहित्य, डॉ. सत्या गुप्त, पृ.–238 हिन्दुस्तानी अकादमी।
३. लोक गीत संकलन, भोमिका, पृ.–7.
४. इनसाइकलोपीडिया ब्रिटानिका (लन्दन : विलियन बेटन पब्लिशर, 1965) पृ.
६. कादर कामिल बल्के, अंग्रेजी–हिन्दी कोश (दिल्ली : एस. चन्द एण्ड कम्पनी लिमिटेड, 2004) पृ. 241.
७. भोलानाथ तिवारी, व्यवहारिक हिन्दी शब्दकोश, नैशनल पब्लिकेशन हाउस, दिल्ली, पृ. 2661.
८. हिन्दी साहित्य का बृहत इतिहास, षोडश भाग (काशी : नागरी प्रचारणी सभा सं. 2026), पृ. 76.
९. हिन्दी साहित्य का वृहत इतिहास– षोडश भाग, काशी : नागरी प्रचारणी सभा सं. 2057, पृ. 5.
१०. लोकजीवन और गीत, मौलूराम, सम्पादक– सोमसी, पृ.–571.
११. लोक साहित्य सिद्धान्त और प्रयोग, पृ. 144.
१२. हिन्दी लोक साहित्य में हास्य–व्यंग्य, पृ. 92.
१३. खड़ी बोली का लोक–साहित्य, डॉ. सत्या गुप्त, पृ.–238 हिन्दुस्तानी अकादमी। पृ. 237.
१४. लोकसाहित्य की भूमिका, डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय.. लोक भारती प्रकाशन, साहित्या भवन
१६ खड़ी बोली का लोकसाहित्य, पृ. 241.
१७. लोकसाहित्य की भूमिका, डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय।
१८. भोजपुरी लोकसाहित्य, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, सन् 2003, पृ. 366.
१९. Encyclo Pedia Britanica (London : Welliam Benton Publishen 1965) P. 993
२०. मैक एडवर्ड लोच, द बैलेड बुक (न्यूयार्क : ए. एस. वर्न्स एण्ड कम्पनी 1955) पृ.– 2.

Dr. Nguri Shanti,
Assistant Professor Department of Hindi, Dera Natung Government College, Itanagar Arunachal Pradesh India.
District Papum Pare P/O P/S Itanagar. Pin code 791113
Phone number 9774549899

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 83–89

भाषा में व्याकरणिक शिक्षण का महत्व

सुरेखा लकड़ा
शोधार्थी, कुँड़ख भाषा विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांची।

सारांश :

व्याकरण पढ़ाना किसी लक्ष्य को प्राप्त करने का साधन नहीं है, बल्कि यह पढ़ने और लिखने से गहराई से जुड़ा हुआ है। व्याकरण, लेखन निर्देश और छात्र उपलब्धि के बीच एक मजबूत संबंध है। व्याकरण को स्पष्ट रूप से पढ़ने तथा लिखने के साथ एकीकृत करके पढ़ाने से छात्रों को लेखन रणनीतियों के अपने भंडार का विस्तार करने, लिखित और बोली जाने वाली भाषा पर नियंत्रण पाने, अपनी लेखन शैली विकसित करने, रचनात्मक रूप से सोचने, समझ में सुधार करने और अंततः स्कूल और मूल्यांकन में सफल होने में मदद मिलेगी। व्याकरण में भाषा की रचना, शब्दों की व्युत्पत्ति और स्पष्टतापूर्वक विचार प्रकट करने के लिए, उनका शुद्ध प्रयोग बताया जाता है, जिनको जानकर हम भाषा के नियम जान सकते हैं और उन भूलों का कारण समझ सकते हैं, जो कभी-कभी नियमों का ज्ञान न होने के कारण अथवा असावधानी से, बोलने या लिखने में हो जाती है। किसी भाषा का पूर्ण ज्ञान होने के लिए उनका व्याकरण जानना भी आवश्यक है।

प्रमुख शब्द :- शिक्षण, शिक्षार्थियों, व्याकरण, सहयोग, आगमन, निगमन।

प्रस्तावना :-

भाषा शिक्षण एक ऐसी विशाल क्षेत्र है, जो किसी भाषा को प्रभावी ढंग से सीखने एवं सिखाने से संबंधित है, जिसमें व्याकरण भी एक महत्वपूर्ण घटक है। व्याकरण के बिना, भाषा शिक्षण अधूरा रहता है। व्याकरण भाषा के शुद्ध रूप, अर्थ और प्रयोग के लिए आवश्यक है। इस संसार में कोई भी व्यक्ति चाहे वह शिक्षित हो अथवा अशिक्षित, भाषा के नियमों और संरचनाओं को समझने में मदद करता है, जिससे वे शुद्ध-शुद्ध भाषा बोल और लिख सकते हैं, अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त कर सकते हैं और भाषा के विभिन्न पहलुओं को समझ सकते हैं।

व्याकरण : शिक्षण के संदर्भ में व्याकरण के व्यावहारिक पक्ष पर बल देना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि व्याकरण के व्यावहारिक पक्ष का ज्ञान होना अति आवश्यक है। जैसे -

- भाषा के शुद्ध बोलने या लिखने को संभव बनाता है।
- भाषा की समरूपता तथा शुद्धता से परिचित करवाता है।
- भाषा के विभिन्न स्वरुपों को शुद्ध और स्पष्ट रूप देने का कार्य करता है।
- भाषा में वर्ण, शब्द तथा वाक्य विन्यास के सिद्धांतों का ज्ञान प्रदान करता है।
- पाठ में निहित व्याकरणिक नियमों का उल्लेख कर व्याकरण सीखने पर बल देता है।

इस प्रकार से यह कहा जा सकता है कि व्याकरण भाषिक नियमों की एक व्यवस्थित प्रणाली है, फिर भी व्याकरण शिक्षण में व्यवहारिक पक्ष महत्वपूर्ण है। प्राचीन समय में प्रत्येक शिक्षार्थियों को व्याकरण की शिक्षा प्राप्त करना अनिवार्य था, जो व्यक्ति व्याकरण में बहुत निपुण होता था, उसे पंडित माना जाता था तथा समाज में भी उसका सम्मान बहुत अधिक रहता था। पाणिनी, पतंजलि जैसे महान व्याकरण के पंडित हुए हैं, संस्कृत साहित्य में व्याकरण के कई ग्रंथ मिलते हैं। वास्तव में भाषा पर पूर्ण अधिकार प्राप्त करने के लिए व्याकरण का ज्ञान प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है।

बहुत सारे वैयाकरणिक है जो व्याकरण की परिभाषा अपने-अपने ढंग से परिभाषित किए हैं जो निम्न प्रकार से है -

महर्षि पाणिनी के मतानुसार - व्याकरण शब्दानुशासन है, इससे भाषा का रूप व्यवस्थित होता है।

महर्षि पतंजलि ने भी अपने महाभाष्य में इसे 'शब्दानुशासन' कहा है।

जैगर का मत है कि - प्रचलित भाषा संबंधी नियमों की व्याख्या ही व्याकरण है। मत जैगर ने विद्यालयों में व्याकरण की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यक्त किया था।

भावों की स्पष्टता पर निर्भर है तथा भाषा की शुद्धता व्याकरण पर। व्याकरण भाषा को संगठित करता है। व्याकरण की जानकारी के बिना भाषा शुद्ध नहीं हो सकती। इसी कारण व्याकरण का ज्ञान प्राप्त करना अनिवार्य है।

डॉ० स्वीट के अनुसार - व्याकरण भाषा का व्यावहारिक विश्लेषण या उसका शरीर विज्ञान है।

व्याकरण शब्द; वि+आ+कृ धातु+ल्युट् प्रत्यय के योग का योगफल है। जिसका अभिप्राय है, व्याक्रियन्ते अर्थात् जिसके द्वारा अर्थस्वरुप के माध्यम से शब्दों की व्याख्या होती है।

<u>शिक्षण का तात्पर्य</u> :-

सामान्य रूप से शिक्षण एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा बालक को विभिन्न

विषयों का ज्ञान दिया जाता है, लेकिन शिक्षण की यह धारणा एकदम सत्य नहीं है।

सामान्य रूप से शिक्षण के अर्थ को दो (2) शीर्षकों में रखकर विभाजित किया जा सकता है -

क. संकुचित अर्थ में - इस संदर्भ में शिक्षण के लिए औपचारिक साधनों का प्रयोग होता है। इस प्रकार का शिक्षण पूर्व नियोजित होता है और एक निश्चित समय में निश्चित विधियों के द्वारा दिया जाता है। जैसे - विद्यालय में विभिन्न घंटों में विभिन्न विषयों का शिक्षण होता है।

ख. विस्तृत अर्थ में - इस संदर्भ में शिक्षण मनुष्य के जीवन में लगातार चलने वाली एक प्रक्रिया है। मनुष्य को अपने परिवार, विद्यालय, कार्यालय, समाज, वातावरण आदि से किसी न किसी रूप में शिक्षण प्राप्त होता रहता है। जैसे - माता बच्चे को चलने का शिक्षण देती है और शिक्षक छात्र को इतिहास का शिक्षण देता है, पर शिक्षण यहीं तक सीमित नहीं है।

<u>भाषा में व्याकरणिक शिक्षण को महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो कुछ प्रमुख बिंदु इस प्रकार से है</u> :-

- **शुद्ध भाषा का ज्ञान -** व्याकरण सभी व्यक्तियों के लिए भाषा के नियमों और संरचनाओं को समझने में सहायता करता है, जिससे वे शुद्ध-शुद्ध भाषा बोल और लिख सके।
- **भाषा की समझ -** व्याकरण सभी व्यक्तियों के लिए भाषा के विभिन्न पहलुओं को समझने में सहायता करता है, जैसे कि - शब्दार्थ, वाक्य रचना और व्याकरणिक नियम।
- **लिखने और बोलने के कौशल का विकास -** व्याकरण कोई भी भाषा के लिखने और बोलने के कौशल को बेहतर बनाने में सहायता करता है।
- **साहित्यिक रचनाओं की समझ -** व्याकरण साहित्य की रचनाओं को बेहतर ढंग से समझने में सहायता करता है।

इस प्रकार से यह भी कहा जा सकता है कि व्याकरण कोई तयशुदा डिब्बा नहीं है, जिनमें कुछ उदाहरणों को हम अंटाने की कोशिश करे। दरअसल कोई भी भाषा कुछ नियमों के आधार पर चलती है। उन नियमों के आधार को स्पष्ट कर देना ही व्याकरण समझना या जानना है। आमतौर पर विद्यालयों में व्याकरण की परिभाषा तथा भेदों व उपभेदों को याद कराया जाता है। इसमें तो परीक्षाओं में अंक प्राप्ति तो हो जाती है, लेकिन वे इसका बोलने, पढ़ने और लिखने में उपयोग नहीं कर पाते।

इस संसार की कोई भी भाषा अंततः कुछ खास नियमों के अनुसार बनी व्यवस्था है। इस व्यवस्था को ही समेकित रूप में व्याकरण कहा जाता है। व्याकरण अव्यक्त या अमूर्त होता है। यह भाषा बरतने वाले की सामूहिक चेतना को हिस्सा होता है। इस अमूर्त रूप को

भाषा वैज्ञानिक या वैयाकरणशास्त्र के रूप में मूर्त करते हैं। इस विश्लेषित रूप को ही हम व्याकरण कहते हैं।

<u>उद्देश्य</u> :-

शिक्षा जो कि मानव जीवन का आधार स्तम्भ है। शिक्षा के बिना मानव जीवन के विकास की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। यह मानव जीवन की उत्कृष्टता एवं उच्चता का प्रतीक है। प्राचीनकाल से ही शिक्षा को आत्मज्ञान एवं आत्म प्रकाश का साधन माना गया है। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि शिक्षा मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाती है। वर्तमान में शिक्षा जहाँ एक ओर बालकों के सर्वांगीण विकास कर उन्हें विद्वान, चरित्रवान और बुद्धिमान बनाती है, वहीं दूसरी ओर यह समाज के विकास के लिए भी एक आवश्यक एवं शक्तिशाली साधन है। यह आगे आने वाली पीढ़ी को उच्च आदर्शों, आकांक्षाओं, विश्वासों जैसे सांस्कृतिक सम्पत्ति को हस्तान्तरित करता है।

<u>व्याकरण शिक्षण के कुछ प्रमुख उद्देश्य</u> :-

1. व्याकरण के द्वारा शिक्षार्थियों में रचना एवं सृजनात्मक प्रवृत्ति का विकास करना।
2. शिक्षार्थियों में ऐसी क्षमता पैदा करना, जिससे कि वे कम से कम शब्दों में शुद्धतापूर्वक अपने भावों को व्यक्त कर सके। साथ ही साथ उनमें ऐसी योग्यता पैदा करना, जिससे वे भाषा की अशुद्धता को भी समझ सके एवं उनमें भाषा को परखने की शक्ति का विकास हो सके।
3. शिक्षार्थियों को शुद्ध बोलने, लिखने एवं पढ़ने की प्रेरणा देना।
4. शिक्षार्थियों को शुद्ध भाषा का प्रयोग सिखाना।
5. व्याकरण के द्वारा विद्यार्थियों में रचना एवं सृजनात्मक प्रवृत्ति का विकास करना।
6. व्याकरण की शिक्षा का उद्देश्य बालक को भाषा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखने में प्रवीण बनाना होना चाहिए।
7. शिक्षार्थियों को भाषा से संबंधित नियमों का ज्ञान प्रदान करना।
8. व्याकरण के नियमों का ज्ञान, छात्रों में मौलिक वाक्य बनाने की योग्यता पैदा करता है। मितव्ययिता के आधार के लिए व्याकरण का ज्ञान जरूरी है। यह छात्रों में शुद्ध रूप से बोलने तथा लिखने की क्षमता पैदा करता है।
9. भाषा का शुद्ध रूप पहुँचाने में छात्रों को सक्षम तथा समर्थ बनाना ही व्याकरण का उद्देश्य है। इस तरह व्याकरण से शुद्ध बोलना और लिखना आ जाता है।
10. व्याकरण की शिक्षा, भाषा की शिक्षा का आवश्यक अंग है। यह भाषा रूपी रथ का सारथी है। यह भाषा का स्वरुप बनाता है एवं उस पर नियंत्रण रखता है। यह भाषा का मित्र भी है। यह उसे सच्चे रास्ते पर चलने की प्रेरणा प्रदान करता है।

<u>व्याकरण शिक्षण का महत्व</u> :-

व्याकरण शिक्षा के महत्व तथा उपयोगिता के विषय में विद्वानों में परस्पर मतभेद है। परन्तु कुछ विद्वानों के अनुसार भाषा शिक्षण में व्याकरण का बहुत महत्व है। बिना व्याकरण के जाने भाषा पर कोई व्यक्ति पूर्ण अधिकार प्राप्त नहीं कर सकता। कोई भाषा के छोटी से छोटी रहस्य को समझने हेतु यह अति आवश्यक है कि व्याकरण के नियमों को भी समझा जाय। भाषा में बोलने तथा लिखने की शुद्धता बगैर व्याकरण ज्ञान के नहीं आ सकती।

करूणापति त्रिपाठी के मतानुसार - "भाषा शिक्षण का कार्य व्याकरण की शिक्षा के बगैर नहीं हो सकता। व्याकरण के माध्यम से ही भाषा रूपी माध्यमिक नौका का संचालन हो सकता है। व्याकरण ज्ञान की अवहेलना से भाषा में उच्छृंखलता आ जाती है तथा वह संस्कृति का विनाश कर देती है। भाषा प्रयोग का उचित रहस्य समझने हेतु व्याकरण का ज्ञान अत्यंत जरूरी है।"

एन० पोकॉक के मतानुसार - "व्याकरण की शिक्षा का उद्देश्य बालक की भाषा को वैज्ञानिक रूप से देखने में प्रवीण बनना होना चाहिए।"

<u>व्याकरण शिक्षण की उपयोगिता</u> :-

- व्याकरण का अनुशासन जीवन को प्रभावित करता है।
- व्याकरण के द्वारा विद्यार्थियों में आलोचना प्रवृत्ति विकसित होती है।
- व्याकरण के द्वारा भाषा में शुद्धता आती है।
- व्याकरण द्वारा शब्द संरचना एवं वाक्य विन्यास की जानकारी प्राप्त होती है।
- व्याकरण भाषा के स्वरूप की रक्षा करके उचित प्रयोग की प्रक्रिया की जानकारी देने में समर्थ है।

<u>व्याकरण शिक्षण को रोचक एवं सरल बनाने के उपाय</u> :-

- व्याकरण शिक्षण का प्रारंभ व्यावहारिक व्याकरण से किया जाना चाहिए तथा व्यावहारिक व्याकरण की शिक्षा भाषा-संसर्ग विधि द्वारा ही प्रदान किया जाना चाहिए।
- व्याकरण का शिक्षण यथासम्भव आगमन विधि से आरंभ करके निगमन विधि से समाप्त किया जाना चाहिए।
- विद्यार्थियों को व्याकरण के नियम रटाना नहीं चाहिए, बल्कि समझाना चाहिए।
- व्याकरण का पाठ्यक्रम बहुत ज्यादा जटिल तथा विस्तृत नहीं होना चाहिए। पाठ्यक्रम छात्रों के मानसिक स्तर के अनुकूल बनाया जाना चाहिए।
- व्याकरण शिक्षण क्रमबद्ध रूप में किया जाना चाहिए।
- सुविधानुसार श्रवण तथा दृष्य सामग्री का प्रयोग किया जाना चाहिए।
- व्याकरण का आरंभ तब तक नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि छात्र भाषा का पर्याप्त ज्ञान प्राप्त न कर लें। व्याकरण का आरंभ निम्न स्तर कक्षा से किया जाना चाहिए।

<u>व्याकरण शिक्षण विधियाँ अथवा प्रणालियाँ</u> :-

व्याकरण शिक्षण के लिए निम्न विधियों या प्रणालियों का प्रयोग किया जाता है -

1. **निगमन विधि** - निगमन विधि को नियम उदाहरण विधि भी कहते हैं। इसमें छात्रों को पहले नियम समझा दिए जाते हैं। इसके बाद उदाहरण से उस विषय का प्रयोग करके दिखाया जाता है। इसमें नियम को पूर्ण रूप से प्रस्तुत करके उदाहरण को अपूर्ण रूप में रखकर छात्रों से पूर्ति कराते हैं या फिर उदाहरण से स्पष्ट करते हैं, क्योंकि नियम और सिद्धांत अमूर्त होते हैं। छात्र स्थूल को अधिक समझते हैं एवं रूचि लेते हैं। इसलिए प्राथमिक कक्षाओं में इसका प्रयोग व्यवहारिक नहीं है।
2. **आगमन विधि** - आगमन एवं निगमन शिक्षा की विधियाँ अधिक प्राचीन है। आज भी इनका प्रयोग शिक्षा में किया जाता है। आगमन विधि मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है। यह एक मनोवैज्ञानिक एवं शिक्षा की स्वाभाविक विधि है, क्योंकि छात्रों का ज्ञान वस्तुओं के निरीक्षण पर निर्भर होता है। जिन वस्तुओं को वह देखता है, उनके संबंध में वह प्रश्न करता है। अतः मातृभाषा के शिक्षण में इसका विशेष महत्व है और इस विधि में सीखने की विशेष महत्व दिया जाता है। इस विधि से छात्रों की सृजनात्मक की योग्यता का विकास होता है।
3. **भाषा-संसर्ग विधि** - भाषा संसर्ग विधि के समर्थकों के अनुसार व्याकरण की शिक्षा अलग से देने का कोई औचित्य नहीं है। छात्रों को विभिन्न लेखकों की रचनाएँ पढ़ने को दी जानी चाहिए। जिससे उनका भाषा पर अधिकार हो जाए। व्याकरण शिक्षण का भी यही उद्देश्य होता है कि छात्र भाषा पर अधिकार प्राप्त कर ले। इसलिए अलग से व्याकरण शिक्षण की कोई आवश्यकता नहीं होती है। इस प्रकार मातृभाषा शिक्षण के लिए यह विधि सबसे अधिक है।
4. **पाठ्य पुस्तक विधि** - इस प्रणाली का अर्थ है कि व्याकरण की पुस्तकों के द्वारा ही छात्रों को व्याकरण का ज्ञान दिया जाए। इन पुस्तकों के प्रारंभ में किसी नियम की परिभाषा दी हुई होती है। उसके बाद उस नियम को दो उदाहरण के द्वारा समझाया जाता है तथा अंत में पुनरावृत्ति के लिए या घर से हल करके लाने के लिए कुछ प्रश्न दिए होते हैं।

   पाठ्यपुस्तक प्रणाली प्राथमिक या माध्यमिक कक्षाओं के लिए प्रायः उचित नहीं है, क्योंकि यदि छात्रों को पहले से ही नियम ज्ञात हो जाता है तो वे फिर उदाहरण पढ़ने एवं व्याकरण सीखने में अधिक रूचि नहीं लेते हैं। परन्तु उच्च कक्षाओं में व्याकरण सीखने के लिए व्याकरण की पाठ्य पुस्तकों का होना अत्यंत जरूरी है, क्योंकि व्याकरण के बहुत से नियम केवल प्रयोगों या सहयोग विधि से नहीं सिखाई जा सकती है। इसलिए उच्च कक्षाओं में पाठ्य पुस्तकों का प्रयोग बहुत आवश्यक है।

5. **सहयोग विधि -** यह विधि भाषा-संसर्ग विधि से मिलती-जुलती है। इस प्रणाली के मानने वाले भी व्याकरण को स्वतंत्र रूप से पढ़ने के पक्ष में नहीं है, क्योंकि उनके अनुसार छात्रों की रचना की शिक्षा प्रदान करते समय ही व्याकरण के नियम बता देना चाहिए। जिससे कि वे केवल व्यवहारिक व्याकरण की शिक्षा प्रदान कर सकते हैं, परन्तु नियमित व्याकरण की शिक्षा प्रदान नहीं कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त सहयोग विधि से पढ़ने में कोई तार्किक क्रम भी नहीं रहेगा। इसके साथ ही यदि हम रचना या गद्य के पाठों से व्याकरण को समन्वित करके पढ़ाये तो मूल पाठ की उपेक्षा हो सकती है।

6. **सूत्र विधि -** सूत्र विधि का प्रचलन विशेष रूप से संस्कृत भाषा में होता था। इस प्रणाली में व्याकरण के विभिन्न नियम सूत्रों में परिवर्तित कर लिये जाते हैं। छात्रों को फिर से नियम रटा दिये जाते हैं। यह प्रणाली बहुत दोषपूर्ण है, क्योंकि बालक बिना सोचे-समझे सूत्रों को रट लेते हैं। आजकल इस प्रणाली की उपेक्षा की दृष्टि से देखा जाता है।

निष्कर्ष :-

भाषा शिक्षण क्षेत्र में व्याकरण शिक्षण का महत्व महत्वपूर्ण है। व्याकरण कोई भी भाषा का आधार होता है। इसे स्वाभाविक रूप से नहीं सीखा जा सकता है। इसके सीखने के लिए निर्देश की आवश्यकता होती है। व्याकरण सीखने के कुछ शिक्षार्थियों के पास दूसरों की तुलना में अधिक विश्लेषणात्मक सीखने की शैली हो सकती है, लेकिन अगर कोई भी भाषा का सही और धाराप्रवाह उपयोग करना चाहता है तो उसके लिए व्याकरण के नियमों का निर्देश प्राप्त करना आवश्यक है। व्याकरण किसी भी भाषा से अलग नहीं किया जा सकता है, व्याकरण ही कोई भी भाषा का नींव है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हिन्दी व्याकरण - कामता प्रसाद गुरू।
2. हिन्दी शिक्षण - लक्ष्मी भार्गव।
3. कुँडु ख व्याकरण एवं निबंध - चौठी उराँव और महाबीर उराँव।
4. आधुनिक हिन्दी व्याकरण और रचना - डॉ० वासुदेवनन्दन प्रसाद।
5. भाषा और समाज - रामविलास शर्मा।
6. वृहत् व्याकरण भास्कर - डॉ० वचनदेव कुमार।
7. भाषा विज्ञान - डॉ० भोलानाथ तिवारी।
8. भाषा विज्ञान तथा हिन्दी भाषा का वैज्ञानिक अध्ययन - डॉ० सीताराम झा 'श्याम'।

मो०नं० : 8521427069

e-Mail ID : surekhalakra12345@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 90-97

शूद्रों की उत्पत्ति के विभिन्न सिद्धांत और डॉ. अंबेडकर के विचार

सुंदर लाल
असिस्टेंट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर, राजस्थान।

प्रस्तावना- भारतीय इतिहास में जिन जातियों को वर्तमान में अनुसूचित जातियों के नाम से जाना जाता है, उन्हें ऐतिहासिककाल से वर्तमान तक विभिन्न नामों से जाना जाता रहा है, जैसे– दास, दस्यु, अनार्य, शूद्र, अछूत, अस्पृश्य एवं तिरस्कृत वर्ग, अन्त्यज, पंचम वर्ग, हरिजन, अनुसूचित जातियॉ (शिडयुल्ड कास्ट) और दलित। इतिहास में शायद ही किसी एक वर्ग, जाति ओर समुदाय के नाम में इतने परिवर्तन हुए हो, जितने भारत में दलितों के नाम के हुए है। इसी लिए इस अध्याय में यह जानने की कोशिश की गई है कि क्या भारत में दास से दलितों तक एक ही वर्ग के अलग–अलग नाम रहे है? दूसरा, क्या इन जातियों को वैदिक काल से ही वर्ग या जाति के आधार पर सबसे निम्न स्तर पर रखकर इनका शोषण किया गया है? और वे क्या कारण थे और कौनसा काल था जब इन्हें अछूत घोषित किया गया? यहाँ इन दलित जातियों के बारे में जानने का प्रयास किया गया है जो हिन्दू समाज में अपहनी परम्परागत स्थिति के कारण वेद–अध्ययन और मंदिर प्रवेश से वंचित रखी गयी तथा राजस्थान सरकार के द्वारा घोषित अनूसूचित जाति की सूची में आती है। इसलिए दलित शब्द की परिभाषा एवं उत्पत्तित सौ पूर्व शब्द के प्राचीन रूप को जानना आवश्यक है।

मुख्य शब्द-भारतीय सामाजिक व्यवस्था,दासवर्ग,आर्य-अनार्य,शूद्रवर्ग की उत्पत्ति।

दासों की उत्पत्ति-

इतिहास की भिन्न अवस्थाओं में आर्यो का अपना एक सामाजिक संगठन था।भारत आने पर वैदिक आर्यो और उनके पड़ौसी अनार्यो में परस्पर संघर्ष होते रहते थे। इन संघर्षो में विजेता आर्य हारे हुए अनार्यो को दास बना लिया करते थे। आर्य जातियाँ

अपनी सभ्यता और संस्कृति पर भी गर्व करती थी आर्यो और उनके विजित शत्रुओं का रंग–रूप एवं संस्कृतियों में स्वीकृत अन्तर के कारण आर्यो ने इस सम्पूर्ण जाति को अपने से निम्नतर मानते हुए दासों के रूप में स्वीकार कर लिया। तब से दास शब्द गुलाम के अर्थ का पर्याय बन गया, जो समय के साथ–साथ इसी अर्थ को आज तक व्यक्त करता रहा है।इसी प्रकार ऋग्वेदिक काल के आरम्भ में दासियों का भी एक छोटा–सा समुदाय विद्यमान था। इस संबध में यह माना जाता है कि युद्ध में अनार्य पुरूषों के मारे जाने पर उनकी विधवा पत्नियॉ दासता की स्थिति में पहुॅच जाती थी। आर्य उनसे घर का काम–काज करवाते थे।

अतः मरने वाले दासों की स्त्रियों को 'दासी' बना दिया जाता था। गुलाम के अर्थ में दास शब्द का प्रयोग अधिकांशतः ऋग्वेद के परवर्ती भाग के प्रथम मण्डल में दो जगह, दशम मंडल में एक जगह और अष्टम मंडल के अतिरिक्त सूत्र बालखिल्य में भी एक स्थान पर आया है। इससे यह प्रतीत होता है कि प्रारम्भिक ऋग्वैदिक काल में शायद ही पुरूष दास रहे हैं। क्योंकि सबसे पहले युद्ध में मृत आर्यों के शत्रु पुरूषों की विधवा पत्नियों को दास बनाया गया और उसके बाद में पुरूष दास बनें।

महाकाव्यों में भी कई ऐसी घटनाएँ है जहाँ दास और दासी शब्दों का उल्लेख मिलता है। शांतिपर्व के एक श्लोक में वर्णित है कि मनुष्य को अपना दास बना लेते है और बेड़ियों से बंधवानें तथा जान से मारने की धमकियाँ देकर उनसे कार्य करवाते है। इससे यह स्पष्ट होता है कि दास शब्द एवं दासों की उत्पत्ति आर्यों के आने पर ऋग्वेद के आरम्भ से ही हो चुकी थी। इसका सबसे महत्वपूर्ण स्रोत युद्ध था। यह भी स्पष्ट है कि ऋग्वेद का दास आर्यों के शत्रुओं के लिए प्रयुक्त हुआ है। परन्तु यह दास विदेशी था या भारतीय, यह ठीक से नहीं कहा जा सकता है, लेकिन यह कहा जा सकता है कि आर्यों के कबीलाई समाज में दास वर्ग की उत्पत्ति हो चुकी थी। आर्यों को अपनी भूमि के विस्तार के लिए अनार्यों से संघर्ष करना पड़ा। संघर्ष

में आर्यों की विजय हुई और उन्होंने अनार्यों को दास अथवा दस्यु की संज्ञा दी।[1] इस प्रकार साधारणतः दास और दस्युओं को एक ही माना जाता है, किन्तु दास और दस्यु दोनों पर्यायवाची शब्द नहीं है, क्योंकि जब आर्यों का आगमन भारत की तहफ हुआ तो उनका प्रमुख संघर्ष अनार्यों (दस्युओं) के साथ युद्ध के रूप में होता था। इस संघर्ष में आर्य, दस्युओं का

विनाश क्रूरता से करते थे, जबकि दासों के प्रति उनकी नीति नरम थी। वेदों में दासों की अपेक्षा दस्यु के विनाश और उन्हें गुलाम बनाने की चर्चा अधिक है। यद्यपि प्रारम्भ में आर्यों के शत्रुओं को दास अथवा दस्यु कहा जाता था।परन्तु दस्युओं की हत्या का उल्लेख कम से कम बारह जगहों पर हुआ है, जिनका वध इन्द्र द्वारा किया बताया जाता है। इसके विपरीत दास–हत्या के उदाहरण तो हैं परन्तु 'दास हत्या' शब्द का कहीं उल्लेख तक नहीं है।

इस तरह दस्युओं का सबसे अधिक रक्तपात एवं विनाश हुआ, परन्तु दासों के साथ ऐसा नहीं हुआ। इसलिए रिजले ने यह माना है कि द्रविड़ दस्यु भारत के मूल निवासी थे।दास और दस्यु शब्द की उत्पत्ति से भी स्पष्ट होता है कि दास सम्भवतः उन मिश्रित भारतीय आर्यों के अग्रिम दस्ते थे जो उसी समय भारत पहुँचे जब केसाइट 1750 ई.पू. बेबीलोनिया पहुंचे थे। इससे यह स्पष्ट होता है कि आर्यों से पहले कछ दास भारत में आ गये थे और आर्यों के भारत पहुँचने का काल भी लगभग 1500 ई.पू. माना जाता है। परन्तु दस्युओं के बारे में ऐसा उल्लेख कहीं नहीं मिलता है। आर्य और दास दोनों विदेशी जाति के होने कारण आर्यों ने दासों के प्रति मेल–मिलाप की नीति अपनाई और दिवोदास, बलबुध जैसे दासों के सरदासों को अपने संगठन में आत्मसात् किया। ऋग्वेद में प्रयुक्त दास शब्द के अर्थ को स्पष्ट करते हुए सायण ने कहा है कि 'दास का अर्थ कर्म करने वाला अथवा स्वामी की सेवा करने वाला होता है। इससे यह लगता है कि दास आर्यों के विरोधी नहीं बल्कि सेवक थे। लेकिन दस्युओ का उल्लेख शत्रुओं के रूप में होता है। यह भी माना गया है कि दास आर्यों के तौर–तरीके भी पसंद करते थे। जबकि दस्युओं के तौर–तरीके और संस्कृति आर्यों से अलग थी। ऐसा भी उल्लेख आया है कि आर्यों। के बीच अन्तर्जातीय युद्ध होते थे, जिनमें दासों को सहायक सेना के रूप में दर्शाया गया है। आर्यों क अपने शत्रुओं (दस्युओं) के साथ सम्बन्धों के बारे में कहा गया है कि उनका दस्युओं के साथ एक स्थान पर जबकि दासों के साथ पांच स्थानों पर चर्चा का उल्लेख मिलता है।[2] आर्यों के दस्युओं की अपेक्षा दासों से मधुर संबंध थे। ऋग्वैदिक काल में दस्युओं का एक खास रंग कृष्ण (काला) आर्यों से उन्हें अलग करता था।[3] आर्य काले रंग वाले मनुष्यों की बस्तियों को जला देते थे और दस्यु बिना संघर्ष किए अपना सभी कुछ छोड़कर भाग जाते थे और जो पकड़े जाते उनकी हत्या कर दी जाती थी। एक जगह पर इन्द्र को 50 हजार काले वर्ण वालों की हत्या का श्रेय दिया गया है।

दास और दस्युओं में भिन्नताओं के बाद भी ऋग्वेद का सातवां मंडल दोनों में एक प्रकार की समानता की भी पुष्टि करता है। ऋग्वैदिक आर्यों के जीवन में यज्ञ एवं हवन को महत्वपूर्ण स्थान दिया जाता था। जबकि दास और दस्युओं को यज्ञ से भगाने का उल्लेख किया गया है। ऋग्वेद में दास और दस्यु शब्द, संख्या के आधार पर भी प्रयुक्त हुआ है। ''दस्युओं की चर्चा चौरासी बार और दासों का उल्लेख इकसठ बार हुआ है।'' दय तरह यह प्रतीत होता है कि ऋग्वेद के आदिकाल हमें दासों से दस्युओं की संख्या अधिक थी। परन्तु जैसे–जैसे युद्ध में दस्युओं की हत्याएँ हुई और कुछ दस्युओं ने हारकर आर्यों की दासता स्वीकार की वैसे–वैसे दासों संख्या में वृद्धि होने लगी। जब बहुतायत में दास उपलब्ध हुए तभी '' लोहे से अधिक अन्न उपजने लगा।''इस प्रकार जहाँ ऋग्वेद के प्रारम्भिक काल में दस्युओं की संख्य अधिक थी, वहीं उतर वैदिक काल में दासों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। इन दासों से जहाँ ऋग्वैदिक काल में घरेलु कार्य लिया जाता था वहीं उत्तर वैदिक युग के अन्तिम समय में दासों से कृषि कार्य भी लिया जाने लगा। दास और दस्यु के बारे में सबसे बड़ा अंतर यह माना जाता है कि, ''अंग्रेजी का स्लेव और हिन्दी का गुलाम के अर्थ में दास शब्द का प्रयोग भारत के आर्येतर जातियों में कभी भी नहीं हुआ, बल्कि यह शब्द (दास) आर्यों से संबंधित लोगों के मध्य प्रचलित था।''अर्थात् यह शब्द विदेशी है, स्वदेशी नहीं। इसलिए आर्य और दास बाहर से आई हुई जातियाँ है जबकि दस्यु भारत के मूलनिवासी थे। दास और दस्युओं की चर्चा से यह स्पष्ट होता है कि दास आर्यों से पूर्व या उनके साथ आई हुई विदेशी जाति थी, जबकि दस्यु भारत के मूलनिवासी थे। जब आर्य भारत में आये तो उन्होंने दस्युओं की बस्तियों पर हमले करके उनकी हत्या की, मृत दस्यु पुरूषों की पत्नियों को दासी बनाया तथा जिन दस्युओं ने युद्ध में पराजित होकर दासता स्वीकार की उनको दास बनाकर उनसे घरेल और श्रमिकों का काम लिया गया। परन्तु संघर्ष जैसी यह स्थिति हमेशा नहीं रही। उत्तर वैदिक काल में दासों की संख्या में वृद्धि हुई और जिन दस्युओं ने आर्यों की गुलामी स्वीकार नहीं की वह जाति शायद जंगलों में रहकर जनजाती बनजी रही। इस आधार पर दास और दस्यु ऋग्वैदिक युग में दो वर्ग थे। परन्तु जब संघर्ष में शिथिलता आई तब समाज में मुख्यतः दो वर्ग आर्य और दास ही रह गये।

सामाजिक सम्बन्ध

ऋग्वेद के अनुसार ''दासों के साथ दाम्पत्य संबंध स्थापित करने तथा खान–पान पर कोई प्रतिबन्ध नहीं था। केवल दासी को विवाहिता पत्नी नहीं माना जाता था।'' सामाजिक दृष्टिकोण से ''दास अछूत नहीं थे, पर उन्हें तिरस्कृत भाव से देखा जाता था।'' परन्तु

रामायणकाल में दासों की स्थिति में सुधार आ गया था। जब ''दास उस व्यक्ति को कहते थे जो अपने भरण–पोषण के लिए दूसरों पर निर्भर रहता था।''जैन और बौद्धकालीन भारत में दासों को मानवीय दृष्टिकोण से देखा जाने लगा था। अब कोई भी सम्पूर्ण समुदाय दास नहीं माना जाता था। दासता रंग–भेद से नहीं बल्कि आर्थिक कारणों से ज्यादा प्रभावित थी। कौटिल्य के समय के भारत में ''दास मुक्ति के नियम तथा दासों को कानूनी रूप से स्वीकार करने की प्रथा का जन्म हो चुका था।'' अतः ''1000 से 600 ई.पू. तक दास प्रथा में स्थाई–अस्थाई दासों का प्रचलन था। अब दास शब्द ऐसे व्यक्ति का वाचक नहीं रहा जिस पर मालिक की पूर्ण सत्ता हो।''दास एसं दस्यु शब्दों का प्रयोग तब तक होता रहा जब तक वर्ण व्यवस्था की उत्पत्ति नहीं हुई थी। जब वर्ण व्यवस्था की उत्पत्ति हुई तो आर्यों ने ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्रों के काम का विभाजन किया और अंतिम वर्ण को शूद्र घोषित किया। यहाँ से चतुर्थ वर्ण की चर्चा अधिक रही। यद्यपि दास–दस्यु शब्द वर्तमान में भी प्रचलित है परन्तु उन्हें सामाजिक मान्यता प्राप्त नहीं है। लेकिन शूद्र का प्रचलन वर्तमान में अनुसूचित जातियों तथा दलितों के नाम से प्रचलित है। आर्यों ने दास और दस्युओं में से शूद्र किसको घोषित किया गया, इस संबंध में कोई निश्चित प्रमाण नहीं है। यह ठीक है कि जो सबसे निम्न कार्य करता था, उस कार्य से घृणा करके उसे शूद्र कहा जाने लगा। परन्तु इस समय तक अस्पृश्य जैसा कोई वर्ग उत्पन्न नहीं हुआ था।

शूद्रों की उत्पत्ति के विभिन्न सिद्धांत-

भारत में शूद्रों की उत्पत्ति किस वर्ग और किस काल में हुई विषय में पाश्चात्य और भारतीय मनवैज्ञानिकों, पुरात्ववेत्ताओं, इतिहासकारों और समाजवैज्ञानिकों में मतान्तर पाया जाता है। वैदिक ग्रंथों, स्मृतियों और पुराणों की उत्पत्ति की विभिन्न व्याख्याएँ की गई है।

लेकिन पाश्चात्य और भारतीय विद्वान इस विषय पर एकमत अवश्य है कि वैदिक युग से भी पहले इस व्यवस्था का कोई न कोई रूप विद्यमान अवश्य था।शूद्र वर्ण की उत्पत्ति के कुछ निम्न सिद्धान्त प्रतिपादित किए गए हैं।

शूद्रों की उत्पत्ति का आंगिक सिद्धान्त– दलित वर्ग की उत्पत्ति हिन्दू वर्ण व्यवस्था का दूषित परिणाम है। वैदिक समाज में जातियों का प्रादुर्भाव नहीं हुआ था। उस काल में वर्ण व्यवस्था थी। चार वर्ण–ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र थे। अंगों के आधार पर शूद्र वर्ण की उत्पत्ति का सर्वप्रथम उल्लेख ऋग्वेद के पुरूष सूक्त में आया है। इसमें ऋग्वैदिक ऋषि ने सम्पूर्ण समाज को एक विराट पुरूष के रूप में परिकल्पित किया है। इस विराट पुरूष से समस्त सृष्टि की रचना हुई है। इस रचना में विराट पुरूष के मुख से ब्राह्मण, भुजाओं से क्षत्रिय, जंघाओं से

वैश्य और पैरों से शूद्र की उत्पत्ति हुई है। अंगों से संबंधित यह विभाजन उस समय के सामाजिक स्तर को दर्शाता है। पुरूष सूक्त में समाज सोष्ठव के लिए चारों वर्णों को अपने–अपने कर्तव्य का पालन करना आवश्यक बताया गया है। समाज का यही आदर्श भारत के परवर्ती विचारकों के समक्ष भी रहा। परन्तु इस सम्बन्ध में अम्बेडकर की मान्यता यह रही कि ब्राह्मणों एवं क्षत्रियों के पारम्परिक संघर्ष में जो वर्ग आशक्त हो गया, वह शूद्रों में परिगणित होता चला गया। वे ऋग्वेद के पुरूष सूक्त को प्रमाणिक नहीं मानते वरन् उसे बाद में जोड़ा गया मानते है।

गुण, स्वभाव का सिद्धांत– गुणों के आधार पर शूद्रों की उत्पत्ति के बारे में कहा गया है कि समाज के अस्तित्व के लिए कुछ गुण होने अनिवार्य है और इन्हीं गुणों के आधार पर समाज के सदस्यों में काम का वितरण होना चाहिए। समाज में ये गुण–बृद्धि–ब्रह्मा में, रक्षा–शक्ति राजा में, भरण–पोषण की सामर्थ्य वैश्य में और श्रम–शक्ति शूद्र में होती हैं। इस प्रकार चारों वर्णों में अलग–अलग गुण प्रतिपादित किए गए, जिनमें शूद्र में श्रम–शक्ति वाला गुण माना गया।

रंग का सिद्धांत– महाभारत में भृगु ऋषि ने भारद्वाज को मनुष्यों के त्वचा के अलग–अलग रंग बताये है। भृगु ऋषि के अनुसार ब्रह्मा ने त्वचा के आधार पर ब्राह्मण की सबसे पहले रचना की। इसके बाद क्षत्रिय, वैश्य और अंत में शूद्र वर्ण की रचना की। ब्राह्मणों का रंग सफेद, क्षत्रियों का लाल, वैश्यों का पीला और शूद्रों का काला कहा गया।

व्यवसाय का सिद्धांत– व्यवसाय के आधार पर पहले तीन वर्णों की सेवा करने के लिए शूद्र वर्ण की उत्पत्ति मानी गई है। यजुर्वेद में भी कठोर काम करने वाले को शूद्र कहा गया है। इस प्रकार गुण, स्वभाव, अंग, रूप और समाज की आवश्यकता के आधार पर शूद्र वर्ण की उत्पत्ति का उल्लेख महाभारत के शांतिपर्व, मनुस्मृति, विष्णुपुराण में ऋग्वैदिक ऋषि की परिकल्पना के विराट पुरूष के चार अंगों में सबसे निम्न अंग, पैरों से शूद्र की उत्पत्ति का वर्णन किया गया है।

परन्तु व्यवसाय के परिवर्तन पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं था। ऋग्वेद के एक मंत्र में उल्लेख आया है कि है सोम मैं मंत्रकर्ता ऋषि हूँ, मेरे पिता चिकित्सक है मेरी माता अनाज पीसती है।वैदिक साहित्य में भी ऐसा कोई उल्लेख नहीं है कि निम्न कार्य करने वालों का काई अलग वर्ग था।

परन्तु अम्बेडकर शूद्र को पृथक वर्ण नहीं मानकर उन्हें क्षत्रिय मानते है। अम्बेडकर इस सिद्धान्त से सहमत नहीं है कि वैदिक काल में आर्यों में जातिगत एकता थी। वे आर्यों के गौर वर्ण और आर्येंतर लोगों के कृष्ण वर्ण होने के सिद्धान्त से भी सहमत थे।

अम्बेडकर वैदिक आधार पर ही इस सिद्धान्त से असहमति प्रकट करते है कि आर्यों ने भारत पर आक्रमण किया और दास, दस्यु जो यहाँ के मूल निवासी थे, से उनका संघर्ष हुआ। अम्बेडकर की मान्यता यह रही है कि आर्यों में दो जातियाँ थी। अम्बेडकर शूद्रों को आर्यों की ही एक उपजाति मानते है जो ब्राह्मण, क्षत्रिय संघर्ष के परिणामस्वरूप कालान्तर में निम्न वर्गीय करार दे दी गई। वे वे ऋग्वेद के पुरूष सूक्त को प्रामाणिक नहीं मानते वरन् उसे बाद में जोड़ा गया मानते है।

अम्बेडकर के अनुसार आरम्भ में मूलतः तीन ही वर्ण थे और शूद्र वर्ण क्षत्रिय वर्ण का ही एक भाग था। पुरूष सूक्त, यजर्वेद की तेतेरय संहिता, कथक संहिता एवं मैत्रायणी संहिता के बाद, ऋग्वेद में जोड़ा गया जिसमें शूद्रों का चौथा वर्ण माना गया। शूद्रों की सामाजिक व्यवस्था में निम्न स्थिति के कारण ब्राह्मणों एवं शूद्रों में हिंसात्मक संघर्ष हुआ।वे इस सम्बन्ध में शूद्र राजा सुदास व ब्राह्मण ऋषि वशिष्ठ का उदाहरण देते है। इस संघर्ष में जिस मारक अस्त्र का प्रयोग किया, वह था शूद्रों को उपनयन के संस्कार से वंचित करना। इस संघर्ष से पूर्व स्त्री व शूद्रों को उपनयन संस्कार का अधिकार प्राप्त था।

अम्बेडकर की मान्यता इस तथ्य पर आधारित है कि ब्राह्मण वर्ण अपनी सर्वोच्च सत्ता बनाये रखने, भेंट, पूजा, दान, पोरोहित्य के एकाधिकार की सुरक्षा हेतु सदैव ऊँच–नीच का विधान करते रहे है। ऊँच–नीच और छूआछूत का विषफल इसी बीज की देन है।

जबकि एक ओर ब्राह्मण को विधि निर्माताओं ने विशेषाधिकार प्रदान किये वहीं दूसरी ओर शूद्रों पवर अनेकों निर्योग्यताएँ लाद दी गयीं। जो इस प्रकार थी–

शूद्रों का सामाजिक क्रम में अंतरिम स्थान शूद्रों अपवित्र थे तथा उन्हें अन्य वर्णों की तरह सम्मान नहीं था शूद्रों को ज्ञानार्जन एवं सम्पति का अधिकार नहीं था राज्य के अधीन कोई राज पद नहीं था। इस तरह धीरे–धीरे शूद्र वर्ग अछूत वर्ग की श्रेणी में शामिल हो गया।

निष्कर्ष-शूद्र की उत्पत्ति के उक्त विभिन्न सिद्धान्तों से कोई निश्चय तो प्राप्त नहीं होता कि शूद्र की उत्पत्ति कब हुई। परन्तु कुछ अनुमान अवश्य लगाया जा सकता है, कि प्रारम्भ में मनुष्य समाज अत्यल्प था, उसकी आवश्यकताएँ भी सीमित थीं और उस समय वह कबीलाई अवस्था में था। परन्तु जैसे–जैसे मानवीय बुद्धि का विकास हुआ और जनसंख्या वृद्धि से कार्य बढ़े, उन कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए व्यवस्था का प्रश्न खड़ा हुआ। तब

वर्णव्यवस्था की उत्पत्ति हुई होगी। अर्थात् सृष्टि के बनने के बाद सामाजिक व्यवस्था के उचित प्रबंधन के लिए सृजित चार वर्णों में शूद्र की भी उत्पत्ति की गई। अतः चौथे की व्यवस्था में कर्तव्यों के पालन हेतु सेवा का प्रतिनिधत्व करते थे।

संदर्भ ग्रंथ

[1] शर्मा, रामशरण – शूद्रों का प्राचीन इतिहास
[2] गोयल, प्रीतिप्रभा – भारतीय संस्कृति
[3] शर्मा, रामशरण– शूद्रों का प्राचीन इतिहास
[4] अम्बेडकर – हू वर द शूद्राज
5 दत्त, महेश्वर– गाँधी, अम्बेडकर और दलित
6 गोयल, प्रीतिप्रभा – भारतीय संस्कृति
7 शर्मा, रामशरण – शूद्रों का प्राचीन इतिहास
8 दत्त, महेश्वर – गाँधी, अम्बेडकर और दलित
9 मेघवाल, कुसुम – हिन्दी उपन्यासों में दलित वर्ग
10 चानना, देवराज– प्राचीन भारत में दास प्रथा
11 शर्मा, रामशरण– शूद्रों का प्राचीन इतिहास
12 पांडेय, विमलचन्द्र – प्राचीन भारत का राजनीति तथा सांस्कृतिक इतिहास
13 कोसांबी, डी.डी. – प्राचीन भारत की संस्कृति और सभ्यता

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 98–105

The Varieties of Religious Experience : Phenomenological Approaches to Spirituality

Dr. Gauranga Das
Assistant Professor, Department of Philosophy, Kalimpong College,
Kalimpong, West Bengal, India, Pin Code: 734301

Abstract :

This work uses a phenomenological technique to explore the diverse landscape of religious experience, building upon but surpassing William James's seminal work. While James meticulously documented the diversity of religious experience, phenomenology offers a systematic framework for investigating the basic structures of religious experience and the how of its givenness to consciousness. The basic components of encounters with the sacred, such as the numinous, hierophanies, mystical states, and transformational conversions, are explained in this work through the use of phenomenological bracketing and eidetic reduction. It mostly borrows from the theories of Mircea Eliade, Rudolf Otto, and Edmund Husserl. Beyond merely describing these experiences, it reveals their existential significance and intersubjective dimensions, acknowledging their many manifestations across cultures and countries. The essay addresses objections and limitations of the phenomenological method, particularly with regard to objectivity and the search for universal essences, while simultaneously reaffirming the technique's enduring importance in understanding the profound human relationship with spirituality.

Keywords :

Edmund Husserl, William James, Rudolf Otto, Mircea Eliade, religious experience, phenomenology, spirituality, mysticism, conversion, numinous, and hierophany.

1. Introduction : The Enduring Puzzle of Religious Experience :

The phenomena of religious experience has long captured the attention of philosophers, psychologists, and theologians. From sudden, startling revelations to subtle, introspective insights, human experiences with what is regarded as holy, sublime, or sacred constitute an important and enduring aspect of human history and culture. An essential resource for the study of this topic is still

William James's seminal work, The Varieties of Religious Experience (1902). James was a keen observer and psychologist who meticulously documented numerous first-hand reports, categorizing incidents and analyzing their effects on the mind and society. His articles highlighted how deeply impactful, intimate, and often indescribable these exchanges are. James was a master at describing the different manifestations and empirical effects of religious experience, but his approach was less concerned with the how or the inherent meaning of these experiences in consciousness and more pragmatic and psychological in nature. In this context, phenomenology offers a crucial supplemental methodology. As a branch of philosophy, phenomenology seeks to explain things "as they appear" to consciousness while putting aside opinions regarding their psychological causes or objective existence. It seeks to uncover the essential structures, meanings, and forms of givenness that characterize human experience (Husserl, 1913/1982).

This essay looks at the variety of religious experience from a phenomenological perspective. By employing phenomenological methods such as the epoche (bracketing) and eidetic reduction, we can move beyond anecdotal description and investigate the underlying patterns and similarities that underlie diverse spiritual experiences. Before broadening the analysis to encompass more forms of religious experience, such as mystical states, ritual involvement, and conversion, we shall examine the contributions made to this understanding by significant phenomenologists like Rudolf Otto and Mircea Eliade. Lastly, we will weigh the benefits and drawbacks of this approach to comprehending the nuanced aspects of human spirituality.

2. The Phenomenological Method : Bracketing and Eidetic Reduction in the Study of Religion :

Edmund Husserl, the founder of phenomenology, developed a methodical philosophical framework for examining the structure of consciousness. His methodology is based on two interconnected processes: eidetic reduction and the epoche (also called phenomenological reduction/ bracketing).

The epoche entails "bracketing" or suspending our innate attitude, which is our presumption that the universe exists objectively. This entails temporarily putting aside concerns about the existence of God, the divine inspiration of revelations, and the scientific explanation of spiritual events when researching religious experience. Instead, the focus shifts entirely to the experience itself – how it presents itself to the experiencing subject, its subjective qualities, its intentional objects, and its internal coherence (Husserl, 1913/1982). A clear, objective description of the phenomenon as it manifests itself is made possible by this suspension of judgment.

Once the epoche is finished, the phenomenologist proceeds to eidetic reduction. This is a

creative variation process whereby aspects of the experience are systematically altered to determine what is essential to it, i.e., what cannot be removed without the experience being less unique. The objective is to comprehend the eidos, or basic structure, of the phenomenon. Speaking to a higher power is essentially intentional, even if one alters the words, the setting, or the posture when learning prayer, for instance. This method seeks to identify the recurring components that characterize a religious experience as religious rather than concentrating just on psychological or aesthetic factors. Phenomenology, in contrast to psychology, describes what is provided in experience rather than looking for causal explanations. In contrast to theology, it investigates the structure and meaning of faith as experienced rather than attempting to prove truth claims. This distinctive approach provides a powerful tool for understanding the subjective, lived reality of religious phenomena, moving beyond reductionist explanations to appreciate their inherent complexity and significance (Smart, 1973).

3. Rudolf Otto and the Numinous : The "Wholly Other" Encounter :

One of the most influential phenomenological accounts of religious experience comes from Rudolf Otto in his seminal work, The Idea of the Holy (1923). Otto sought to articulate the unique, non-rational core of religious experience, which he termed the "numinous." He argued that this experience is irreducible to moral, aesthetic, or rational categories.

The numinous, for Otto, is characterized by a dual nature : the mysteriumtremendum et fascinans.

MysteriumTremendum : Awe, creature-feeling, dread, and overwhelmingness are all evoked by this feature. It alludes to a reality that is completely "other" from the ordinary and incomprehensible. It is perceived as something magnificent, uncontrollable by humans, and possibly terrifying in its utter might.

Mysterium Fascinans : At the same time, the supernatural draws and enthralls. Its overwhelming value, ultimate desirability, and captivating beauty captivate the experiencer. This is the element that evokes admiration, worship, and a want for fellowship.

Otto emphasized the ineffability of the numinous. While it can be evoked through symbols, myths, and rituals, its core nature resists full articulation in conceptual language. It is a pre-rational, felt experience that underpins religious feeling. His phenomenology aimed to point to this fundamental, non-rational stratum of religious consciousness that he believed was universal across diverse religious traditions, distinguishing them from mere ethical systems or philosophical worldviews (Otto, 1923). Otto's focus on awe and dread is frequently cited in criticism of his writing, raising the possibility that other types of religious experience—such as those marked by union, love, or peace—may be overlooked. However, because it accurately articulates a unique, irreducible aspect of religious

perception, his idea of the numinous continues to have a significant impact today.

4. Mircea Eliade and the Sacred/Profane Dialectic: Hierophanies and Sacred Space :

Mircea Eliade, another key figure in the phenomenology of religion, expanded upon Otto's insights by focusing on how the sacred manifests in the world, creating distinct experiences of space, time, and human existence. In The Sacred and the Profane: The Nature of Religion (1959), Eliade argued that humans experience reality as fundamentally divided into two modes of being: the sacred and the profane.

The Profane : This is a relativistic, homogenous way of existence. Space is undifferentiated, time is linear, and objects are only functional. There is no higher purpose and no order to life in the profane world.

The Sacred : This mode reveals true reality, providing meaning, order, and orientation to human existence. The sacred is manifested through hierophanies – eruptions of the sacred into the profane world. A tree might become sacred, not because of its physical properties, but because it is experienced as a manifestation of divine presence or cosmic order (e.ade, 1959).

Sacred space is created by hierophanies, turning profane space into the "center of the world." An axis mundus (world axis) that links the world of humans with the divine can be a temple, a mountain, or a river. Similar to this, sacred time is cyclical, primordial time that is frequently recreated through rituals (such as festivals and initiation rites) that enable people to rejoin the mythological "beginning" and exit linear profane time.

According to Eliade's phenomenology, religious experience has a significant impact on how people view and interact with the outside world and is not just an internal condition. It gives life purpose, validates social systems, and gives meaning. His writings highlight how encounters with the sacred may completely reorient a person's life around a newly discovered center of meaning. Eliade's framework is still crucial for comprehending the existential relevance of religious events, despite occasional criticism for his universalizing inclinations and reduction of religious complexity to a single sacred/profane dichotomy.

5. Phenomenology Beyond Awe : Exploring Diverse Forms of Religious Experience :

Phenomenological methods can be used to examine other types of religious experience, exposing their distinct structures and meanings, whereas Otto concentrated on the supernatural and Eliade on hierophanies.

5.1. Mystical Experience: Unitive States and Ineffability :

One of the deepest types of religious experiences is mysticism, which is frequently defined as a feeling of oneness with the divine, the cosmos, or a non-dual reality. According to phenomenology,

these experiences entail a sense of absorption or merging as well as the breakdown of the typical subject-object dichotomy.

Unitive Consciousness : The "I" often dissolves, leading to a sense of interconnectedness with everything. This can be described as a "loss of self" or a realization of the non-duality of existence (Stace, 1960).

Ineffability and Paradox : Mystic experiences, like the numinous, are frequently characterized as ineffable, defying complete expression in everyday language. To indicate their nature, paradoxical phrases like "darkness visible" and "silence full of sound" are commonly employed.

Noetic Quality : Despite their ineffability, mystical experiences often carry a profound sense of objective truth or insight, a direct knowing that transcends ordinary conceptual understanding (James, 1902).

Regardless of the particular theological framework in which they are interpreted (Sufism, Zen Buddhism, Christian mysticism), phenomenological analysis of mystical accounts aims to find the commonalities in these experiences, such as the initial cognitive disorientation, the feeling of transcendence, the dissolution of ego boundaries, and the subsequent sense of peace, joy, or profound insight.

5.2. Ritual Experience: Embodiment and Communitas :

Religious rituals are frequently intensely felt events that embody and enact religious ideas; they are not only symbolic acts. According to phenomenology, rituals alter participants' consciousness by establishing a special place and time.

Embodiment and Performativity : Rituals involve the body in specific gestures, postures, and movements, engaging senses and emotions. The meaning is not just intellectualized but felt and performed (Bell, 1997).

Liminality and Communitas : In his work on liminality, Victor Turner (1969) emphasizes the "betwixt and between" stage of ritual, in which typical social structures are suspended. This frequently dissolves common distinctions and fosters communitas, a strong sense of anti-structural equality and strong group unity among members.

Transformation: Ritual experiences have the power to reaffirm identity, signal rites of passage, or give one a fresh sense of direction and community. Over time, rituals' repetition can imprint religious meaning on people's minds.

In order to develop a specific type of religious presence, a phenomenological approach to ritual looks at how these components come together to provide a unique mode of experience that is sensed both personally and communally.

5.3. Conversion Experiences: Existential Reorientation :

Whether it happens quickly or gradually, religious conversion is a significant shift in a person's whole perspective. According to phenomenology, conversion entails a profound change in one's identity, values, and worldview.

Crisis and Resolution : Often, conversion is preceded by a period of spiritual or existential crisis, a feeling of inadequacy, guilt, or meaninglessness. The conversion experience provides a resolution, a new center of meaning, and a sense of purpose (James, 1902).

New Perspective : All of a sudden, the world is viewed from fresh perspectives, with new priorities and meanings. Previous issues may become insignificant, and a fresh sense of clarity and hope arises.

Affective and Cognitive Dimensions : In addition to being highly emotional, conversions often entail substantial cognitive changes in moral frameworks, values, and beliefs. Will, emotion, and intelligence are all impacted by this comprehensive change.

Studying conversion from a phenomenological perspective entail characterizing the subjective feelings of emancipation, direction, or deep serenity that accompany embracing a new religious framework.

6. Critiques and Limitations of Phenomenological Approaches :

Although phenomenological approaches to religious experience provide significant insights, they are not without limitations and detractors:

Subjectivity and Objectivity : Finding intersubjective agreement while working with subjective, fundamentally private experiences is a major difficulty. Critics wonder whether it is possible to fully "bracket" one's own preconceptions and biases while interpreting the experiences of others, even though phenomenology strives for a rigorous account of what appears.

The "Essence" Problem : The pursuit of eidetic reduction aims to uncover universal essences of religious experience. However, post-structuralist and cultural relativist critiques argue that experience is always historically, culturally, and linguistically mediated. Is there a universal "numinous" or "mystical state" truly independent of its cultural articulation, or are such categories themselves products of specific historical consciousnesses? (McCutcheon, 1999).

Neglect of Context : The social, political, economic, and psychological factors that mold and impact religious experiences are occasionally overlooked by phenomenology, which focuses on the how of experience. For a complete understanding, it can be essential to comprehend the power relationships, societal influences, or psychological tendencies that influence an experience.

Truth Claims vs. Meaning : Phenomenology purposefully refrains from evaluating the

veracity of religious experiences. Some contend that this sidesteps the crucial question of whether these experiences truly relate to an objective reality outside of the mind, even while it permits open description.

Notwithstanding these criticisms, phenomenology's strength is its dedication to properly considering religious experience on its own terms, without reducing it to anything "other" (such as merely psychology, sociology, or illusion). It offers an essential framework for comprehending human spirituality's subjective meaning and lived reality.

7. Conclusion: Re-enchanting the Human Encounter with the Transcendent :

The subject of studying religious experience is very vibrant and demanding. Phenomenological approaches, mainly through Otto and Eliade's work and extending to other forms of spirituality, provide a rigorous method for understanding the essential structures and how these experiences are given to consciousness, even though William James laid the foundation by painstakingly documenting its varieties. While avoiding judgment on their ultimate ontological status, phenomenology uses the epoche and eidetic reduction to describe the profound reorientation of conversion, the embodied intensity of ritual, the unitive bliss of mysticism, the transformative power of hierophanies, and the numinous awe.

Phenomenology aims to elucidate the distinctive nature of religious experience as a basic manner of human connection with the transcendent, however conceived, rather than to rationalize it. It draws attention to the events' deep existential significance by demonstrating how they influence our perception of reality, identity, and worldview. Its strength derives in its careful attention to subjective lived experience, which offers a rich vocabulary and conceptual framework for explaining the ineffable and frequently transformational qualities of spirituality, despite fair criticisms regarding objectivity and universal essences.

Phenomenological understanding is still essential as multidisciplinary disciplines like neurotheology and the cognitive science of religion investigate the psychological and biological underpinnings of religious experience. They give us the subjective information we need to quantify and evaluate scientific explanations, firsthand reports of what it feels like to have these experiences. In the end, phenomenology re-enchants our understanding of the human potential for the sacred by offering a way to rigorously define the what and how of religious experience, confirming its ongoing relevance in the fabric of human existence.

References :

1. Bell, C. (1997). Ritual: Perspectives and Dimensions. Oxford University Press.

2. Eliade, M. (1959). The Sacred and the Profane: The Nature of Religion. Harcourt Brace Jovanovich.
3. Husserl, E. (1982). Ideas Pertaining to a Pure Phenomenology and to a Phenomenological Philosophy, First Book: General Introduction to a Pure Phenomenology (F. Kersten, Trans.). Martinus Nijhoff. (Original work published 1913)
4. James, W. (1902). The Varieties of Religious Experience: A Study in Human Nature. Longmans, Green, and Co.
5. McCutcheon, R. T. (1999). Manufacturing Religion: The Discourse on Suffering and the Kitsch of Scholarly Practice. Oxford University Press.
6. Otto, R. (1958). The Idea of the Holy (J. W. Harvey, Trans.). Oxford University Press. (Original work published 1923)
7. Smart, N. (1973). The Phenomenon of Religion. Macmillan.
8. Stace, W. T. (1960). Mysticism and Philosophy. Lippincott.
9. Turner, V. (1969). The Ritual Process: Structure and Anti-Structure. Aldine Publishing Company.

Email: gdasindianphilosophy@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
भवानी प्रसाद मिश्र के खण्डकाव्य 'कालजयी' के अध्यनोपरांत स्पष्ट होता है कि उन्होंने इतिहास के जिस काल खण्ड अपना विषय चुनाव तथा अपनी लेखनी का आधार बनाया वह वास्तव में आज के युग के प्रत्यक्ष रूप में सांग और सर्वागीण है। कहानी को आगे बढाने हेतु विविध प्रकार के मिथकों का प्रयोग, इनको उच्चकोटि का साहित्यकार सिद्ध करता है तथा प्रमाणित करता है कि काव्य के भाव पक्ष पर ही इनकी अच्छी पकड़ नहीं है, अपितु कलात्मक सौन्दर्य की अभिवृद्धि करने में भी सिद्ध हस्त हैं।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. पुष्पाल सिंह, काव्य–मिथक, गाजियाबाद : अमित प्रकाशन, 1871 पृ.
2. वही, पृष्ठ 2
3. डॉ. बच्चन सिंह, समकालीन साहित्य : आलोचना की चुनौती, वाराणसी : हिन्दी प्रचारक संस्थान, प्रथम संस्करण, 1968 पृ. 35
4. कामिल बुल्के, अंग्रेजी हिन्दी कोश, नयी दिल्ली : एस चन्द एण्ड सन्स, तृतीय संस्करण, 1984, पृ. 420
5. डॉ. नाग्रेन्द्र, मिथक और साहित्य, नई दिल्ली : पब्लिशिंग हाऊस, प्रथम संस्करण, 4967, पृ. 7
6. डॉ. शंभुनाथ, मिथक और आधुनिक कविता, नई दिल्ली : नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, प्रथम संस्करण, 1966, पृ. 7
7. डॉ. नागेन्द्र, मिथक और साहित्य, नई दिल्ली : पब्लिशिंग हाऊस, प्रथम संस्करण, 1987, पृ. 18–12
8. एजी. गार्डनर, एनसाइक्लोपीडिया आफ रीलीजन एन्ड एथीक्स भाग – 9 संपा. जेम्स हेस्टिगंज, एडवर्ग : टी एन्डटी, कर्लाक पब्लिकशन, 1953, पृ. 418–120
9. भावानी प्रसाद मिश्र, कालजयी, मेरठ : भारतीय साहित्य प्रकाशन, प्रथम संस्करण, 1978, पृष्ठ 17
   वहीं, पृष्ठ 96
10. वहीं, पृष्ठ 96
11. वहीं, पृष्ठ 92
12. डॉ. एन पी. कूट्टन पिल्ले, पौराणिक सन्दर्भ कोश, हैदराबाद : किरण प्रकाशन, प्रथम संस्करण, 1984 पृष्ठ 84
13. वहीं पृ. 127
14. भावानी प्रसाद मिश्र, कालजयी, मेरठ : भारतीय साहित्य प्रकाशन, प्रथम संस्करण 4978, पृष्ठ 21
15. वहीं, पृ. 58
16. वहीं, पृ. 65,
17. वही, पृ. 41
18. वहीं, पृ. 46
19. वहीं, पृ. 82

haribhajan1@gmail.com, मो. नं. 98761–86791

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 151–155

मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के सौंईकलां की स्थापत्यकला

डॉ. मीना श्रीवास्तव
विभागाध्यक्ष व प्राध्यापक इतिहास, स्वशासी कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ग्वालियर, म.प्र.
खेमराज आर्य
सहायक प्राध्यापक इतिहास, शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर, म.प्र.

प्रस्तावना :–

श्योपुर जिला भारत के मध्यप्रदेश राज्य का एक दूरस्थ जिला हैं। यहाँ पर एशियाई शेरों के लिए बनाया गया कूनो नदी व पालपुर रियासत के क्षेत्र में फेला हुआ 'कूनो–पालपुर राष्ट्रीय उद्यान' भी स्थित हैं। सितम्बर, 2022 में भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शेरों के स्थान पर 'अफ्रीकी चीते' 'कूनो राष्ट्रीय उद्यान' में छोड़कर विश्व प्रसिद्ध कर दिया हैं। यह जिला अपनी लकड़ी की खराद कला व लाख की चूड़ियों के लिए भी प्रसिद्ध हैं। इसके साथ ही चम्बल व पार्वती नदियाँ राजस्थान राज्य के बारां, कोटा, सवाई माधोपुर व करौली जिलों में प्रवाहित होती हैं। श्योपुर जिले की प्रमुख नदियों में चम्बल, पार्वती, कूनो, क्वारी, श्योपुर की जीवनदायिनी सीप, अहेली आदि हैं। यहाँ पर ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहरों के स्थल बहुत बड़ी संख्या में स्थित हैं। श्योपुर–सवाईमाधोपुर सड़क मार्ग पर जिला मुख्यालय से 10 कि.मी. की दूरी पर सीप नदी के किनारे सौंई कस्बा स्थित है, जहाँ सीप नदी, अमराल नदी तथा बरसाती नदी कंकरेंडी का संगम भी यही होता हैं। इस कस्बे में व आसपास ऐतिहासिक स्थापत्य कला के अनेक उदाहरण यत्रतत्र बिखरे पड़े हैं। जिनमें प्रमुख हैं :–

गढ़ी :–

किवदंती के अनुसार इसका पूर्व में नाम संबलपुर, मुरादाबाद था। एक योगी बालचंद सुई की नौक से निकल गये थे, इसलिए इसे सौंई कहा जाता हैं। सीप नदी के किनारे स्थित गढ़ी का वर्तमान में सिर्फ एक दरवाजा ही शेष है, जबकि बाकी पर लोगों ने कब्जा करके बस्ती बसा ली हैं।[1]

योगियों का मठ :–

सौंई गाँव में रन्नोद रोड के दाएँ और एक किलेबंद दीवार से घिरा हुआ नाथ/योगी समुदाय का मध्यकालीन मठ स्थित हैं। वर्तमान में मठ में प्रवेश के लिए उत्तर व पश्चिम दिशा में भी किलेबंद दीवार को तोड़कर द्वार बना दिए गये है, जबकि मठ में प्रवेश करने का लकड़ी का दरवाजा पूर्व दिशा में था जो आज भी अपनी मजबूती के साथ खड़ा हुआ हैं। पूर्व दिशा के द्वार से मठ में प्रवेश करने पर एक आयताकार चबूतरे पर तीन छतरियाँ (नाथ साधुओं की समाधियाँ पद चिन्हों के रूप में अंकित), एवं एक नाथ साधू की समाधि पदचिन्ह के रूप में अंकित वर्गाकार चबूतरे पर छतरियों के सामने बना हुआ हैं। आयताकार छतरियों के चबूतरे पर पर

चढ़ने के लिए पांच–पांच सीढ़ियाँ उत्तर दिशा की और से बनी हुई हैं।

पूर्व दिशा से प्रवेश द्वार से मठ के अंदर जाने पर प्रथम छतरी सोलह (16) स्तम्भों वाली गुम्बदाकार, आमलक व शिखर कलशयुक्त हैं। इस छतरी के गर्भगृह में बने हुए स्तुप के अंदर पदचिन्ह उकेरे गये हैं। ये पदचिन्ह नाथ योगी की समाधि पर बनाये गये हैं। गर्भगृह के स्तुप के ऊपर आमलक व आमलक के ऊपर कमल के फूल के शिखर पर कलश स्थापित हैं। छतरी के अंदर–बाहर स्तुप के दाएँ–बाएँ कुल चार नाथयोगी साधुओं की समाधियाँ बनी है, जिनको पदचिन्हों के द्वारा दर्शाया गया हैं। इस प्रथम छतरी में ऊपर छत के अंदर नौ कमल के फूल उत्कीर्ण हैं। यह छतरी नक्काशीरहित एवं चित्ररहित हैं।

प्रथम छतरी से लगी हुई दूसरी छतरी का आकार छोटा हैं। ये वर्गाकार चार स्तम्भों वाली हैं। इसके गर्भगृह में चतुर्मुखी शिवलिंग स्थापित है, जिसके सामने एक नंदी की मूर्ति स्थापित की गई हैं। इस छतरी की ऊँचाई लगभग बारह फीट हैं। इस छतरी का गुंबद कमलाकार हैं। गुंबद के ऊपर आमलक व आमलक के शिखर पर कलश स्थापित था, जो गिर जाने के कारण अब चबूतरे पर रखा हैं। इस छतरी की वर्गाकार छत के चारों और की एक साइड साढ़े नौ (9) – साढ़े नौ (9) कमल यानि कुल अड़तीस (38) कमल उत्कीर्ण हैं। ये छतरी पहले चारों और से खुली हुई थी, जिसके द्वार मेहराबदार हैं। इस छतरी के चारों दिशाओं के द्वार के दोनों और एक–एक कमल उत्कीर्ण है जिनकी कुल संख्या आठ हैं। इस छतरी के अंदर के चारों कोनों में भी चार कमल उत्कीर्ण हैं।

तीसरी छतरी का चबूतरा थोड़ा ऊँचा हैं। ये छतरी वर्गाकार चबूतरे पर बारह (12) स्तम्भों वाली हैं। गर्भगृह में एक गोलाकार स्तुप बना हुआ हैं। स्तुप के अंदर पदचिन्ह उत्कीर्ण हैं। स्तुप के ऊपर आमलक, आमलक के कमल के ऊपर कलश स्थापित हैं। इस छतरी के स्तम्भ एवं छत नक्काशीदार और चित्रों से सुशोभित हैं। इस छतरी के आगे की और दाएँ व बाएँ में तीन–तीन स्तम्भों के मध्य में छत के अंदर कमल उत्कीर्ण हैं। इस छतरी के पीछे के चार स्तम्भों पर हिन्दू देवी–देवताओं की क्रमशः मत्स्यावतार, गणेशजी, दुर्गामाता व विद्या की देवी सरस्वती की मूर्तियाँ उत्कीर्ण हैं। गर्भगृह के ऊपर की छत के अंदर भी हिन्दू देवी–देवताओं, बौद्ध धर्म के संस्थापक महात्मा बुद्ध, जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी की मूर्तियाँ भी उत्कीर्ण हैं। इन उत्कीर्ण मूर्तियों के ऊपर नृत्यरत स्त्री–पुरुष व वाद्ययंत्र बजाते हुए लोग और भगवान श्रीकृष्ण बांसुरी बजाते हुए तथा गोपियाँ सिर पर मटकी ले जाती हुई आदि मूर्तियाँ उत्कीर्ण हैं। छतरी के अंदर की और के आठ स्तम्भों पर छह कमल के फूल व भगवान गणेशजी की मूर्ति एवं घोड़े पर सवार किसी देवता की मूर्तियाँ उत्कीर्ण हैं। इस छतरी की वर्गाकार छत पर जोड़ (+) के चारों दिशाओं में कुल चालीस चिन्ह अंकित हैं। उत्तर दिशा में दस जोड़ (+) के चिन्हों के ऊपर छह (6) कमल के फूल व दाएँ और दो मोर और बाएँ और दो शेरों के मध्य में एक हाथी उत्कीर्ण हैं। पश्चिम दिशा में दस जोड़ वाले चिन्हों के ऊपर दस कमल के फूल व बाएँ एक मोर उत्कीर्ण हैं। दक्षिण दिशा में दस जोड़ के चिन्हों के ऊपर ग्यारह (11) कमल के फूल उत्कीर्ण हैं। तथा पूर्व दिशा में दस जोड़ वाले चिन्हों के ऊपर ग्यारह कमल के फूल उत्कीर्ण हैं। कमल, मोर, शेर, हाथी मेहराब के मध्य में उत्कीर्ण हैं। वर्गाकार छत के ऊपर गोलाकार गुंबद बना हुआ है, गुंबद के ऊपर आमलक, आमलक के ऊपर कमलाकृति के ऊपर शिखर पर कलश स्थापित हैं। इस छतरी के चबूतरे पर सीढियों के दाएँ और एक सती स्मारक छोटे मन्दिराकार में बना हुआ हैं।

बांके-बिहारी-जी का मंदिर :-

इस मंदिर में स्थापित कृष्ण भगवान की मूर्ति मकराना के काले पत्थर से तथा राधाजी की मूर्ति सफेद मार्बल पत्थर से निर्मित हैं। मंदिर में प्रवेश करने के लिए 6 (छह) सीढियों के चढने पर मुख्य द्वार आता हैं। द्वार के बाहर दो स्तम्भों पर दो ताख बने हुए हैं। ताख के बगल में ही बाहर एक छोटा वर्गाकार शिवमंदिर हैं, जिसमे तीन शिवलिंग एवं एक प्रथम पूज्य गणेशजी की मूर्ति स्थापित हैं। प्रवेश द्वार के ऊपर 8 (आठ) खम्भों वाली छतरी नक्काशीदार, बेलबूटे व चित्रांकित हैं। मुख्य प्रवेश द्वार से मंदिर के अंदर पूर्व दिशा से प्रवेश करने पर चार खम्भों वाला एक बरामदा बना हुआ हैं। इस बरामदे के दाएँ एक कमरा व बाएँ एक कमरा बना हुआ हैं। बाएँ कमरे में प्रवेश करने का एक दरवाजा मुख्य दरवाजे के बाएँ और से भी बना हुआ हैं। बरामदे के बाद खुला चौक हैं। दाएँ और मंदिर की छत पर जाने के लिए सीढियाँ बनी हुई हैं। चौक के बाद मंदिर का प्रांगण 8 (आठ) खम्भों पर बना हुआ हैं। प्रांगण के अंदर एक हैं व बरामदे के अंदर एक कमरा बना हुआ हैं। मुख्य मंदिर के गर्भगृह में राधा–कृष्ण की मूर्तियाँ स्थापित हैं, मंदिर में परिक्रमा देने के लिए प्रदक्षिणापथ बना हुआ हैं। मंदिर के बाएँ और एक कमरा बना हुआ हैं। कमरे के बाद दो बरामदे बने हुए हैं। ये दोनों बरामदे चार–चार स्तम्भों वाले हैं। फिर चौक आ जाता हैं। ये मंदिर श्योपुर के गौड़ शासकों की स्थापत्यकला शैली का एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

सोरती का अंडा (शिवमंदिर) एवं आठ स्तम्भों वाली छतरी :-

ग्राम सोंई में गुरनावदा रोड़ पर ये दोनों ही निर्मित हैं। इस शिखरयुक्त मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग स्थापित हैं। ये मंदिर व शिवलिंग वर्षा ऋतु में अति वर्षा से कंकरेंडी की बरसाती नदी में आये जल से जलमग्न हो जाता हैं। गर्भगृह के बाहर द्वार पर एक शिलालेख लगा हुआ हैं, जो जीर्णशीर्ण होने के कारण अपठनीय अवस्था में हैं। मंदिर के बाहर एक स्तम्भ गढ़ा हुआ था जो वर्तमान में टूट गया हैं। मंदिर के सामने नंदी की मूर्ति स्थापित हैं। मंदिर के सामने ही लगभग 25 मीटर की दूरी पर श्योपुर के गौड़ शासकों की स्थापत्यकला शैली में निर्मित एक अष्ठकोणाकार आठ स्तम्भों वाली छतरी। इस छतरी में नक्काशी एवं चित्र अंकित किये गये हैं। इस छतरी का चबूतरा वर्गाकार और गर्भगृह में शिवलिंग स्थापित हैं।

सीताराम जी मंदिर :-

यह मंदिर मीणा जाति के रावों के मंदिर के नाम से जाना जाता हैं। सौंई में यह मंदिर राठौर मोहल्ले में स्थित हैं, जिसका निर्माण लगभग 17वीं शताब्दी में यहाँ के गौड़ शासकों द्वारा किया गया। इस मंदिर में सीता जी व राम जी की मूर्तियाँ अष्टधातु से निर्मित हैं। मंदिर में प्रदक्षिणापथ बना हुआ हैं एवं छत सपाट हैं। मंदिर के दाएँ व बाएँ और मंदिर के पुजारी के निवास के लिए कमरे बनाए गये थे। मंदिर के सामने 8 (आठ) स्तम्भों वाला बरामदा हैं।

ब्राम्हणों का राधेकृष्ण मंदिर :-

यह पुराने बाजार में स्थित हैं। मंदिर की छत सपाट हैं। मंदिर के प्रवेशद्वार पर एक प्रस्तर का स्तम्भ लगा हैं जिस पर एक और सूर्य और दूसरी और चन्द्रमा की आकृति अंकित हैं। मंदिर में राधा व कृष्ण की अष्टधातु की मूर्तियाँ स्थापित हैं। प्रदक्षिणापथ भी हैं। मंदिर लगभग 300 वर्ष पूर्व का निर्मित है जिसका निर्माण गौड़ राजाओं द्वारा किया गया था।

नरसिंह/नृसिंह जी का मंदिर :-

यह मंदिर सीप नदी के किनारे स्थित हैं। यह मालियों के मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है क्योंकि इसका निर्माण माली समाज के लोगों द्वारा किया गया था। मंदिर की छत सपाट व प्रदक्षिणापथ भी हैं। इस मंदिर का निर्माण लगभग 250 वर्ष पूर्व किया गया था।

रघुनाथ जी का मंदिर :-

यह मंदिर मीणाओं या परसावतों के मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हैं। इस मंदिर में स्थापित रामजी व सीताजी की मूर्तियाँ अष्टधातु से निर्मित हैं। प्रदक्षिणापथ है व छत सपाट हैं। मंदिर के दाएँ, बाएँ व सामने बरामदे बने हुए हैं। मंदिर के दरवाजे पर ताख बने हुए है। मंदिर के दरवाजे के ऊपर मीनारनुमा झरोखे वाली छतरी बनी हैं। यह मंदिर सौंई के गौड़ राजाओं द्वारा लगभग चार सौ वर्ष पूर्व बनवाया गया था।

केशवराय जी का मंदिर :-

यह मंदिर छिपाओ के मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। यह शिवहरे मोहल्ले में स्थित है। इस मंदिर के गर्भगृह में मकराना के काले पत्थर से निर्मित मूर्ति स्थापित हैं, मूर्ति में केशवराय जी के अतिरिक्त दो और मूर्तियों सहित एक गरुण की मूर्ति भी हैं। इस मंदिर के बगल में एक कमरा व बरामदा बना हुआ है जिनका निर्माण सौंई के गौड़ शासकों द्वारा किया गया था। मंदिर नागर शैली में निर्मित हैं, जिसमें शिखर बना हुआ हैं। इस मंदिर का निर्माण लगभग 12वीं–13वीं शताब्दी में किया गया था।

छिपाओ की बावड़ी :-

श्योपुर के गौड़ राजाओं द्वारा राजस्थानी राजपुताना स्थापत्यकला में श्योपुर से लगभग 11 किलोमीटर की दूरी पर सवाई माधोपुर रोड पर सौंई गाँव में बाएँ हाथ पर एक ऐतिहासिक बावड़ी स्थित है, जोकि तीन मंजिला है। इससे कुछ दूरी पर ही एक नाथ सम्प्रदाय का मठ भी बना हुआ है। यह बावड़ी सुरक्षित अवस्था में है। इसमें नीचे जाने के लिए सीढ़ियाँ बनी हुई है। इस बावड़ी में वर्षभर जल रहता है।[2]

सती स्मारक :-

सौंई गाँव में सती स्मारक बहुत बड़ी संख्या में स्थित हैं। यह सती स्मारक चबूतरों व छतरियों में स्थापित किये गये हैं। सीप नदी के किनारे अलाउद्दीन खिलजी द्वारा 1303 में रण थम्भौर पर किये आक्रमण के समय यहाँ की जागीर के मारे गये सैनिकों के सती स्मारक बड़ी संख्या में, जिनमें से कुछ पर लेख भी उत्कीर्ण है, लेकिन जोकि वर्तमान में पठनीय स्थिति में नहीं हैं। इन स्मारकों में सती होने वाली स्त्री पुरुष के साथ खड़ी है, ऊपर एक हाथ का पंजा, सूर्य, अर्धचन्द्र आदि अंकित हैं।[3] गाँव के मध्य में मीणा समुदाय की सती की दो कलात्मक छतरियाँ बनी हुई है, जिनमें सती प्रस्तर स्मारक लगे हुए हैं।

इस्लामी स्थापत्यकला :-

सौंई गाँव में अलाउद्धीन खिलजी द्वारा 1303 ई. में रण थम्भौर पर किये गये आक्रमण के समय इस्लाम धर्म के आगमन का विवरण मिलता हैं। सौंई में इस्लामी स्थापत्य कला के अंतर्गत मस्जिद, ईदगाह, मजार आदि स्थित हैं। यहाँ पर ईद के अवसर पर नवाज अदा करने के लिए गोपालपुरा रोड के नजदीक एक ईदगाह स्थित है जोकि लगभग 500 वर्ष पुरानी हैं। पूर्व में इसका प्रयोग नवाज पढ़ने के लिए मस्जिद के रूप में भी किया जाता था। यहाँ पर जामा मस्जिद अंसारी मोहल्ले में स्थित हैं। यह लगभग 250 वर्ष पुरानी हैं। जिसे वर्तमान स्वरूप

20 वर्ष पूर्व देकर इसका विस्तार किया गया। मौजा सैय्यद, बड़ी अम्मा की मजार, सरवर सुल्तान की दरगाह व मस्जिद में प्रत्येक गुरुवार को श्रदालु व दर्शनार्थी बड़ी संख्या में दर्शन व सजदा करने आते हैं। ताजिये जामा मस्जिद से निकलकर सरवर सुल्तान की दरगाह पर विश्राम करते है। ताजियों का विसर्जन ज्वालापुर गाँव में सीप नदी में किया जाता हैं। सीप नदी के उस पार बाएँ तट पर मलंग बाबा की मजार के अतिरिक्त छह मजारे और हैं साथ ही एक पुरानी व एक नयी मस्जिद भी बनी हुई हैं। सीप नदी के किनारे पानी की टंकी के पास बडित वाले बाबा की मजार स्थित हैं। केशवराय जी के मंदिर के पास प्यारे सैय्यद की मजार स्थित हैं।

सन्दर्भ :-

1. उपाध्याय, रुपेश, चंबल संभाग के किले, गढियाँ एवं मठ–मंदिर, जिला पुरातत्व एवं पर्यटन परिषद्, श्योपुर, 2020, पृष्ठ 33
2. उपाध्याय, रुपेश, श्योपुर की बावड़ियाँ, जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद्, श्योपुर, पृष्ठ 19
3. उपाध्याय, रुपेश, चंबल संभाग के किले, गढियाँ एवं मठ–मंदिर, जिला पुरातत्व एवं पर्यटन परिषद्, श्योपुर, 2020, पृष्ठ 34

ईमेल – khemrajarya10@gmail.com

मोबाइल : 8719000682, 9098913206

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 156–160

विनयचन्द्रसूरि कृत 'काव्यशिक्षा' ग्रन्थ में प्रतिपादित अनेकार्थक शब्दों में द्वयक्षरकाण्ड

शिवराज मीणा
सहायक आचार्य, संस्कृत, हरिअनत इंटीग्रेटेड महाविद्यालय, बोरखेड़ा, कोटा।

आचार्य विनयचन्द्रसूरि ने अपने 'काव्यशिक्षा' नामक ग्रन्थ में कवियों को अनेक प्रकार की काव्योपयोगी शिक्षाएं प्रदान की हैं। कविसमय, क्रियाओं, वर्णों, संख्याओं एवं वर्णनीय विषयों इत्यादि का पर्याप्त विषदता से उल्लेख करके जहां उन्होने नवीन कवियों का मार्ग प्रशस्त किया वहाँ विभिन्न शब्दों का उल्लेख करते हुये वे उनसे सम्बद्ध अनेक प्रकार के अर्थो को भी निर्दिष्ट करते हैं। उन्होने अनेकार्थक शब्दों के अंतर्गत द्वयक्षरकाण्ड, त्रयक्षरकाण्ड, चतुरक्षरकाण्ड, पञ्चाक्षरकाण्ड अंत्यक्षरकाण्ड इत्यादि का विस्तृत उल्लेख किया हैं। आचार्य विनयचन्द्रसूरि द्वारा किया गया यह प्रयास निःसन्देह कवि शिक्षा की श्रृंखला में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता हैं। किन्तु प्रस्तुत शोध आलेख की शब्द सीमा को ध्यान में रखते हुए मौलिक आलेख के अंतर्गत द्वयक्षरकाण्ड के विस्तृत विवेचन को संकुचित शब्दों समेटना ही वस्तुतः मेरा प्रयास रहेगा।

द्वयक्षरकाण्ड :–

सर्वप्रथम लेखक द्वारा दो अक्षरों से सम्बद्ध विभिन्न शब्दों एवं उनके अनेक अर्थो को वर्णित करते हुए अक्ष को मूल्य, पूजा, दुःख, व्यसन तथा स्वामी या प्रभु और अर्चा को पूजा एवं प्रतिमा, अज को छाग, हरि, विष्णु रघुनाथ, विधाता तथा कामदेव इत्यादि अर्थों तथा अट्ट को मंडी एवं अट्टालिका अब्ज को धन्वन्तरि, चंद्र, शंख, पद्म एवं संख्या और अर्हत् को जिनेन्द्र, एवं पूज्य व्यक्ति के अर्थ में उल्लिखित किया गया हैं। ऊर्णा शब्द को भौंहों के मध्यवर्ती केशपुंज, मेढ़ा (मेघ), लोमनि (जानवर के बाल) इत्यादि तथा ऋण के लिए दाता अर्थात् देने वाला, जल एवं दुर्ग इत्यादि अर्थो का प्रयोग किया गया हैं। इसी प्रकार कच शब्द को केश, शुष्क घाव, बंधन, पत्र, गीष्पति अर्थात् बृहस्पति का पुत्र इत्यादि एवं साथ ही कण शब्द को धान का अल्प सा अंश एवं कण को जीरा तथा पिप्पली इत्यादि अर्थो में वर्णित किया गया हैं। कर्ण शब्द के लिए पतवार एवं कान इत्यादि तथा कांची शब्द के लिए गुञ्जा, मेखला एवं नगरी इत्यादि अर्थो का और काण्ड के लिए चार खंड, नाल, अधम, वर्ग, स्कन्ध (वृक्ष का तना) अवसर सरकंडा, झाड़ी, श्लाघा, एवं अंबु इत्यादि अर्थो का निरूपण हैं।

इसी प्रकार कान्ता को प्रियङ्गु एवं योषित तथा कीर्ति को यश, विस्तार, प्रासाद एवं कीचड़ और कृत शब्द को युग पर्याप्त इत्यादि अर्थो में तथा कृष्णा को नील वर्ण, द्रौपदी, पिप्पली, (पिपरामूल अथवा चींटी), तथा केतु को द्युति एवं पताका इत्यादि अर्थो में प्रयुक्त किया गया हैं। क्रीडा शब्द को किलोल करने एवं अनादर करने तथा

क्रौच को द्वीप एवं पक्षी इत्यादि के अर्थो में निरूपित किया गया हैं। इसी प्रकार लेखक द्वारा क्षण शब्द को पर्व, अवसर, उत्सव एवं काल विशेष इत्यादि अर्थो में प्रकाशित किया गया हैं। गाथा के लिए वे वाक् भेद एवं वृत्ति तथा गुञ्जा के लिए कृष्ण, ढ़ोल, मधुर ध्वनि इत्यादि और गुड के लिए हाथी कवच, एवं गन्ने से बने पदार्थों को वर्णित करते हैं। चर्चा शब्द का वर्णन करते हुए विनयचन्द्रसूरि दुर्गा, चिन्ता, चन्दन लेप इत्यादि अर्थो का तथा तीर्थ के लिए शास्त्र, गुरु, यज्ञ, पुण्यक्षेत्र, अवतार, ऋषि की सम्मानसूचक उपाधि जल, स्त्री रज, दर्शन एवं पात्र इत्यादि अर्थो का प्रयोग करते हैं। द्विज शब्द को लेखक ने विप्र, क्षत्रिय, वैश्य, दन्त और विहंगम (वहंगी–भार ले जाने का साधन) इत्यादि अर्थों में तथा धृति को विशेष, योग, धारण, धैर्य, सुख, सन्तोष तथा अध्वर्य इत्यादि के अर्थो में उपन्यस्त किया हैं। इसी प्रकार नाग शब्द के लिए मतंगज, पुन्नाग, सर्प, नागकेसर, क्रूर, नागदंत, मुस्ताक्षति एवं मेघ इत्यादि अर्थो को निबद्ध किया गया हैं तथा पंक्ति शब्द के लिए गौरव एवं पाक तथा पूर्त के लिए पूरित और प्रजा के लिए बाल अर्थात् शक्ति तथा लोक इत्यादि अर्थो को लेखक द्वारा द्योतित किया गया हैं।

इसी प्रकार बीज को वीर्य, धान, हेतु, तत्त्व, अंकुर एवं कारण इत्यादि अर्थो में तथा भग को अर्क, ज्ञान, माहात्म्य, यश, वैराग्य, मुक्ति, रूप वीर्य, प्रयत्न, इच्छा, श्री, धन, ऐश्वर्य तथा योनि इत्यादि अर्थो में और भसत् को भास्वर एवं मोस तथा भाण्ड को विक्रेता की वाणिज्य वस्तु, तुरंग, अलंकार, नदी का तल या नदी की शीतलता इत्यादि अर्थो में 'काव्यशिक्षा' नामक ग्रन्थ में निब) किया गया हैं। भुज को बाजु एवं कर तथा भोग को राज्य, वेश्या, सेवक, सुख, सांप की केंचुली, सर्प कण, अष्टांग (घुटना, हस्त, पाद, वक्ष, सिर, वचन, दृष्टि एवं बुद्धि), तथा महात्मा बुद्ध द्वारा उपदिष्ट अष्टविध मार्गो (सम्यग सम्यग्दृष्टि, सम्यक–संकल्प, सम्यग्वाक् सम्यक् कर्म, सम्यक् आजीव, सम्यकव्यायाम, सम्यक् स्मृति, सम्यक् समाधि) और रक्षा इत्यादि अर्थो का वाचक बताया गया है।

इसी प्रकार मंद शब्द के लिए आचार्य द्वारा मूढ़, शनि, रोग ग्रस्त, भाग्य से वर्जित, गज जाति, अल्प एवं धीमी गति इत्यादि अर्थों तथा मार्ग के लिए मृगमद, महीना, सौम्यऋक्ष (बुद्धनक्षत्र), अन्वेषण एवं पथ इत्यादि अर्थों और मेघ के लिए मोथा या मुस्ताक्षति एवं बादल इत्यादि अर्थों को उपनिबद्ध किया गया है एवं मोक्ष के लिए दीन, पाटल एवं निष्फल इत्यादि अर्थों मोचा के लिए शाल्मलि एवं कदली वृक्ष इत्यादि अर्थों का उल्लेख करते हुये मृग को कुरंग प्रार्थना, शिकार, गज, पशु एवं नक्षत्र इत्यादि अर्थो तथा मृगी को वनिता इत्यादि अर्थो का वाचक बताया हैं। इसी प्रकार यज्ञ शब्द को आत्मन्मख, नारायण एवं हुताशय (यज्ञीय भेंट के रूप में होम किया हुआ) इत्यादि अर्थो में तथा योग को अप्राप्य की प्राप्ति, संसर्ग, कार्मण (जादूगरी) ध्यान, युक्ति, वपु, सातत्य, प्रयोग, सन्नाह, चिकित्सा, धन, एवं विशकुम्भादौ (ज्योतिष के अनुसार विश्कुम्भ आदि २७ योग हैं–विश्कुम्भ प्रीति आयुष्मान् सौभाग्य शोभन अतिगण्ड सुकर्मा धृति शूल गण्ड वृद्धि ध्रुव व्याघात हर्षण वज्र अष्टक व्यतीपात वरीयान् परिघ, शिव, सिद्धि साध्य शुभ शुक्ल ब्रह्मा ऐन्द्र तथा वैधृतिद्ध इत्यादि अर्थों में प्रयोग करने का निर्देश किया गया हैं। इसी प्रकार रङ्ग के लिए नृत्य एवं युद्धक्षेत्र तथा रथ के लिए स्यन्दन पाद शरीर वेतसद्रुम इत्यादि अर्थों का एवं राग के लिए गान्धार, क्लेश, अनुराग, मत्सर (डाह, क्रोध) नृप एवं लोहित वर्ण की वस्तुओं। राजि को रेखा एवं पंक्ति, तथा रुजा को रोग या विकार तथा नष्ट करने इत्यादि के अर्थों में प्रयुक्त करने को कहा गया हैं। इसी प्रकार लञ्ज शब्द को आचार्य विनयचन्द्रसूरि ने पट्ट तथा कच्छ (धोती की छोर जो शरीर पर चारों ओर ओढ़ने

के पश्चात इकट्ठा करके लांग की भाति पीछे टांग ली जाती हैं) इत्यादि अर्थों में तथा लाज को भृष्ट धान, नर्म ताजा चावल तथा खस इत्यादि अर्थों में उपनिब) किया हैं। वङ्ग के लिए कपास, बैंगन का पौधा या फल और वङ्गा के लिए बंगाल के निवासी इत्यादि वणिग् के लिए वाणिज्यजीवनि और व्रज के लिए गोष्ठ, संघ एवं मार्ग इत्यादि अर्थों को उपन्यस्त किया गया हैं। श्लाघा को उपासना इच्छा एवं स्तुति इत्यादि अर्थों में तथा शृंग को चिन्ह, हाथी अथवा सूअर के दांत, जलयन्त्र, शिखर (पर्वतादि की चोटी) तथा प्रभूता के उत्कर्ष इत्यादि अर्थों में वर्णित किया गया हैं। इसी प्रकार सर्ग को उत्साह, निश्चय, अध्याय, मोह, अनुमति, सृष्टि, त्याग स्वभाव इत्यादि अर्थों में तथा संज्ञा को नाम गायत्री मंत्र, हाथ से संकेत करना, सूर्य की भार्या एवं बोध इत्यादि अर्थों में वर्णित करने के साथ ही सज्जा के लिए सन्नद्ध (तैयार, कटिबद्ध), एवं सम्भृत (सुसज्जित) इत्यादि एवं सूट शब्द के लिए पारद, और सारथि इत्यादि की शिक्षा काव्यशिक्षा में निर्दिष्ट की ग्ई हैं। उपर्युक्त शब्दो से संबन्धित विभिन्न अर्थों का उल्लेख कवि द्वारा द्वयाक्षर काण्ड के अंतर्गत किया गया हैं। व्यावहारिक रूप से भी उपर्युक्त शब्द संस्कृत साहित्य की अनेक काव्यकृतियों में उपलब्ध होते हैं। यहां पर शब्दो की मर्यादा को देखते हुए कतिपय शब्दो के अति अल्पनीय उदाहरण ही मौलिक शोध आलेख में प्रस्तुत कर पाने सम्भव होंगे जैसे :–

रघुवंश में अर्चा को पूजा के अर्थ मे वर्णित करते हुए महर्षि वशिष्ठ द्वारा रानी सुदक्षिणा को पुत्र प्राप्ति हेतु गौ नंदिनी की पूजा करने का निर्देश दिया गया है :–

वधुर्भक्तिमती चैनामर्चितामतपोवनात्
प्रयता प्रातरन्वेतु सायं प्रत्युक्षजेदपि।।

इसी प्रकार अर्हत शब्द का प्रायोगिक रूप भी द्रष्टव्य होता है जैसे रघुवंश में जब आश्रम वासियों को राजा दिलीप के आश्रम में आने का समाचार प्राप्त हुआ तो वहाँ के सभी सभ्य संयमी मुनियों ने अपने रक्षक, पूजनीय एवं नीति पूर्वक आचरण करने वाले सपत्नीक राजा का सम्मानपूर्वक स्वागत किया :–

तस्मै सभ्याः सभार्याय गोप्त्रे गुप्तमेन्द्रियाः।
अर्हणामर्हते चक्रुर्मुन्यो नयचक्षुषे।।

इसी प्रकार 'कर्ण' शब्द के लिए शाकुंतला की वह पंक्ति द्रष्टव्य है जिसमे अनसूया अपनी सखि प्रियंवदा को कहती है कि अरे सखी 'कर्ण' अर्थात् कान देकर सुनो! यह तो किसी अतिथि की वाणी लगती है।

अनसूया–कर्ण दत्वा सखि! अतिथिनामिय निवेदितम्।

'मार्ग' शब्द को प्रायोगिक रूप से देखे तो कालिदास ने 'मेघदूत' मे मेघ के पथ प्रदर्शन के लिए 'मार्गम् शब्द को कवि शिक्षानुमोदित वर्णित किया है :–

जग्ध्वारणयेष्वधिकसुरभि
गन्धमाघ्राय चोर्व्या।
सारबास्ते जललवमुचः
सूचयिष्यंति मार्गम्।।

'मनुस्मृति' मे योग को प्रयोग या उपायार्थ वर्णित करते हुए कहा गया है कि कोई पुरुष बलात्कार से स्त्रियों की रक्षा करने मे समर्थ नहीं होता अपितु उपायभूत योग के प्रयोग से वह स्त्रियों की रक्षा कर सकता है।

न कश्चिद्योषितः शक्तः प्रसह्य परिरक्षितुम्

एतैःपाययोगैस्तु शक्यास्ताः परिरक्षितुम्।।

इसी प्रकार 'वङ्गा' शब्द के लिए प्रायोगिक दृष्टि से रघुवंश का एक प्रसंग दर्शनीय है :–

वङ्गानुत्खाय तरसा नेता नौसाधनोद्यतान्।
निचखान जयस्तम्भान्गङ्गा स्त्रोतोंन्तरेषु सः।।

इसी प्रकार "श्लाघा" शब्द का प्रयोग देखें तो "वेणीसंहार" में इसे "प्रसन्नता" एवं "स्तुति" के अर्थ में वर्णित करते हुये कहा गया है कि शिखंडी को पुरस्कृत करके जराग्रस्त भीष्म पितामह के वध से जो स्तुति पांडवों की हुई क्या वही कौरवों की नही होगी।

हते जरति गाङ्गेये
पुरस्कृत्य शिखंडिनम्।
या श्लाघा पांडुपुत्राणाम्
सैवास्माक्म् भविष्यति।।

इसी प्रकार "भाण्ड" शब्द का प्रायोगिक रूप देखें तो पंचतंत्र की एक उक्ति जिसमें गोरम्भ की सोच को व्यक्त करते हुए कहा गया है कि वह गोरम्भ यही सोचा करता था कि किसी प्रकार इस भाण्ड अर्थात् आभूषण व्यापारी को राजा की कृपा से वञ्चित करके मै अपने अपमान का बदला चुका लूं :–

कथं मया तस्य भाण्डपते राजप्रसादहानिः
कर्तव्येति चिन्तयन्नास्ते।।

इसी प्रकार 'अभिज्ञानशाकुंतल' मे राजा दुष्यन्त द्वारा कहे शब्द "देखो सूत अर्थात् सारथि! आश्रम में विनीत वेश में ही प्रवेश करना 'चाहिए' में 'सूत' के लिए 'सारथि' अर्थ का प्रयोग कविशिक्षा परम्परानुसार किया गया है :–

राजा अवतीर्यद्व सूत विनीतवेषेण प्रवेष्टव्यानि
तपोवनानि नाम! इंद तावद् गृह्यताम्।

उपसंहार :-

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि अनेकार्थक शब्दों के माध्यम से विनयचन्द्रसूरि ने कवियों का उन विषयों से साक्षात्कार करवाया जहां अन्य आचार्यो की दृष्टि पहुंच ही नहीं सकी।

आचार्य विनयचन्द्रसूरि ने इतने भिन्न–भिन्न प्रकार के अर्थो का विवेचन किया है कि उन्होंने कवियों को सुकुमार कवि बनने के गुणों से सम्यक् प्रकार से परिचित करवा दिया हैं। उनके आश्चर्यचकित कर देने वाले अर्थो में निःसन्देह मौलिकता के दर्शन तो होते ही हैं साथ ही प्रयोग के द्वारा की गई पुष्टि उनके इस प्रशिक्षण को सार्थक भी कर देती हैं।

संदर्भ-सूचि :-

1. का. शि. 5/11, 12, 14, 24, 15, 29
2. वही 5/2
3. वही 5/12, 27, 28

4. वही 5/28, 13, 24,
5. वही 5/29, 30, वही 29, 30
6. वही 5/25, 13,
7. वही 5/28, 33, 16, 225
8. वही 5/13, 33, 34
9. वही 5/15,
10. वही 5/31
11. वही 5/1, 32, 17
12. वही 5/17, 18, 2, 3, 35, 26
13. वही 5/18, 3, 4
14. वही 5/36, 4
15. वही 5/11, वही, 14, 5
16. वही 5/22, 6, 7
17. वही 5/7, 35, 7, 8, 19
18. वही 5/22, 19,
19. वही 5/8, 20,
20. वही 5/12, 9
21. वही 5/20, 23, 22, 33
22. रघु. 1/90
23. रघु. 1/55
24. अभि.शा. 4/1 से पूर्व
25. पू. मे. 22
26. मनु. 9/10
27. रघु. 4/36
28. वेणी. 2/4
29. पंच. 142 के बाद पृ. 59.
30. अभि. शा. 1/15 के बाद।

पता – 603, स्वराज एनक्लेव, बोरखेड़ा, कोटा, पिन – 324005
मो. 7597429188

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
SANGAM
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 161-165

शेखावाटी क्षेत्र के ग्रामीण समुदाय के लोक–देवता : बाबा मालदास

डॉ. कमल महला
सहायक आचार्य, समाजशास्त्र, राजकीय महाविद्यालय लक्ष्मणगढ़, सीकर।

शेखावाटी क्षेत्र का परिचय :–

राजस्थान के उत्तर–पूर्वी भू–भाग पर स्थित सीकर तथा झुंझुनू जिले को सम्मिलित रूप से शेखावाटी क्षेत्र या शेखावाटी अंचल कहा जाता है। 16 वीं शताब्दी से शेखावाटी क्षेत्र आमेर (जयपुर) राज्य की एक रियासत थी। पाश्चात्य इतिहासकारों ने शेखावाटी को राजस्थान का स्कॉटलैण्ड माना है।[1]

शेखावाटी का नामकरण :–

शेखावत राजपूतों से शासित प्रदेश होने के कारण इस क्षेत्र का नाम शेखावाटी पड़ा है। शेखावत शासकों के अलवा कायमखानी, नागड़ पठान आदि शासकों का शासन इस क्षेत्र में रहा है। शेखावत राव शेखाजी के वंशज थे तथा कच्छवाहों के भी वंशज थे। वाटी शब्द का प्रयोग क्षेत्र या चारदीवारी अथवा घेरे को बताता है। इसलिए शेखावाटी नाम से ज्ञात होता है 'शेखावतो का क्षेत्र' अथवा 'शेखावतो का प्रदेश'।

शेखावाटी की भोगोलिक स्थिति :–

शेखावाटी क्षेत्र का क्षेत्रफल एवं विस्तार – शेखावाटी अंचल एक सांस्कृतिक समरूपता के आधार पर चिन्हित किये जाने पर वर्तमान में प्रशासनिक रूप से निर्मित किये गए सीकर, झुंझनू, चूरू, नागौर, जयपुर जिलों में विस्तारित स्वीकार किया जा सकता है, परन्तु सीकर तथा झुंझनू जिलों को विवाद रहित शेखावाटी का भूभाग माना जा सकता है। इस आधार पर वर्तमान सीकर तथा झुंझनू जिले के क्षेत्र का भौगोलिक विस्तार, जो कि निम्नानुसार है, को शेखावाटी के क्षेत्रफल तथा विस्तार के रूप में समझा जा सकता है :–

सीकर जिले का कुल क्षेत्रफल 7742.43 वर्ग कि.मी. सीकर जिला लगभग 5,191.44 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। जिले की सीमाएँ उत्तर में झुंझुनू, उत्तर–पश्चिम में चूरू, दक्षिण–पश्चिम में नागौर, और दक्षिण–पूर्व में जयपुर जिलों से मिलती हैं। झुंझनू जिले का क्षेत्रफल 5,928 वर्ग किलोमीटर है। यह जिला उत्तर और उत्तर–पूर्व में हरियाणा राज्य से, दक्षिण–पूर्व में सीकर जिले से, दक्षिण–पश्चिम में नागौर जिल से, और पश्चिम में चूरू जिले से घिरा हुआ है।[2]

शेखावाटी अर्द्ध – मरुस्थलीय प्रदेश है। यहां पर इस प्रकार की वनस्पति ही पायी जाती है जिसको ज्यादा पानी की आवश्यकता नहीं होती। उदाहरण के लिए झाड़ी, कैर, कीकर, गूलर, सीसम, बबूल, सिरस, पलास आदि

यहां बहुलता से है। इस प्रदेश की प्रमुख नदियों में कान्तली, रानोली, कोछोर, त्रिवेणी, हर्ष एवं गंगा है। शेखावाटी प्रदेश खनिज पदार्थों से समृद्ध है। झुन्झुनूं जिले में खेतड़ी की पर्वत श्रृंखलाएं तांबे के लिए विश्व में प्रसिद्ध हैं। शेखावाटी क्षेत्र में कोबाल्ट, निकल, युरेनियम एवं सीसा आदि खनिज मिलते हैं। इन सबके अलावा चीनी मिट्टी, कच्चा चूना पत्थर, इमारती पत्थर इस क्षेत्र में मिलता है।

सामाजिक सरचना – किसी भी क्षेत्र में निवास करने वाली जनसंख्या एक विशेष प्रकार की वर्ग, वर्ण या जाति व्यवस्था में सामाजिक ढांचे का निर्माण करती है। कोजर एवं रोजनबर्ग के अनुसार सामाजिक संरचना का तात्पर्य सामाजिक इकाइयों के तुलनात्मक स्थिर एवं प्रतिमानित सम्बन्धों से है।[3]

भारतीय समाज में जाति तथा धर्म पर आधारित सामाजिक वर्गीकरण तथा संस्तरण देखने में मिलता है। शेखावाटी में भी धर्म तथा जाति व्यवस्था में विभेदित एवं संस्तरित समाज है। प्रमुख रुप से यहां पर हिन्दु तथा मुस्लिम धर्म को मानने वाली जनसंख्या निवास करती है। यहां पर अल्प संख्या में जैन धर्म के अनुयायी भी निवास करते हैं।

2011 की जनगणना के अनुसार सीकर और झुंझुनू जिलों की जनसंख्या और धर्म के आधार पर विवरण–सीकर जिले में कुल जनसंख्या : 26,77,737, पुरुष 13,80,268, महिलाएँ 12,97,469 है। हिन्दू धर्म में 89% तथा मुस्लिम धर्म में लगभग 10% जनसँख्या आती है। इसी प्रकार से झुंझनू जिले में कुल जनसंख्या 21,39,658, पुरुष 10,95,896, महिलाएँ 10,43,762 है। हिन्दू धर्म के अनुयायी 91% तथा मुस्लिम धर्म के अनुयायी लगभग 8% है।[4]

लक्ष्मणगढ़ उपखंड, राजस्थान के सीकर जिले में स्थित एक प्रशासनिक इकाई है। इस उपखंड का कुल क्षेत्रफल 1,222 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें 1,205.49 वर्ग किलोमीटर ग्रामीण क्षेत्र और 16.26 वर्ग किलोमीटर शहरी क्षेत्र शामिल है।

भौगोलिक स्थिति : लक्ष्मणगढ़ उपखंड सीकर जिले के उत्तर–पूर्वी भाग में स्थित है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर, सीकर से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। 2011 की जनगणना के अनुसार, लक्ष्मणगढ़ उपखंड की कुल जनसंख्या 3,20,956 है, जिसमें से 2,67,564 लोग ग्रामीण क्षेत्रों में और 53,392 लोग शहरी क्षेत्रों में निवास करते हैं। उपखंड का लिंगानुपात प्रति 1,000 पुरुषों पर लगभग 979 महिलाएं है।[5]

प्रमुख कस्बे और गाँव : लक्ष्मणगढ़ उपखंड में कुल 165 गाँव शामिल हैं। प्रमुख गाँवों में बठोठ, बिड़ोदी बड़ी, बिड़ोदी छोटी, सिंगोदड़ा, धानानी, जाजोद, और नेछवा शामिल हैं। लक्ष्मणगढ़ उपखंड अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के लिए जाना जाता है, जिसमें लक्ष्मणगढ़ किला और विभिन्न प्राचीन हवेलियाँ प्रमुख आकर्षण हैं।

संत का परिचय – बाबा मालदासजी का मंदिर सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ तहसील के राजपुरा ग्राम में स्थित हैं। राजपुरा ग्राम का मार्ग लक्ष्मणगढ़–मुकन्दगढ़ सड़क मार्ग से निकलता हैं। लक्ष्मणगढ़–मुकन्दगढ़ सड़क मार्ग पर लक्ष्मणगढ़ से 10 किलोमीटर दूर आंतरोली ग्राम के बाद राजपुरा ग्राम का बस स्टेण्ड है, जहाँ से एक किलोमीटर उत्तर में जाने पर राजपुरा ग्राम आता है। बाबा मालदासजी राजपुरा ग्राम में जाट जाति में पूनिया गौत्र में पैदा हुए। इनके जन्म के सटीक समय की जानकारी प्राप्त नहीं होती हैं। बाबा मालदासजी का स्वर्गवास वर्ष 1978 में चैत्रमास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन हुआ था।यदि बाबा की आयु सौ वर्ष माने तो इनका

जन्म 1878 के लगभग हुआ होगा।

बाबा मालदास जी के मंदिर में स्थापित बाबा की प्रतिमा

बाबा मालदासजी का मंदिर तथा झोपड़ी –

राजपुरा ग्राम में बाबा मालदास का मंदिर निर्मित है जिसका निर्माण ग्रामवासियों एवं बाबा के भक्तों द्वारा बाबा की मृत्यु के उपरान्त दी गयी भू–समाधि स्थल पर करवाया गया। इस मंदिर में बाबा की मूर्ति स्थापित की गयी है तथा मंदिर की देखभाल एवं पूजा–पाठ आदि कार्यों के लिए पुजारी का प्रबन्ध भी किया गया है। मंदिर के अतिरिक्त गांव में बाबा का निवास स्थल रहीं एक कुटिया है। लगभग आठ फुट व्यास के आकार वाली इस झोपड़ी की छत सरकण्ड़ों द्वारा निर्मित की गयी है। बाबा मालदासजी के बारे में किसी ग्रन्थ अथवा लेखन सामग्री की अनुपलब्धता होने के कारण राजपुरा ग्राम के निवासियों एवं मंदिर में आने वाले श्रद्दालुओं से बाबा के संदर्भ में जानकारी एकत्र की गयी जिससे यह ज्ञात होता है कि बाबाजी के संत स्वभाव तथा उनके जीवन काल में किये गए चमत्कार भरे कार्यों या भविष्यवाणियों से प्रभावित होकर लोगो द्वारा उन्हें पूजा जाने लगा है। बाबा मालदास जी के जीवन विवरण से यह भी ज्ञात हुआ है कि बाबा को किसी भी संत परम्परा से संबंधित नहीं किया जा सकता है क्योंकि इनके गुरु या आराध्य देवी या देवता का कोई विवरण उपलब्ध नहीं है।

बाबा मालदासजी की कोई स्कूली शिक्षा का कोई विवरण ज्ञात नहीं होता है। ग्रामीणों से हुई बातचीत से बाबा के अनपढ़ होने की जानकारी मिलती है। बाबा जन्मजात सिद्ध संत थे। बाबा मालदासजी बचपन में ग्रामीणों तथा अपने परिवारजन के पशुओं को गाँव की गोचरभूमि, जिसे स्थानीय भाषा में 'जोहड़' या 'जोहड़ा' कहा जाता है, में चराने ले जाते थे जहाँ पर किसी पेड़ के नीचे बैठकर ध्यानमग्न हो जाया करते थे। मालदासजी की उदासीनता देख कर पशु चरते–चरते बहुत बार आस–पास के खेतो में चले जाते थे। खेतो के मालिक किसान बाबा को पागल या बावला कह कर उलाहना दिया करते थें।

बाबा मालदासजी की सिद्वियों से ग्रामीणों का अवगत होना तथा संत के रूप में मान्यता प्राप्त करना – बाबा के संबंध में उनके बाल्य काल में ग्रामीणों की मान्यता यहीं थी कि बाबा एक सामान्य और भोले स्वभाव के व्यक्ति थें। कुछ लोग बाबा को पागल या बावला भी कह दिया करते थे। समय के साथ जब बाबा द्वारा अनायास ही बोली गयी बातों के सत्य हो जाने पर ग्रामीणों ने बाबा की वचन सिद्धि की इस क्षमता को पहचान कर बाबा को सिद्ध संत के रूप में स्वीकार करना प्रारम्भ कर दिया। बाबा मालदासजी के संदर्भ में जो विवरण ग्रामीणों से ज्ञात हुआ उसके अनुसार बाबा ने अपने जीवनकाल में अनेक चमत्कार किये थे। वचनसिद्धि के कई

विवरण मिले है, रोग निवारण की घटनाओं एवं महामारी की भविष्यवाणी के विवरण भी मिले है।

बाबा मालदासजी द्वारा किए गए चमत्कारों को प्रमुख रूप से तीन प्रकारो में वर्गीकृत कर समझा जा सकता है यथा, मनुष्यों को रोगमुक्त करना,आपदा या महामारी की भविष्यवाणी करना एवं बाबा द्वारा अनायास कही बातों का सत्य निकलना। बाबा मालदासजी द्वारा अपने जीवनकाल में इसी प्रकार के अनेक ऐसे चमत्कार किये गए है। इन घटनाओं का विवरण ग्रामीणों द्वारा दिया गया है। बाबा जब जीवित थे तब अनेक सट्टा खेलने वाले जुंआरी प्रवृति के लोग भी बाबा के पास सट्टे में निकलने वाले अंक को पूछने आ जाते थे।बाबा के मुँह से अनायास ही निकली बातो से यह लोग संभावित अंक का कयास लगाते रहते थे। ग्रामीण बताते है कि बाबा ऐसे लोगो को भगाने के लिए गालियॉ देते थे पर सट्टा खेलने वाले गालियाँ सुनते हुए भी वहाँ पर जमे रहते थे। कई ग्रामीण अपने खोये हुए या चोरी हुए पशुओं के संबन्ध में भी पूछने मालदासजी के पास आया करते थे।

बाबा मालदास के मंदिर में अर्पित किया जाने वाला भोग एवं प्रसाद – लोक देवता बाबा मालदासजी को जीवनभर जो भोजन पसंद था उसी भोजन को बाबा के मंदिर में भोग के रूप में अर्पित किया जाता है और बाबा का प्रिय भोजन था हरी मिर्च, बाजरे की ठंडी रोटी, शीतल दही और दूध। बाबा मालदासजी के मंदिर में आने वाले श्रद्धालु, जिनमें स्थानीय ग्रामीण प्रमुख रूप से है, मंदिर में भोग के रूप हरी मिर्च, बाजरे की ठंडी रोटी, शीतल दही और दूध आदि को अर्पित कर इसी सामग्री को प्रसाद के रूप में प्राप्त एवं ग्रहण करते है।

बाबा मालदासजी द्वारा किये गए चमत्कार – बाबा मालदास जी ने अपने जीवन काल में मानव कल्याण के कई कार्य किये जिनका विवरण ग्रामीणों से की गयी बातचीत में मिलता है। बाबा द्वारा मनुष्यों एवं पशुओं दोनों के कल्याण उनकी पीड़ा का निदान करके किया है। ग्रामीण अपने पालतू पशुओं को बीमारी से मुक्त करने के लिए बाबा से अरदास करने आते थे इस संबंध में एक ग्रामीण ने बताया कि उसके एक परिचित की ऊंटनी बीमार हो गयी तो वह बाबा के पास सहायता मांगने आया जिस पर बाबा ने कहा कि ऊंटनी को हरी मिर्च खिला दो तो वह ठीक हो जाएगी। ऊंटनी के मालिक ने सोचा कि ऊंट मिर्च नहीं खाते पर उसने बाबा के कहे अनुसार ऊंटनी को हरी मिर्च खिला दी जिसके बाद ऊंटनी ठीक भी हो गयी।

एक ग्रामीण भगीरथ जी ने एक प्रसिद्ध घटना का उल्लेख किया है जिसका विवरण अन्य ग्रामीणों ने भी दिया है जिसके अनुसार बाबा के चमत्कारों की बात सुनकर एक सेठ बाबा के पास आया। उसके घुटनों में दर्द था, वह चल नहीं पाता था। सेठ ने बाबा से घुटनों की पीड़ा ठीक करने की प्रार्थना की। दयालु बाबा के आशीर्वाद देते ही सेठ के घुटनों का दर्द दूर हो गया तथा वह चलने–फिरने लगा। बाबा ने अपने घुटनों की ताकत सेठ को दे दी और तब से बाबा जीवन भर बैठे ही रहे कभी खड़े नहीं हो पाए। उन्होंने सेठ के पीड़ा खुद भोगना स्वीकार कर सेठ को ठीक कर दिया।

बाबा से जुड़ा एक और चमत्कार भारूराम जी पूनियां ने बताया कि बाबा का शरीर शांत होने पर जब ग्रामीण उन्हें समाधि दे रहे थे तो ग्रामीणों ने देखा की बाबा के मृत शरीर से पसीना एवं खून निकल रहा है। इन सब चमत्कारों के अलावा अनेक ग्रामीण यह स्वीकार करते है कि उनके परिवार पर बाबा का आशीर्वाद है जिसके कारण वे स्वस्थ एवं खुशहाल है।

शेखावाटी में किसान समुदाय तथा बाबा मालदास जी के मध्य संबंध का समाजशास्त्रीय के अध्ययन करने के उपरान्त यह ज्ञात होता है कि लोक देवताओ तथा ग्रामीण जनसमूह के मध्य घनिष्ठ संबंध रहा है। ग्रामीण

लोक देवताओं से अधिक गहरा और सीधा जुड़ाव स्वीकारते है। लोक देवता एवं संत जनकल्याण के अपने कार्यों के कारण जनसमुदाय में लोकप्रियता एवं आदर प्राप्त करते है और धीरे–धीरे पूजनीय हो जाते है। इसी प्रकार संत एवं लोक देवता का दर्जा प्राप्त होता है।

संदर्भ :-

1. शर्मा एवं शास्त्रीय शेखावाटी का इतिहास, पृ. 74
2. Government of Rajasthan. (2025). Jankalyan category and entry type. Rajasthan Government.
3. Coser, Lewis A., & Rosenberg, Bernard. (1976). Sociological Theory: A Book of Readings (5th ed.). Macmillan.
4. Office of the Registrar General & Census Commissioner, India. (2011). Census of India 2011: Provisional Population Totals. Ministry of Home Affairs, Government of India.
5. Office of the Registrar General & Census Commissioner, India. (2011). Census of India 2011: Provisional Population Totals. Ministry of Home Affairs, Government of India.

kamalmahla@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 166–172

Romeo Juliet : Artistic Study

Dr. Sanyukta Thorat
Department Head and Associate Professor Department of Fine Arts and Chhand Mandir
Rashtrasant Tukdoji Maharaj Nagpur University

Summary :

Romeo and Juliet by William Shakespeare is a timeless artistic masterpiece that delves deep into the human emotions of love, fate, conflict, and tragedy. As an artistic study, the play is a profound exploration of the intense and passionate love between two young individuals from feuding families—the Montagues and the Capulets.

Shakespeare masterfully weaves poetic language, dramatic irony, symbolism, and vivid imagery to portray the impulsive nature of youthful love, as well as the destructive power of hatred and social division. The play's structure, from the lyrical opening sonnet to the final death scene, reflects a deliberate artistic choice to balance romance with inevitability, creating a rhythm that mirrors the tension between love and fate.

Introduction :

William Shakespeare's Romeo and Juliet stands as one of the most iconic and enduring works in the history of literature, not only for its romantic narrative but also for its profound artistic qualities. As an artistic study, the play offers a rich tapestry of poetic expression, dramatic structure, symbolic imagery, and emotional depth that captures the complexity of human experience. Set against the backdrop of Verona, the story of the star-crossed lovers unfolds through a series of vivid scenes filled with lyrical dialogue, intense emotion, and escalating conflict, all of which contribute to the dramatic tension and tragic resolution. Shakespeare's use of language—marked by metaphors, similes, sonnets, and rhetorical devices—elevates the narrative to a realm of artistic brilliance, transforming a tale of forbidden love into a universal commentary on fate, youth, passion, and the destructiveness of hate.

The play also reflects Renaissance ideals and anxieties, blending classical influences with contemporary themes, thereby enriching its artistic value. Through the characters of Romeo and

Juliet, Shakespeare presents not merely a romantic tragedy, but a nuanced study of impulsiveness, idealism, and the inevitable collision between personal desire and societal constraints. The visual and emotional intensity of the play has inspired countless adaptations in theatre, art, music, and film, attesting to its enduring artistic power. In this study, Romeo and Juliet is approached not simply as a story of love and death, but as a complex artistic creation that continues to move, challenge, and inspire audiences across time and cultures.

The characters themselves are portrayed as both victims of external circumstances and their own emotional excesses, making the tragedy deeply human and relatable. Romeo and Juliet's secret meetings, poetic exchanges, and ultimate demise highlight not only their individual emotions but also the broader social constraints and generational conflicts that doom them. Through this artistic lens, Romeo and Juliet is more than a romantic tale—it is a reflection on the consequences of impulsiveness, the fragility of human relationships, and the tragic cost of enmity passed down through generations. The play continues to resonate across cultures and eras, serving as a powerful artistic expression of love's potential and peril.

Choice of subject :

The choice of Romeo and Juliet as a subject for artistic study is both compelling and significant due to the play's enduring impact on literature, drama, and visual culture. Shakespeare's tale of two young lovers caught in the crossfire of familial hatred transcends time, culture, and geography, making it a universally relevant work of art. The subject is rich in emotional, thematic, and symbolic layers that lend themselves to artistic exploration—from the beauty and intensity of youthful love to the tragic consequences of impulsive decisions and inherited conflict.

The characters, though deeply individual, represent archetypes of passion, innocence, honor, and rebellion, providing a foundation for timeless interpretations in various artistic forms including theatre, painting, music, ballet, and film. By choosing Romeo and Juliet as the focus of an artistic study, one engages not only with the poetic brilliance and dramatic structure of the play but also with its visual imagery, powerful motifs, and the ways in which it continues to influence and inspire artists around the world. Furthermore, the play's treatment of light and darkness, fate and free will, life and death, makes it a fertile subject for artistic inquiry and expression.

Its emotional intensity and tragic beauty make it particularly suitable for analyzing how art can reflect, question, and shape human experience. Thus, the choice of Romeo and Juliet is not merely a study of a romantic tragedy but a deep artistic investigation into the human condition as envisioned by one of the greatest literary minds in history.

Objectives of Study :

1. To explore the artistic and literary elements employed by William Shakespeare in Romeo and Juliet.
2. To analyze the dramatic structure, dialogue, and poetic devices used in the play.
3. To examine the visual and symbolic representation of love, conflict, and tragedy in various adaptations of Romeo and Juliet.
4. To study the emotional depth and psychological portrayal of key characters through artistic lenses.
5. To understand the influence of Romeo and Juliet on different art forms such as painting, dance, theatre, film, and music.

Assumptions :

1. Romeo and Juliet is not only a literary masterpiece but also a rich source of artistic inspiration across multiple art forms.
2. The emotional and thematic depth of the play lends itself to varied artistic interpretations over time and across cultures.
3. Shakespeare's use of poetic language, symbolism, and dramatic tension contributes significantly to the artistic value of the play.
4. Visual, musical, and performative adaptations of Romeo and Juliet reflect changing artistic, social, and cultural sensibilities.
5. Artistic representations of Romeo and Juliet emphasize universal human emotions such as love, conflict, loss, and fate.

Research Methodology :

- Information Collection
- Field Study
- Analytical Methods
- Statistical Information
- Conclusions and Recommendations

Subject Analysis :

The subject of Romeo and Juliet offers a rich and multidimensional foundation for artistic analysis, as it intertwines powerful themes of love, fate, conflict, youth, and death within a tightly woven dramatic structure. At its core, the play is a study in emotional extremes—where passionate love and deep-seated hatred exist side by side, creating a volatile atmosphere that leads to inevitable tragedy. Artistically, Shakespeare uses this contrast to heighten the intensity of the narrative, with

love and violence often portrayed in the same breath. The language of the play is highly poetic and symbolic, filled with metaphors of light and darkness, celestial imagery, and oxymoronic expressions that capture the paradoxes of love and life.

Romeo and Juliet themselves are not just characters but representations of idealized love, whose emotions transcend reason and social boundaries, making them both relatable and mythic. The dramatic technique of foreshadowing, especially through the use of dreams, premonitions, and the prologue, adds an artistic layer that emphasizes the role of fate and the inescapable nature of the events that unfold. Furthermore, the play's settings—from the festive ball to the shadowy tomb—are crafted to mirror the internal states of the characters, enhancing the emotional and visual impact.

The tragic ending, though heartbreaking, is also artistically redemptive, as it brings about reconciliation and exposes the futility of hatred. Through this subject analysis, it becomes evident that Romeo and Juliet is not just a romantic drama but a deeply artistic reflection on the vulnerabilities of human nature, the beauty and danger of intense emotion, and the thin line between love and loss.

Literary Artistry in Romeo and Juliet :

Language and Poetic Form :

One of the most striking artistic features of Romeo and Juliet is Shakespeare's masterful use of language. The play is replete with poetic devices such as metaphor, simile, personification, and especially the use of the sonnet form. The prologue itself is a Shakespearean sonnet, encapsulating the tragic fate of the two lovers in just 14 lines. This compact poetic form sets a lyrical tone and establishes a sense of inevitability.

Throughout the play, Shakespeare uses rich imagery and symbolism to convey the intensity of the characters' emotions. For instance, Romeo's first encounter with Juliet is described with celestial metaphors—Juliet is a "rich jewel in an Ethiope's ear," and their love is compared to a "holy shrine." Such elevated poetic language not only intensifies the romantic atmosphere but also elevates the characters' youthful passion to a spiritual plane.

Dramatic Structure and Conflict :

Shakespeare's skillful dramaturgy enhances the artistic value of the play. The structure follows the classical five-act tragedy, with a clear exposition, rising action, climax, falling action, and catastrophe. The central conflict between love and social duty, youth and age, and individual desire versus family loyalty creates dramatic tension throughout the narrative.

The play's dialogue is crafted with rapid exchanges and vivid contrasts. The use of oxymorons such as "loving hate" and "feather of lead" reflects the confusion and intensity of adolescent love. Shakespeare's ability to blend comedy, romance, and tragedy in the same play is an artistic innovation

that broadens its emotional appeal and complexity.

Theatrical Innovations and Staging :

Original Performance Context :

Romeo and Juliet was written in the early 1590s and first performed by the Lord Chamberlain's Men. The Globe Theatre's open-air structure and Elizabethan theatrical conventions influenced how the play was staged and received. The absence of elaborate scenery placed greater emphasis on dialogue, physical gestures, and the actors' expressiveness, thereby heightening the audience's imaginative engagement.

Use of Space and Time :

Shakespeare employs innovative techniques in managing theatrical space and time. The rapid shifts from public spaces (streets, the market square) to private spaces (Juliet's chamber) reflect the contrast between social constraints and intimate emotions. Scenes such as the balcony scene use minimal props but powerful poetic language to create a deeply evocative atmosphere, illustrating the theatrical economy and creative use of minimal stage design.

Characterization and Performance :

The characters of Romeo and Juliet offer actors rich emotional material, from the innocence and impulsiveness of young love to the despair of inevitable loss. The complexity of characters such as Mercutio and the Nurse adds layers of humor and realism, balancing the idealism of the protagonists. This multifaceted characterization is an artistic achievement, allowing diverse interpretations and dynamic performances over centuries.

Visual Symbolism and Artistic Imagery :

Light and Darkness Motif :

Visual symbolism in Romeo and Juliet plays a crucial role in conveying thematic elements. The frequent contrast between light and darkness represents both the purity of love and the shadow of death. Juliet is often described as a radiant source of light in the dark world of Verona's feuding families. For example, Romeo refers to Juliet as "the sun" and a "bright angel."

This motif also enhances the play's dramatic tension. Many pivotal scenes, such as the lovers' nocturnal meetings and Romeo's exile, occur at night, symbolizing danger, secrecy, and fleeting happiness. The use of light and darkness enriches the play's aesthetic quality, inviting visual interpretation in stage and film adaptations.

The Symbolism of Poison and Death :

Poison and death are recurring images that foreshadow the tragic outcome. The vial of poison Romeo consumes and Juliet's dagger symbolize not only physical death but the destructive power of

passion and familial hatred. The artistic use of these symbols elevates the narrative from mere melodrama to a profound meditation on fate, mortality, and the consequences of entrenched conflict.

Cultural and Artistic Legacy :

Adaptations and Interpretations :

Romeo and Juliet has inspired countless adaptations across various artistic media, including opera, ballet, film, and visual arts. Each adaptation reflects the cultural context of its time, demonstrating the play's universal themes and artistic flexibility.

For instance, Sergei Prokofiev's ballet adaptation emphasizes the poetic and emotional essence through music and movement, highlighting the artistic interplay between literature and performing arts. Baz Luhrmann's 1996 film Romeo + Juliet modernizes the setting while preserving Shakespeare's original language, blending contemporary visual aesthetics with classical text. This creative fusion exemplifies how Romeo and Juliet continues to be a living artistic work.

Influence on Romantic Art and Literature :

The play's portrayal of youthful, idealized love has influenced the Romantic movement in literature and art. The archetype of star-crossed lovers has permeated poetry, painting, and music, often symbolizing the conflict between individual passion and social constraints. Romantic artists and writers draw upon the emotional intensity and tragic beauty embodied in Shakespeare's characters to explore themes of love, loss, and destiny.

Educational and Cultural Significance :

Beyond entertainment, Romeo and Juliet serves as a cultural touchstone in education and discourse on love, family, and social division. Its artistic study fosters critical thinking about human emotions and societal norms. Schools and universities worldwide include the play in curricula, encouraging students to engage with its artistic and ethical dimensions.

Conclusion :

In conclusion, Romeo and Juliet stands as a masterful artistic creation that continues to resonate with audiences due to its timeless exploration of love, fate, conflict, and human vulnerability. Shakespeare's exceptional use of poetic language, symbolic imagery, and dramatic structure elevates the narrative from a simple romantic tragedy to a profound artistic expression of the human condition. The characters of Romeo and Juliet, though young and impulsive, are drawn with such emotional depth and lyrical intensity that their story transcends its historical setting to become a universal symbol of passionate but doomed love.

The play's artistic brilliance lies in its ability to balance beauty and sorrow, light and darkness, hope and despair—inviting endless interpretations and adaptations across various art forms and cultures.

As an artistic study, Romeo and Juliet offers insight not only into Shakespeare's creative genius but also into the broader questions of life, death, emotion, and destiny. Its visual elements, thematic richness, and emotional power ensure that it remains a foundational work in the study of literature and art. Ultimately, the play endures not only because of the love story it tells but because of the artistic mastery with which that story is told—a mastery that continues to inspire artists, scholars, and audiences around the world.

Bibliography :

1. Bloom, Harold. Shakespeare: The Invention of the Human. Riverhead Books, 1998.
2. Greenblatt, Stephen. Will in the World: How Shakespeare Became Shakespeare. W.W. Norton & Company, 2004.
3. Neely, Carol Thomas. Women and Men in Shakespeare's Plays. Yale University Press, 1985.
4. Mack, Maynard. Shakespeare's Tragic Sequence. Yale University Press, 1957.
5. Wells, Stanley, and Gary Taylor, editors. The Oxford Shakespeare: Romeo and Juliet. Oxford University Press, 2008.
6. Girard, René. Deceit, Desire, and the Novel: Self and Other in Literary Structure. Johns Hopkins University Press, 1965.
7. www.wikipedia.com

Email Id : sanyuktapihu@gmail.com
Mobile no. 9372163566

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 173–177

हिंदी भाषा शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की संभावनाएं

Hicky Devadas
Assistant Professor, Govt. College of Teacher Education, Kozhikode, Kerala

सारांश :–

21वीं सदी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) का विकास शिक्षा क्षेत्र में एक नया युग लेकर आया है। भारत जैसे बहुभाषी देश में हिंदी भाषा की शिक्षा में AI की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह शोध लेख हिंदी भाषा शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की संभावनाओं, चुनौतियों और भविष्य की दिशाओं का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करता है।

मुख्य शब्द :– कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हिंदी भाषा शिक्षा, डिजिटल शिक्षा, भाषा प्रौद्योगिकी, व्यक्तिगत शिक्षा।

प्रस्तावना :–

हिंदी विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा है और भारत की राजभाषा के रूप में इसका महत्व निर्विवाद है। आज के डिजिटल युग में हिंदी भाषा की शिक्षा में नवाचार की आवश्यकता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता इस दिशा में एक क्रांतिकारी समाधान प्रस्तुत करती है। पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों की सीमाओं को पार करते हुए, AI आधारित तकनीकें व्यक्तिगत, इंटरैक्टिव और प्रभावी शिक्षण अनुभव प्रदान कर सकती हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी डिजिटल प्रौद्योगिकी और AI के उपयोग पर जोर दिया गया है। इस संदर्भ में हिंदी भाषा शिक्षा में AI की संभावनाओं का अध्ययन समसामयिक और आवश्यक है।

भाषा शिक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर व्यापक शोध हुआ है। चैपल एवं जयानी (2003) ने CALL (Computer Assisted Language Learning) के महत्व को रेखांकित किया था। वर्मा (2018) ने भारतीय भाषाओं में डिजिटल शिक्षा की चुनौतियों पर प्रकाश डाला है।

हाल के वर्षों में Machine Learning और Natural Language Processing के विकास ने भाषा शिक्षा में नई संभावनाएं खोली हैं। शर्मा एवं गुप्ता (2021) ने हिंदी NLP के विकास में आई प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया है। अग्रवाल (2022) ने AI आधारित भाषा शिक्षण ऐप्स की प्रभावशीलता पर अध्ययन किया है।

हिंदी भाषा शिक्षा में AI की मुख्य संभावनाएं :–

1. **व्यक्तिगत शिक्षण (Personalized Learning) :**

कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रत्येक छात्र की अधिगम शैली, गति और आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षण सामग्री को अनुकूलित कर सकती है।

Adaptive Learning Systems का उपयोग करके :

– छात्रों की कमजोरियों की पहचान और उसके अनुसार अभ्यास सामग्री प्रदान करना।
– व्याकरण, शब्दावली और उच्चारण में व्यक्तिगत सुधार योजना बनाना।
– प्रगति की निरंतर निगरानी और फीडबैक प्रदान करना।

2. बुद्धिमान ट्यूटरिंग सिस्टम (Intelligent Tutoring Systems)

ITS तकनीक के माध्यम से :

– वर्चुअल हिंदी शिक्षक का विकास जो 24 x 7 उपलब्ध हो।
– संवादात्मक शिक्षण जहां छात्र प्रश्न पूछ सकें।
– तत्काल संदेह निवारण और स्पष्टीकरण।
– विभिन्न शिक्षण विधियों का स्वचालित चयन।

3. प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (Natural Language Processing)

हिंदी NLP के विकास से :

– स्वचालित व्याकरण जांच और सुधार।
– वाक्य संरचना का विश्लेषण और सुझाव।
– शब्दार्थ विश्लेषण और संदर्भ आधारित शब्द चयन।
– लेखन कौशल में सुधार के लिए तत्काल फीडबैक।

4. वाक् पहचान और संश्लेषण (Speech Recognition & Synthesis)

उच्चारण और श्रवण कौशल विकास में :

– हिंदी उच्चारण की सटीकता की जांच।
– मातृभाषा के प्रभाव की पहचान और सुधार।
– श्रुतलेख अभ्यास के लिए स्वचालित Audio सामग्री।
– बोलचाल की हिंदी सीखने के लिए संवादात्मक अभ्यास।

5. गेमिफिकेशन और इंटरैक्टिव शिक्षण :

AI आधारित शैक्षिक खेलों के माध्यम से :

– भाषा सीखने को मनोरंजक बनाना।
– चुनौती स्तर का स्वचालित समायोजन।
– उपलब्धि आधारित पुरस्कार प्रणाली।
– सामूहिक शिक्षण गतिविधियां।

व्यावहारिक अनुप्रयोग –

1. स्कूली शिक्षा में :

– प्राथमिक स्तर पर देवनागरी लिपि सीखने के लिए AI ऐप्स।
– मध्य स्तर पर व्याकरण और रचना कौशल विकास।
– उच्च स्तर पर साहित्य विश्लेषण और आलोचनात्मक चिंतन।

2. उच्च शिक्षा में :-

– हिंदी साहित्य के विश्लेषण के लिए Text Mining.
– भाषा विज्ञान अनुसंधान में डेटा विश्लेषण।
– अनुवाद अध्ययन में Machine Translation का उपयोग।

3. व्यावसायिक प्रशिक्षण में :-

– सरकारी कर्मचारियों के लिए हिंदी प्रशिक्षण मॉड्यूल।
– व्यापारिक हिंदी सीखने के लिए विशेषीकृत कोर्स।
– न्यायपालिका में हिंदी के उपयोग हेतु प्रशिक्षण।

तकनीकी चुनौतियां :-

1. भाषाई जटिलताएं

– देवनागरी लिपि की जटिलता और संयुक्ताक्षरों की समस्या।
– क्षेत्रीय उच्चारण भेद और बोलियों की विविधता।
– संस्कृत तत्सम शब्दों की बहुलता।
– व्याकरणिक नियमों की जटिलता।

2. डेटा की कमी :

– गुणवत्तापूर्ण हिंदी भाषी डेटाबेस की कमी।
– विभिन्न स्तरों के लिए मानकीकृत सामग्री का अभाव।
– दृश्य है श्रव्य संसाधनों की सीमित उपलब्धता।

3. तकनीकी सीमाएं :

– हिंदी के लिए परिष्कृत AI मॉडल का अभाव
– Computing Resources की आवश्यकता।
– इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या।

सामाजिक-आर्थिक प्रभाव :

सकारात्मक प्रभाव :-

– शिक्षा की पहुंच में वृद्धि, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में।
– शिक्षा की लागत में कमी।
– मानकीकृत गुणवत्ता का आश्वासन।
– रोजगार के नए अवसर।

चुनौतियां :-

– पारंपरिक शिक्षकों की नौकरी पर प्रभाव।
– डिजिटल विभाजन की समस्या।
– सामाजिक संपर्क में कमी।
– भाषा की सांस्कृतिक जड़ों से दूरी।

भविष्य की दिशाएं :

- बेसिक हिंदी लर्निंग ऐप्स का व्यापक विकास।
- Speech Recognition की सटीकता में सुधार।
- सरकारी स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन।
- समग्र AI Tutoring Systems का विकास।
- Virtual Reality और Augmented Reality का एकीकरण।
- Cross-linguistic AI models का विकास।
- Quantum Computing के साथ Integration

नीतिगत सुझाव :-

सरकारी स्तर पर :

- हिंदी AI Research के लिए विशेष Funding.
- Public-Private Partnership को बढ़ावा।
- Data Collection और Standardization की योजना।
- शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में AI समन्वय।

शैक्षणिक संस्थानों के लिए :

- AI Literacy को पाठ्यचर्या में शामिल करना।
- शोध और विकास के लिए प्रयोगशाला।
- Industry Collaboration को प्रोत्साहन।
- छात्र और अध्यापक Faculty Exchange Programs.

निजी क्षेत्र की भूमिका :

- EdTech Startups को Support.
- Corporate Social Responsibility के तहत Funding.
- Technology Transfer और Knowledge Sharing.
- अंतरराष्ट्रीय Collab.

निष्कर्ष :-

हिंदी भाषा शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की संभावनाएं अत्यंत व्यापक और उत्साहजनक हैं। यद्यपि तकनीकी और सामाजिक चुनौतियां मौजूद हैं, परंतु उचित नीति निर्माण, अनुसंधान निवेश और Stakeholders के सहयोग से इन्हें दूर किया जा सकता है।

AI का उपयोग हिंदी शिक्षा को अधिक व्यक्तिगत, प्रभावी और सुलभ बना सकता है। इससे न केवल भाषा सीखने की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि हिंदी का वैश्विक प्रसार भी संभव होगा। भविष्य में AI और हिंदी भाषा शिक्षा का संयोजन भारत की भाषाई विरासत को संरक्षित करते हुए उसे आधुनिक युग के अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सफलता के लिए आवश्यक है कि हम तकनीकी को मानवीय स्पर्श के साथ संतुलित करें और भाषा की

सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए नवाचार को अपनाएं।

संदर्भ सूची :-

1. अग्रवाल, प्रिया (2022). "AI आधारित भाषा शिक्षण ऐप्स की प्रभावशीलता : एक तुलनात्मक अध्ययन', शैक्षिक तकनीकी जर्नल, खंड 15, अंक 3, पृष्ठ 45–62.
2. गुप्ता, राजेश कुमार (2021). 'डिजिटल इंडिया में हिंदी भाषा की चुनौतियां और संभावनाएं', भाषा विज्ञान पत्रिका, खंड 28, अंक 2
3. तिवारी, डॉ. संजय (2020). 'हिंदी शिक्षा में सूचना प्रौद्योगिकी का योगदान : आधुनिक शिक्षा, खंड 45, अंक 8
4. पांडे, डॉ. रमेश चंद्र (2019). 'भारतीय भाषाओं के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता : संभावनाएं और चुनौतियां', तकनीकी शिक्षा पत्रिका, खंड 22, अंक 1
5. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020). भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय।

P. : 9526266873

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 178–186

राजस्थान की पंचायती राज व्यवस्था में महिला सशक्तिकरण : न्यायिक दृष्टिकोण

रामचंद्र सिंह (शोधार्थी, विधि विभाग)
डॉ. संजुला थानवी (एसोसिएट प्रोफेसर)
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राजस्थान)

सारांश :–

राजस्थान की पंचायती राज व्यवस्था में महिला सशक्तिकरण और न्यायिक दृष्टिकोण विषयक यह लेख राज्य में महिलाओं को स्थानीय शासन में भागीदारी दिलाने की दिशा में किए गए संवैधानिक, विधिक एवं न्यायिक प्रयासों का समेकित विश्लेषण प्रस्तुत करता है। संविधान के 73वें संशोधन द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित किया गया,[1] जिसे राजस्थान सरकार ने 50% तक बढ़ाकर महिला सहभागिता को और सशक्त बनाया। इस आरक्षण ने महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र में नेतृत्व करने का अवसर दिया, जिससे ग्राम स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सामाजिक विकास संबंधी निर्णयों में उनका सक्रिय योगदान बढ़ा। न्यायपालिका ने भी महिला प्रतिनिधित्व की सुरक्षा एवं गरिमा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जावेद बनाम हरियाणा राज्य (2003) में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव लड़ने की योग्यता को जनसंख्या नियंत्रण जैसे व्यापक सामाजिक उद्देश्यों से जोड़ा और स्पष्ट किया कि चुनाव लड़ना मौलिक नहीं बल्कि वैधानिक अधिकार है, जिस पर तर्कसंगत प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा सारिका बनाम राज्य सरकार एवं राज्य बनाम शोभा देवी जैसे प्रकरणों में महिला सरपंचों के अधिकारों की रक्षा करते हुए स्पष्ट किया गया कि निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को उनके कार्यकाल के दौरान दबाव या प्रॉक्सी शासन के तहत कार्य करने के लिए विवश नहीं किया जा सकता। हालांकि, व्यवहारिक धरातल पर आज भी कई क्षेत्रों में महिलाओं को प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व, सामाजिक दबाव और निर्णय लेने की स्वतंत्रता की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। फिर भी, राज्य सरकार की नीतियों, संवैधानिक संरक्षण और न्यायिक समर्थन ने राजस्थान में महिला सशक्तिकरण की दिशा में पंचायती राज व्यवस्था को एक सशक्त मंच के रूप में स्थापित किया है।

मुख्य शब्द : पंचायती राज व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, न्यायिक दृष्टिकोण, प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व, न्यायिक संरक्षण, नेतृत्व क्षमता।

प्रस्तावना :–

आज सबसे ज्यादा इस्तेमाल और चर्चित शब्द है महिला सशक्तिकरण। सशक्तीकरण श्शब्द की सबसे

विशिष्ट विशेषता यह है कि इसमें शक्ति श्शब्द शामिल है, जहाँ महिलाएँ भौतिक और बौद्धिक संसाधनों पर नियंत्रण प्राप्त करती हैं और पितृसत्ता और लिंग आधारित भेदभाव की विचारधारा को चुनौती देती हैं। सशक्तिकरण एक जटिल अवधारणा है जिसकी व्याख्या कई तरीकों से की जाती है। अपने सरलतम रूप में सशक्तिकरण का मतलब सत्ता के पुनर्वितरण की अभिव्यक्ति है जो पितृसत्तात्मक विचारधारा और पुरुष प्रभुत्व को चुनौती देता है। यह एक प्रक्रिया और प्रक्रिया का परिणाम दोनों है। यह संरचनाओं और संस्थानों का परिवर्तन है जो लैंगिक भेदभाव को मजबूत करता है और नष्ट करता है। विजयंती (2000) के अनुसार, सशक्तीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके तहत महिलाएं अपनी आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए खुद को संगठित करने में सक्षम हो जाती हैं, ताकि वे अपने विकल्पों को बनाने और अपने संसाधनों को नियंत्रित करने के लिए अपने स्वतंत्र अधिक स्वयं के अधीनता को चुनौती देने और काम करने में सहायता करेगा। सशक्तिकरण जागरुकता और क्षमता निर्माण की एक की शक्ति और नियंत्रण कर निर्माण करहै है।

महिलाओं का सशक्तीकरण मानव अधिकारों और विकासात्मक प्रवचनों में तेजी से लोकप्रिय शब्द बनता जा रहा है। महिलाएं जीवन के सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। समाज के सामाजिक आर्थिक विकास के लिए महिलाओं का सशक्तीकरण एक आवश्यक बुनियादी शर्त है। यद्यपि महिलाओं की आबादी का आधा हिस्सा है, वे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति में अधीनता में असमान हैं। महिलाएं स्वाभिमान और स्वायत्तता के लिए संघर्ष कर रही हैं। 1980 के मध्य से महिलाओं दवारा अपनी उत्पीड़ित स्थिति और विभिन्न महिलाओं के आंदोलनों के माध्यम से दुर्दशा पर सवाल उठाने के कारण, महिला सशक्तिकरण का मुद्दा ध्यान में आया। महिला को पुरुषों के साथ समानता प्राप्त करने में मदद करने के लिए या लिंग आधारित भेदभाव को कम करने में सहायता के रूप में सशक्तिकरण की परिकल्पना की गई है।

राजस्थान की सामाजिक संरचना परंपरागत रूप से पुरुष प्रधान रही है, जहाँ महिलाओं की भूमिका घरेलू दायरे तक सीमित मानी जाती थी। किंतु लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के विस्तार और संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम, 1992 के लागू होने के बाद पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से महिलाओं को राजनीतिक मंच पर प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ। राजस्थान, जिसने 50% आरक्षण लागू कर इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाई, आज ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण बन चुका है। महिला सशक्तिकरण न केवल अधिकारों की प्राप्ति तक सीमित है, बल्कि यह निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी, नेतृत्व की क्षमता के विकास और सामाजिक परिवर्तन की ओर भी संकेत करता है। न्यायपालिका ने समय–समय पर अपने निर्णयों के माध्यम से महिलाओं के इस नवगठित अधिकार को संरक्षण और दिशा प्रदान की है। जावेद बनाम हरियाणा राज्य, सारिका बनाम राज्य सरकार, एवं राज्य बनाम शोभा देवी जैसे मामलों में न्यायालयों ने स्पष्ट किया कि महिला प्रतिनिधित्व केवल सांकेतिक नहीं, बल्कि प्रभावशाली होना चाहिए। यह लेख राजस्थान की पंचायती राज व्यवस्था में महिला सशक्तिकरण की प्रगति और उसमें न्यायिक दृष्टिकोण की भूमिका का समग्र विश्लेषण प्रस्तुत करता है। ग्रामीण स्थानीय निकायों को समग्र अंतरण वर्ष 2013–14 के 39.9% से बढ़कर 2021–22 के बीच 43.9% हो गया तथा पंचायत अंतरण (विकेंद्रीकरण) सूचकांक 2024 में यह सूचकांक 54.6% हो गया है।

रिपोर्ट यह दर्शाती है कि पंचायतों को अधिक स्वायत्तता और सशक्तिकरण मिल रहा है, हालांकि कुछ राज्यों में विकेंद्रीकरण की प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता है। विकेंद्रीकरण रैंकिंग में कर्नाटक अव्वल रहा जबकि

केरल और तमिलनाडु क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे, वहीं रैंकिंग में सुधार कर राजस्थान 8वें स्थान पर पहुंच गया।[2]

लेख के प्रमुख उद्देश्य :–

राजस्थान में पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत महिलाओं की भागीदारी का विश्लेषण करना, विशेषकर 73वें संविधान संशोधन और राज्य सरकार द्वारा किए गए कानूनी प्रावधानों की पृष्ठभूमि में।

1. महिला सशक्तिकरण की वास्तविक स्थिति को समझना, अर्थात आरक्षण के माध्यम से महिलाओं को प्राप्त अधिकारों का ग्राम पंचायतों में व्यवहारिक रूप से किस प्रकार क्रियान्वयन हुआ है।
2. न्यायपालिका द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का अध्ययन करना, जिनसे महिला पंचायती प्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा, उनकी भूमिका की वैधता और गरिमा सुनिश्चित हुई है।
3. प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व, सामाजिक दबाव, और निर्णय लेने की स्वतंत्रता जैसी व्यवहारिक चुनौतियों को उजागर करना, जिससे यह समझा जा सके कि कानूनी अधिकारों के बावजूद महिला नेतृत्व किन–किन अड़चनों का सामना करता है।
4. इस बात का मूल्यांकन करना कि न्यायिक दृष्टिकोण किस प्रकार महिला सशक्तिकरण को समर्थन और संवैधानिक संरक्षण प्रदान करता है, और पंचायतों में उनकी भूमिका को प्रभावशाली बनाता है।
5. स्थानीय शासन में महिलाओं के सशक्तिकरण की प्रक्रिया को एक सामाजिक परिवर्तन के रूप में रेखांकित करना, जिससे लोकतंत्र की जड़ें गांव स्तर तक मजबूत होती हैं।

शोध पद्धति :–

यह एक वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध है, जिसमें पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी, कानूनी प्रावधानों एवं न्यायिक दृष्टिकोण का विश्लेषण किया गया है। यह द्वितीयक डेटा पर आधारित शोध है, जिसमें विभिन्न विधिक निर्णयों, सरकारी दस्तावेजों, संविधान संशोधनों, पंचायती राज अधिनियम, शोध पत्रों, पुस्तकों एवं समाचार स्रोतों का उपयोग किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र :–

राजस्थान राज्य की पंचायती राज व्यवस्था, विशेष रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं की भूमिका एवं उससे संबंधित न्यायिक पहलुओं का :

1. न्यायिक निर्णयों की व्याख्या व उनका प्रभाव।
2. महिला प्रतिनिधित्व के सामाजिक प्रभावों की समीक्षा।
3. पूर्व एवं वर्तमान स्थिति की तुलना के माध्यम से परिवर्तन की दिशा को रेखांकित करना।

राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं (PRIs) के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कई संवैधानिक और विधिक प्रयास हुए हैं। इन प्रयासों ने महिलाओं की सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ करने, उनके नेतृत्व को बढ़ावा देने और निर्णय–निर्धारण की प्रक्रियाओं में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस संदर्भ में कुछ ऐतिहासिक कानूनी मामलों और निर्णयों ने विशेष भूमिका निभाई है, जिनमें :

विशाखा बनाम राजस्थान राज्य[3] (1997) : एक ऐतिहासिक फेसला यह मामला राजस्थान की एक महिला सामाजिक कार्यकर्ता भंवरी देवी के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना से जुड़ा था। भंवरी देवी

महिला विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत थीं और उन्होंने एक बाल विवाह को रोकने का प्रयास किया था। इसी प्रयास के कारण उन्हें हिंसा का शिकार होना पड़ा। यह घटना बताती है कि ग्राम स्तर पर कार्य करने वाली महिलाएँ, विशेषकर निर्वाचित प्रतिनिधि या कार्यकर्ता, कई बार अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करते समय हिंसा, अपमान या उत्पीड़न का सामना करती हैं। इस घटना के आधार पर दायर याचिका में सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक विशाखा दिशानिर्देश जारी किए। इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य कार्यस्थलों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए एक स्पष्ट ढांचा देना था।

संवैधानिक आधार :-

विशाखा दिशानिर्देशों को भारतीय संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों के अंतर्गत महिलाओं के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए स्थापित किया गया :–

1. अनुच्छेद 14 – समानता का अधिकार।
2. अनुच्छेद 19 – अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार।
3. अनुच्छेद 21 – जीवन और व्यक्तिगत सम्मान का अधिकार।

पंचायती राज में प्रासंगिकता :-

विशाखा दिशानिर्देशों का सीधा प्रभाव पंचायती राज की महिला प्रतिनिधियों (Elected Women Representatives -EWRs) पर पड़ा। ग्राम पंचायतों में कार्यरत महिलाओं को अक्सर धमकी, सामाजिक दबाव या मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जिससे वे स्वतंत्र रूप से कार्य नहीं कर पातीं। इन दिशानिर्देशों ने पंचायत स्तर पर महिलाओं को सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्त्वपूर्ण आधार प्रदान किया।

प्रभाव और नीतिगत बदलाव :-

1. महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित हुआ।
2. ईडब्ल्यूआर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुए, जिसमें उनके अधिकारों और कानूनी संरक्षण की जानकारी दी गई।
3. कानूनी जागरूकता अभियानों को बढ़ावा मिला, जिससे महिलाएँ अपने अधिकारों के प्रति अधिक सचेत हो सकें।
4. सामाजिक और सांस्कृतिक बाधाओं को दूर करने के लिए संस्थागत प्रयासों को बल मिला।

विशाखा बनाम राजस्थान राज्य न केवल एक कानूनी मील का पत्थर था, बल्कि यह स्थानीय शासन में महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने वाला एक निर्णायक मोड़ भी रहा। इस फैसले के पश्चात पंचायती राज व्यवस्था में महिला सशक्तिकरण को केवल आरक्षण तक सीमित न रखते हुए, एक समावेशी और संरक्षित नेतृत्व प्रणाली की ओर अग्रसर किया गया।

सारिका बनाम राज्य सरकार[4] एक महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णय है, जिसने पंचायती राज संस्थाओं (च्ल्पे) में महिला सशक्तिकरण और नैतिक आचरण के संबंध में गंभीर बहस को जन्म दिया। यह मामला विशेष रूप से राजस्थान के परिप्रेक्ष्य में अत्यंत प्रासंगिक और निर्णायक माना जाता है।

यह मामला उस समय चर्चा में आया जब राजस्थान सरकार ने पंचायती राज अधिनियम, 1994 में एक

नया संशोधन5 किया। इसमें यह प्रावधान जोड़ा गया कि पंचायती राज चुनाव में उम्मीदवार तभी खड़ा हो सकता है यदि उसके दो से अधिक जीवित बच्चे न हों, और यह शर्त महिला उम्मीदवारों पर भी समान रूप से लागू की गई। सारिका, एक महिला, जिसने तीसरे बच्चे को जन्म दिया था, सरपंच पद से अयोग्य घोषित कर दी गई। उसने इस निर्णय को राजस्थान उच्च न्यायालय में चुनौती दी कि :

1. क्या दो–बच्चे की नीति महिला सशक्तिकरण के अधिकारों का उल्लंघन करती है?
2. क्या यह नीति लैंगिक भेदभाव को बढ़ावा देती है?
3. क्या यह महिला के व्यक्तिगत और पारिवारिक निर्णय लेने के अधिकार में हस्तक्षेप है?

राजस्थान उच्च न्यायालय ने सरकार के पक्ष में निर्णय देते हुए कहा कि :

1. दो से अधिक बच्चों की शर्त जनसंख्या नियंत्रण की नीति का हिस्सा है, जो सार्वजनिक हित में है।
2. यह नीति सभी उम्मीदवारों पर समान रूप से लागू होती है – पुरुष और महिला दोनों।
3. यह प्रतिबंध लोकतांत्रिक संस्थाओं की गुणवत्ता और उत्तरदायित्व को बनाए रखने के लिए आवश्यक है।
4. यह किसी भी व्यक्ति को चुनाव लड़ने से रोकता नहीं है, बल्कि एक योग्यता की शर्त रखता है।

पंचायती राज और महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रासंगिकता :–

1. **उत्तरदायित्व आधारित सशक्तिकरण :** यह फैसला स्पष्ट करता है कि महिला प्रतिनिधियों को नैतिक और सामाजिक उत्तरदायित्वों का पालन करते हुए लोकतांत्रिक भूमिका निभानी चाहिए। इससे पंचायती राज में गुणवत्ता युक्त नेतृत्व को बढ़ावा मिलता है।

2. **नीतिगत समानता की पुष्टि :** इस निर्णय ने यह स्थापित किया कि महिला आरक्षण या सशक्तिकरण का अर्थ यह नहीं है कि वे नीतिगत और कानूनी बाध्यताओं से मुक्त रहेंगी। इसका उद्देश्य उन्हें बराबरी का अधिकार देना है, विशेषाधिकार नहीं।

3. **जनसंख्या नीति और महिला नेतृत्व :** महिलाएँ परिवार नियोजन और जनसंख्या स्थिरीकरण की नीतियों की प्रथम पंक्ति की प्रतिनिधि बन सकती हैं। यह निर्णय उदाहरण के माध्यम से नेतृत्व की भावना को बढ़ाता है।

4. **व्यक्तिगत अधिकार बनाम सार्वजनिक उत्तरदायित्व :** सारिका केस ने यह स्पष्ट किया कि पंचायती राज में नेतृत्व का पद सामाजिक जवाबदेही से जुड़ा होता है, और व्यक्तिगत स्वतंत्रता सार्वजनिक कर्तव्य की कीमत पर नहीं हो सकती। यह फैसला स्पष्ट करता है कि महिला सशक्तिकरण का मार्ग सिर्फ आरक्षण या पद प्राप्ति नहीं, बल्कि जवाबदेह और अनुशासित नेतृत्व से होकर गुजरता है। यह निर्णय महिला प्रतिनिधियों को सक्षम, नैतिक और सामाजिक रूप से जागरूक नेता बनने की प्रेरणा देता है।

73वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 :–

यह संशोधन राजस्थान सहित पीआरआई[6, 7]में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण अनिवार्य करता है, जिसने तब से राजस्थान पंचायती राज अधिनियम के तहत आरक्षण को बढ़ाकर 50% कर दिया है। हालांकि यह कोई केस लॉ नहीं है, लेकिन यह प्रावधान विभिन्न निर्णयों में कानूनी चुनौतियों और पुष्टियों का विषय रहा है :

भारत संघ बनाम राकेश कुमार[7] : में सर्वोच्च न्यायालय ने पीआरआई में महिलाओं और हाशिए के समुदायों के लिए आरक्षण की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा, अनुच्छेद 243डी की वैधता को मजबूत किया। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के आरक्षण समावेशी शासन और जमीनी स्तर पर महिला

सशक्तीकरण के लिए आवश्यक हैं।

राजस्थान में दो बच्चों के मानदंड को चुनौती : जावेद बनाम हरियाणा राज्य[8]

हालांकि यह मामला हरियाणा से संबंधित है, लेकिन यह राजस्थान के लिए प्रासंगिक है, क्योंकि राज्य ने राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 के तहत पंचायत चुनाव लड़ने के लिए दो बच्चों का मानदंड लागू किया है। हरियाणा सरकार ने अधिनियम9 में संशोधन करते हुए एक प्रावधान जोड़ा था, जिसके अनुसार तीन या उससे अधिक जीवित बच्चों वाले व्यक्ति को पंचायत चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया। इस संशोधन को कई व्यक्तियों ने चुनौती दी, जिनमें जावेद प्रमुख याचिकाकर्ता थे। उनका तर्क था कि यह प्रावधान मौलिक अधिकारों, विशेषकर अनुच्छेद 14 (समानता) और अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) का उल्लंघन करता है। उसने इस निर्णय को राजस्थान उच्च न्यायालय में चुनौती दी कि :–

1. क्या तीन से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति को पंचायत चुनाव से वंचित करना संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन है?
2. क्या यह प्रावधान 'तर्कसंगत वर्गीकरण' के मानकों को पूरा करता है?
3. क्या यह निर्णय जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में न्यायोचित कदम है?

निर्णय :–

सर्वोच्च न्यायालय ने दो बच्चों के मानदंड को बरकरार रखा, यह कहते हुए कि यह परिवार नियोजन को बढ़ावा देने का एक उपाय है और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं करता है।

संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन नहीं :–

न्यायालय ने माना कि यह एक तर्कसंगत वर्गीकरण है। इसका उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण को बढ़ावा देना है, जो एक वैध सार्वजनिक उद्देश्य है।

अनुच्छेद 21 का उल्लंघन नहीं :–

यह प्रतिबंध सिर्फ चुनाव लड़ने के अधिकार पर है, न कि बच्चे पैदा करने के अधिकार पर। व्यक्ति अपने इच्छानुसार बच्चे रख सकता है, लेकिन यदि वह पंचायती प्रतिनिधित्व चाहता है, तो उसे कुछ शर्तें माननी होंगी।

राज्य की नीतियों के साथ संगति :–

यह निर्णय जनसंख्या नियंत्रण, स्वस्थ मातृ–शिशु जीवन, और गुड गवर्नेंस की दिशा में लिया गया सही कदम है।

विधिक सिद्धांत :

	विधिक सिद्धांत	विवरण
1	तर्कसंगत वर्गीकरण	यदि वर्गीकरण एक वैध उद्देश्य की पूर्ति करता है, तो अनुच्छेद 14 का उल्लंघन नहीं होता।
2	चुनाव लड़ना मौलिक अधिकार नहीं	यह केवल वैधानिक अधिकार है, और उस पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।
3	जनसंख्या नियंत्रण	एक राष्ट्रहित का उद्देश्य है और इसके लिए सामाजिक नीति आधारित प्रतिबंध न्यायोचित हैं।

राजस्थान पीआरआई में महिलाओं पर प्रभाव :-

ग्रामीण राजस्थान में, जहाँ पितृसत्तात्मक मानदंडों के कारण महिलाओं का अक्सर परिवार के आकार पर सीमित नियंत्रण होता है, इस प्रतिबंध की आलोचना महिलाओं की चुनाव लड़ने की पात्रता को असंगत रूप से प्रभावित करने के लिए की गई है। यह उनकी राजनीतिक भागीदारी को सीमित करता है, सशक्तिकरण प्रयासों को कमजोर करता है।

शायरा बानो बनाम भारत संघ[10] :

मुख्य रूप से ट्रिपल तलाक को खत्म करने के लिए जाना जाता है, इस सुप्रीम कोर्ट के मामले ने अनुच्छेद 14, 15 और 21 के तहत महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों को मजबूत किया। निर्णय ने लैंगिक समानता और पितृसत्तात्मक प्रथाओं को खत्म करने में न्यायपालिका की भूमिका पर जोर दिया, जो सामाजिक–सांस्कृतिक बाधाओं का सामना कर रही पीआरआई में महिलाओं के लिए प्रासंगिक है।

राजस्थान पीआरआई के लिए प्रासंगिकता :-

यह निर्णय राजस्थान में ईडब्ल्यूआर के लिए कानूनी जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसी पहलों का समर्थन करता है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित करना और उन्हें अपने समुदायों में घरेलू हिंसा और लैंगिक भेदभाव जैसे मुद्दों को संबोधित करने के लिए सशक्त बनाना है।

शोध का निष्कर्ष :-

राजस्थान की पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी ने ग्रामीण भारत के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में एक क्रांतिकारी परिवर्तन की नींव रखी है। 73वें संविधान संशोधन एवं राज्य सरकार द्वारा पंचायती राज अधिनियम, 1994 में किए गए प्रावधानों के माध्यम से महिलाओं को ग्राम स्तर पर न केवल प्रतिनिधित्व का अवसर मिला, बल्कि उन्होंने निर्णय–निर्माण की प्रक्रिया में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सिद्ध की है। आरंभ में जहाँ महिला आरक्षण को केवल सांकेतिक माना गया, वहीं अब यह स्पष्ट हो गया है कि महिलाएँ स्थानीय शासन की दिशा, योजनाओं और प्राथमिकताओं को बदलने की क्षमता रखती हैं।

न्यायपालिका ने इस प्रक्रिया को न केवल संवैधानिक समर्थन प्रदान किया है, बल्कि अपने अनेक निर्णयों के माध्यम से महिला प्रतिनिधियों की गरिमा, अधिकार और कार्यक्षमता की रक्षा भी सुनिश्चित की है। जावेद बनाम हरियाणा राज्य, सारिका बनाम राज्य सरकार और राज्य बनाम शोभा देवी जैसे मामलों में अदालतों ने स्पष्ट कर दिया कि महिलाओं की भागीदारी किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है, जिसे किसी भी स्थिति में कमज़ोर नहीं होने दिया जा सकता।

हालाँकि व्यवहारिक धरातल पर अब भी कई चुनौतियाँ जैसे प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व, सामाजिक–पारिवारिक दबाव, अशिक्षा, और संसाधनों की कमी मौजूद हैं, फिर भी यह कहा जा सकता है कि राजस्थान की पंचायती राज व्यवस्था महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरक मॉडल के रूप में उभर रही है। महिला नेतृत्व ने ग्रामीण विकास को एक नई दृष्टि दी है, और आने वाले समय में यह भागीदारी न केवल शासन को अधिक समावेशी बनाएगी, बल्कि ग्रामीण समाज में स्थायी सामाजिक परिवर्तन का कारक भी बनेगी।

नीतिगत सुझाव :-

राजस्थान में पंचायती राज प्रणाली के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण की दिशा में अब तक हुए संवैधानिक,

कानूनी एवं न्यायिक प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित नीति–निर्माण आधारित सुझाव प्रस्तुत किए जाते हैं :

1. **प्रॉक्सी शासन की समाप्ति हेतु स्पष्ट विधिक व्यवस्था :** महिलाओं के नाम पर चुने गए प्रतिनिधियों के स्थान पर उनके पति या पुरुष परिजनों द्वारा वास्तविक सत्ता संचालन की प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए आवश्यक है कि पंचायती राज अधिनियम में प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व को दंडनीय अपराध घोषित किया जाए। राज्य चुनाव आयोग को इस संबंध में सतर्कता समितियाँ गठित करनी चाहिए जो वास्तविक कार्य करने वाले प्रतिनिधि की निगरानी करें।

2. **नियमित नेतृत्व एवं प्रशासनिक प्रशिक्षण :** राज्य सरकार को पंचायती राज संस्थानों के माध्यम से चुनी गई महिला प्रतिनिधियों के लिए अनिवार्य प्रशासनिक एवं विधिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। यह प्रशिक्षण न केवल पंचायती कार्यों को समझने हेतु हो, बल्कि निर्णय लेने की क्षमता, आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने हेतु भी हो।

3. **महिला साक्षरता एवं विधिक जागरूकता अभियान :** राज्य स्तर पर ''महिला ग्राम नेता साक्षरता मिशन'' जैसे विशेष कार्यक्रम चलाकर पंचायतों में कार्यरत महिलाओं को साक्षर बनाने के साथ–साथ उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देना आवश्यक है। इससे वे न केवल अपने अधिकारों के प्रति सजग होंगी, बल्कि ग्रामीण समाज में भी जागरूकता फैलेगी।

4. **स्थानीय महिला प्रतिनिधि मंचों की सोपना :** महिला सरपंचों और पंचों के बीच सहयोग एवं अनुभव साझा करने के लिए ज़िला व राज्य स्तर पर महिला प्रतिनिधि मंचों या नेटवर्क की स्थापना की जाए। राज्य में जिला स्तर पर ''महिला पंच–सरपंच परिषद'' जैसे संगठनों का गठन किया जाए, जो न केवल अनुभव साझा करें बल्कि एक–दूसरे को सशक्त बनाने का माध्यम भी बनें। यह मंच राज्य स्तरीय नीति–निर्माण में भी भागीदारी कर सके।

5. **तेज़ और सक्रिय न्यायिक प्रणाली :** महिला प्रतिनिधियों के विरुद्ध यदि कोई भेदभाव, धमकी या कार्य में बाधा उत्पन्न की जाती है, तो इसके निवारण हेतु तेज़ न्यायिक प्रणाली की आवश्यकता है। इसके लिए पंचायत मामलों से संबंधित विशेष न्यायाधिकरण गठित किए जाएँ जो त्वरित निर्णय दे सकें।

6. **राजनीतिक दलों में आंतरिक लोकतंत्र और महिला भागीदारी :** राजनीतिक दलों को प्रोत्साहित किया जाए कि वे पंचायत चुनावों में केवल आरक्षण के आधार पर नहीं, बल्कि महिला प्रत्याशियों को सामान्य सीटों से भी मैदान में उतारें। इससे महिला नेतृत्व की गुणवत्ता और दीर्घकालिक भागीदारी सुनिश्चित होगी।

7. **सकारात्मक सामाजिक और मीडिया समर्थन :** महिला पंचायती प्रतिनिधियों की सफलताओं, संघर्षों और उपलब्धियों को प्रचारित करने हेतु मीडिया को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इसके साथ ही स्कूलों और समुदायों में लिंग–संवेदनशील प्रशिक्षण के माध्यम से समाज को मानसिक रूप से तैयार करना आवश्यक है कि वे महिला नेतृत्व को स्वीकार और सम्मान करें।

इन नीतिगत सुझावों को अपनाकर न केवल राजस्थान की पंचायती राज प्रणाली को अधिक समावेशी एवं न्यायसंगत बनाया जा सकता है, बल्कि यह पूरे भारत के लिए महिला सशक्तिकरण का एक अनुकरणीय मॉडल सिद्ध हो सकता हैं।

संदर्भ :-

1. 73वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1992
2. पंचायत अंतरण (विकेंद्रीकरण) सूचकांक 2024
3. विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य, एआईआर 1997 एससी 3011
4. Smt. Sarika Versus State of Rajasthan & Others, Civil Writ Petition No. 9237/2010, 16 जुलाई 2010, राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ।
5. The Rajasthan Panchayati Raj (Second Amendment) Act, 2010
6. अनुच्छेद 243डी
7. यूनियन ऑफ इंडिया बनाम राकेश कुमार, (2010) 4 एससीसी 50
8. जावेद बनाम हरियाणा राज्य, (2003) 8 एससीसी 369
9. हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994
10. शायरा बानो बनाम भारत संघ, (2017) 9 एससीसी 1

अन्य स्रोत :-

1. पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार की रिपोर्ट।
2. महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण शासन, सामाजिक न्याय विषयक साहित्य।
3. महिला प्रतिनिधियों से संबंधित समसामयिक घटनाएँ एवं विश्लेषण।

mpchoudhary1978@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 187–191

The Impact of the Indian Knowledge System in Education

Dr. Vidhya. P, Associate professor and Head,
Department of BCOMCS, Sri Ramakrishna College of Arts & Science
Dr. Reka. R, Assistant professor, Department of BBA,
Sri Ramakrishna College of Arts & Science
Dr. Sajitha. J, Assistant professor and Head Department of Languages,
Sri Ramakrishna College of Arts & Science

Abstract :

The Indian Knowledge System (IKS) represents a vast, rich heritage of philosophical, scientific, artistic, and cultural traditions developed over millennia. In recent years, there has been a renewed interest in integrating IKS into modern educational frameworks, particularly with the implementation of the National Education Policy (NEP) 2020. This article explores the historical roots, components, and contemporary relevance of IKS in education. It evaluates the pedagogical benefits of IKS, highlights practical implementations in curricula, and discusses challenges and future prospects. By revitalizing IKS within academic spaces, India can foster a more holistic, inclusive, and culturally resonant education system that prepares students for both local relevance and global participation.

Keywords : Indian Knowledge System, Education, NEP 2020, Indigenous Knowledge, Ancient India, Curriculum Reform, Holistic Learning, Sanskrit, Ayurveda, Gurukula

1. Introduction :

India's educational heritage is among the oldest and most profound in the world. From the Vedas and Upanishads to works on mathematics, medicine, astronomy, and the arts, India's indigenous knowledge has shaped global civilizations. The Indian Knowledge System (IKS) encompasses this vast intellectual tradition.

In the post-colonial era, Indian education largely followed Western pedagogical frameworks, often sidelining native knowledge systems. However, the NEP 2020 has proposed a paradigmatic shift by integrating IKS into mainstream curricula. This initiative aims to develop an education system

that is deeply rooted in Indian ethos while being globally competitive.

This article delves into the significance, evolution, and practical implications of IKS in education. It critically examines how integrating IKS contributes to sustainable learning, cultural identity, and innovation in the 21st century.

2. Historical Overview of Indian Knowledge System

2.1 Vedic and Post-Vedic Education :

The Vedic period (1500–500 BCE) laid the foundation of Indian intellectual traditions. Knowledge was transmitted orally through the Gurukula system, where students lived with their teachers and learned subjects such as philosophy, linguistics, astronomy, and mathematics.

2.2 Classical Contributions :

Texts such as the Arthashastra, Charaka Samhita, and Aryabhatiya demonstrate early Indian excellence in political science, medicine, and mathematics, respectively. Universities like Nalanda and Takshashila attracted students worldwide and fostered critical thinking and scientific inquiry.

2.3 Medieval Innovations :

During the medieval period, scholars continued to advance knowledge in linguistics, astronomy, music, and metallurgy. Bhaskara II's astronomical work and the literary excellence of Bhartrihari remain influential.

2.4 Colonial Disruption and Westernization :

British colonial education policies emphasized English-medium instruction and Western curriculum, marginalizing indigenous practices. Macaulay's Minute (1835) dismissed Indian literature as inferior, leading to the decline of Sanskrit-based education.

3. Components of the Indian Knowledge System

IKS is a multidisciplinary and integrative framework that includes :

3.1 Philosophical Systems :

Six classical schools of Indian philosophy—Nyaya, Vaisheshika, Samkhya, Yoga, Mimamsa, and Vedanta—offer diverse approaches to epistemology, ethics, and metaphysics. These schools foster critical thinking, logic, and value-based reasoning.

3.2 Language and Literature :

Sanskrit, Tamil, Pali, and Prakrit have rich literary traditions. The Paninian grammar system (Ashtadhyayi) is considered one of the most sophisticated linguistic models globally.

3.3 Science and Technology :

Ancient Indian texts include treatises on astronomy (Surya Siddhanta), chemistry (Rasaratnakara), mathematics (Lilavati), and metallurgy (Iron Pillar of Delhi).

3.4 Medicine and Health :

Ayurveda and Siddha systems emphasize holistic healing, dietary science, and preventive care, forming the basis for modern integrative medicine.

3.5 Arts, Architecture, and Aesthetics :

Classical music (Carnatic and Hindustani), dance (Bharatanatyam, Kathak), and temple architecture reflect a deep interconnection between spirituality, creativity, and mathematics.

4. Pedagogical Relevance of IKS

IKS-based education promotes holistic development, fostering not just cognitive growth but also emotional, ethical, and spiritual awareness.

4.1 Experiential Learning :

Gurukulas emphasized "learning by doing," which aligns with modern pedagogical principles such as experiential and project-based learning.

4.2 Multisensory Approach :

Traditional Indian education utilized oral recitation, music, visuals (yantras, mandalas), and movement (yoga, dance) to enhance retention and creativity.

4.3 Contextual and Local Knowledge :

IKS promotes locally relevant knowledge—such as indigenous farming, water conservation, and herbal medicine—thus making education more meaningful and community-driven.

4.4 Interdisciplinarity :

Subjects in IKS are interconnected. For example, Ayurveda combines botany, chemistry, anatomy, and psychology. This aligns with NEP's call for multidisciplinary education.

5. Integration of IKS in Modern Education

5.1 NEP 2020 Mandate :

NEP 2020 encourages integrating IKS in all levels of education—school to higher education. It advocates for teaching Sanskrit, promoting Indian languages, and revisiting ancient Indian achievements in textbooks.

5.2 Curriculum and Content :

Several CBSE schools and universities now include modules on Vedic mathematics, Indian logic, Ayurveda, and Indian philosophy. The AICTE has launched IKS Centers to promote related research.

5.3 Teacher Training :

Capacity building is essential. Workshops on Indic pedagogies, Sanskrit teaching, and integrative health are conducted to familiarize educators with IKS.

5.4 Research and Publications :

IKS is gaining attention in academia. Journals, research papers, and digitization projects are documenting India's vast indigenous knowledge resources.

6. Case Studies and Best Practices

6.1 Chinmaya Vishwavidyapeeth and Indic Academy :

These institutions offer courses in Indian epistemology, linguistics, and aesthetics, combining ancient texts with modern inquiry.

6.2 IITs and IIMs :

Select IITs and IIMs offer electives on Indian heritage, yoga science, and management principles from texts like the Bhagavad Gita and Arthashastra.

6.3 NCERT and CBSE Initiatives :

Curriculum reforms include celebrating Indian festivals, teaching local stories, and learning regional arts and crafts.

6.4 Community-Based Learning :

Non-formal education platforms integrate tribal knowledge, folk medicine, and ecological wisdom into learning systems.

7. Challenges in Mainstreaming IKS

7.1 Resistance and Misconceptions :

IKS is sometimes dismissed as unscientific or outdated. Overcoming this bias requires evidence-based research and academic rigor.

7.2 Curriculum Overload :

Adding IKS to existing curricula may create information overload if not designed integratively.

7.3 Resource Constraints :

There is a lack of trained teachers, updated textbooks, and scholarly translations of classical texts.

7.4 Standardization vs. Diversity :

IKS is inherently diverse. A standardized approach may risk oversimplification or loss of local specificity.

8. Policy Recommendations :

- **Institutional Support** : Establish IKS departments in all major universities.
- **Curriculum Development** : Create flexible, modular IKS content aligned with NEP guidelines.
- **Research and Translation** : Fund research in Sanskrit, Tamil, Pali, and tribal languages to unlock knowledge hidden in primary texts.

- **Teacher Training** : Conduct regular in-service training on IKS pedagogy and content.
- **Public Awareness** : Use documentaries, mobile apps, and exhibitions to promote IKS to the wider public.

9. Global Relevance of IKS :

Indian philosophy and Ayurveda are gaining global acceptance. Yoga is now a billion-dollar global industry. IKS-based sustainability models—like zero-waste living, ethical economics, and cooperative societies—resonate with global movements toward environmental and social responsibility.

10. Future Prospects :

With digitization, AI, and global collaboration, IKS can be revived and shared globally. Creating open-source databases, multilingual platforms, and virtual museums can democratize access. A future-ready education system must integrate the best of tradition and innovation, and IKS offers precisely that blend.

Conclusion :

The Indian Knowledge System is a living heritage that offers profound insights into education, health, ethics, and sustainability. Integrating it into mainstream education fosters national pride, intellectual independence, and holistic development. As India seeks to redefine its role in the global knowledge economy, re-embracing IKS is both a cultural imperative and a strategic opportunity.

References :

1. National Education Policy 2020 – Government of India
2. AICTE Indian Knowledge System Cell [https://iksindia.org]
3. Radhakrishnan, S. (2009). Indian Philosophy. Oxford University Press.
4. Michel Danino (2010). The Lost River: On the Trail of the Sarasvati. Penguin.
5. Subhash Kak (2000). The Astronomical Code of the Rigveda.
6. Kapil Kapoor (2016). Text and Interpretation: The Indian Tradition.
7. NCERT Position Paper on Heritage Education (2005)
8. Dharampal. (2000). The Beautiful Tree: Indigenous Indian Education in the 18th Century.
9. UNESCO. (2003). Convention for the Safeguarding of the Intangible Cultural Heritage.

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 192-196

नारी सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

सत्यवती कुमारी
शोधार्थी, पंचपरगनिया भाषा विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची।

सारांश :-

एक नारी को शिक्षित करने का तात्पर्य एक पूरे परिवार व समाज को शिक्षित करना है। समाज के लिए नारी का स्वस्थ, खुशहाल, समझदार, व्यवहार कुशल, बुद्धिमान होना जरूरी है और शिक्षा से ही संभव है। आज हमारा देश जनसंख्या की दृष्टिकोण से प्रथम स्थान पर पहुँच गया है। प्रथम स्थान सुनकर मुझे बहुत ही आनन्द का अनुभव हो रहा है। मगर उतना ही दु:ख का भी।

दु:ख इसलिए कह रही हूँ कि कालान्तर में भी हमारा देश गरीबी और अशिक्षा से उभर नहीं पा रहा है। आज जहाँ नारियों को जितनी शिक्षा मिलनी चाहिए, उतना नहीं मिल पायी।

नारी सशक्तिकरण का तात्पर्य है कि नारियों द्वारा शक्ति तथा संसाधनों की प्राप्ति से है जिससे कि वे अपने सही निर्णय ले सके एवं दूसरों के द्वारा लिए गए गलत निर्णयों का विरोध कर सके। शिक्षा नारी सशक्तिकरण के लिए प्रथम और मूलभूत साधन है। प्रस्तुत शोधालेख में नारी सशक्तिकरण में शिक्षा की क्या भूमिका है तथा नारी शिक्षा के मार्ग में जो भी बाधाएँ हैं, उनको दर्शाने का प्रयत्न किया गया है।

प्रमुख शब्द :- सशक्तिकरण, सहसंबंध, समाज, शिक्षित, संसाधन, नारी।

प्रस्तावना :-

यह सर्वमान्य है कि शिक्षा ही वह उपकरण है जिससे महिला (नारी) समाज में अपनी सशक्त, समान तथा उपयोगी भूमिका की अनुमति करा सकती है। मनुष्य जीवन में शिक्षा ही एक ऐसा आधार है जहाँ नारियों में दक्षता, कौशल, ज्ञान एवं क्षमताओं का विकास होता है। शिक्षित महिला न केवल अपने आप को शिक्षित करती है, बल्कि अपने परिवार, समाज को भी शिक्षित करने का काम करती है।

शिक्षा ही मानव समाज की सबसे कीमती गहना है, चाहे वह पुरूष हो अथवा नारी। खासकर अगर जिस किसी भी नारी के पास शिक्षा नहीं है और वह स्त्री अत्यधिक कीमती गहना अपने आप को सुन्दर दिखाने के लिए पहनी हो तो वह सुन्दरता बाहरी रूप से चमकेगा, मगर आंतरिक दृष्टि से फीका ही दिखेगा।

शिक्षा के द्वारा एक नारी असहाय व अबला से सशक्त और सबला बनती है। नारी सशक्तिकरण का तात्पर्य है नारियों में छिपी हुई उन शक्तियों, गुणों तथा प्रतिभाओं को विकसित करना, जिनको व्यवहार में लाकर

व अपने विकास की ओर स्वयं कदम बढ़ा सके। यह कार्य केवल शिक्षा के द्वारा ही संभव है। शिक्षा हर मानव जीवन के दरवाजे की कुंजी है, जिसका प्रथम एवं अंतिम लक्ष्य ज्ञानरुपी प्रकाश को फैलाना तथा अज्ञानता रूपी अंधेरे को दूर करना है।

सदियों से पतिभक्ति में दीक्षित भारतीय नारी अभी तो मुक्ति का संघर्ष लड़ रही है। इस मुक्ति के लिए उसे शक्ति चाहिए। भक्ति, मुक्ति, शक्ति और तृप्ति की ये चार लहरें नारी शक्ति को एक अभिव्यक्ति देती है।

बीते हुए समय में पितृसत्तात्मक और सामन्ती समाज में नारी को वस्तु की तरह प्रयोग किया है। एक तरह से उसे दास बनाकर रखा गया, जैसे – भीगे कपड़े को निचोड़ा जाता है, वैसे ही नारी को निचोड़ा गया, उसका दोहन किया गया। वर्तमान समय में नारी शिक्षा के प्रति नारी शिक्षा के प्रचार और प्रसार ने नारी चेतना को एक नूतन ऊर्जा प्रदान की है। राज्य और केन्द्र की सरकारों की विभिन्न योजनाओं ने नारी शक्ति को शक्ति प्रदान की है। ग्रामीण नारी को शिक्षा के द्वारा स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। आज डिजिटल प्रौद्योगिकी और सूचना क्रांति ने ग्रामीण समाज में परिवर्तन की नयी जमीन तैयार की है। आधुनिक राजनैतिक चेतना ने ग्रामीण समाज में लोकतंत्रीय सोच व विचार को एक नयी दिशा दी है।

"यत्र नार्यस्तु पुज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।"

अर्थ – जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते हैं। यह सूक्ति पूरे भारतवर्ष में स्वतः चरितार्थ होती है।

यह कहना उचित होगा कि जहाँ जगत जननी सीता, राधा, रूक्मणी, अहिल्याबाई, शबरी एवं सती सावित्री आदि महान नारियों ने नारी जाति के लिए आदर्श प्रस्तुत किया, जिसका अनुकरण सम्पूर्ण नारी जाति के लिए करना चाहिए, जिससे वे अपना जीवन कल्याणकारी बना सके। नारी शक्ति का रूप होती है। यदि नारी अपनी शक्ति का प्रयोग कल्याण मार्ग में करती है तब वह पूजनीय व वंदनीय हो जाती है तथा जब वह इस शक्ति का प्रयोग अमंगल व अशोभनीय कार्यों में लगाती है तब वह विनाश का रुप ग्रहण कर लेती है जो परिवार, समाज, राष्ट्र, संसार सबके लिए अहितकारी हो जाता है।

जब हमारा देश अंग्रेजों के गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था, उस समय इस देश को आजाद कराने में महान नारियों का अहम् योगदान था। उन सभी महान नारियों में झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम अग्रणी व अमर है, जिन्होंने अपने धर्म व राष्ट्र की रक्षा के लिए प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का कुशल नेतृत्व करते हुए अपनी वीरता से अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे।

इस तरह अगर पंचपरगनिया भाषा–भाषी ग्रामीण क्षेत्रों के नारियों के संदर्भ में देखा जाये तो शिक्षा का स्तर बहुत ही निम्न है, क्योंकि जिस स्तर का नारियों को शिक्षा मिलनी चाहिए, वैसा नहीं मिल पाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी विद्यालय है भी तो उसमें शिक्षक नहीं है और बिना शिक्षक के पढ़ाई संभव नहीं है।

पूरे विश्व में पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं (नारियों) में शिक्षा का स्तर आधे से भी कम है। भारत आज भी विकसित देशों की श्रेणी में नहीं आता है। इसका मुख्य कारण शिक्षा भी है। स्वतंत्रता के पश्चात् मुख्यतः नारियों की शिक्षा का स्तर अत्यंत ही दयनीय थी। उस समय पुरूषों की साक्षरता दर 20 प्रतिशत थी, वहीं महिलाओं (नारियों) की साक्षरता दर 8.9 प्रतिशत ही था।

उद्देश्य :-

निःसंदेह स्वतंत्र भारत में नारियों की स्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। मगर ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी शिक्षा के क्षेत्रों में काफी पीछे है और संतोषप्रद स्वीकार नहीं किया जा सकता है। वर्तमान समय में देखा जाये तो आजादी के कई वर्षों के बाद भी शिक्षा व्यवस्था में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। आज भी लाखों, करोड़ों महिलाओं (नारियों) का शोषण, उत्पीड़न व गरीबी, भूखमरी की दंश झेल रही हैं। न जाने इन समस्याओं के कारण हर दिन कितने नारियाँ काल की कगार में समा जा रहे हैं।

इस प्रकार से नारियों की शिक्षा व्यवस्था में हो रही समस्याओं का कुछ प्रमुख बिन्दु निम्न प्रकार है :-

- **गरीबी** – ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर छात्र–छात्राएँ गरीबी की पृष्ठभूमि से आते हैं और उनके शिक्षा का खर्चा जैसे – ड्रेस, पाठ्यपुस्तकें, परिवहन खर्च आदि का वहन नहीं कर सकते हैं। इस कारण से भी नारी शिक्षा को प्रभावित करता है।
- **योग्य शिक्षिकाओं की कमी** – नारी शिक्षा में योग्य शिक्षिकाओं की कमी भी एक मुख्य कारण है, क्योंकि जब तक प्रशिक्षित शिक्षिका नहीं होगी, तब तक वह सही शिक्षा नहीं दे सकती। इसलिए प्रशिक्षित शिक्षिकाओं का होना अति आवश्यक है।
- **उचित मार्गदर्शन का अभाव** – दूरदराज के क्षेत्रों में अर्थात् ग्रामीण इलाकों के छात्राओं (नारियों) में अपार क्षमता है और इसलिए वे सीखने के लिए इच्छुक हैं, परन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में खराब शिक्षा परिदृश्य के कारण उन्हें सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तो नहीं मिलता और साथ ही साथ उचित कोचिंग भी नहीं मिल पाती है।
- **लैंगिक असमानता** – ग्रामीण शिक्षा में एक प्रमुख मुद्दा जो अभी भी मान्यता है, वह है लैंगिक असमानता तथा नारी शिक्षा की कमी। कुछ क्षेत्रों में नारियों को विद्यालय जाने की अनुमति नहीं है और अगर अनुमति है भी तो एक निर्दिष्ट आयु सीमा तक ही सीमित है। उन्हें उच्च शिक्षा तथा बेहतर रोजगार के अवसरों की तलाश में अपने समाज को छोड़ने की अनुमति नहीं है।
- **बाल विवाह** – अभिभावक बेटियों की पढ़ाई को उनकी शादी पर होने वाले खर्च के साथ जोड़ते हैं। इसी कारण से वे अपनी बेटियों को उसी स्तर तक का शिक्षा देते हैं, जहाँ वे उनके लिए सुयोग्य दुल्हा (वर) मिल सके। इसी कारण से छोटी उम्र में ही शादी होने के कारण बेटियाँ पढ़ नहीं पाती और अपना जीवन को मजबूर होकर अंधकार की ओर ढकेल देती है।
- **आर्थिक समस्या** – ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे बड़ी समस्या आर्थिक समस्या ही है। कारण है समानता एवं असमानता का क्योंकि लड़कों की अपेक्षा लड़कियों को कम शिक्षा देना।

खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की यही मानसिकता है कि लड़कियाँ तो पराया धन होती है, वे शादी होकर अपना ससुराल चली जाएगी तो उनको ज्यादा शिक्षा देकर क्या लाभ? लेकिन ऐसा सोचना बिल्कुल गलत है।

वर्तमान समय में शिक्षा एक निवेश है जिसके लिए समुचित मात्रा में धन की आवश्यकता होती है। सरकार को ध्यान देना चाहिए कि लड़कियों के शिक्षा के लिए अलग से धनराशि लागू करना चाहिए, ताकि नारियों की शिक्षा में आर्थिक समस्या के कारण कोई भी रूकावट नहीं पैदा हो।

- **बुनियादी ढांचे का अभाव** – अधिकतर देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों के कई विद्यालयों में स्वच्छ पानी, शौचालय, बिजली और पर्याप्त कक्षाओं जैसे बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। जिससे कि सभी छात्र –छात्राओं के लिए अपनी पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित करना कठिनाई होती है।
- **स्थानीय भाषा में बाधा** – कई क्षेत्रों में देखा गया है कि छात्र–छात्राओं में अपनी स्थानीय बोली बोलते हैं जो शिक्षण भाषा से अलग होती है।
- **दोषपूर्ण प्रशासन** – नारी शिक्षा का पूर्णतः विकास न होने का कारण दोषपूर्ण प्रशासन भी है। नारियों की शिक्षा के विकास में अनेक प्रकार की प्रशासनिक कठिनाईयों एवं बाधाएँ देखने को मिलता है। अध्ययन के पश्चात् पता चला कि लगभग सभी राज्यों में नारी शिक्षा का प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर पुरूष ही है। पुरूष अधिकारी होने के कारण संभवतः नारियों की विशिष्ट आवश्यकताओं को न समझ पाते हैं और न ही नारी शिक्षा में विशेष रूचि लेते हैं। नारी शिक्षा के लिए प्रशासन व पर्यवेक्षण का उत्तरदायित्व नारियों को ही सौंप देना चाहिए।

यह भी कहा जा सकता है कि भारतीय समाज पुरूष प्रधान समाज है। महिलाओं को पुरूषों के बराबर सामाजिक दर्जा नहीं दिया जाता है और उन्हें घर की चाहरदिवारी तक ही सीमित कर दिया जाता है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में स्थिति अच्छी है, परन्तु इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि कालान्तर में भी देश की अधिकांश आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है।

- **घर से विद्यालय की दूरी** – हमारा देश अथवा प्रदेश, जहाँ शिक्षा के नाम पर हमेशा राजनीति होती है। शिक्षा के नाम पर सरकार करोड़ों–अरबों रुपया केवल कागज–कलम तक ही पानी की तरह बहा दे रही है। इन पैसों का सदुपयोग धरातल पर कभी देखने को नहीं मिलता है। अभी भी ऐसे बहुत सारे बच्चे हैं जिनके लिए प्राथमिक विद्यालय तक पहुँचना बहुत ही मुश्किल है। यह समस्या खासतौर पर लड़कियों के मामले में गंभीर होते जा रही है। पूर्व सर्वेक्षण से पता चला कि जिन गांवों–कस्बों में विद्यालय नहीं है, वहां ही लड़कियाँ प्रायः कक्षा पांच के बाद पढ़ाई छोड़ देती है। इसका मुख्य कारण यह है कि माता–पिता अपनी बेटियों को पढ़ाई के लिए दूसरे जगह के विद्यालय (जहां उच्च विद्यालय हो) में भेजना पसंद नहीं करते।

नारी शिक्षा की आवश्यकता निम्नलिखित दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है :–

- नरी शिक्षा परिवार, समाज के लिए विशेष उपयोगी होता है।
- शिक्षित नारी अपने तथा आने वाली पीढ़ी के भविष्य को उज्जवल बनाने में सफल होती है।
- अपने संतानों की सुशिक्षा एवं सुसंस्कार शिक्षित नारी से ही संभव है।
- नारी का 'नारीत्व' शिक्षा से ही निखर आता है, न कि कपड़ों व ब्यूटीक्रीम से।
- शिक्षित नारी ही गौरवान्वित अस्तित्व को समझ सकती है।
- नारी शिक्षा, नारियों को पारिवारिक, सामाजिक तथा राष्ट्रीय दायित्वों एवं कर्तव्यों का बोध करती है।
- सहिष्णुता, साहस, सहनशीलता जैसे गुणों का व्यक्तित्व में शामिल करने हेतु नारी शिक्षा की आवश्यकता है।
- नारी की शिक्षा से उनका शोषण रोकने में सहायता मिलेगी और निर्णय लेने की क्षमता सशक्तिकरण का

एक बड़ा मानक है। शिक्षा का निर्णय लेने की क्षमता से घनात्मक एवं सार्थक सह–संबंध है।

- शिक्षा सामाजिक सशक्तिकरण के लिए प्रथम एवं मूलभूत साधन है। नारी सशक्तिकरण का तात्पर्य है कि नारियों में छिपी हुई उन शक्तियों, गुणों तथा प्रतिभाओं को विकसित करना, जिनको व्यवहार में लाकर वे अपने विकास की ओर स्वयं कदम बढ़ा सके और यह कार्य केवल शिक्षा के द्वारा ही संभव है।

निष्कर्ष :-

निष्कर्ष के तौर पर यह कहा जा सकता है कि नारी सशक्तिकरण के लिए नारी शिक्षा अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। शिक्षा के बिना किसी को भी सशक्त बनाना असंभव है। शिक्षा से ही नारियों में आत्मविश्वास, आत्मजागृति एवं अपने अधिकारों तथा सरकार के द्वारा दिये जाने वाले सभी प्रकार के अवसरों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी, ताकि वे अपने कौशल का विकास कर सकेगी एवं आत्मनिर्भर बनकर अपने महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं लेकर एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में सहयोग कर सकती है। नारी शिक्षा समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाती है। यदि परिवार, समाज व सरकार नारियों के शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और सहयोगी भावना रखकर अपना योगदान देगा तो शिक्षित नारियों की संख्या बढ़ेगी और नारी के साथ–साथ समाज भी सशक्त बनेगा। इस तरह प्रदेश सरकार भी यह प्रयास कर रहा है कि आधी आबादी को शिक्षा के द्वारा इतना सशक्त बनाया जाये कि वह न केवल स्वयं बल्कि परिवार, समाज व सरकार को एक नई दिशा व दशा प्रदान कर सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पी० डी० शर्मा – महिला सशक्तिकरण और नारीवाद।
2. डॉ० वी० एन० सिंह – नारी सशक्तिकरण और ग्रामीण समाज।
3. ई० प्रेमलता सिंह, डॉ० सुधा सिंह – महान नारी शक्ति।
4. भाग्यलक्ष्मी जे० (2008) – महिला अधिकारिता बहुत कुछ करना शेष योजना।
5. देवपुरा प्रतापमल (2006) – महिला सशक्तिकरण में शिक्षा का महत्व।
6. तिवारी, आर० पी० (1999) – भारतीय नारी : वर्तमान समस्याएँ एवं समाधान।
7. गुप्ता, एस० पी० तथा अलका गुप्ता (2008) – भारतीय शिक्षा का इतिहास, विकास एवं समस्याएँ, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
8. अग्निहोत्री, रविन्द्र (2006) – आधुनिक भारतीय शिक्षा की समस्याएँ और समाधान, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर।
9. मकोल नीलम, शर्मा संदीप (2006) – सामाजिक विकास में शिक्षित महिलाओं का योगदान।

मो० नं० –9155761616

E-Mail ID : satyawatik337@gmail.com

surekhalakra61@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 197-200

परिवार में नातेदारी का घटता महत्व : एक सामाजिक चुनौती

डॉ. दीपिका शुक्ला
समाज शास्त्र विभाग।

सारांश :-

भारतीय परंपराओं में नातेदार एक ऐसा माध्यम होते थे जिनके ठहाकों के शोर में घर की चारदीवारी महक उठती थी।दशकों से चली आ रही परंपराओं में हमारे नातेदारी की भुमिका बहुत महत्वपुर्ण होती थी। सारी रस्में–रिवाजों में परिवार के अधिकतर नातेदार जैसे हमारे सगे–संबंधियों पर ही निर्भर होती थी। वर्तमान में परिवारों की रीतियां परिवार्तित हो गई है। कुछ परिवर्तन में आधुनिकता, दिखावे का शोर, पाखंडता, व्यक्तिगत मनमुटाव ने तेजी से वह भूमिका निभाई जो विज्ञान और उसके द्वारा निर्मित उपकरणों के माध्यम से भी न हुआ था। भारतीय ही परंपराओं के आरंभिक जनक थे। सतत प्रथाओं की जड़े परिवारों, सगे–संबंधियों, पड़ोसियों को बेल के जैसे जोड़े रखती थी। संभवतः हमारी पीढ़ी इनके जड़ों को सींचना भूल गई है, नहीं तो समाज की यह बेल घरों की मुंडेर पर तोरण के रूप में सजती रहती थी। इस अध्ययन का उद्दे य वर्तमान परिवारों के नातेदारी की घटती भूमिकाओं को परिवारिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करना है साथ ही कुछ ऐसे प्र नों जैसे कि –

(1) किन कारणों से भारतीय नातेदारी समाप्त होने के कगार पर है।

(2) क्या आधुनिकता पारिवारिक संवेदनाओं पर हावी है।

इनका समाधान खोजने का प्रयास करना है।

संकेतक शब्द – नातेदारी, संवेदना, परिवार, व्यक्तिगत स्वार्थ।

वर्णनात्मक शोध आलेख

प्रस्तावना :-

वर्तमान की कुछ ऐसी घटनाएँ जिन्होंने मानवीय समाज व पारिवारिक प्रेम से सींचे जाने वाली नातेदारियों को शर्मसार कर दिया है। सोचिए एक ऐसा देश जहाँ नातेदारों के बिना परिवार की रस्में पूरी नहीं होती थी, वहाँ पर चाचा ने भतीजी के साथ, फुफेरे भाई ने ममेरी बहन के साथ, देवर ने भाभी के साथ छेड़खानी की जैसी खबरों नें मानवीयता को झकझोर कर रख दिया है। हमारा समाज विकास की ओर अग्रसर है पर क्या यह विकास सकारात्मक रूप से परिवारों में दिखाई देता है? मानवीय संवेदनाएँ अचानक से विलुप्त होने लगी हैं जिसका

सर्वाधिक प्रभाव हमारे पारिवारिक नातेदारी में दिखता है। प्राचीन काल में व्यवहारात्मक नातेदारी में राजा भी अपना कर्त्तव्य नहीं भूलते थे। महाभारत में द्रौपदी और कृष्ण का संबंध, कृष्ण.देवकी से ज्यादा यशोदा कृष्ण संबंध, दुर्योधन व कर्ण का संबंध कई ऐसे व्यवहारात्मक नातेदारी के प्रतिमान जिनमें नातेदारी की व्यवहार बहुलता उत्पन्न हुई है।

इरावती कर्वे का मानना है कि महाभारत सकारात्मक व नकारात्मक दोनो मानवीय भावनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला है।

वर्तमान परिदृश्य यह वर्णन करता है कि हमारी पारंपरिक नातेदारी का परिवार में महत्व निरंतर कम होता जा रहा है। समाज इसे एक समस्या, एक चुनौती और एक विडम्बना के रूप में देख रहा है। मैने अपने अध्ययन में पारंपरिक नातेदारी के घटते महत्व से संबंधित कुछ प्रश्नो की जिज्ञासा को हल करने का प्रयास किया है। प्रश्न नातेदारी क्या है् नातेदारी के स्थापित प्रतिमान कौन से हैं?

''श्री जी् डंकन मिचेल'' के अनुसार नातेदारी संस्कृति का वह हिस्सा जो जन्म और विवाह के आधार पर बने संबंध की अवधारणाओं एवं विचारों से संबंधित होता है अर्थात व्यक्तियों का ऐसा समूह जो एक दूसरे के रक्त संबंधी होते हैं या वैवाहिक संबंधी।

कर्वे द्वारा अपनी पुस्तक ''किनशिप आर्गनाइजेशन इन इंडिया'' में भारतीय नातेदारी के चार प्रतिमानों का वर्णन किया है।

1) उत्तरी क्षेत्र में भारोपीय अथवा सांस्कृतिक व्यवस्था।
2) दक्षिण क्षेत्र में द्रविड़ नातेदारी।
3) मिश्रित प्रतिमानों का एक मध्य क्षेत्र (यथा महाराष्ट्र में विद्यमान) तथा
4) पूर्व में मुडांरी नातेदारी व्यवस्था। जबकि कई अन्य लोग भारत में– दो प्रकार की नातेदारी की बात करते है उत्तर या दक्षिण अर्थात आर्य नातेदारी और द्रविड़ नातेदारी व्यवस्था।

प्रश्न – क्या वर्तमान नातेदारी व्यवस्थित पारंपरिक स्वरूप में समाज व परिवार में स्थापित है?

डॉ. अमित कुमार शर्मा अपने लेख में लिखते हैं कि भारतीय नातेदारी व्यवस्था जन्म से विवाह तक संबंधित प्रथाओं एवं रीतियों की विविधता की अभिव्यक्त करती है। मैंने भी आकलन किया कि जितनी भी सांस्कृतिक परिपाटियाँ हैं हमारे समाज में उसमें नातेदारी के प्रत्येक सदस्य को लेकर कोई न कोई रिवाज बनी हुई हैं। बरहौं संस्कार के कलश उत्तारने में देवर, सोबर पुताई में ननद, पिपरी पिसाई में सास, विवाह के पहले उबटन लगाने की प्रथा में बुआ व भाभी, जूता छुपाने में साली, तिलक में जीजा–साले, परछन में घर परिवार की बड़ी औरतें तथा द्वार छेकाई में वर की बहनों से रस्में पूरी होती थी। जो कि अब कुछ रस्मे पार्लर में या किसी जुगाड़ में सम्पन्न कर ली जाती हैं। जीजी, जीजा, भाभी के बिना होली का त्योहार फीका पड़ जाता था। उत्तर भारत कि अपेक्षा दक्षिण या द्रविड़ नातेदारी में वही पारंपरिक रूप देखने को मिलता है इसकी वजह हम मान सकते कि

विवाह के लिए आस–पास की नातेदारी में सुयोग्य घर परिवार पर ही विवाह संबंध बनाना।

प्रश्न – नातेदारी का महत्व क्या है? कौन सी समस्याओं से परिवार को बचाती हैं नातेदारी?

हमारे परिवार मे नातेदारी एक फूलों की बगिया के जैसे होती थी जिसकी हर क्यारी अलग प्रकार के फूलों से महकती रहती थी, उस क्यारी का व्यवस्थित स्वरूप वर्तमान में रुफ गार्डन के रूप में देख सकते हैं। फूलों की पसंद की तरह वर्तमान में नातेदारी का निभाना भी पसंद पर निर्भर हो गई हैं।

परिवार व समाज के विकास के स्वरों को समझने में नातेदारी मदद करती है। व्यक्तियों व सदस्यों के व्यवहारों को नियंत्रित करती है। नातेदारी ही हमारे अधिकारों तथा कर्तव्यों का निर्धारण करके व्यक्तियों को सम्मान व प्रतिष्ठा दिलाती हैं।

मानवशास्त्री ए. आर. रेडक्लिफ ब्राउन का कहना है कि नातेदारी में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दावली अन्य विशेषताओं के अतिरिक्त एक निश्चित नातेदार के अधिकारों व कर्तव्यों के वर्गीकरण की ओर इंगित करता है। परिवार में देवलोक गमन जैसी समस्याओं पर नातेदार ही साथ खडे होते हैं। विवाह व्यवस्था में हर सदस्य का छोटा–सा प्रयास रहता है। मानवीय संस्कारो के विलोपन मे फूफा–मामा की फटकार की कमी ही मानी जा सकती है। आधुनिकता युवा पीढ़ी को चुबक के जैसे आकर्षित कर रही जिसमें हमारी दादी–नानी, मौसी–बुआ की पारंपरिक परिहास को जानने में मददकर उनकी रस्मों को "TRENDING" में लाया जा सकता हैं।

प्रश्न – कौन से प्रयासों से नातेदारी का घटता महत्व भारतीय परिवारों में पारंपरिक पुरातन स्वरूप में वापस लाया जा सकता है?

1953 में प्रकाशित ''इरावती कर्वे का लेख– द किनसिप मैप ऑफ इंडिया में'' कर्वे कहती है कि महिलाएं बारबार अपने माता पिता के घर आ–जा सकती है जिससे विवाहित महिलाओं द्वारा झेला जा रहा तनाव भी कम किया जा सकता है। प्रायः हम कह सकते है कि तनाव में स्वंम के नातेदार उसकी मानसिक स्थिति को शांत करने का प्रयास करते हैं। परिवार को जोड़कर रखने की सलाह बड़े बुजुगों द्वारा सदैव से ही दी जाती रही है। नातेदारी की पुनः स्थापना या उचित स्थान पर लाने के लिए नातेदारी या सगे–संबंधियों को हंसी–मजाक के संबंध, आत्मीयता एवं असीमित स्वतंत्रता पर कड़ी नजर का माहौल देकर बच्चों में विकास करना होगा।

परिवार में व्यवस्था एवं मर्यादा बनाए रखने के लिए कुछ व्यवहारो की आवश्यकता अनुरूप सामाजिक मान्यता एवं स्वीकृति प्राप्त होती है। नातेदारी के माध्यम से हंसीं–मजाक, विनोद का संबंध परिवार की सुख–शांति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिणामस्वरूप वैचारिक मतभेद, वैमनस्य अपना स्वार्थपरकता जैसी मानसिक विभीषिकाओं से सदस्यों को सुरक्षित रखती है नातेदारी।

निष्कर्षः हम कह सकते हैं कि भारतीय परिवार की जड़े हमारी सगे–संबंधियों को बेल के पेड़ जैसे जोड़े रखने वाली रही हैं। संभवतः हमारी पीढ़ी इन जड़ों को सींचना भूल गयी हैं नहीं तो परिवार की नातेदारी बेल की तरह घरों के मुंडेर पर तोरण के रूप में सजती रहती।

वक्त के साथ हमें नातेदारी की मिठास और मुरझाती भावनाओं को व्यक्तिगत प्रेम की औषधि से परिवार

को जोड़कर रखना होगा। आत्मीयता ब अपनापन एकमात्र शस्त्र है परिवार में नातेदारी के घटते महत्व को कम करने लिए। आधुनिकता की पराकाष्ठा से भारतीय संवेदना को बचाकर भावी परिवारों में संयुक्त परिवार प्रणाली अपनानी होगी समाजीकरण व सामाजिक नियंत्रण नातेदारी में होते है जिनसे परिवार की जड़े मजबूत रहती हैं।

संन्दर्भ सूची :-

1. डॉ. अमित कुमार भार्मा, भारत में नातेदारी व्यवस्था आलेख, भारत ब्रांड डॉट कॉम 23/04/2023 लेखक समाज ाास्त्र जवाहरलाल नेहरू वि ववविद्यालय नई दिल्ली।
2. श्री कैला ा मीणा, नातेदारी अर्थ, परिभाशा, प्रकार, श्रेणियां, कैला ा एजुके ान 03/10/2022
3. डॉ. ज्योति राघवन, कमला नेहरू कॉलेज नई दिल्ली कृत, इरावती कर्वे एवं नातेदारी व्यवस्था।
4. डॉ. इरावती कर्वे 1953 किनि ाप ऑर्गनाइजे ान इन इडिया डेक्कन कॉलेज मानोग्राफ सीरिज 11 पूनाः डेक्कन कॉलेज पोस्ट– ग्रेजुएट एण्ड रिसर्च।
5. वेवसाइट https://www.nayadost.in>2021/04 सुत्रों के अनुसार नातेदारी।
6. द्वितीयक स्रोतों पर आधारित।

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 201–205

समाज और शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. आम्बेडकर के जीवन दर्शन की प्रासंगिकता

डॉ. बिक्रम कुमार साव
असिस्टेंट प्रोफेसर, बैरकपुर राष्ट्रगुरु सुरेंद्रनाथ कॉलेज।

जातिवाद और अस्पृश्यता के दलदल में फंसे भारतीय समाज को उबारने का उपक्रम करने वालों में डॉ. आंबेडकर अग्रणी हैं। दुर्दम्य जिजीविषा वाले बाबा साहेब जैसे सत्पुरुष किसी–किसी देश में पैदा होते हैं। उन्होंने भारतीय समाज के स्वाधीनता आंदोलन, मजदूर आंदोलन, प्रशासन और शिक्षा को एक साथ प्रभावित किया। चूंकि समाज परिवर्तन की प्रक्रिया कई स्तरों पर और कई पद्धतियों से चलने वाली एक अखंड प्रक्रिया है। व्यक्ति या वर्ग के समूह से जब समाज बनता है तो धीरे–धीरे कुछ नियम–उपनियम बनाये जाते हैं। इन नियम–उपनियमों को समूहमन बनाता है। इसके मूल में दृष्टि केवल इतनी ही होती है कि उस समाज में स्थित प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तित्व विकास के अवसर प्राप्त हों, मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करा लेने के लिए किसी और पर जबरदस्ती न हो अथवा एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति पर, एक गुट दूसरे गुट पर हावी न हो। प्रत्येक को विकास के अवसर उपलब्ध करा देना किसी भी समाज की पहली और अंतिम नैतिक जिम्मेदारी होती है। अवसरों को प्राप्त करा देने हेतु धीरे–धीरे नियम, उपनियम और नियंत्रण की एक चौखठ बनने लगती है। उसके समर्थन के लिए शास्त्र बनता है, धर्म और नैतिकता का उपयोग भी इस चौखठ को मजबूत बनाए रखने के लिए किया जाता है। जब यह कार्य समाज मन से नहीं हो पाता अथवा पारंपरिक चौखठ व्यक्तित्व विकास में बाधा बनने लगती है तब उनमें से कोई संवेदनक्षम व्यक्ति नई चौखठ की घोषणा ईश्वर या धर्म के नाम पर कर देता है।

धर्म–संस्थापक के रूप में वह वास्तव में व्यक्ति और समाज की पशुवत आकांक्षाओं को नियंत्रित करने का काम करता है। यह बनी बनाई चौखठ सैकड़ों वर्षों तक उपयोगी सिद्ध हो जाती है। कालांतर में जब यह चौखठ व्यक्ति विकास में बाधा उपस्थित करती है, तो परिणामतः कोई और संवेदनक्षम व्यक्ति इस चौखठ के विरोध में विद्रोह कर एक नयी चौखठ देता है। प्रत्येक युग के अनुसार व्यक्ति की आवश्यकताओं में, आशा–आकांक्षाओं में और महत्त्वाकांक्षाओं में परिवर्तन होने लगता है। नई आकांक्षाओं को पुरानी चौखठ द्वारा पूर्ण करना संभव नहीं हो पाता इसलिए विद्रोह अनिवार्य–सा हो जाता है। इस कारण प्रत्येक देश, समाज और धर्म में विद्रोही और क्रांतिकारी महापुरुष जन्म लेते हैं और तत्कालीन समाज को नई दिशा देते हैं। डॉ. आंबेडकर इसी परंपरा के विद्रोही महापुरुष हैं। पारंपरिक सामाजिक सिद्धांत को गलत साबित करते हुए वे लिखते हैं "व्यक्ति समूह से समाज बनता है। यह एक बहुत ही स्थूल और मामूली वक्तव्य है। समाज कभी भी व्यक्ति से नहीं बनता, वह वर्ग

से ही बनता है। प्रत्येक समाज में वर्ग अस्तित्व में होते हैं। वर्ग–रचना के मूल में निहित कारण अलग–अलग होते हैं। कभी आर्थिक, कभी बौद्धिक, कभी राजनीतिक कारणों से वर्ग बनते हैं। व्यक्ति किसी–न–किसी वर्ग की इकाई बनकर ही जीना चाहता है। यह एक वैश्विक सत्य है। हिंदू समाज भी इसके लिए अपवाद नहीं है। इस नियमनुसार वर्ग जाति में रूपांतरित होते गए। वास्तव में 'जाति और वर्ग यह आमने–सामने रहने वाले पड़ोसी की तरह होते हैं। बहुत मामूली भेदों के कारण उनका अस्तित्व भिन्न–भिन्न लगता है। वस्तुतः जाति एक स्वयं मर्यादित वर्ग है।''[1]

भारतीय समाज के जाति–व्यवस्था के मूल में श्रम विभाजन का सिद्धांत काम कर रहा है, ऐसी स्थापना आर्यसमाजियों की रही है। परंतु डॉ. आंबेडकर ने कहा "जाति–संस्था केवल श्रम विभाजन नहीं है. वह श्रमिकों का भी विभाजन है। केवल श्रमिकों का विभाजन करके ही वह रुकती नहीं, अपितु श्रमिकों के एक–एक समूह को वह नीचे से ऊपर की ओर, एक–दूसरे पर रखती जाती है और सबसे भयंकर बात यह है कि यह क्रमबद्धता जन्म के आधार पर हमेशा के लिए चिपका दी जाती है। विश्व के किसी भी देश में श्रम विभाजन को श्रमिकों के सामाजिक स्तर के साथ चिपकाया नहीं गया है।''[2] भारतीय समाज में जाति को धार्मिकता से जोड़ा गया है। मूल धर्म ने ही एक गलत अमानवीय व्यवस्था का समर्थन किया है। शास्त्रों में जाति–धर्म की परंपरा को बनाये रखा गया है। शास्त्रों की हँसी उड़ाकर यह व्यवस्था खत्म होने वाली नहीं है। इसके विरोध में प्रखर बुद्धिवाद और समतावादी समाज रचना के प्रति प्रतिबद्धता की नितांत आवश्यकता है। बाबा साहेब का मानना था कि वर्ण व्यवस्था की जड़ों पर आघात करना जरूरी है। जब तक यह जड़ें तोड़ नहीं डाली जाएँगी, तब तक अस्पृश्यता की मनसिकता या वर्ग भेद की मनसिकता समाप्त नहीं हो सकती। इसलिए संपूर्ण देशभर की जनता के लिए वे 'समान नागरी कानून के आग्रही प्रतिपादक थे। संसद में उन्होंने कहा "समान नागरी कानून होना ही चाहिए। हिंदू, मुसलमान और ईसाई धर्म पर आधारित कानूनों में जहाँ मतभेद के मुद्दे हैं, उन्हें विचारपूर्वक हल करना चाहिए। सब में कुछ समानता के मुद्दे भी हैं। केवल मतभेदों के मुद्दों से बात नहीं बन सकती। समान नागरी कानून हमारा अंतिम उद्देश्य है।"[3]

अखिल भारतीय सेड्यूल्ड कास्ट फेडरेशन के 30.01.45 को कानपुर में हुए अधिवेशन में भाषण देते हुए उन्होंने यह स्पष्ट किया कि सामाजिक समता की इस लड़ाई में दलितों को महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी है। कमजोर वर्ग को संघटित होकर अपने अधिकार खुद ही प्राप्त करने चाहिए। उनका कथन है "मैं अस्पृश्य समाज को राजनीतिक अधिकार दिला देने के लिए प्रयत्नशील हूँ। देश की स्वतंत्रता के लिए काम करने वाले बहुत से युवक हैं। दलित युवकों का उद्‌घार उन्हें खुद करना है। दलितों के उद्‌घार से ही सचमुच का स्वराज्य संभव है।"[4]

उनके मतानुसार किसी भी देश की समाज रचना में निम्नलिखित बातें होनी चाहिए :

1. उस समाज–व्यवस्था में विषमता अधिक मात्रा में न हो।
2. वहाँ विरोधी दल का अस्तित्व हो।
3. कानून और प्रशासन में समानता हो। ये एक–दूसरे के लिए पूरक हों, विरोधक नहीं।
4. संवैधानिक नैतिकता के पालन की वृत्ति जनता तथा शासक में हो। असंवैधानिक आचरण न हो।
5. बहुसंख्यकों का वर्चस्व न हो।
6. उस समाज में नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि महत्त्व दिया जाता है। नैतिक मूल्य आचरण में प्रस्थापित हुए

हों।

7. जागृत जनमत हो। देश के प्रशासन के प्रति जनता संवेदनशील हो। देश में घटित घटनाओं, पारित कानूनों के प्रति उनमें अत्यधिक जागरूकता हो।
8. संविधान और कानून से प्राप्त अधिकारों का उपयोग करते समय किसी व्यक्ति या वर्ग को अगर आतंकित किया जाये अथवा वहिष्कृत किया जाये तो उसे कानूनन अपराधी घोषित किया जाना चाहिए।
9. धर्म के नाम पर इकट्ठी होने वाली संपत्ति का दुरुपयोग न हो। इस हेतु सार्वजनिक धर्मादाय संस्थाएँ निर्माण कर उन पर नियंत्रण रखने के लिए कानून बनाने चाहिए।

इस प्रकार अन्य समाज सुधारकों की तुलना में आंबेडकर की अपनी कुछ विषेशताएँ हैं। चिंतन के स्तर पर सामाजिक पुनर्रचना संबंधी विचारों को स्पष्ट करना, उन्हें सिद्ध करना और उसी समय उन विचारों के आधार पर सामाजिक आंदोलनों की मोर्चेबंदी करना– यह आंबेडकर के समाज सुधारक व्यक्तित्व की विषेशता है। अपने समय में वे संपूर्ण समाज की पुनर्रचना की बात कर रहे थे। समाज रचना की पुरानी इमारत को दुरुस्त करने के स्थान पर वे उसे पूर्णतः गिराकर नई इमारत बाँधना चाह रहे थे। अन्य समाज सुधारकों में और उनमें यहीं पर अंतर दृष्टिगोचर होता है। उनकी धारणा थी कि छोटे–मोटे उपचार से सामाजिक विषमता का यह रोग समाप्त नहीं हो सकता। वर्ण और जाति–व्यवस्था की नींव पर भारतीय समाज की इमारत खड़ी हुई है। इस नींव को खत्म कर समता, बंधुता और करुणा की नींव पर नई इमारत खड़ी करनी होगी, ऐसी उनकी प्रतिबद्धता थी।

सामाजिक विचारों की तरह ही उनकी शिक्षा संबंधी विचार बहुत स्पष्ट और सरकार की जिम्मेदारी की ओर संकेत करने वाले हैं। समाज के सबसे सामान्य, शोषित और उपेक्षित व्यक्ति तक शिक्षा की सुविधाएँ पहुँचनी चाहिए, ऐसा उनका आग्रह था। परंपरा से नकारे गये वर्ग को उच्च शिक्षा हेतु अधिक खर्च करना न पड़े, ऐसी व्यवस्था हो, ऐसा उनका आग्रह था। परंपरा से नकारे गये वर्ग को उच्च शिक्षा हेतु अधिक खर्च करना न पड़े, ऐसी व्यवस्था हो, ऐसा उनका आग्रह था। विश्वविद्यालय की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा था "स्नातक और छात्रों के पाठ्यक्रम द्वारा सांस्कृतिक प्रगति करने के लिए महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को एकत्र होना जरूरी है।"[5]

शिक्षा को डॉ. आंबेडकर दुधारू शस्त्र मानते हैं। उनका मानना था – "चरित्रहीन और विनयहीन शिक्षित व्यक्ति पशु से भी अधिक भयंकर होता है। सुशिक्षित मनुष्य का ज्ञान और उसकी शिक्षा जनहित के विरोध में जा रही हो, तो ऐसा व्यक्ति समाज के लिए शाप साबित होता है।"[6] शिक्षा संबंधी उनके इन विचारों में और प्रेमचंद के विचारों में अद्‌भुत समानता है। प्रेमचंद भी शिक्षा को 'कुशिक्षा और सुशिक्षा' में बाँटते हैं। डॉ. आंबेडकर भी शिक्षा के माध्यम से चरित्र निर्माण को अधिक महत्त्व देते हैं। शिक्षा संबंधी उनके विचार इस प्रकार हैं :–

1. निःशुल्क और अनिवार्य रूप से प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था प्रत्येक के लिए हो।
2. साक्षरता प्रचार के लिए अशिक्षित, प्रौढ़ शिक्षा की योजना हो।
3. औद्योगिक शिक्षा पर विशेष बल हो।
4. दलित, अस्पृश्य और पिछड़ी जातियों के प्रतिभा संपन्न और बुद्धिमान युवकों को उच्च शिक्षा के लिए सरकारी कोष की व्यवस्था हो।
5. प्रादेशिक विश्वविद्यालयों की स्थापना हो।

शिक्षा के माध्यम से सामाजिक व्यवस्था में सुधार लाने का प्रयत्न डॉ. आंबेडकर ने पूरे मनोयोग से किया। किसी भी समाज की उन्नति का अंदाजा वे उस समाज की स्त्रियों की उन्नति से करते थे। भारतीय समाज में नारियों की दयनीय स्थिति को देखकर वे बहुत दुखी होते थें। दलित परिवारों में ही नहीं, अपितु तथाकथित उच्च वर्गों की महिलाओं की दशा भी भारतीय समाज में ठीक नहीं थी। समाज में उनका नारी उत्थान का काम दलित–शोषित नारी समाज तक ही सीमित नहीं रहा। वे भाषण बाजी में विश्वास नहीं रखते थे बल्कि अपनी सोच को विचारों को खुद से क्रियान्वित भी करते थे। बंबई लेजिस्लेटिव कौंसिल के सदस्य और वायसराय की कार्यकारिणी परिषद में लेबर सदस्य रहते वक्त नारी समाज के कल्याण हेतु उन्होंने जो कार्य किया, उसे भूलाया नहीं जा सकता। 'वर्तमान साहित्य' पत्रिका में आंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रकाशित आलेख 'नारी उत्थान और डॉ. आंबेडकर' में सुरेश उजाला लिखते हैं "डॉ. भीमराव अंबेडकर ने मालावार भूभाग में नारी समाज को वस्त्र पहनने का तरीका बताया। वहाँ आदिम जाति के लोग रहते थे, उनकी नारियाँ अपने गुप्तांगों को पत्तों से ढंककर रहती थीं। डॉ. अंबेडकर ने उन्हें आदमी बनने का संदेश दिया और वस्त्र पहनना सिखाया। नागपुर के एक भाषण में उन्होंने कहा – "यदि तुम्हारे पति शराब पीकर या जुआ खेलकर आएँ, तो दरवाजा मत खोलो, उन्हें खाना मत दो, क्योंकि वे शराब पीना छोड़कर उतने ही पैसों से बच्चों को तंदुरुस्त रखने के लिए अच्छा खाना खिला सकते हैं, अच्छे कपड़े पहना सकते हैं।"[7]

बहरहाल, डॉ. आंबेडकर के जीवन के सामाजिक और शिक्षा संबंधी विचारों का केंद्र बिंदु 'मनुष्य' है। उनकी समग्र जीवनयात्रा से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि उनका संघर्ष 'मनुष्य' की प्रतिष्ठा के लिए था। वे पद दलितों के त्राता थे। इस देश के या विदेश के किसी भी व्यक्ति के साथ उनकी तुलना नहीं हो सकती। संपूर्ण समाज की उपेक्षा और अपमान को झेलते हुए उनकी यह यात्रा शुरू हुई थी। प्रतिकूल स्थितियों में परिस्थितियों के साथ संघर्ष करते हुए वे राजनीति, ज्ञान और धर्म के क्षेत्र में चरम उत्कर्ष पर पहुँच चुके थे। इस देश की पच्चीस प्रतिशत से अधिक जनता को अस्पृश्यता की श्रृंखला से मुक्त करवा देना यह मानव इतिहास में घटित एक बहुत बड़ी और महत्त्वपूर्ण घटना है। अस्पृश्य जाति का यह व्यक्ति शिक्षा दृ विशेषज्ञ, अर्थशास्त्रज्ञ, प्राध्यापक, देशभक्त, नेता, संविधान देनेवाला, संशोधक, दलितों का उद्धारकर्ता आदि विशेषणों को प्राप्त कर गया। डॉ. रामविलास शर्मा के शब्दों में "आंबेडकर का जन्म सर्वहारा वर्ग के सबसे नीचले स्तर में हुआ था। वहीं से उठते हुए वायसराय की काउंसिल के सदस्य हुए और भारत के संविधान के निर्माता बने। संविधानवाद के चौखठे के भीतर काम करते हुए वे बार–बार पूँजीवादी लोकतंत्र का खोखलापन दिखाते थे। यह चौखठा तोड़कर क्रांतिकारी परिवर्तन होना चाहिए, इसका वे स्वप्न देखते थे।"[8]

ढाई हजार वर्ष की ज्ञान की परंपरा जिस समाज के पास है, वे डॉ. आंबेडकर जैसे व्यक्ति को दे नहीं सके और ढाई हजार वर्ष की अज्ञान की परंपरा जिस जाति को प्राप्त थी उस जाति में आंबेडकर जैसी श्रेष्ठ और वैविध्यपूर्ण प्रतिभा का जन्म लेना इस बात को प्रमाणित करता है कि मनुष्य जन्म, जाति या वर्ण से श्रेष्ठ नहीं होता। ये एक ऐसी शिक्षित समाज व्यवस्था के लिए प्रयत्नषील थे जहाँ मनुष्य मनुष्य के प्रति आदर रखता हो, जहाँ मनुष्य मनुष्य के प्रति प्रेम, बंधुता और मानवीयता से जुड़ा हो, जहाँ मनुष्य मनुष्य का शोषण न करता हो। मनुष्य को उसके न्याय का हक दिला देने के लिए वे संघर्षरत थे। ठीक इसी समय इतिहास के गंभीर अध्ययन से शिक्षित समतावादी समाज रचना के लिए आवश्यक दर्शन और चिंतन की अभिव्यक्ति भी वे कर रहे

थे। जिससे भारतीय समाज को एक नई दिशा प्राप्त हो सके। इस प्रगतिशील दिशा को प्राप्त करने हेतु उन्होंने भारतीय समाज को तीन सूत्र दिया पढ़ो, संघटित हो जाओ और संघर्ष करो।

संदर्भ-सूची :-

1. रघुवंशी, गजेंद्र, हिंदूची जातिप्रथा आणि ती मोडण्याचा मार्ग डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, पुणे 1989, पृष्ठ 14
2. वही, पृष्ठ 50
3. फडके, भालचंद्र, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, श्री विधा प्रकाशन, पुणे–1985, पृष्ठ–249
4. रघुवंशी, रमेश, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर रांचे प्रासंगिक विचार, पुणे–1989, पृष्ठ 44
5. दिघे, प्रभाकर, महामानव डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, पुणे 1989, पृष्ठ 144
6. वही, पृष्ठ 14
7. सिंह, नमिता (सं.), वर्तमान साहित्य, अलीगढ़, अप्रैल 2012, पृष्ठ 37
8. शर्मा, डॉ. रामविलास, गांधी, आंबेडकर, लोहिया और भारतीय इतिहास की समस्याएँ, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2008, पृष्ठ 641

दूरभाष : 9331087920

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 206–213

पर्यावरणीय चिंता, करियर प्राथमिकताएं और बच्चा न पैदा करने का निर्णय : वाराणसी के युवाओं की दृष्टि से

डॉ. चन्द्रशेखर सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर, समाज कार्य विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी।

परिचय (Introduction)

21वीं सदी की बदलती सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियाँ पारंपरिक पारिवारिक संरचनाओं और प्रजनन निर्णयों को पुनर्परिभाषित कर रही हैं। विशेष रूप से युवाओं में, पारिवारिक दायित्वों और जनन से जुड़ी अवधारणाओं में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। जहां पहले संतानोत्पत्ति को जीवन का अनिवार्य हिस्सा माना जाता था, आज एक बढ़ती हुई संख्या में युवा, विशेष रूप से 20–30 वर्ष आयु वर्ग के शहरी युवक–युवतियाँ, 'Childfree by Choice' जैसे विचार को अपनाने लगे हैं। यह प्रवृत्ति केवल एक व्यक्तिगत विकल्प नहीं, बल्कि सामाजिक, पर्यावरणीय, और आर्थिक कारकों से भी प्रभावित है।

वाराणसी, जो भारत का सांस्कृतिक और धार्मिक केंद्र माना जाता है, वहाँ भी अब युवा पीढ़ी में इस सोच में बदलाव देखने को मिल रहा है। इस ऐतिहासिक शहर के शहरी और शिक्षित युवाओं में पर्यावरणीय असंतुलन, जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या विस्फोट, और आर्थिक अनिश्चितता जैसे मुद्दे, उनके जीवन निर्णयों में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही, स्वतंत्रता, करियर निर्माण, और व्यक्तिगत विकास की प्राथमिकताएँ भी पारंपरिक पारिवारिक मूल्यों को चुनौती दे रही हैं।

विशेष रूप से, कई युवा अब यह मानने लगे हैं कि दुनिया पहले से ही अत्यधिक जनसंख्या, संसाधनों की कमी, और जलवायु संकट का सामना कर रही है। ऐसे में नए जीवन को जन्म देना, उनकी दृष्टि में, न केवल एक पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का उल्लंघन है, बल्कि यह उनके करियर, स्वतंत्रता और मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डाल सकता है।

इसके अतिरिक्त, वैश्विक प्रभावों– जैसे सोशल मीडिया पर चल रहे Childfree Movements, Feminist विचारधाराएँ, और वैकल्पिक जीवनशैली की चर्चाएँ–भी इस सोच को बल दे रहे हैं।

इस अध्ययन में, हम वाराणसी के 20–30 वर्ष के युवाओं की दृष्टि से यह समझने का प्रयास करेंगे कि कैसे पर्यावरणीय चिंता और करियर प्राथमिकताएं, संतान न पैदा करने के निर्णय को प्रभावित कर रही हैं। यह शोध इस प्रवृत्ति के सामाजिक प्रभावों और संभावित दूरगामी परिणामों की भी व्याख्या करेगा।

सैद्धांतिक पृष्ठभूमि (Theoretical Background) :-

सैद्धांतिक पृष्ठभूमि (Theoretical Background)

किसी भी सामाजिक व्यवहार या प्रवृत्ति को समझने के लिए उसके पीछे मौजूद वैचारिक एवं सैद्धांतिक आधारों का अध्ययन आवश्यक होता है। वाराणसी के युवाओं द्वारा 'बच्चा न पैदा करने' जैसे निर्णय को समझने के लिए यह अध्ययन मुख्यतः दो प्रमुख सिद्धांतों पर आधारित है :

1. तर्कसंगत विकल्प सिद्धांत (Rational Choice Theory)

यह सिद्धांत मानता है कि व्यक्ति अपने प्रत्येक सामाजिक निर्णय को सोच–समझकर, लाभ और हानि की तुलनात्मक समीक्षा के आधार पर करते हैं। युवा जब संतान न पैदा करने का निर्णय लेते हैं, तो वे इसे निम्नलिखित कारकों के संदर्भ में तौलते हैं :

- बढ़ती महंगाई और जीवन यापन की लागत।
- नौकरी और करियर की प्रतिस्पर्धा।
- समय, स्वतंत्रता और मानसिक संतुलन की प्राथमिकता।
- सामाजिक दबाव बनाम व्यक्तिगत स्वायत्तता।

इस परिप्रेक्ष्य में, बच्चा न पैदा करना एक तर्कसंगत, भविष्य–दृष्टि से लिया गया निर्णय बन जाता है, न कि केवल सामाजिक परंपरा का उल्लंघन।

2. पारिस्थितिक आधुनिकता सिद्धांत (Ecological Modernization Theory)

यह सिद्धांत सुझाव देता है कि आधुनिक समाज पर्यावरणीय खतरों को गंभीरता से लेते हुए अपनी नीतियों, तकनीकों और जीवनशैली को इस प्रकार ढालते हैं जिससे सतत विकास सुनिश्चित हो सके। इस संदर्भ में :

- युवा जलवायु परिवर्तन, संसाधनों की सीमितता और जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए जनन संबंधी निर्णय ले रहे हैं।
- 'संतान न पैदा करना' को वे एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में "पर्यावरण के प्रति संवेदनशील विकल्प" मानते हैं।
- यह दृष्टिकोण समाज के पारंपरिक रुझानों से हटकर पर्यावरणीय विवेकशीलता पर आधारित है।

3. उत्तर आधुनिकता का दृष्टिकोण (Postmodern Perspective) (पूरक दृष्टिकोण)

उत्तर आधुनिक विचारधारा यह मानती है कि आज का समाज विविधता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और जीवन शैली के प्रयोग को महत्व देता है। विवाह, मातृत्व/पितृत्व और परिवार जैसे पारंपरिक ढांचे अब अपरिवर्तनीय नहीं रह गए हैं। "Childfree by Choice" जैसे विचार इसी उत्तर आधुनिक सोच के प्रतिनिधि हैं, जहाँ व्यक्ति समाज से अलग हटकर अपने जीवन की परिभाषा स्वयं तय करता है।

सैद्धांतिक निष्कर्ष :–

इन सिद्धांतों के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि वाराणसी के युवा 'बच्चा न पैदा करने' के निर्णय को केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि तर्कसंगत, पर्यावरणीय और आधुनिक दृष्टिकोण से भी देख रहे हैं। यह सोच सामाजिक बदलाव, पर्यावरणीय चेतना और जीवन की गुणवत्ता की तलाश का प्रतिनिधित्व करती है।

समीक्षा और विश्लेषण (Review and Analysis)

1. पूर्ववर्ती साहित्य की समीक्षा (Review of Existing Literature)

पिछले दो दशकों में वैश्विक स्तर पर "Childfree by Choice" की अवधारणा पर कई महत्वपूर्ण अध्ययन हुए हैं। इनमें से अधिकांश शोध यह दर्शाते हैं कि युवाओं द्वारा संतान न पैदा करने का निर्णय केवल आर्थिक कारणों से प्रेरित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक, पर्यावरणीय और वैचारिक चेतना का भी परिणाम है।

- **Sarkar (2020)** ने अपने अध्ययन में यह स्पष्ट किया कि भारत के शहरी युवाओं में climate anxiety एक गंभीर मनोवैज्ञानिक स्थिति बन रही है, जो सीधे उनके जीवन निर्णयों को प्रभावित कर रही है।
- **Basten & Verropoulou (2015)** के अनुसार, यूरोपीय देशों में युवा जनसंख्या वृद्धि को 'अनैतिक कार्य' के रूप में देखने लगी है, जिससे जन्म दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है।
- **Patel (2019)** ने भारत में करियर–प्रेरित महिलाओं के बीच "Childfree Identity" को उभरती प्रवृत्ति के रूप में रेखांकित किया है।

भारतीय संदर्भ में, हालांकि पारंपरिक परिवार संरचना अब भी प्रबल है, फिर भी शहरी और उच्च शिक्षित वर्ग में जीवन की गुणवत्ता, करियर प्राथमिकता, और पर्यावरणीय जिम्मेदारी जैसे पहलुओं के कारण जनन संबंधी विचारों में बदलाव देखा जा रहा है।

2. वाराणसी क्षेत्र का विश्लेषण (Empirical Analysis in Varanasi) :–

शोध के अंतर्गत वाराणसी नगर क्षेत्र के 120 युवा प्रतिभागियों (20–30 वर्ष आयु वर्ग) से डेटा एकत्रित किया गया, जिसमें पुरुष और महिला दोनों शामिल थे।

प्रमुख निष्कर्ष (Key Findings) :

1. पर्यावरणीय चिंता (Environment&Related Concern) :

- 63 प्रतिशत प्रतिभागियों ने माना कि जलवायु संकट, जल संकट, और प्राकृतिक संसाधनों की कमी के कारण वे संतान न पैदा करने के पक्ष में हैं।
- कई प्रतिभागियों ने "पृथ्वी पहले से ही बोझिल है" जैसी भावनाएँ व्यक्त कीं।

2. कैरियर प्राथमिकताएं और स्वतंत्रता :

- 71 प्रतिशत प्रतिभागियों ने बताया कि वे पहले अपनी शैक्षणिक और पेशेवर स्थिरता को प्राथमिकता देना चाहते हैं।
- विवाह और परिवार को "बाधक" के रूप में देखा गया, खासकर महिलाओं के लिए।

3. सामाजिक अपेक्षाओं से तनाव :

- यद्यपि युवाओं के विचार स्वतंत्र हैं, फिर भी 58 प्रतिशत ने कहा कि "परिवार और समाज" के कारण उन पर पारंपरिक निर्णय लेने का दबाव रहता है।

4. लैंगिक भिन्नता :

- महिलाएं पुरुषों की तुलना में अधिक स्पष्ट और दृढ़ थीं कि वे संतान नहीं चाहतीं, और इसके पीछे करियर, स्वास्थ्य और स्वतंत्रता को कारण बताया।

5. डिजिटल प्रभाव :

- लगभग 40 प्रतिशत प्रतिभागियों ने Social Media और Online Communities (जैसे Reddit, Instagram

पर Childfree Forums) से इस सोच को प्रेरणा मिलने की बात कही।

3. विश्लेषणात्मक व्याख्या (Interpretation)

यह अध्ययन दर्शाता है कि वाराणसी जैसे सांस्कृतिक और पारंपरिक शहर में भी अब युवा वर्ग में एक वैकल्पिक जीवन दृष्टिकोण विकसित हो रहा है, जो उनके निर्णयों को केवल सामाजिक स्वीकृति पर आधारित नहीं रहने देता। यह एक ऐसा बदलाव है जिसमें पर्यावरणीय उत्तरदायित्व, जीवन की गुणवत्ता, और मानसिक स्वतंत्रता को जीवन के केंद्र में रखा जा रहा है।

करियर प्राथमिकताएं, सामाजिक अपेक्षाओं के साथ संघर्ष करती हैं, और इस संघर्ष का परिणाम एक ऐसा निर्णय बन रहा है, जो पहले "अकल्पनीय" था – बच्चा न पैदा करने का निर्णय। यह सिर्फ एक व्यवहारिक रुझान नहीं, बल्कि एक वैचारिक और नैतिक चेतना का प्रतीक है।

निष्कर्ष (Conclusion)

यह अध्ययन स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वाराणसी जैसे पारंपरिक और धार्मिक नगरी में भी युवा पीढ़ी अपने जीवन निर्णयों के प्रति अधिक स्वतंत्र, जागरूक और उत्तरदायी होती जा रही है। विशेषकर 20–30 वर्ष की आयु वर्ग के युवक–युवतियों में पारंपरिक संतानोत्पत्ति की अनिवार्यता को अब एक वैकल्पिक विकल्प के रूप में देखा जा रहा है, न कि सामाजिक बाध्यता के रूप में।

शोध के निष्कर्षों से यह ज्ञात होता है कि :-

1. पर्यावरणीय चिंता (जैसे जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों की समाप्ति, जनसंख्या विस्फोट) युवाओं के मानस को प्रभावित कर रही है। वे स्वयं को "स्मार्ट नागरिक" या "जिम्मेदार वैश्विक मानव" के रूप में देखना चाहते हैं जो आने वाली पीढ़ियों के प्रति अपने कर्तव्यों को समझते हैं।
2. कैरियर और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देना भी इस निर्णय का केंद्रीय तत्व है। युवा अब अपने भविष्य को लेकर स्पष्ट हैं और वे मानते हैं कि संतान जन्म देना उनकी स्वतंत्रता, आर्थिक संतुलन और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।
3. लैंगिक दृष्टि से, महिलाएं इस निर्णय को लेकर अधिक मुखर और स्पष्ट हैं। वे मातृत्व को विकल्प के रूप में देख रही हैं, न कि स्वाभाविक कर्तव्य के रूप में।
4. डिजिटल और वैश्विक प्रवाह, जैसे Childfree Movements और वैकल्पिक जीवनशैली चर्चा मंच, युवाओं के निर्णयों को वैचारिक समर्थन प्रदान कर रहे हैं।

हालाँकि यह प्रवृत्ति व्यापक स्तर पर नहीं फैली है, परंतु इसके संकेत स्पष्ट हैं कि भारत के महानगरों और सांस्कृतिक केन्द्रों में नवोन्मेषी सामाजिक परिवर्तन की लहर धीरे–धीरे आकार ले रही है। यह परिवर्तन केवल व्यवहार में नहीं, बल्कि सोच, विचारधारा और समाज की परिभाषा में भी परिलक्षित हो रहा है।

इस प्रकार, 'बच्चा न पैदा करने का निर्णय' अब केवल व्यक्तिगत पसंद नहीं रहा, बल्कि यह एक सामाजिक, नैतिक और पर्यावरणीय चिंतन का परिणाम है। इसे एक उत्तरदायी, विवेकशील और समकालीन युवा पीढ़ी के उभरते रूप के प्रतीक के रूप में देखा जा सकता है।

सुझाव (Recommendations)

अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से

नीति–निर्माता, समाजशास्त्री, शिक्षाविद् तथा जन–जागरूकता संस्थान भविष्य की योजनाओं और जन संवाद को अधिक प्रभावी बना सकते हैं :

1. पर्यावरणीय शिक्षा में जनसंख्या और प्रजनन निर्णयों को शामिल किया जाए :

विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में पर्यावरणीय शिक्षा के पाठ्यक्रम में "जनसंख्या, संसाधन और टिकाऊ जीवनशैली" जैसे विषयों को सम्मिलित किया जाए ताकि युवा पीढ़ी जागरूक निर्णय ले सके।

2. स्वतंत्र जीवन शैली की सामाजिक स्वीकृति को बढ़ावा दिया जाए :

संतान न पैदा करने के निर्णय को सामाजिक कलंक (stigma) से मुक्त करने की दिशा में संवाद और विमर्श की आवश्यकता है। इसके लिए मीडिया, सिविल सोसाइटी और परिवारों को सहयोगात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

3. युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य व वैचारिक स्वतंत्रता का सम्मान हो :

कैरियर, विवाह और प्रजनन को लेकर युवाओं पर सामाजिक दबाव मानसिक तनाव को जन्म देता है। काउंसलिंग सेवाओं, विश्वविद्यालय हेल्पलाइन, और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से आगे लाना आवश्यक है।

4. महिलाओं की आत्मनिर्भरता को नारी सशक्तिकरण के रूप में स्वीकार किया जाए :

महिलाएं जब संतान न पैदा करने का निर्णय लेती हैं, तो इसे नकारात्मक रूप से नहीं देखा जाना चाहिए। यह उनके सशक्तिकरण का एक स्वरूप है, जिसकी समाज द्वारा सराहना की जानी चाहिए।

5. नीति निर्माण में युवाओं की आवाज को शामिल किया जाए :

परिवार नीति, जनसंख्या नीति, और पर्यावरणीय योजनाओं में युवाओं की विचारधाराओं को भी स्थान मिलना चाहिए ताकि नीतियाँ अधिक यथार्थपरक और संवेदनशील बन सकें।

केस स्टडी : 'पायल और अमन' कृ वाराणसी के युवा दंपती का दृष्टिकोण

परिचय :

यह केस स्टडी वाराणसी के लंका क्षेत्र में रहने वाले एक शिक्षित, शहरी युवा दंपती – पायल (28 वर्ष) और अमन (30 वर्ष) – पर आधारित है। दोनों ने विवाह के पाँच वर्ष बाद भी संतान न पैदा करने का निर्णय लिया है और इसे स्थायी रूप से Childfree रहने की सोच से जोड़ा है।

पृष्ठभूमि :

- पायल : बीएचयू से स्नातकोत्तर (M.A. पद Environmental Science), वर्तमान में एक NGO में पर्यावरण शोधकर्ता के रूप में कार्यरत।
- अमन : इंजीनियरिंग स्नातक, एक निजी आईटी कंपनी में कार्यरत।
- दोनों का परिवार उत्तर प्रदेश के पारंपरिक मध्यमवर्गीय पृष्ठभूमि से आता है।

मुख्य विचार (Insights) :

पर्यावरणीय चिंता :

पायल के अनुसार, "जब हम अपने काम के माध्यम से देखते हैं कि जलवायु कितनी तेजी से बदल रही है, संसाधन कितने सीमित हो चुके हैं, तो हमें लगता है कि आने वाले वर्षों में जीवन और कठिन हो जाएगा।

ऐसे में किसी और को इस दुनिया में लाना एक जिम्मेदारी नहीं, एक अपराध जैसा लगता है।"

कैरियर और जीवन प्राथमिकता :

अमन कहते हैं, "हम दोनों अपने जीवन में बहुत संतुलित हैं, अपने करियर, यात्राओं और आत्मिक विकास में समय देना चाहते हैं। हमारा मानना है कि बच्चे के साथ हमारी वह स्वतंत्रता समाप्त हो जाएगी जो अभी हमें अपने विकास के लिए चाहिए।"

सामाजिक दबाव और पारिवारिक प्रतिक्रियाएँ :

दोनों को शुरुआत में परिवार की तरफ से "समझाने", "धमकाने" और "दया" जैसी प्रतिक्रियाओं का सामना करना पड़ा। पायल बताती हैं, "मेरे माता–पिता ने मुझे यहाँ तक कह दिया कि 'महिला का अस्तित्व माँ बनने में है', लेकिन मैंने उन्हें शांति से समझाया कि एक महिला का अस्तित्व उसके सोचने की स्वतंत्रता में है।"

नैतिक दृष्टिकोण और संतुष्टि :

दोनों मानते हैं कि वे इस निर्णय से आत्मिक रूप से संतुष्ट हैं। उनके अनुसार, यह नकारात्मकता नहीं, बल्कि भविष्य के प्रति जिम्मेदारीपूर्ण सकारात्मक सोच है।

विश्लेषण (Interpretation) :

पायल और अमन जैसे शिक्षित, जागरूक, शहरी युवा दंपती इस बात का उदाहरण हैं कि "Childfree by Choice" अब केवल पश्चिमी अवधारणा नहीं रह गई है। यह निर्णय सूचना–संपन्न, पर्यावरण–संवेदनशील और आत्मनिर्भर व्यक्तियों द्वारा लिया गया स्वायत्त सामाजिक विकल्प बनता जा रहा है।

निष्कर्ष (Conclusion of Case Study) :

यह केस दर्शाता है कि जब युवाओं को सोचने, निर्णय लेने और जीवन जीने की स्वतंत्रता मिलती है, तब वे पारंपरिक अपेक्षाओं के स्थान पर दीर्घकालिक वैश्विक हित और व्यक्तिगत संतुलन को चुनने लगते हैं। पायल और अमन जैसे उदाहरण समाज में प्रजनन स्वतंत्रता, पर्यावरणीय विवेक और लैंगिक समानता जैसे मूल्यों की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

केस स्टडी : 'सोनाली और दीपक' : ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए युवा और जीवन के नए निर्णय

परिचय :

यह केस स्टडी वाराणसी जनपद के बड़ागाँव ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले एक गांव के निवासी सोनाली (27) और दीपक (29) पर आधारित है। दोनों की पृष्ठभूमि पारंपरिक कृषक परिवारों से जुड़ी है, किंतु दोनों ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर शहर में बसने और संतान न पैदा करने का साझा निर्णय लिया है।

पृष्ठभूमि :

- सोनाली : स्नातकोत्तर (M.A. in Sociology), वर्तमान में एक निजी स्कूल में शिक्षिका।
- दीपक : बी.एड के बाद एक कोचिंग संस्थान में शिक्षक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहे हैं।
- दोनों की शादी को 3 वर्ष हो चुके हैं, और वे वाराणसी शहर में किराए पर रहते हैं।

मुख्य विचार (Insights) :

पर्यावरणीय जागरूकता का ग्रामीण अनुभव से संबंध :

सोनाली बताती हैं, "गाँव में हमने देखा कि कैसे जमीन बंजर हो रही है, बारिश का चक्र बिगड़ गया है,

और खेती में घाटा हो रहा है। हम जानते हैं कि जलवायु संकट केवल शहरों का नहीं, गांवों का भी यथार्थ है।" उनका मानना है कि जब पर्यावरण ही जीवन के लिए अनुकूल न रहे, तो नई पीढ़ी को जन्म देना नैतिक रूप से उचित नहीं।

आर्थिक अस्थिरता और प्राथमिकता :

दीपक कहते हैं, "अभी खुद की नौकरी स्थिर नहीं है। प्रतियोगी परीक्षाओं का दबाव है। बच्चे की जिम्मेदारी लेने का मतलब है कि हम दोनों अपनी शिक्षा और करियर से समझौता करें।"

उनके अनुसार, ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए युवा जब शिक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हैं, तो वे परंपरा से अधिक तर्क को महत्व देते हैं।

सामाजिक दबाव और अपेक्षाएं :

ग्रामीण समाज में आज भी संतानोत्पत्ति विवाह का अभिन्न हिस्सा मानी जाती है। दीपक बताते हैं, "गाँव में अब भी लोग पूछते हैं – 'खुशखबरी कब दोगे?' लेकिन हमने तय कर लिया है कि हम केवल समाज के लिए नहीं, अपने लिए भी जीएंगे।"

स्वतंत्रता की भावना :

सोनाली कहती हैं, "मुझे अपने निर्णय पर गर्व है। मैं माँ बनने की तुलना में एक शिक्षिका, नागरिक और जिम्मेदार व्यक्ति बनना अधिक चाहती हूँ।"

विश्लेषण (Interpretation) :

यह केस स्टडी दर्शाती है कि आज के ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए युवा भी यदि शिक्षित और जागरूक हैं, तो वे पारंपरिक अपेक्षाओं को चुनौती दे सकते हैं। उनका निर्णय सिर्फ शहरी जीवनशैली की नकल नहीं है, बल्कि यह स्वतः अर्जित जीवन दर्शन है जो अनुभव, संघर्ष और तर्क पर आधारित है।

निष्कर्ष (Conclusion of Case Study) :

'सोनाली और दीपक' जैसे उदाहरण यह दर्शाते हैं कि "Childfree by Choice" जैसी अवधारणाएं अब केवल उच्च वर्ग और महानगरीय संदर्भ तक सीमित नहीं रहीं। यह एक सामाजिक रूपांतरण का संकेत है, जहाँ ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए युवा भी पर्यावरण, करियर और आत्म–संतुलन को केंद्र में रखकर जीवन के निर्णय ले रहे हैं।

संदर्भ सूची (References) :

1. Basten, S., & Verropoulou, G. (2015). Why have children in the 21st century?. Population Studies Review, 67(2), 123–138.
2. Sarkar, S. (2020). Climate Anxiety and the Childfree Movement in India. Indian Journal of Social Work, 81(3), 211–228.
3. Gerson, K. (2010). The Unfinished Revolution: Coming of Age in a New Era of Gender, Work, and Family. Oxford University Press.
4. Patel, R. (2019). Childfree by Choice: Changing Perceptions of Parenthood Among Indian Youth. Journal of Family Sociology, 44(1), 45–60.

5. Government of India (2023). Youth in India: Status and Trends Report. Ministry of Youth Affairs and Sports.
6. Singh, R. (2022). Changing Family Structures and Parenthood Trends in Urban India. Economic and Political Weekly, 57(12), 25–30.

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 214-223

श्रीमंत शंकरदेव और गुरू नानक : एक तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. करबी देवी
विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, नगांव विश्वविद्यालय।

प्रस्तावना :–

भारतवर्ष के असम प्रांत में जन्म ग्रहण करने वाले श्रीमंत शंकरदेव और गुरुद्वारा ननकाना साहिब पाकिस्तान में जन्म ग्रहण करने वाले गुरु नानक देव दोनो ही भक्ति आन्दोलन के पुरोधा व्यक्ति थे। दोनों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को देखा जाये तो दोनों व्यक्तियों में बहुत सारे साम्य अथवा मेल देखने को मिलता है। दोनों निराकार ईश्वर के उपासक, धर्म प्रचारक, गुरु, कवि–साहित्यकार, दार्शनिक, गायक, सुरकार, पर्यटक, समाजसुधारक, देशभक्त थे। शंकरदेव और नानकदेव दोनों ने ईश्वर के नाम स्मरण, भजन, कीर्तण, गुरु भक्ति पर बल दिया है। दोनों संतों ने संसार को क्षणभंगुर और मायाग्रस्त कहा है। बलि–विधान का खण्डन किया है। जात–पात, उच्च–नीच की भेद भाव को मिटाने की कोशिश की है। निराकार ईश्वर के प्रति दोनों संतों ने सेवा और श्रद्धा का भाव रखने को कहा है। क्योंकि गुरु और ईश्वर के प्रति सेवा का भाव रखने पर पाप और अहं दुर हो जाते हैं। फलस्वरूप संत शंकरदेव के अनुसार मनुष्य को वैकुण्ठ और नानकदेव के अनुसार "सचखंड" प्राप्त होते हैं। इस शोधपत्र के जरिए इन दो महान व्यक्तिओँ के तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करने की कोशिश की गयी है।

श्रीमंत शंकरदेव :–

पूर्वोत्तर भारत के असम प्रांत में संत श्रींमंत शंकरदेव का जन्म 1449 को नगाँव जिले के बरदोवा (आलिपुखुरी) नामक स्थान पर हुआ था। पिता कुसुम्बर भुञाँ और मातृ सत्ससंध्या के एकमात्र पुत्र शंकर जन्म के कुछ दिन पश्चात ही माँ की ममता से बिछड़ गये। दादी खेरसुती ने उनका पालन–पोषण किया। जन्म के बाद बारह साल तक आप घर में ही आवारगर्दी करते रहे। बाद में महेन्द्र कन्दली की पाठशाला में जाकर पढ़ने लगे। सिर्फ स्वरवर्ण और व्यजनवर्ण को ही सिखकर आपके आपने बिना मात्रा लगे "करतल कमल कमल दल नयन, भवदव गहन, गहनवन शयन" जैसे आध्यात्मिक भावपूर्ण कविता लिखकर सबको चमकृत किया। इसके बाद गुरु गृह में रहकर चौदह शास्त्र, अठारह पुराण का अध्ययण सम्पूर्ण किया।

गुरु गृह से लौटकर कीर्तण, दशम, भक्ति रत्नाकर, नाट्य साहित्य, बरगीत–भटिमा, ब्रजावली भाषा का निर्माण, चिह्नयात्रा भाउना, बारह साल की तार्थ भ्रमण और वृन्दावनी वस्त्र जैसे अनोखे वस्त्र का निर्माण किया।

ऊधर गुरु नानक का जन्म सम्वत 1526 वैशाख सुदी तृतीया अर्थात 15 अप्रैल, सन् 1469 को तलवण्डी

नामक गाँव में हुआ। आज इस स्थान को "ननकाना साहब" कहते है। यह स्थान लाहौर के (पाकिस्तान) के दक्षिण–पश्चिम में पैंसठ किलोमीटर की दूरी पर है। आपके माता जी का नाम तृप्तादेवी था। जो क धार्मिक विचारों वाली महिला थी। पिता का नाम कल्याण चंद मेहता जिन्हें लोग कालू मेहता के नाम से ज्यादा जानते थे।

गुरु नानक देवजी के जन्म के अवसर को भाई गुरदास ने लिखकर इस प्रकार चित्रित किया है–

"सतिगुरू नानक प्रगतिया मिटी धूंध जगि चाणानु होआ।
जिउ करि सूरजु निकलिओ तारे छिपि अंधेरू पलोआ।।"

(वार–1, पउडी 27)

इसमे कोई संशय की बात नहीं कि जिस समय नानक देव का जन्म हुआ, उस समय भारत अपने इतिहास के भयानक संकट में से गुजर रहा था। दिल्ली की सल्तनत लड़खड़ा रही थी, लेकिन मध्य एशिया से मुगलों की जो दूसरी आँधी उठ रही थी, वह नए सिरे से भारत को आक्रांत करनेवाली थी। ऐसे संक्रमण काल में नानक का पदापर्ण होता है।

(क) निर्गुण एकेश्वरवाद मे विश्वास :

श्रीमंत शंकरदेव के धर्म ऐकेश्वरवाद पर विश्वास रखते थे। आपके अनुसार ईश्वर एक है और निर्गुण है। उसका कोई दूसरा रूप या आकार नहीं है। इसलिए आपने कहा है–

"एक देव एक सेव एकत बिने नाइ केउ"

अर्थात– एक ही ईश्वर है और सिर्फ मन–मस्तिष्क से उनका ही ध्यान एवं स्मरण करना चाहिए।

फिर शंकरदेव ने कहा है–

"नाहि जन्म तोमार तथापि जन्म धरा।
सोहि जन्म जीवर जनम दूर करा।।
... .
तुमि प्रभु निर्गुण गुणरे सीमा नाई।
निर्गुण होवर जीव सेहि गुण गाई।"

(बरगीत– मुकुर, पृ.सं. 227)

अर्थात– हे प्रभु,तुम अजन्मा हो। अजन्मा होकर भी तुम इस संसार के सारे जीव के दुख को दूर करते हो। तुम निर्गुण–निराकार हो। फिर भी तुम्हारा गुण वर्णनातीत है। समस्त जीव और जगत सिर्फ तुम्हारा नाम लेकर गुणों की व्याख्यान कर इस भव सागर को पार कर जाता है।

उसी प्रकार गुरु नानक जी ने भी वही मत देते हुए अपने 'जपजी साहिब' में कहा है कि :–

"ऐंकार सतिनामु करता पुरूष
निरभउ निरवैर आकालमूरत
अजुनी चेभंग, गुरूप्रसाद, जप
आदि सच्च युगादि सच्च।
हेभी सच्च् नानक हो सेभि सच्च।"

अर्थात्– भगवान एक है, उनका नाम ही सत्य है। वही परमपुरुष है। वह न किसी से डरते है न किसी

को डराते है। उनका कोई शत्रु नहीं है। उनको जप और स्मरण करो। वह काल के अतीत है, जन्म–मृत्यु से रहीत है। समस्त सृष्टि को वह कृपा कर रहे है। वही एकमात्र स्तय है। इसे कोई नकार नहीं सकता।

फिर आपने परमात्मा के निर्गुण और उदेवतवाद के बारे में प्रसंग उठाते हुऐ कहा है कि–सर्वशक्तिमान परमात्मा के एक हुक्म से समस्त सृष्टि का निर्माण हुआ है। जैसे "**कीता पसाऊ एकै कवाओ।**" (गुरु ग्रंथ साहिब, पृ.सं.–169) एवं "**घट-घट जाच सव**" (उपरिवत, पृ.सं.– 97)

अर्थात– सृष्टि का अद्‌भूत कर्ता होने के साथ–साथ परमात्मा उसके कण–कण में व्याप्त है। परमात्मा समस्त सृष्टि का संचालक भी है। इस सारी सृष्टि का रहस्य स्वयं परमात्मा ही जानता है। क्योंकि उन्हीं का प्रसार हम मनुष्य समस्त सृष्टि के विस्तार में देखते है। जैसे–

"आपे करता पुरखु विधाता। जिनि आपे आपि उपाइ पछाता।
आपे सतिगुर आपे सेवक आपे स्त्रिसटि उपा है।"

(गुरु ग्रंथ साहिब, पृ.सं. 2026)

परमात्मा के एकत्व का विश्लेषण करते हुऐ मलहार गाना में गुरु नानक जी का कथन है कि "परमात्मा आप ही पट्टी है, आप ही लेखनी है। तथा उसके उपर लिखा हुआ लेखक भी वह स्वयं है।" (जग्गी ड. गुरशरन कौर, 2002)

(ख) गुरू महत्व :-

श्रीमंत शंकरदेव ने गुरु के महत्व पर बहुत बल दिया था। गुरु को ही ईश्वर से मिलवाने का एकमात्र सहारा कहा है। गुरु और सत्संग को आश्रय करके मुक्ति का मार्ग निश्चित करने के लिए कहा है। आपने कहा है–

"इसब धर्मत तुष्ट नुहिको सिमत।
जेन तुष्ट हउ मइ गुरू भजनत।।
जदि हउ समस्तरे आत्मा अर्न्तयामी
तथापितो गुरू सेवातेसे तुष्ट आमि।"

संतों की साधना में गुरु का महत्व वर्णनातीत है। इसलिए संत शंकरदेव ने शिष्य माधवदेव को कहा था–

"सुनिउ माधव मोर थाकिबार थान
कीर्तन दशम मोर मुटिर समान।
निपुने मोहोक गुरू जिजने बोलय।
कीर्तनते दशमते देखिबे बोलय।।"

अर्थात– गुरु से श्रेष्ठ और उत्तम और कोइ नहीं है। एकशरण हरिनाम धर्म के चार तत्व गुरु, देव, नाम, भकत– इनमें से कार्तण में मुक्त रूप से गुरु तत्व को ही श्रेष्ठ कहा गया है।

फिर आपने कहा,

"भकतक बादे मइ आनक नभजो।
सर्वतत्व भकतक मइ गर मानु।।"

अर्थात– मैं भक्त को ही गुरु मानता हूँ। गुरु के सिवा अन्य किसी को भजन–स्मरण नहीं करता हूँ। उसि

प्रकार गुरु नानक देव ने कहा है कि–

"पवन अरंभु सतिगुर मति बेला, सबहु गुरू सुराति धुति चेला।।
अकथ कथा ले रहउ निराला। नानक जगि जगि गुर गोपाला।"

(रामकलि, सिद्धागोष्ठी–44, महला–1)

अर्थात– जीवन का मूल प्राण है। सतगुरु का मत भी यही है। शब्द ही गुरु है। गुरु शब्द से ही हरि कथा का विचार किया गया है। शब्द ही मेरा गुरु है। गुरु ही परमब्रह्म है।

आपने फिर 'गुरु' शब्द का महत्व प्रतिपादित करते हुए कहा है–

"अंतरि सबहु निरंतरि मुझ मउमै ममता दूरि करी।।
कामि क्रोधु अहंकारू निवारै गुरू के सबहि सु समझ परी।।
स्विंथा झोली भरिपुरि रहिआ नानक तारै एकु हरी।।
साचा सहिबु साची नाई परखै गुर की बात खरी।".

(रामकला, सिद्धगोष्ठी–10, महला–1)

अर्थात– मैंने अपने मन को गुरु शब्द द्वारा नियंत्रण में कर लिया है। जिसमें अब पाँचों विकार– काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार मुझसे दूर भागते है। यदि आप भी ऐसा चाहते हो तो, इस आंडंबरों से भरे भेष को त्यागकर गुरु की सीख पर जावन–यापन करना सीख लो। गुरु ही एकमात्र मुक्ति का मार्ग दिला सकता है। आपने फिर कहा है कि–

"सतगुरू मिलै तो दुविधा भागै,
कमल विगासी मनु हरि प्रभु लागै।।"

(ग) सर्वगुण सम्पन्न :-

जगतगुरु श्रीमंत शंकरदेव सिर्फ धर्म प्रचारक ही नहीं थे। वे एक कवि, साहित्यकार, धर्म–प्रचारक, गुरु, गीतकार, सुरकार, गायक, वादक, नाट्यकार, चित्रकार आदि बहुत सारे गुणों के अधिकारी थे। इसलिए कहा है–

"जय गुरू शंकर सर्वगुणाकर
जाकेरि नाहिके उपामस
तुम्हारी चरणक रेणु शतकोटि
बारेक करोहो प्रणाम।।"

ठीक उसी प्रकार गुरु नानक देव जी भी सर्वगुण सम्पन्न व्यक्ति थे। आप एक कवि, लेखक, साहित्यकार, गीतकार, सुरकार, धर्म प्रचारक, ज्ञानी और परिश्रमी व्यक्ति थे।

(घ) आत्मत्यागि -

श्रीमंत शंकरदेव और गुरु नानक दोनों ही बड़े आत्मत्यागि व्यक्ति एवं संत थे। हमेशा समाज, राष्ट्र एवं देश की भलाइ के लिए ही काम करते चले गये।

संत शंकरदेव को अगर देखा जाये तो आपने एकशरण हरिनाम धर्म को प्रचार–प्रसार करन के उपरांत मृत्यु से पहले ही उस 'गुरु आसन' एवं 'एकशरण हरिनाम धर्म' के पथ को उनके प्रिय शिष्य माधव देव को अर्पण किये न कि उनके पुत्र परिवार को। क्योंकि गुरु शंकरदेव को यह मालुम था कि उनके वैकुण्ठगामी होने के बाद

शिष्य माधवदेव ही इस पंथ को अच्छी तरहा चला सकेंगे।

ठिक उसी प्रकार गुरु नानक जी को भी देखा जाये तो वह भी आत्मत्यागि और प्रकृत लोकनायक थे। क्योंकि सारा जीवन स्वयं के सख–दुख, आराम आदि के बारे में न सोंचकर दूसरों की सेवा और समाज कल्याण की भावना को लेकर ही काम करते चले गये। मृत्यु के कुछ दिन पहले आपने भी गुरु आसन के दायित्व आपके दोनों पुत्र वावा श्रीचाँदजी और वावा लक्ष्मीदासजी को न देकर उनके प्रिय शिष्य भाई लहनाजी को दिये थे। भाई लहना जी शिख धर्म के दश गुरुओं में से पहला गुरु है और गुरु नानक के बाद ही आपका स्थान है।

ङ) जात-पात का खण्डन :-

श्रीमंत शंकरदेव जी ने अपने एकशरण हरिनाम धर्म में या वैष्णव धर्म के प्रचार–प्रसार करने हेतु जात–पात का खंडन किया 6था। गारो जाति के नरोत्तम, मिरि जाति के परमानन्द, भूटिया जाति के पूर्णानन्द, चवन के चाँदगोसाई, कैवर्त जाति के पूर्णानन्द और उच्च वर्ग के मिश्र कंदली आदि ब्राह्मण और कायस्थ के साथ मिलकर धर्म की चर्चा की थी। आपने लिखी है–

"नाहि भकतित जाति अजाति विचार,
कृष्ण भकतित समस्तरे अधिकार।।
.....
ब्राह्मणर चंडालर निविचारि कूल
दातात चोरत जेन हस्त्रि समतुल। (कीर्तण)

फिर लिखा है –

"कृष्णर कथात जितों रसिक,
ब्राह्मण जन्म तार लागे किक।
स्मरोक मात्र हरि दिने राति,
नवाछे भकति जाति अजाति।।"

ठीक उसी प्रकार गुरु नानक जी ने भी कहा है कि किसी को जन्म के आधार पर नीचा समझना और आपने आपको केवल जन्म के आधार पर ऊँचा समझना भारतीय समाज की सभी बीमारियों की जड़ है। इसलिए आपने कहा है–

"नीचा अंदरि नीच जाति नीची हू अति नीचु।
नानकु तिन कै संगि साथि बहिआ सिउ किआ रीस।
जिथै नीच समालीअति तिथै नदरि तेरी बखसीस।"

(सिरी, शब्द, महला–1)

अर्थात– तथाकथित ऊँची जाति के लोग जातिगत भेदभाव नहीं छोड़ते, तो नानक का स्पष्ट कहना है कि– ऐसे ऊँची जाति के लोगों से उन्हें कुछ लेना–देना नहीं है। मैं तो उनके साथ हूँ, जिनको समाज नीची जाति से भी नीचा मानता है। जहाँ तथाकथित नीच की देख–रेख होती है, वही परमात्मा की कृपा होती है। फिर आपने कहा है–

नानक जंत उपाइके, संभालै सभनाइ।

जिन करते करना का, चिंताभिकरणी ताहरं।

(च) छुआछुत की भावना का खण्डन :

संत शंकरदेव ने छुआछुत की भावना का भी खण्डन किया है। आपने अपने कीर्तण में लिखा है कि–

"समस्त भूतते व्यापि आछो मई हरि,
सबाको मानिबा तुमि बिष्णु-बुद्धि करि।"

अर्थात– इस समस्त संसार में मैं व्याप्त हूँ। विराजमान हूँ। इसलिए हे मनुष्य, तुम इस संसार के हरेक जीव–जंतु को भगवान विष्णु का एक अंश मानकर उन्हें सेवा करने, उनके प्रति प्यार और श्रद्धा का भावना रखना।

फिर आपने 'भागवत' के दशम स्कन्ध में लिखा हे–

"कुकुर श्रृगाल गदर्भरो आत्माराम,
जानिउ सबाको परि करिवा प्रणाम।"

अर्थात– इस संसार में जितने भी प्राणी निवास करते है कुकुर, श्रृगाल, गधा से लेकर कीड़े–मकोड़े तक सब में मैं (ईश्वर) निवास करता हूँ। इसलिए सबके प्रति सम्भाव, स्नेह और आदर रखना मेरे प्रति भक्ति अर्पण करना जैसा है।

उसी प्रकार गुरु नानक देव ने भी छुआछुत की भावना के खिलाफ जन चेतना जाग्रत किया था। आपने कहा था–

"कुवुधि डुमणी कुदइआ कसाइणि
पर निंदा घट चूहड़ी मुठि क्रोधि चंडालि।
कारी कढ़ी किआ थोए जां चारे बैठीआ नालि।
सचु संजमु करणी कारां नावणु नाउ जपेही।
नानक अगै ऊतम सेइ जि पापां पंदि न दे ही।
किआ हंस किआ बगुला जो कउ नदरि करेइ।
जो तिसु भावै नानका कागहु हंस करेइ।।"

(सिरी, वार, महला–1)

अर्थात– आप जिस चौके को पवित्र मानकर बैठे हो, वह पवित्र कहाँ है। वहाँ तो चार–चार नीच ओरतें पहले से ही बैठी है। आपकी कुबुद्धि बिना किसी आधार के मनुष्य–मनुष्य में भेद करती है। आप में दया–भाव नहीं बचा है। क्योंकि हम सभी के मन मे ऊँच–नीच, अस्पृश्यता का भाव विराजमान है। जन्म के आधार पर किसी को नीचा मानना बड़ी निर्दयता है। यह निर्दयता रूपी कसाइन आपके शरीर में पहले से ही आसन लगाकर बैठी है। परनिंदा से तुम्हें पल भर के लिए भी फुरसत नहीं मिलती और यही परनिंदा रूपी मेहतरानी भी तुम्हारे भीतर घर करके बैठी हुई है। क्रोध रूपी चंडालिनी को भी तुम अपने मन में संभाले रखे हो। ये चार वृत्तियाँ ही निम्न या नीच है। छुआछुत की भावना रखना हो तो इन वृत्तिओं से करो।

(छ) नाम-स्मरण पर महत्व :-

संत श्रीमंत शंकरदेव के नाम स्मरण, कीर्तण और भजन पर अधिक बल दिया है। वलि–विधान, व्रत,

उपवास का खण्डन किया है। नाम स्मरण से ही जीव को इस संसार से मुक्ति मिल सकती है। आपने कहा है–

"बोलहू राम नामेसे मुकुति निदाना,
बुलिते एक, सुनिते शत नितरे,
नाम धरम बिपरीत।"

(बरगीत, मुकुर–27)

अर्थात– हे बान्धव, राम नाम के बिना दूसरा कुछ भी नहीं है। बाकी सब तो दिखावा है। राम नाम ही एकमात्र मुक्ति का उपाय है। इसलिए सब राम नाम का स्मरण करो। राम नाम के विपरीत बाकी सब मिथ्या है।

फिर आपना भागवत में लिखा है–

"यद्यपि भक्ति नवबिधि माधवर
श्रवण कीर्तण आतो महा श्रेष्ठतर।।"

अर्थात– भक्ति नौ प्रकार की है जिसे नवधा भक्ति कहा जाता है। और इसी नवधा भक्ति के अन्तर्गत कीर्तण एवं नाम सम्रण ही श्रेष्ठ एवं प्रमुख है।

आपने फिर कीर्तण में नाम स्मरण की महिमा को इस प्रकार प्रकट की है–

"नभजोहो सुख भोग नलागे मुकुति।
तोम्हार चरणे मात्र थाकोक भकति।।"

अर्थात– भक्ति और कीर्तण के अभाव में ज्ञान, कर्म, जप–तप, तीर्थाटन इत्यादि सब व्यर्थ है। नाम–स्मरण ही मुक्ति का एकमात्र उपाय है। इसलीए है प्रभु मेरा मन हमेशा तुम्हारे ही चरणों में रमा रहे और मुँह में तुम्हारा ही नाम स्मरण अविरत चलता रहे।

ठीक उसी प्रकार नानक देव ने कहा है कि हम इस अगोचर के साथ तादात्म स्थापित कर सकते है। उठते–बैठते, खाते–पीते, सोते–जागते प्रभु का नाम स्मरण करते रहना चाहिए। जो नाम स्मरण नहीं करते उनका जीना ही व्यर्थ है। उसका नाम लेकर ही भव–सागर पार किया जा सकता है और नरक से बच सकते है। जैसे–

"नाओं तेरा निरंकार है,
नाओं लाइएँ नरक न जाइऐ।
नाओं लइऐ ज तरूंदा।।"

गुरु नानक देव ने फिर नाम स्मरण पर, अजपा–जप पर महत्व देते हुऐ कहा है कि–

"सबदै का निबेड़ा सुणि तू अ बिन नै जग न होई।
नामे राते अनदिनु माते नामै ते सुखु होई।।
नामै ही ते सभु परगटु हौवै नामे सोझी पाई।
बिनु नावै भैरव करहि बहुतेरे सचौ आपि खुआई।।
सतिगुरू ते नामु पाईए अउधू जोग-जुगति ता हो।
करि विचारू मनि देखहु नानक बिन नावै मुकति ता होई।।"

(रामकलि, सिद्धगोष्ठी–72, महला–1)

अर्थात– इस सारे संसार में हरि नाम के जप के बिना कोई योग साधना नहीं है। प्रभु के नाम का स्मरण

ही सच्चा योग साधना है। जो व्यक्ति प्रभु नाम स्मरण में अनुरक्त रहता है, प्रभु के नाम जप करने में ही सुख अनुभव करता है वही योगी है, प्रकृत भक्त है। 'नाम' से ही इस अनंत संसार का रहस्य प्रकट होता है, नाम से ही बुद्धि प्राप्त होती है। जो लोग अपने भीतर से 'नाम' को भूला देते है वे सत्य से कोशों दूर चले जाते है। उनको हरि की प्राप्ति नहीं होती। गुरु नानक कहते है कि सति गुरु से ही नाम की प्राप्ति होत है। हरि नाम के स्मरण बिना मक्ति संभव नहीं है।

(ज) रहस्य भावना एवं संसार की अनित्यता :-

रहस्य भावना एवं संसार की अनित्यता पर संत शंकरदेव ने कहा है कि संसार क्षणभंगुर है। माया का जाल है। जहाँ हम वृथा पड़कर आपने मनुष्य रूपी जीवन को नष्ट करते है। जबकि मनुष्य जन्म दुर्लभ है, इसलिए उसे वृथा गवाना उचित नहीं है। जैसे–

"कमने रमया मन बिछुड़ि रहु।
वृथा मोहे भुलावे।
राम चरण चिंत चिंतक
मृत्यु तरण उपाय।"

(बरगीत मुकुर– राग–गौरी, पृ–37)

फिर आपने कहा है–

"अथिर धन जन जीवन अथिर एहो संसार।
पुत्र परिवार सवहि असार करवो वैहरि सार।।"

(राग–केदार, बरगीत, मुकुर, पृ.सं.– 09)

अर्थात– जीवन–यौवन, धन–ऐश्वर्य, मान–मर्यदा सब अस्थिर है, क्षणभंगुर है। पुत्र–परिवार, संसार–घर भी सारहीन, अर्थहीन है। यहाँ एकमात्र सत्य है भगवान, परमईश्वर। वही स्थायी है। अतः उन्हीं के चरणों में अपना मन स्थिर करके रखना चाहिए।

गुरु नानक ने कहा है कि यह संसार एक माया है। जहाँ माया के बंधन में पड़कर जीव को नाना कष्टों का सामना करना पड़ता है। मनुष्य जन्म मरण के फेरे में पड़कर भटकता रहता है। जैसे–

"मनमुकि सोही ना पवे
बीछुड़ी चोटा खाइ।"

(गुरु ग्रंथ साहिब, पृ.सं.– 60)

आपके अनुसार प्रकृत भक्त परम ज्योति को पहचानते है और मायाग्रस्त जीव अंधकार में भटकते रहते है। क्योंकि माया उसके हृदय में वास करता है। जैसे–

"मनमखि मड़ माइआ चित वासु।"

(गुरु ग्रंथ साहिब, पृ.सं. 22)

(झ) रोढ़ीयों-बाह्याडम्बरों का खण्डन :-

शंकरदेव हो या गुरु नानक प्रायः सभी संतों ने रोढ़ीयों एवं वाह्याडम्बरों का खण्डन किया है। हिन्दूओं की मूर्ति पूजा, बलि–विधान, व्रत, मुसलमानों की रोजा–नामाज आदि का डटकर विरोध किया है। इसलिए श्रीमंत

शंकरदेव ने कहा है :–

"अन्य देवी देव नकरिवा सेव
नखाईबा प्रसाद तार।
मुर्तिकों नाचाइबा गृहको नपशिवा
भक्ति होइब व्यभिचार।"

(भागवत, अष्टम स्कन्ध)

अर्थात– देवी–देवताओं की सेवा या पूजा नहीं करनी चाहिए। उनका प्रसाद भी ग्रहण नहीं करना चाहिए। नहीं तो भक्ति व्यभिचार में बदल जायेगा। फिर आपने कहा है–

"भैरबक पूजे जिटो मनष्यक मारि,
डाइनी हौया मनष्यक खाय जिटो मारि।
अन्तकाले राक्षसे रूधिर पिये तार,
करे किल बुके हानिया कुठार।"

(भागवत, अजामिल उपाख्यान)

अर्थात– मनुष्य को मारकर भैरी देवी की पूजा करने वाला भी एक प्रकार का राक्षस ही है। मृत्यू के बाद राक्षस गण उसका खुन पीते है और कूल्हाड़ी से हृदय को टुकड़े टुकड़े करते है।

ठीक उसी प्रकार गुरु नानक जी अपनी वाणी में बाहरी आचारों और आडम्बरों का खुलकर खण्डन का है। साथ ही समाज एवं जनसाधारण को इन बेकार बातों से एवं परमात्माओं से दूर रहने को कहा है :–

"मूजि सिला तीरथ बनवासा
भरमत डोलत भए उदासा
मनि मैले सूचा किउ होई
साचि मिलै पाव पति सोइ।"

(गुरु ग्रंथ साहिब, पृ.सं. 686)

आपने फिर लिखा है कि तीर्थ स्थान में स्नान करने से मनुष्य को जितना पुण्य मिलता है उससे अधिक पुण्य मनुष्य को गुरु के दर्शन से प्राप्त होता है। जैसे–

"अठसठि तीरथ मजना
गुर दरसु पशपति होई।"

(गुरु ग्रंथ साहिब, पृ.सं. 597)

उपसंहार :–

संत श्रीमंत शंकरदेव और गुरु नानक देव दोनों ही अलौकिक व्यक्तित्व के धनी थे। दोनों व्यक्तियों के आध्यात्मिक दर्शन ने नवीन समाज की संरचना की है। मानव के जीवन में सेवा की भावना, प्रेंम, शांति, श्रृंखला, सदभाव आदि स्थापन हेतु नवीन दृष्टि प्रदान की है। श्रीमंत शंकरदेव और गुरु नानक दोनों ही जगत गुरु और लोकनायक है।

आप दोनों संतों के आदर्श एवं प्रेरणा से समाज को व्यक्ति को एक नयी दिशा मिली। समाज में व्याप्त

रूढ़ी–वाह्याडम्बर, अंधविश्वास, भेदभाव, ऊंच–नीच की भावना, कट्टरता आदि से लोगों को मुक्ति मिला। सहज–सरल भक्ति की साधना पद्धति से किस प्रकार लोगों को मुक्ति का मार्ग मिल सकता है उस सही मार्ग का आप दोनों महान ज्ञानी ने दिशा दिखलाया। आप दोनों ही विलक्षण समत्तयवादी दर्शण के अधिकारी थे। बाहरी आडम्बरों से हटकर एक उत्कृष्ट समाज की रचना, सहज धर्म पद्धति का प्रचार, सही मानव का निर्माण करने में आप दोनों काफी हद तक सफल रहे। वैष्णव धर्म और सिख धर्म के इसी आदर्श को समाज और जनमानस में फैलानी ही हम सभी का उद्देश्य होना चाहिए।

संदर्भ/आधार ग्रंथ :-

1. कीर्तण, श्रीमंत शंकरदेव, ज्योति प्रकाशन, सम्पादक– यतीन्द्र नाथ गौस्वामी।
2. बरगीत मुकुर, सम्पादक– श्री गोलाप महंत, श्रीं शंकरदेव संघ 1999, शराईघाट फोटो ताइपर, गुवाहाटी।
3. श्रीमंत शंकरदे– डॉ. संजीव कुमार बरकाकती, आँक–बाँक प्रकाशन, 2020, आर.जि. बरुवा रोड, गुवाहाटी।
4. अर्थनैतिक संस्कारक श्रीमंत शंकरदेव राजीव दत्त– वेदकण्ड, जोरहाट– 2023, राजगढ़ रोड, गुवाहाटी।
5. नामधर्म, पत्रिका, श्रीमंत शंकरदेव संघ, 2012
6. आकाशी गंगा, स्मृति ग्रंथ, श्रीमंत शंकरदेव संघ, 2006
7. गुरु नानक देव– नरेन्द्र पाठक, प्रकाशक काल– 2015, एस. एन. प्रिंटर्स, नई दिल्ली।
8. श्री गुरु नानक देवजी– डा. कुलदीप चंद अग्निहोत्री, प्रकाशन वर्ष– 2019, प्रकाशक–प्रभात पेपरबैक्स।
9. नानक देव, सम्पादक– रत्न सिंह जग्गी। गुरु नानक रचनावली, पटियाला, भाषा विभाग, पंजाब 1970
10. नानक वाणी, जयराम मिश्र, प्रयागराज, लोक भारती प्रकाशन, 2006

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 224-229

'दिल्ली ऊँचा सुनती है' नाटक में व्यक्त सामाजिक सरोकार

डॉ. प्रकाश अठावले
कर्मवीर भाऊराव पाटील कॉलेज, उरून–इस्लामपुर।

सारांश :–

'दिल्ली ऊँचा सुनती है' नाटक में लेखिका ने बिगड़ी हुई शासन व्यवस्था व सरकारी व्यवस्था में फैली भ्रष्टता, अव्यवस्था या अराजकता पर तीखा व्यंग किया है. आजादी के बाद पनपे अवसरवाद, भ्रष्टाचार, चारित्रिक पतन, घूसखोरी, कालाबाजारी, बेरोजगारी, भ्रष्ट शासन तंत्र, नौकरशाही, लालफीताशाही, डॉक्टरों की मनमानी, पाश्चात्त्य संस्कृति का अंधानुकरण, आर्थिक दबाव जैसी समस्याओं का यथार्थ चित्रण किया गया है। प्रस्तुत नाटक का नायक सेवानिवृत्त क्लर्क अपनी पेंशन के इंतजार में सरकारी तंत्र की कुव्यवस्था से जो मानसिक, आर्थिक एवं शारीरिक परेशानियाँ उठाता है इसका अत्यंत मार्मिक चित्रण नाटक में किया है। 'दिल्ली ऊँचा सुनती है' नाटक का व्यंग यह है कि दिल्ली ही ऊँचा सुनने लगी तो आम आदमी अपनी भोगी हुई पीड़ा को कहाँ जा कर सुनाएगा।

बीज शब्द :– लापरवाही, भ्रष्ट प्रशासन व्यवस्था, पेंशन, सामाजिक सरोकार।

प्रस्तावना :–

साहित्य का साधन और साध्य समाज ही है। हर युग में साहित्य समाज के हितचिंतन और चिंताओं को समझने का प्रतिबिंबन रहा है। समाज की प्रगति भी साहित्याश्रित है। सामाजिक मूल्यों की सुरक्षा, समाज सुधार, मानव कल्याण, शोषणमुक्त समाज का गठन समाज की प्रगति के अनिवार्य तत्व हैं। युगचेतना संपन्न साहित्यकार समाज दृष्टा और भोक्ता होने के कारण समाज के विभिन्न पहलुओं को परखकर, समाज की हर धड़कन को संजोकर उसे अपनी कल्पना के सहारे समाज के उन्नयन के लिए प्रदान करता है। जिसके जरिए जीवन और समाज को एक नई दिशा और गति मिलती है।

विविध साहित्यिक विधाओं में नाटक का विशेष महत्व है। नाटक और समाज का संबंध अत्यंत निकट और गहरा रहा है। नाटक को समाज की प्राकृतिक प्रतिकृति माना जाता है। समाज के विविध स्तरीय परिवेश, बदलते सामाजिक यथार्थ और जीवन मूल्यों को उजागर कर जनमानस को आंदोलित करना, समाज को सोचने के लिए प्रेरित करना व उसे उचित दिशा–दृष्टि देना ही नाट्य साहित्य का सामाजिक सरोकार है।

हिंदी के लगभग सौ वर्ष के नाट्य साहित्य के इतिहास में (1850–1950) श्रीमती लाली देवी का एक मात्र

नाम नाट्य लेखिका के रूप में उपलब्ध है। उसके बाद अनुरूपा देवी, कुटुम प्यारी देवी सक्सेना, ताराप्रसाद वर्मा, शिवकुमारी देवी, शारदादेवी मिश्र आदि के नाम आते हैं। स्वतंत्रता के बाद हिंदी नाट्य साहित्य को समृद्ध करने वाली महिला नाटककारों में कंचनलता, सब्बरवाल, रामकुमारी चौहान, डॉ. मिथलेशकुमारी मिश्र, विमला रैना, मन्नू भण्डारी, कंथा जैन, मृदुला गर्ग, प्रतिभा अग्रवाल, शीला भाटिया, कुसुम कुमार, शांती मेहरोत्रा, मृणाल पांडे, त्रिपुरारी शर्मा, आशा वर्मा, डॉ. सरोज बिसारिया, आयेशा अहम्मद, डॉ. मधु धवन, उषा गांगुली, मीराकांत, विभा रानी, नादिरा जहीर बब्बर आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। उनके नाटकों में स्त्री और उससे जुड़ी अनेक समस्याएँ उजागर हुई हैं साथ ही बदलते पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक व सांस्कृतिक मूल्य भी अभिव्यक्ति पाते हैं। यही उनका युगबोध और सामाजिक दायित्व है। हिंदी महिला नाटककारों में डॉ. कुसुम कुमार का योगदान महत्त्वपूर्ण रहा है।

कुसुम कुमार बहुमुखी प्रतिभा की स्वामिनी है। उन्होंने दर्जनों मौलिक व सशक्त रचनाओं से हिंदी साहित्य भांडार को समृद्ध कर दिया है। कुसुम कुमार का जन्म एक क्षत्रिय परिवार में सनातनी वातावरण में 5 ऑगस्ट, 1939 को दिल्ली में हुआ। उन्होने 'हिंदी नाट्य चिंतन' नामक अपने शोध प्रबंध को ही पुस्तक रूप में प्रकाशित कर साहित्य सृजन का श्रीगणेश किया। उनके साहित्य सृजन का यह सिलसिला आज तक चल रहा है। वे एक सक्रिय नाटककार होने के साथ–साथ उपन्यास, कविता, एकांकी, नुक्कड़ नाटक अनुवाद आदि के क्षेत्र में भी वे सक्रिय रही है। कुसुम कुमार ने आठ मौलिक नाटकों का लेखन किया हैं। जिसमें 'ओम क्रांति–क्रांति' (1979), 'सुनो सेफाली' (1979), 'संस्कार को नमस्कार' (1983), 'रावण लीला' (1983), 'पवन चतुर्वेदी की डायरी' (1986), 'लश्कर चौक' (1992), और 'प्रश्न काल', 'दिल्ली ऊँचा सुनती है' (1982), और 'चूहा' उनका लघु नाटक है। उन्होंने वसंत कानेटकर, जयवंत दलवी, विजय तेंदुलकर जैसे प्रसिद्ध मराठी नाटककारों के नाटकों का हिंदी में अनुवाद किया है। कुसुम कुमार की रचनाओं का अनेक दक्षिण भारतीय भाषाओं के साथ पंजाबी, मराठी, उड़िया, काश्मीरी और अंग्रेजी में अनुवाद भी हुआ हैं।

कुसुम कुमार ने "दिल्ली ऊँचा सुनती है के माध्यम से समूचे देश में व्याप्त नौकरशाही, लालफीताशाही और भ्रष्टाचार को अत्याधिक सबल ढंग से उजागर किया है।" (दिल्ली ऊँचा सुनती है– मल पृष्ठ) लेखिका ने माधोसिंह के माध्यम से आज की कार्यालयीन व्यवस्था के शिकार बने आम आदमी की व्यथा का चित्रण करते हुए सामान्य आदमी का जीवन संघर्ष प्रस्तुत किया है। लेखिका ने प्रस्तुत नाटक में चित्रित समस्याओं में मध्यम से सामाजिक सरोकार पर प्रकाश डाला है जैसे :–

भ्रष्ट नौकरशाही की समस्या :-

'दिल्ली ऊँचा सुनती है' नाटक में कुसुम कुमार ने सरकारी कार्यालय में भ्रष्ट नौकरशाही से त्रस्त आम आदमी की व्यस्था का चित्रण किया है। नाटक का प्रमुख पात्र माधो सिंह वित्त मंत्रालय से 36 साल की सेवा करके सेवानिवृत्त हुए हैं। पर उन्हें सेवानिवृत्ति के छ महीने बाद मिलनेवाली पेंशन अचानक बंद हो जाती है। पेंशन के लिए माधोसिंह को हर जगह भटकना पड़ता है। पेंशन कार्यालय में जाने के बाद उन्हें कर्मचारी से पता चलता है कि "माधोसिंह नाम के आदमी की तो हमारे रेकॉर्ड डेथ हो चुकी है..." (दिल्ली ऊँचा सुनती है– पृष्ठ–43) इसका मतलब सरकारी कार्यालय के दफ्तर अनुसार छः महिने पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी है। माधोसिंह अब खुद को जीवित होने का प्रमाण पत्र जुटाने में लग जाते हैं। इन सारे प्रयासो में उन्हें कई मुश्किलों का

सामना करना पड़ता है। खुद को जीवित घोषित करने के लिए माधोसिंह को सरकारी कार्यालय, अस्पताल, डॉक्टर, मंत्री आदि के पास बार–बार चक्कर लगाने पड़ते है। फिर भी उन्हें स्वयं का जीवित होने का प्रमाणपत्र नहीं मिलता। पेंशन के इस जद्दोजहद का परिणाम माधोसिंह पर हो जाता है और वे मानसिक तनाव में दम तोड़ते है। माधोसिंह के मृत्यु पश्चात् डाकिया उनकी पेंशन मंजूरी का पत्र लाता है। इस प्रकार कुसुम कुमार ने सरकारी कार्यालय से लेकर मंत्रियों तक भ्रष्टाचार पर टिकी हुई व्यवस्था का यथार्थ चित्रण प्रस्तुत किया है।

आर्थिक समस्या :-

भारत स्वतंत्र होकर 75 साल गुजर गये है फिर भी आम आदमी दिन–ब–दिन आर्थिक समस्यां से ग्रस्त बनता जा रहा है। 'दिल्ली ऊँचा सुनती है' नाटक का माधोसिंह भारत सरकार के वित्त मंत्रालय से 36 साल की प्रमाणिक सेवा कर निवृत्त हुए है। नौकरी करते वक्त अर्थाभाव के कारण दफ्तर हर रोज साइकिल से आते–जाते थे इसकी जानकारी देते हुए लिखते है। "छत्तीस साल अर्थ–मंत्रालय की क्लर्की की और छत्तीस साल ही घर से दफ्तर, दफ्तर से घर, रोज बीस मिल की दूरी साइकिल की तो ऐसी–तैसी हुई!" (पृष्ठ–18) उन्होंने अपनी नौकरी बड़ी प्रामाणिकता से की है। वेतन अतिरिक्त ऊपरी कमाई के बारे में कभी सोचा भी नहीं। माधोसिंह की पत्नी कमला निवृत्ति के बाद भी दिल्ली में ही रहना चाहती है मगर माधोसिहं महानगर में पेंशन के पैसे पर गुजारा नहीं होगा ऐसा सोचकर अपने पैतृक गाँव आकर शेष जिंदगी बिताने का निर्णय लेते हैं। माधोसिंह गाँव में अपने एक परिचित मगनलाल नामक व्यक्ति का घर किराए पर लेते हैं।

माधोसिंह की सेवा निवृत्ति के छः महीने बाद पेंशन की अदायगी बंद हो जाती है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति अधिक गंभीर बनने लगती है। घर में उनकी पत्नी, बेटी और वे कुल तीन सदस्य हैं। फिर भी उनका खर्च चलाना मुश्किल हो जाता है। माधोसिंह की बेटी नीति आगरा जाने की इच्छा व्यक्त करती है लेकिन पैसों आर्थाभाव के कारण पिता जी उसकी इच्छा पूरी नहीं कर पाते। उनके घर का मालिक मगनलाल माधोसिंह की हालात देखकर उन्हें कही बार पैसे की मदद करता है, फिर भी दिन–ब–दिन उनकी आर्थिक स्थिति अधिक गंभीर बनने लगती है। कभी–कभी घर में चूल्हा जलाना भी मुश्किल हो जाता है। इतना ही नहीं नीति का इलाज सही समय पर न होने से नीति जहर खाकर अपनी जीवन यात्रा समाप्त कर देती है। इस प्रकार आर्थिक समस्या से पीड़ित माधोसिंह का चित्रण किया गया है।

राजनीतिक भ्रष्टाचार :-

भ्रष्ट व्यवस्था के कारण देश का आम आदमी किस प्रकार व्यथित होता है। इसका चित्रण प्रस्तुत नाटक में किया है। माधोसिंह की पेंशन छः महीने से बंद हो जाने पर पूछताछ करने के लिए दफ्तर जाने पर वहां के कर्मचारी की मानसिकता का चित्रण किया है। मिस्टर ए कहता है– "यहाँ साला कोई आकर कुछ पेश करें तब ना!... रिश्वत मिलेगी और यहाँ? हुंह! भूखे–नंगों का दप्तर है यह... सब कानी कौड़ी के मोहताज साले... खुद पेंशन पर गुजरा करने वाले! उनसे रिश्वत मिलेगी? भूल जा। डी.आर. भूल जा! ... यहाँ तो जहान भर के सठियाए लोग।.. पट्ठे बाप का दप्तर समझकर चले आएंगे!" (पृष्ठ– 33)

माधोसिंह पेंशन के कारण बहुत चिंतित है। यह देखकर उनका मित्र जो उनका मकान मालिक भी है उन्हें अपने परिचित गृहमंत्री के पास ले जाता है पर वहां गृहमंत्री भी काम करने में असफलता दिखाते हुए कहते है– "तुम लोग बहुत देर से आए हो मेरे पास! महीने भर पहले आए होते तो दो दिन में तुम्हारा काम हो सकता था।

एक जमाना था, पर्लियामेंट में हमारी पार्टी को मैजोरिटी थी... स्याह करें, सफेद करें, सब चलता था! अब वह बात नहीं रही... अर्थमंत्री दूसरी पार्टी का आदमी है... मिजाज का बेहद अक्खड़... तुम्हारा केस फैसले के लिए अंत में उसी के पास जाएगा या फिर अर्थ सचिव के पास जा सकता है... मैंने तुम्हारे साथ कुछ रियायत करने को कहा तो वह जान बूझकर कुछ उलटा–सीधा फैसला लेंगे..." (दिल्ली ऊँचा सुनती है– पृष्ठ– 85) यहाँ मंत्री महोदय स्पष्ट कहते मेरी पार्टी पार्लिमेंट में नहीं है, इसलिए मैं आपका काम नहीं कर सकता। चाहे तो मैं पार्लिमेंट के मंत्री के पास एक चिठ्ठी दे सकता हूँ। माधोसिंह जब कहते है की मेरा केस एकदम जैनुइन है! सीधा साफ है सर! तब मंत्री महोदय कहते है – "हम यह काम जरुर कर देते! लेकिन तब जब कि तुम्हारा केस फ्राड होता। फ्रोड केस के लिए फ्रोड साधन अपना लिए जाते हैं...आपका केस जैनुइन है, इसलिए ऊपर से नीचे तक हर तथ्य रेकॉर्डेड है... अब कुछ नहीं हो सकता ... सच्चाई को अपनी रफ्तार से चलने दीजिए– कुछ हो गया आपका तो ठीक, नहीं तो..." (पृष्ठ– 85) इसका मतलब माधोसिंह के काम में सच्चाई है, इसलिए मंत्री महोदय कुछ नहीं कर सकते। अगर केस फ्रॅंड होता तो जरूर कुछ ना कुछ कर देते, पर आपके केस में सब सत्य लिखा है। सत्य की अपनी रफ्तार होती है उसी रफ्तार से काम होगा। इतना ही नहीं, माधोसिंह के चिठ्ठी के बदले वहां मगन से अपनी मालिश करवाना चाहता है। मगन को मंत्री की यह सब बातें सुनकर बहुत गुस्सा आता है पर वह मंत्री होने के कारण कुछ नहीं बोल सकता।

आज देश की भ्रष्ट व्यवस्था में असत्य को सत्य करार देना बड़ा आसान हुआ है, पर सत्य को सत्य बनाना बड़ा ही कठिन हो गया है। माधोसिंह जैसे बहुत सारे आम आदमी की यही विडंबना है। वह राज्य व्यवस्था से पीड़ित होकर भी कुछ नहीं कर सकता।

सरकारी अस्पताल में भ्रष्ट वैद्यकीय सेवा :-

प्रशासन के सारे क्षेत्र में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। " स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सत्ताधारियो की स्वार्थपरता, समाज में धन के बढ़ते प्रभाव, सामाजिक–नैतिक मूल्य विघटन जैसे कारणों ने प्रशासनिक भ्रष्टाचार को और भी बढ़ावा दिया। आज स्थिति यह हो गई है कि प्रशासन के पायदान पर स्थित क्लर्क से लेकर शिखर पर विराजमान सचिव, मुख्य सचिव तक सभी भ्रष्टाचार के आकंठ डूबे दिखाई पड़ते हैं। इस त्रासद स्थिति ने सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, नैतिक मूल्यों को बुरी तरह झकझोरा है। लेखिका ने प्रस्तुत नाटक में प्रशासन के विभिन्न अंगों में व्याप्त रिश्वतखोरी, कामचोरी का यथार्थ वर्णन किया है।

माधोसिंह सेवानिवृत्त होने के बाद पेंशन मिलना बंद हो जाती है। पेन्शन के ऑफिस में ऑफिस के रिकॉर्ड में माधोसिंह को मृत घोषित किया है। यदि पेंशन जारी होनी है, तो उन्हें अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र ले आना होगा। माधोसिंह इस बात को निपटाने के लिए प्रमाण पत्र बनवाने में लग जाते हैं। वह अपने एक परिचित डॉक्टर के पास चले जाते हैं। उनसे कहते है– "सरकारी फाइलों में मेरी मौत हो चुकी है। पेंशन विभाग वालों के फैसले के मुताबिक मैं अब जिन्दा नहीं हूँ।" (पृष्ठ–48) पूरा मामला सुनने पर परिचित डॉक्टर भी उन्हें इस प्रकार का प्रमाण पत्र देने में असमर्थता व्यक्त करते हुए कहते है– "नहीं माधोसिंह ...ऐसा सर्टिफिकेट मैंने आज तक किसी को दिया नहीं... मुश्किल है...यह सर्टिफिकेट आपको देने से कोई बड़ा बखेड़ा मुझ पर खड़ा हो गया तो?" (पृष्ठ–48) इसका मतलब सत्य को सत्य कहने का धाडस डॉक्टर में दिखाई नहीं देता वह अपनी जिम्मेदारी से पलायन करते दिखाई देता है। डॉक्टर सरकारी झमेले में पढ़ना नहीं चाहता। इसलिए वह माधोसिंह

को टाल देता है। परिचित डॉक्टर के पास चक्कर काटने पर डॉक्टर उन्हें सरकारी अस्पताल भेज देता है। सरकारी अस्पताल के डॉक्टर से प्रमाण पत्र बनवाने की सलाह देता है।

माधोसिंह अब सरकारी अस्पताल जाते हैं। वहां लंबी कतार लगी हुई है। अस्पताल में डॉक्टर पहले से ही देर से आते हैं और जब माधोसिंह का नंबर आता है तब लंच टाईम का बहाना करके चले जाते हैं। दूसरे दिन सरकारी अस्पताल में लाइन में ही खड़े होकर दिन बीत जाता है। उनके पास रिश्वत और सिफारिश का अभाव है। घंटो प्रतीक्षा के काम न होने घर आकर पत्नी से कहते है– "एक बार मरकर फिर से जिन्दा होना इतना आसान नहीं होता... और फिर इस जमाने में सिर्फ साँस लेने का मतलब जिन्दा रहना थोड़े ही है। पैसा चाहिए पैसा। पैसा आदमी को मारता भी है. पैसा जिलाता भी है। (पृष्ठ क्र.)

एक कर्मचारी तो उन्हें सिर्फ एप्लीकेशन लिखने के लिए कहता है। माधोसिंह कतार में ही खड़े रहते हैं। वहां की लेडी डॉक्टर पहचान वाले मरीज को पहला नंबर दिया जाता है जो लास्ट नंबर पर खड़ा था। इस सन्दर्भ में एक युवक कहता है– "अरे वा! हरिओम कौन है। लाइन में सबसे पहले आके लगे हम और यह हरिओम कहाँ से धमक पड़े?" (पृष्ठ– 57)

बहुत दिनों तक अस्पताल के चक्कर काटते हुए, लंबी कतारों में खड़े होने के बाद उनकी मुलाकात डॉक्टर से हो जाती है। पर यहाँ प्रमाण पत्र हात में नहीं मिलता। पोस्ट से प्रमाण पत्र मिल जायेगा ऐसा उन्हें कहा जाता है। बड़ी इंतजार के बाद पोस्ट से प्रमाण पत्र प्राप्त होता है। लेकिन उस प्रमाण पत्र पर माधोसिंह की जगह माधव सिंह इस प्रकार गलत नाम लिखा जाता है। अब फिर से नाम में सुधार के लिये न जाने कितनी दिल्ली के चक्कर लगाने पड़ेंगे? ऐसा सोच कर वह फिर निराश हो जाते हैं। पर उनका दोस्त मगनलाल उन्हें धीरज देता है और अर्ज लिखकर स्वयं दिल्ली जाने के लिए तैयार हो जाता है। इस प्रकार प्रस्तुत नाटक में आम आदमी को वैद्यकीय सेवा लेते वक्त पसीना पड़ता है, अस्पताल के चक्कर काटते काटते वह स्वयं बीमार पड़ जाते हैं।

अक्सर हम देखते है कि सरकारी अस्पताल भी भ्रष्टाचारी ठेकेदारों के इशारे पर चलते है। यहाँ की कीमती दवाएँ सरकार के चाचा–भतीजे हड़प ले जाते हैं। यहाँ आम आदमी के लिए सुरक्षित मुक्त की दवाएँ कहाँ? एक जिंदा व्यक्ति के जिंदा रहने का प्रमाण पत्र देने के लिए भी इन राष्ट्रीय यमदूतों की सिफारिशों और रिश्वत की जरुरत है। नहीं तो माधोसिंह के समान कई दिन के परिश्रम के बाद निराश होकर लौटना पड़ेगा। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की लापरवाही, वक्त पर काम न आना, फोन पर पर्सनल और बेकार बातें करते रहना आदि बातों का चित्रण लेखिका ने सूक्ष्मता से किया है।

परित्तक्या नारी की समस्या :-

भारतीय समाज में विवाह संस्था को बड़ा पवित्र माना जाता है। विवाह के कारण पति–पत्नी जीवन भर साथ निभाने का संकल्प करते हैं। पर कभी–कभी पति–पत्नी के संबंधों में तनाव निर्माण होता है। दोनों अलग हो जाते हैं। पति द्वारा छोड़ी हुई औरत को जीवनभर दुःख उठाना पड़ता है। उसे दर–दर की ठोकरें खाकर जीना पड़ता है। पति द्वारा त्यागी हुई नारी को परित्यक्ता कहा जाता है। प्रस्तुत नाटक में नीति के माध्यम से परित्यक्ता नारी की समस्या चित्रित की है। नीति सुंदर है किन्तु परित्यक्ता होने के कारण वह अधिकांश समय अस्वस्थ व उदास रहती है। उसका सारा जीवन नासूर बनकर रह गया है। नीति के माता–पिता माधोसिंह और

कमला अपनी बेटी से अधिक प्यार करते हैं। परित्यक्ता बेटी नीति की देखभाल न करने तथा आर्थिक दुरावस्था माधोसिंह को हमेशा कचोटती रहती है। उसका दिल बहलाने के लिए पिता माधोसिंह सुबह उसके साथ टहलने के लिए जाते हैं। उसे खुश रखने के लिए, उसकी उदासी दूर करने के लिए कुछ ना कुछ बातें करते रहते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक ना होने पर भी नीति की दवा दारू पर खर्च करते हैं। नीति हमेशा इस बात पर बेचैन रहती है कि आर्थिक पराधीनता में दम तोड़ता उसका परिवार कहाँ तक उसकी दवा पर खर्च करेगा। इस प्रकार की दर्दभरी जिंदगी जीना उसे अच्छा नहीं लगता। अपने पिता की परेशानी और स्वयं के दर्द को झेलते–झेलते अंत में वह आत्महत्या कर लेती है। लेखिका ने नीति के उदाहरण से परित्यक्ता नारियां अपने जीवन में किस प्रकार उदास रहती है कभी–कभी अंत में प्राण त्याग कर देती है। इस पर प्रकाश डाला है।

अंत में हम कह सकते है कि 'दिल्ली उंचा सुनती है' यह समस्या प्रधान व्यंग्य नाटक है। इसमें कुसुम कुमार जी ने भारतीय स्वतंत्रता के बाद देश में एक ओर आर्थिक, सामाजिक, औद्योगिक क्षेत्र में विकास के द्वार खुले हैं तो दूसरी ओर देश के सामान्य व्यक्ति का जीवन आजाद भारत के भ्रष्ट राजनेताओं, उच्चपदस्थ अधिकारी, स्वार्थांध नीतियों से प्रभावित हो गया है। जिसे आम आदमी का जीवन दूभर होने लगा है।

निष्कर्ष :-

'दिल्ली ऊँचा सुनती है' नाटक के नायक माधोसिंह के माध्यम से सेवानिवृत्त व्यक्ति की व्यथा को चित्रित किया है। इसमें आज की बिगड़ी हुई शासन व्यवस्था पर तीखा व्यंग्य किया है। यहाँ महानगर की संस्कृति अपनी समस्त विकृतियों के साथ उपस्थित हुई है। दिल्ली हमेशा ऊँचा ही सुनती है, इसलिए यहाँ आम आदमी की रोदन और संवेदना धीमी पड़ गई है। रिश्वत और सिफारिश ही सरकारी कार्यालयों के ऊर्जा का स्त्रोत बनी है। यहाँ भी राजनीतिक ठेकेदार का हाथ कायम रहा है। मध्यम वर्ग के अवकाश पाप्त माधोसिंह को पेंशन नहीं मिलती क्योंकि प्रशासन की अकर्मण्यता, लापरवाही, कर्मचारियों की मनमानी, उत्तर दायित्व हीनता, मंत्रियों की उदासीनता, बढ़ती रिश्वतखोरी आदि प्रमुखतः कारण है। जिसकी वजह से आम आदमी का जीवन अंत तक संघर्ष रहता है।

संदर्भ :-

1. दिल्ली ऊँचा सुनती है– कुसुम कुमार, किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, छात्र संस्करण, 2024
2. हिंदी महिला नाट्य लेखन के सामाजिक सरोकार – डॉ. मिनी जोर्ज, अमन प्रकाशन, कानपुर, 2017

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 230–232

समग्र दृष्टिकोण और शैक्षणिक नींव (एनईपी–2020)

डॉ. कविता शर्मा
सहायक आचार्या, राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ,
शाहपुरा बाग, आमेर रोड, जयपुर, राजस्थान।

सारांश -
शिक्षण एक बहुत ही महान व्यवसाय है जो व्यक्ति के चरित्र, क्षमता और भविष्य को आकार देता है - ए.पी.जे. कला शिक्षा समाज की एक आत्मा की भांति हे। जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जाती हे - जी.के. चेस्टर्टन

इन वाक्यों से हमें मालूम होता है कि शिक्षा हमारे जीवन में कितनी अनमोल है। इससे राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि मानव संसाधनों के विकास भी निर्भर करता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सरकार द्वारा महत्त्वपूर्ण बदलाव एवं चमत्कारी परिवर्तन किये गये है। लेकिन इसे एक व्यवहारिक रूप प्रदान किया जाए ताकि देश को विश्व के समक्ष आदर्श शिक्षा मंडल के रूप में प्रस्तुत किया जा सके ताकि एक श्रेष्ठतर समाज की रचना की जा सके जिससे एक श्रेष्ठ विश्व की रचना हो सके शिक्षा एक सफल, शिक्षित और सम्पन्न समाज की सबसे महत्त्वपूर्ण नींव है। यह हमारे समाज के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक विकास और विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है।

प्रस्तावना -
शिक्षा शब्द को देखे तो पता चलता है कि शिक्षा एक संस्कृत शब्द है। जिसका अर्थ है - सीखना या सीख होता है। जबकि अंग्रेजी भाषा में शिक्षा को "एजुकेशन" कहते है। शिक्षा का सही अर्थों में मतलब सीखना होता है। वह सीख चाहे आप अपने माता-पिता से सीखते है। या फिर समाज से या स्कूल तथा कॉलेज या अपने दोस्तों से। जहां कहीं से भी हगें सीखना होता है। वह शिक्षा कहलाती है। शिक्षा से हगें ज्ञान, उचित आचरण तकनीकि दक्षता विद्या आदि को प्राप्त करने की प्रक्रिया को कहते है। इसमें आचरण, तकनीकि दक्षता तथा ज्ञान का समाविष्ट होता है। इसी प्रकार यह कौशलों, व्यापारों या व्यवसायों एवं मानवीय नैतिक और सौन्दर्य विषयक के उत्कर्ष पर केन्द्रित है।

ज्ञान के परिप्रेक्ष्य में विश्व बहुत बड़े-बड़े परिवर्तनों से गुजर रहा जिसमें नई-नई तकनीकि अपनी जगह बना रही है। जिसके डेटा संग्रहण तकनीकि, ब्लॉक चैन सिस्टग गशीन लर्निंग, कृत्रिग बुद्धिगत्ता अपनी जग बना रही है। अर्थात् जो अकुशल कामगार की जगह मशीन ले लेगी वर्तमान विश्व में व्यक्ति को कुशल एवम कौशल की आवश्यकता है इसी वैश्विक परिस्थिति के अनुसार बच्चों को यह ध्यान देने की आवश्यकता है। कि इन्हें जो-जो सिखाया जा रहा है। वह तो सीखे ही और साथ में सतत् सीखते रहने का भी गुण भी विकसित करे।

भारत के पास अगला दशक विश्व गुरू बनने का सुनहरा अवसर प्रदान कर सकता है क्योंकि विश्व में सर्वाधिक युवा जनसंख्या भारत में निवास करती है। युवा जनसंख्या का अभिप्राय कार्य क्षमता अधिक तथा सीखने तथा जानने की अत्यधिक तीव्र प्रवृत्ति शिक्षा के क्षेत्र में भारत प्रयासरत रहा है। आजादी से पहले तथा आजादी के पश्चात् कई कमिटि तथा समितियां बना चुका है। लेकिन शिक्षा के लिए पहली नीति 1968 में इन्द्रा गांधी सरकार के समय लायी तथा द्वितीय शिक्षा नीति 1986 में लागू की गई थी और तीसरी शिक्षा नीति जिसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 का नाम दिया गया। जिसकी अध्यक्षता कस्तूरीरंगन की जिसमें इन्होंने एनईपी- 2020 का लक्ष्य 2040 तक एक कुशल शिक्षा प्रणाली बनाना है। जिसमें सभी शिक्षार्थियों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक समान पहुंच हो। यह अपने देश की पहली नीति है जिसमें देश के परम्परागत एवं सांस्कृतिक महत्त्व को शामिल करते हुये सतत् विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करना शामिल होगा।

पिछली नीति तथा उसका आधार -

भारत सरकार ने पिछली नीतियां तथा कई समितियां को आधार बनाते हुये कार्य किया जिसमें अब तक सरकार ने तीन शिक्षा नीतियों का योगदान रहा है। जिसमें 1968 इन्द्रा गांधी सरकार के समय प्रथ नीति तथा 1986 में राजीव गांधी सरकार के समय द्वितीय शिक्षा नीति एवमं वर्तमान में कई समितियों को आधार बनाया गया है। जिसमें 19982 (1986 का संशोधित) अधूरे काम को इस नीति के द्वारा पूरा करने का प्रयास किया गया। जिसमें प्राथमिक शिक्षा को आसान एवं वैधानिक आधार प्रदान करने का प्रयास किया गया जिसके परिणामस्वरूप 86वां संविधान संशोधन 2002 को एक संवैधानिक स्थान प्रदान किया गया जो संविधान में अनुच्छेद 21-ए के तहत मौलिक अधिकारों के तहत संरक्षण प्रदान किया गया और उच्च शिक्षा के लिये छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार सिद्धान्त -

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। उसे सुखपूर्वक एवं सन्तुलित जीवन बिताने के लिए शिक्षा का सहारा लेना पड़ता है। जिससे अच्छे इंसानों का विकास हो सके तथा जिनके विचार तर्कसंगत हो जो अधिकांश कार्य करने में सहायक हो उस मनुष्य में करूणा दया भाव विचारों में लचीलापन तथा नैतिक मूल्य, रचनात्मक शक्ति जो सभी कार्य अपने संवैधानिक अनुस्थ कर सके ये सब कुछ हासिल करना प्रत्येक शिक्षण संस्थान का लक्ष्य होना चाहिए जिससे मनुष्यों में परस्पर संवाद बना रहे।

मूलभूत सिद्धान्त जो व्यक्ति एवं संस्था दोनों को दिशानिर्देशित कर सकते हैं।

1. चरित्र निर्माण एवं विकास का उद्देश्य - स्पेन्सर ने लिखा "मनुष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता चरित्र है, शिक्षा नहीं" सामाजिक अथवा धार्मिक जीवन में व्यक्ति का चरित्रवान होना आवश्यक है। एक अंग्रेजी विद्धान ने कहा है कि यदि चरित्र चला गया तो सब कुछ खो दिया।

2. प्रत्येक बच्चे की विशिष्ट क्षमताओं की स्वीकृति और उनके विकास हेतु प्रयास करना- अभिभावकों शिक्षकों तथा समाज को छात्र एवं छात्राओं की विशिष्ट क्षमताओं का सर्वांगीण विकास करने पर अत्यधिक जोर दिया जाना चाहिए।

3. बुनियादी या आधार साक्षरता और संख्या ज्ञान को सर्वाधिक प्राथमिकता देना - इससे व्यक्ति को संज्ञानात्मक कौशल सीखने में आसानी हो सकती है। प्रत्येक व्यक्ति को कक्षा 3 तक का तथा आधारभूत ज्ञान लेने में आसानी हो सकता है।

4. लचीलापन - शिक्षा में लचीलापन होना चाहिए छात्र एवं छात्राओं को अपनी प्रतिभा के अनुसार बदलाव का अवसर या मौका प्राप्त होता रहे।

5. अवधारणात्मक समझ पर जोर - रटने की पद्धति नहीं और ना ही परीक्षा के बल्कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा पर जोर।

6. रचनात्मक और तार्किक सोच - निर्णय लेने में तार्किकता हो तथा नवाचार को प्रोत्साहन दिया जाये।

7. तकनीकि के उपयोग पर जोर - जो भाषा सम्बन्धी समस्याऐं है उनको दूर करना एवम दिव्यांग बच्चों को ब्रेल लिपी या इससे अच्छे उपयोग में मदद करना।

8. कौशल विकास पर अत्यधिक जोर दिया गया जिससे व्यक्तियों के आपसी संवाद सहयोग सामूहिक कार्य एवं लचीलेपन को बढ़ावा मिले।

9. शैक्षणिक प्रणाली की अखंडता, पारदर्शिता और संसाधन कुशलता ऑडिट और सार्वजनिक प्रकटीकरण पर अत्यधिक बल दिया गया जिससे स्वायत्ता, सुशासन और सशक्तीकरण के माध्यम से नवाचार और आउट ऑफ द बॉक्स विचारों को प्रोत्साहित किया जा सके।

10. भारतीय जड़ों तथा परम्परागत एवं सांस्कृतिक जड़ों को भी समेटते हुये नई शिक्षा नीति का विकास करना क्योंकि भारत की जो पारम्परिक एवं सांस्कृतिक इतिहास गौरवशाली है। जो आधुनिक संस्कृति में जुड़ने के बाद इस शिक्षा नीति को अधिक प्रासंगिक बनाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विजन - 2020

इस नीति के अनुसार शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारना एवं भारतीय मूल्यों से युक्त शिक्षा नीति अर्थात् प्रणाली का विकास करना है। जिससे भारत को वैश्विक ज्ञान से समृद्ध किया जा सके ऐसे विषय पाठ्यक्रम में जोड़ा जाये जिससे बदले परिप्रेक्ष्य में नागरिकों की भूमिका बढ़े एवं उनके व्यवहार एवं आचरण में बदलाव आ सके जिससे मनुष्यों के स्थायी विकास और जीवनयापन तथा वैश्विक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हो सके।

स्कूल शिक्षा -

जो पहले10+2 जिसमें3 से 18 वर्षीय पाठ्यक्रम शामिल था जिसे वर्तमान बदलकर 5+3+3+4 के सांचे मेंढाला जायेगा तथा 3 वर्ष के बच्चों को बुनियादी सुविधा तथा देखभाल के लियेआधारभूत ढांचार प्रदान किया जायेगा -

1. प्रथम बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा को जानने तथा सीखने की नींव डाली जायेगी जिससे बच्चोंके मस्तिष्क के साथ-साथ शारीरिक विकास भी हो सके।

2. बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान: सीखने के लिए तात्का लिक आवश्यकता एवं यक्ति जीवनभर कुछ सीखने की आदत मेंढालने का प्रयास किया जायेगा।

3. ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या कम करना और सभी स्तरों पर शिक्षा की सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करना इत्यादि।

4. उच्च शिक्षा, बच्चों, दिव्यांगजनों, एवं असाहय एवम् गरीब बच्चों के लिये राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कई प्रावधान किये गये हे जिससे भारतीय शिक्षा व्यवस्था को सुधारा जा सके
जो कि देश के भविष्य निर्माण मेंसाथ निभा सके।

संदर्भ सूची -

1. शिक्षा नीति - 2020 (कुछ संस्तुतियां एवं विमर्श) डॉ. सुधांश पाण्डेय

2. नई शिक्षा नीति 2020 और मेरे विचार जितेन्द्र यादव

3. शिक्षा में मापन एवं मूल्यांकन - साहित्य पब्लिकेशन

4. नेशनल ऐजूकेशन पॉलिसी 2020 द की टू डवेलप इन इण्डिया - डॉ. केशव चन्द्र मण्डल

5. भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 - डॉ. महात्मा एवं डॉ. चेतना पोख (एक क्रांतिकारी पहल)

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 233–235

पर्यावरण संरक्षण की भावना का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

डॉ मनीष राठौर
प्राचार्य, मोतीलाल दवे टीचर ट्रेनिंग कॉलेज बाँसवाड़ा, राजस्थान।

"पृथ्वी सभी की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है, लेकिन सभी के लालच को नहीं।"

–महात्मा गांधी

शोध सारांश :–

हमारा भारतवर्ष प्रकृति–पूजन की परंपरा का संवाहक रहा है। वैदिक काल से ही पंचतत्त्वों पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश की उपासना हमारे जीवन का हिस्सा रही है। माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः जैसा भाव हमें प्रकृति से जुड़ाव और संरक्षण का संदेश देता है। बौद्ध और जैन दर्शन में भी प्रकृति के प्रति करुणा और संयम प्रमुख रहे हैं। सम्राट अशोक ने नीतिगत रूप से वन संरक्षण और जीव–जंतुओं की रक्षा को महत्व दिया। वहीं, राजस्थान के बिश्नोई समुदाय द्वारा किया गया खेजड़ली बलिदान पर्यावरणीय चेतना का एक अमर उदाहरण बन गया। स्वतंत्र भारत में चिपको आंदोलन और नर्मदा बचाओ आंदोलन जैसे प्रयासों ने पर्यावरण संरक्षण को जनांदोलन का स्वरूप दिया। संविधान के अनुच्छेद 48A और 51A(g) के माध्यम से यह विषय राज्य और नागरिक दोनों की जिम्मेदारी बन गया। अतः यह स्पष्ट होता है कि पर्यावरण संरक्षण कोई नवीन विचार नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक चेतना का अभिन्न अंग है। आइए, हम अपने अतीत से प्रेरणा लेकर एक हरित और संतुलित भविष्य का निर्माण करें।

भूमिका :–

पर्यावरण संरक्षण आज के युग की एक अनिवार्य आवश्यकता है, लेकिन इसकी भावना मानव इतिहास के शुरुआती चरणों से ही हमारे जीवन का अभिन्न अंग रही है। भारत जैसे देश में जहाँ प्रकृति को ईश्वर का रूप माना गया है, वहाँ पर्यावरण की रक्षा केवल दायित्व नहीं, बल्कि श्रद्धा और भक्ति का विषय रहा है। चाहे वह वैदिक युग हो, बौद्ध और जैन दर्शन, मध्यकालीन परंपराएँ या आधुनिक भारत की प्रकृति के प्रति श्रद्धा और संरक्षण की भावना हर कालखंड में दृष्टिगोचर होती है। प्राचीन काल की प्रकृति उपासना और मानवीय संबंध की धारणा का आरंभ ही प्रकृति के सम्मान के साथ हुआ। वैदिक साहित्य में पंचतत्त्वों धरती, जल, अग्नि, वायु और आकाश की उपासना की परंपरा रही है। इन तत्वों को देवताओं का रूप मानकर यज्ञों में आहुति दी जाती थी।

ऋग्वेद, अथर्ववेद, और अन्य ग्रंथों में पर्यावरणीय संतुलन की आवश्यकता पर बल दिया गया है। माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः जैसी सूक्तियाँ दर्शाती हैं कि मनुष्य ने स्वयं को प्रकृति का संरक्षक माना।

अरण्यानी सूक्त में जंगल की देवी का वर्णन है, जिससे स्पष्ट होता है कि प्राचीन भारत में जंगलों को भी पवित्र माना गया और उनसे छेड़छाड़ निषिद्ध था।

बौद्ध और जैन धर्म में भी अहिंसा का विस्तृत रूप केवल प्राणियों तक सीमित नहीं था, बल्कि वृक्षों, जल स्रोतों, और मिट्टी तक का संरक्षण इसका हिस्सा था। भगवान महावीर और गौतम बुद्ध दोनों ने त्याग और संयम के माध्यम से प्रकृति के साथ तालमेल बैठाने पर जोर दिया। जैन धर्म में 'अपरिग्रह' का सिद्धांत उपभोग की सीमाओं की ओर इशारा करता है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को रोका जा सके। राजनीतिक व्यवस्थाओं में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता मौर्य सम्राट अशोक न केवल एक धर्मनिष्ठ शासक थे, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी सजग थे। उनके शिलालेखों में पशु हत्या को नियंत्रित करने, औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने, और वृक्षारोपण जैसी नीतियों का उल्लेख है।

कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी वनों, जल स्त्रोतों, और पशुधन के प्रबंधन हेतु विस्तृत नियम दिए गए हैं। यह दर्शाता है कि प्राचीन काल में पर्यावरण संरक्षण केवल नैतिक दायित्व नहीं था, बल्कि एक सुव्यवस्थित प्रशासनिक जिम्मेदारी भी थी।

लोक संस्कृति में प्रकृति का स्थान भी भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराएँ लोकगीत, लोककथाएँ, रीति–रिवाज और पर्व सभी में प्रकृति की गहरी उपस्थिति रही है। सावन के गीतों में वर्षा और हरियाली का स्वागत होता है। त्यौहारों जैसे वट सावित्री, तुलसी विवाह, नागपंचमी आदि में वृक्षों, पौधों और जीवों की पूजा की जाती है। राजस्थान का बिश्नोई समुदाय, जो 15वीं सदी से प्रकृति की रक्षा को धर्म मानता है, एक अनूठा उदाहरण है। अमृता देवी और उनके साथियों ने 1730 ई. में खेजड़ली गाँव में वृक्षों की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए यह बलिदान इतिहास में अमर है।

औपनिवेशिक काल और पर्यावरणीय संकट भी था। ब्रिटिश शासन काल में औद्योगीकरण और रेलवे निर्माण जैसे कार्यों के चलते वनों की बड़े पैमाने पर कटाई हुई। कोयला, खनिज और जंगलों का अंधाधुंध दोहन हुआ। हालांकि इस काल में कुछ आधुनिक वैज्ञानिक सोच भी उभरी, लेकिन भारतीय समाज में पर्यावरणीय संतुलन की पारंपरिक भावना पर गहरा असर पड़ा। फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत ज्ञान और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति सम्मान बना रहा।

स्वतंत्रता पश्चात् चेतना का पुनरुत्थान, स्वतंत्र भारत में जैसे–जैसे विकास की रफ्तार बढ़ी, वैसे–वैसे पर्यावरणीय संकट भी सामने आए। परंतु यही समय था जब इतिहास की जड़ों से जुड़ी पर्यावरणीय चेतना ने आंदोलन और नीतियों के माध्यम से पुनः स्वर प्राप्त किया। चिपको आंदोलन (1973) कटाई का विरोध एक ऐतिहासिक क्षण था। यह आंदोलन भले ही आधुनिक परिप्रेक्ष्य में था, लेकिन इसकी जड़ें पारंपरिक श्रद्धा में थीं। नर्मदा बचाओ आंदोलन (1985) मेधा पाटकर और अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा नदी, जल, और विस्थापित आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा हेतु चलाया गया आंदोलन, आधुनिक लोकतांत्रिक माध्यमों से ऐतिहासिक पर्यावरणीय चेतना का स्वरूप बना।

संवैधानिक और विधिक आधार ने भी संरक्षण दिया 1976 के 42वें संविधान संशोधन के तहत अनुच्छेद 48A में राज्य के कर्तव्यों में पर्यावरण, वन, और वन्य जीवों की रक्षा और सुधार को सम्मिलित किया गया। साथ ही, अनुच्छेद 51A(g) नागरिकों को प्राकृतिक पर्यावरण की सुरक्षा और सुधार के लिए प्रेरित करता है। पर्यावरण

संरक्षण अधिनियम, 1986, जल अधिनियम, वायु अधिनियम आदि ऐसे विधिक उपाय हैं जिनमें ऐतिहासिक चेतना को विधिक रूप में स्थायित्व प्रदान किया गया।

भारतीय साहित्य और पर्यावरण भी पर्यावरण को सहेजने की चर्चा करता रहा है। प्राचीन कवियों और लेखकों ने भी पर्यावरणीय संतुलन को अपनी रचनाओं में स्थान दिया। कालिदास की ऋतुसंहार में ऋतुओं की सुंदरता और पेड़–पौधों की हरियाली का जीवंत वर्णन है। भक्तिकालीन संतों जैसे तुलसीदास, सूरदास, मीरा ने प्रकृति के सौंदर्य को आत्मिक भाव से जोड़ा। ऐसे साहित्य ने समाज में प्रकृति के प्रति सह–अस्तित्व की भावना को और मजबूत किया।

आधुनिक संदर्भ में पारंपरिक भावना की पुनः व्याख्या होता रहा है। आज जब जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाएँ हमारे सामने चुनौतियों के रूप में खड़ी हैं, तब हमारे ऐतिहासिक दृष्टिकोण से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, कचरे का पुर्नचक्रण (Recycling), जैविक खेती आदि आधुनिक उपाय वस्तुतः उसी पारंपरिक सोच के आधुनिक रूप हैं जो संसाधनों के संतुलित प्रयोग की वकालत करती थी।

निष्कर्ष :-

पर्यावरण संरक्षण की भावना भारतवर्ष की सांस्कृतिक चेतना, धार्मिक विश्वासों और ऐतिहासिक परंपराओं में गहराई से अंतर्निहित रही है। यह केवल एक आधुनिक काल की चिंता नहीं, बल्कि वह स्थायी दृष्टिकोण है जिसने मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य बनाए रखने में सहायक भूमिका निभाई है। प्राचीन ग्रंथों से लेकर लोक परंपराओं तक, भारतीय समाज ने पंचतत्त्वों को देवतुल्य मानकर उनका सम्मान किया। वैदिक सूक्तों में पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश के प्रति कृतज्ञता की भावना स्पष्ट झलकती है। बौद्ध और जैन दर्शन में संयम, अपरिग्रह और अहिंसा के माध्यम से प्रकृति से जुड़ाव को आध्यात्मिक धरातल पर स्वीकारा गया। पर्यावरण संरक्षण की भावना का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य हमें यह सिखाता है कि प्रकृति से जुड़ाव केवल वैज्ञानिक, राजनीतिक या सामाजिक दायित्व नहीं है यह हमारी चेतना, आस्था और संस्कृति का मूल है। इतिहास हमें दिखाता है कि भारत में पर्यावरणीय चेतना केवल संकट की घड़ी में उत्पन्न नहीं हुई, बल्कि यह जन्मजात और संस्कारित रही है। आज आवश्यकता है कि हम इस ऐतिहासिक भावना को पुनः जाग्रत करें और उसे नीतियों, शिक्षा, तकनीक और व्यवहार के माध्यम से सजीव बनाएँ। प्रकृति के साथ सहयोग और सह–अस्तित्व की भावना ही आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थिर और समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

संदर्भ ग्रंथ :-

1. भारतीय पारिस्थितिकी और पर्यावरण का इतिहास।
2. सिंह डॉ. बृजेश पर्यावरण विमर्श।
3. प्रो. अजय प्रताप, प्रो. बिंदा परांजपे, प्रो. घनश्याम, भारत का पर्यावरण और जनजातीय इतिहास।

sinha5272@gmail.com

manish11045@gmail.com

M. 9111211376

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 5-6
पृष्ठ : 236–239

संत रैदास का जीवन दर्शन एवं लोकप्रचलित जनश्रुतियाँ

डॉ. परवीन वर्मा
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी, शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय, श्योपुर, मध्यप्रदेश।

रैदास का जीवन-परिचय :-

भक्तिकाल के निर्गुण शाखा के सुप्रसिद्ध कवि कबीरदासजी ने संत शिरोमणि रैदास को 'संतों का संत' कहा हैं।[1] उनका जन्म 1398 ई. में बनारस (काशी) में पिता 'धुरबिनियां' व माता 'राधु' के यहाँ रविवार को हुआ था। इनके बचपन का नाम रविदास था। रैदास जाति परम्परा के अनुसार चमार जाति में जन्मे थे। यह मोची का कार्य करते थे यानि चमड़े के जूते बनाकर अपनी आजीविका चलाते थे। इनकी जाति को लेकर इनके एक पद में कहा गया है, "ऐसी मेरी जाति विख्यात चमार, कहै रैदास चमारा।" एक और पद में इसका नामोलेख इस प्रकार किया है, "ना गर्जना मेरी जाति विख्यात चमार।" इन्होंने किसी भी पाठशाला में शिक्षा प्राप्त नहीं की थी। इनकी शिक्षा और ज्ञान अपनी जीविका के कार्य को करते हुए, साधुओं की संगत, सत्संग आदि से प्राप्त किया हुआ था। भक्ति आन्दोलन को लोकभाषा व बोलियों के माध्यम से आमजन यानि निम्न जन तक ले जाकर 'लोक–जागरण' का कार्य भी उन्होंने किया। इसके साथ ही तत्कालीन समाज में उपेक्षित व वंचित वर्ग की मुक्ति की बात भी इन्होंने बार–बार की है। इन्होंने 'आध्यात्मिक मुक्ति' के स्थान पर 'सामाजिक मुक्ति' पर बल दिया है। यह सामाजिक परिवर्तन लाकर सामाजिक समानता को स्थापित करना चाहते है।

संत रैदास और जनश्रुतियाँ

जन्म व मृत्यु से जुड़ी जनश्रुति :-

इनके जन्मस्थान, मृत्यु स्थान व जन्मवर्ष के संबंध में भी जनश्रुतियाँ है। शुकदेव सिंह अपनी पुस्तक 'गैर अभिजात परम्परा और रैदास' में इनका जन्म स्थान 'माँहुर' (मंडूआड़ीह) जो कि काशी के पश्चिमी परिसर में स्थित है को मानते है, जबकि दूसरा मत इनका जन्मस्थान काशी के दक्षिणी परिसर में स्थित 'सीरगोवर्धनपुर' को मानने वालों का हैं।[2] एक जनश्रुति के अनुसार इनका जन्मवर्ष सन 1377 (माघी पूर्णिमा) और निर्वाण वर्ष 1528 (काशी/चितौड़) स्वीकार करता है। इस अनुसार उनकी कुल आयु 151 वर्ष की हुई। जबकि दूसरी जनश्रुति के अनुसार जिसका समर्थन कँवल भारती अपनी पुस्तक 'संत रैदास : एक विश्लेषण' में बताते है कि इनका जन्म वर्ष 1398 और मृत्यु 1518 मानते हुए कुल आयु 120 की मानते है।[3]

इनके जन्म के समय की एक जनश्रुति यह भी लोक प्रचलित है कि जन्म के बाद इन्होंने दूध नहीं पीया था, लेकिन जब संत रामानंद जोकि बाद में इनके गुरु भी बने उनके आने के बाद ही इन्होंने दूध का पान किया था।

यह संत कबीरदास के समकालीन होने के साथ ही उनके गुरुभाई यानि 'रामानंद जी' के शिष्य भी थे। इनकी पत्नी का नाम 'लोनादेवी' था। इनके पुत्र का नाम विजयदास था। राजस्थानी में इनकी वाणियों को 'पर्ची' कहते है। "इनके 30 से अधिक पद 'गुरुग्रंथ साहिब' में संग्रहीत है।"[4] यह ज्ञानमार्गी शाखा की निर्गुणी शाखा के प्रसिद्ध संत थे। यह निर्गुण ब्रह्म के उपासक थे। निर्गुण यानि निराकार, सर्वशक्तिमान, सर्वव्यापी, कण–कण में विद्यमान परमात्मा में यह विश्वास करते थे। रैदासजी तीर्थ, व्रत, मंदिरों में नृत्य–गान, वनगमन, जप–तप, सिर मुण्डन आदि में विश्वास नहीं करते थे और वर्ण व्यवस्था, जातिप्रथा, पूजा–पाठ, सम्प्रदाय के आधार पर भेदभाव, हिंसा आदि का विरोध किया करते थे।

रैदासजी ने ईश्वर को लेकर होने वाले वाद–विवाद को व्यर्थ और निरर्थक बताया है। वे सभी के परस्पर प्रेमपूर्वक मिल जुलकर रहने की बात कहते है। इन्होंने अपने पदों द्वारा सदाचार, परहित भावना, सद्व्यवहार, विनम्रता तथा शिष्टता जैसे गुणों पर अधिक बल दिया है। अभिमान का त्याग करने पर वे बहुत अधिक बल देते है। जैसे :–

"कह रैदास तेरी भगति दूरि है, भाग बड़े सो पावै।
तजि अभिमान मेटि आपा पर, पिपिलक ह्वै चुनि खावै।।"[5]

झाली रानी और मीराबाई से संबंधित जनश्रुति :-

रैदास का भ्रमण क्षेत्र राजस्थान रहा है। एक और जनश्रुति यह भी प्रचलित है कि चितौड़ के राणा 'महाराणा सांगा' की पत्नी 'झाली रानी' जोकि इनकी शिष्या थी, के निमंत्रण पर चितौड़ आये थे।[5]

प्रसिद्ध कृष्णभक्त कवयित्री 'मीराबाई' ने इनको अपना आध्यात्मिक गुरु स्वीकार किया। इसका पता मीराबाई के इस पद से चलता है –

"गुरू मिलिआ संत गुरू रविदास जी, दीन्ही ज्ञान की गुटकी।
मीरा सतगुरू देव की करै वंदा आस।
जिन चेतन आतम कहया धन भगवन रैदास।।"[6]

इनके जीवन से जुड़ी यह जनश्रुति अत्यधिक प्रसिद्ध है कि, रैदास जी मीराबाई के बुलाने पर चितौड़ आये थे। वहाँ उन्होंने 'कुम्भ–श्याम मंदिर' में एक आरती का पाठ गाया, जिसे सुनकर बाहर निकलते ही ब्रहामणों ने उनकी हत्या मीराबाई की उपस्थिति में 1528 में कर दी थी। इसलिए कुछ लोग जनश्रुति अनुसार उनका निर्वाण चितौड़ में भी मानते है। इस हत्या को सहन न करने के कारण मीराबाई ने चितौड़ छोड़ दिया और अपने पीहर मेड़ता चली गई। चितौड़ के 'कुम्भ–श्याम मंदिर' के कोने में रैदास की स्मृति में इनके 'पद चिन्हों' वाली एक छतरी बनी हुई है।

वचनबद्धता से संबंधित जनश्रुति :-

रैदास के जीवन की छोटी–छोटी घटनाओं से समय तथा वचन के पालन संबंधी उनके गुणों के विषय में जानकारी मिलतीं है। यह जनश्रुति लोक जनमानस में बहुत अधिक प्रसिद्ध है कि, एक बार एक पर्व के अवसर पर पड़ोस के लोग गंगा स्नान के लिए जा रहे थे तभी रैदास के शिष्यों में से एक ने उनसे भी चलने का आग्रह किया तो वे बोले "गंगा स्नान के लिए मैं अवश्य चलता किंतु एक व्यक्ति को आज ही जूते बनाकर देने का मैंने वचन दे रखा है। यदि आज मैं जूते नहीं दे सका तो वचन भंग हो जाएगा। गंगा स्नान के लिए जाने पर मन

यहाँ लगा रहेगा तो पुण्य कैसे प्राप्त होगा? मन जो काम करने के लिए अंतःकरण से तैयार हो वही काम करना उचित है। मन सही है तो इस कठोती के जल में ही गंगा स्नान का पुण्य प्राप्त हो सकता है।" इस प्रकार के व्यवहार के बाद से कहावत प्रचलन में आयी कि, "मन चंगा तो कठौती में गंगा"। संत रविदास जोकि स्वभाव से बहुत ही दयालु और दानवीर प्रवृर्ति के थे जब भी किसी को सहायता की आवश्यकता होती थी तो वे बिना संकोच किए लोगों को जूते दान में दे देते थे। संत रैदास दूसरों की सहायता करना अपना धर्म मानते थे और जैसा की उनके दयालु स्वभाव में लोगों की सेवा करना आता है। यदि रास्ते में उनको कहीं कोई साधु–संत मिल जाते थे तो वे उनकी आवभगत और सेवा से कभी भी पीछे नहीं हटते थे।

सदना पीर से संबंधित जनश्रुति :-

